सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 12 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 247, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 124 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी बनी रही और बीएसई सेंसेक्स 124 अंक की बढ़त के साथ 81,548.73 अंक पर बंद हुआ। } 14

## अब हवाई अड्डों पर नहीं लगेंगी लंबी कतारें

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लखनऊ, तिरुवनंतपुरम, तिरुचिरापल्ली, कोझिकोड व अमृतसर हवाई अड्डों पर एफटीआई-टीटीपी की शुरुआत की। उन्होंने कहा अब बिना किसी देरी के केवल 30 सेकेंड में आव्रजन मंजूरी मिल जायेगी। } 16



# भारत-मॉरीशस दो अलग देश नहीं, पार्टनर हैं : मोदी

❍ काशी में प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के पीएम रामगुलाम के साथ कई समझौतों पर किये हस्ताक्षर ❍ भारत-मॉरीशस स्थानीय मुद्राओं में करेंगे व्यापार





जिला संवाददाता

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ व्यापक वार्ता के बाद कहा कि भारत और मॉरीशस स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय व्यापार को सक्षम बनाने की दिशा में काम करेंगे। मोदी ने मीडिया को दिए बयान में दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत और मॉरीशस दो देश नहीं बल्कि पार्टनर हैं, और दोनों देशों के सपने और नियति एक हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक मुक्त, खुला, सुरक्षित, स्थिर और समृद्ध हिंद महासागर भारत और मॉरीशस दोनों की साझा प्राथमिकता है। इस संदर्भ में, भारत मॉरीशस के विशेष आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा और समुद्री क्षमता को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत हमेशा हिंद महासागर क्षेत्र में सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले और व्यापक सुरक्षा प्रदाता के रूप में खड़ा रहा है। मोदी ने चागोस द्वीप की संप्रभुता मॉरीशस को सौंपे जाने के लिए हुए समझौते पर रामगुलाम और मॉरीशस के लोगों को बधाई दी और इसे द्वीपीय राष्ट्र की संप्रभुता की ऐतिहासिक जीत बताया।

वहीं मॉरीशस के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय उद्योग मंडलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, कृत्रिम मेधा एवं अन्य क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशीं। आधिकारिक बयान के मुताबिक, इन्वेस्ट यूपी की तरफ से आयोजित बैठक में प्रमुख भारतीय उद्योग मंडलों को नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, बंदरगाहों, सड़कों, स्वास्थ्य सेवा, औषधि, वित्तीय सेवाओं, बुनियादी ढांचे, पर्यटन और कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशने के लिए साथ लाया गया। इस बैठक का उद्देश्य उत्तर प्रदेश और मॉरीशस के बीच आर्थिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना और दीर्घकालिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड को दिया 1200 करोड़ का विशेष पैकेज

प्रमुख संवाददाता



देहरादून (जौलीग्रांट)। उत्तराखंड में अतिवृष्टि व प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिग्रस्त ढांचे के पुनर्निर्माण और अवसंरचना की बहाली में केन्द्र सरकार हरसंभव सहायता देगी। यह

❍ उत्तराखंड की जनता की ओर से पीएम मोदी का हार्दिक आभार : सीएम धामी

घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उत्तराखंड दौरे के दौरान की। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड को 1200 करोड़ के विशेष आर्थिक पैकेज देने का ऐलान किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में आपदा से हुई क्षति की प्रतिपूर्ति के लिए 1200 करोड़ की आर्थिक सहायता देने के लिए उत्तराखंड की जनता की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को उत्तराखंड में हाल ही में आई भीषण बारिश और आपदा से हुए व्यापक नुकसान का जायजा लेने जौलीग्रांट पहुंचे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री को आपदाग्रस्त क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण खराब मौसम के कारण यह कार्यक्रम रद्द हो ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### दिल्ली में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, पांच दबोचे

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कई राज्यों में समन्वित छापेमारी के बाद पाकिस्तान स्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया और पांच संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मॉड्यूल देश में बड़ा हमला करने की योजना बना रहा था। अधिकारी ने बताया कि इस मॉड्यूल के मास्टरमाइंड की पहचान अशर दानिश के रूप में हुई है और उसे झारखंड के रांची से गिरफ्तार किया गया, जबकि दो संदिग्धों - मुंबई निवासी आफताब और सूफियान... शेष पृष्ठ 14 पर

### भाजपा नेता की मौत पर 6 पुलिसकर्मी निलंबित

गाजीपुर। लाठीचार्ज से दिव्यांग भाजपा कार्यकर्ता की मौत को एसपी डॉ. ईरज राजा ने गंभीरता से लिया है। बृहस्पतिवार की शाम नोनहरा थानाध्यक्ष वेंकट तिवारी सहित छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया, जबकि पांच पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। एसपी ने पूरे मामले की मजिस्ट्रीयल जांच के लिए जिलाधिकारी अविनाश कुमार को पत्र भी लिखा। जिसके आधार पर डीएम ने टीम गठित कर मजिस्ट्रीयल जांच का आदेश दिया है। वहीं, वीडियोग्रॉफी के साथ तीन डॉक्टरों के पैनल ने मृतक सियाराम उपाध्याय के शव का पोस्टमार्टम शुरू कर दिया। भाजपा नेताओं के बढ़ते दबाव और ग्रामीणों की तीखी प्रतिक्रिया को देख ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कृतज्ञता का भाव सनातन का पहला संस्कार : योगी

ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ व अवेद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का समापन

जिला संवाददाता



गोरखपुर। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कर्ता के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करना सनातन धर्म का पहला संस्कार है। भारतीय मनीषा के ज्ञान दर्शन में इस बात को प्रतिष्ठित किया गया है कि जीवन में हमारे, समाज और राष्ट्र के प्रति जिस किसी ने योगदान दिया हो उसके प्रति कृतज्ञता का भाव होना ही चाहिए।

सीएम योगी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज की 56वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतिम दिन गुरुवार को महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने रामायणकाल में हनुमानजी और मैनाक पर्वत के बीच हुए संवाद के मुख्य उद्धरण ह्यकृते च कर्तव्यम एषः धर्म सनातनःह्ल को समझाते हुए कहा कि यह भाव सनातन से ही मिलता है। सनातन की परंपरा में पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता का भाव व्यक्त करने के लिए आश्विन माह का पूरा कृष्ण पक्ष ही समर्पित किया गया है। गोरक्षपीठ में ब्रह्मलीन पूज्य महंतद्वय की पुण्य स्मृति में साप्ताहिक आयोजन भी कृतज्ञता ज्ञापन का ही आयाम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का स्मरण करते हुए कहा कि महंतद्वय समाज, राष्ट्र और लोक जीवन से जुड़े हर मुद्दे पर सनातन धर्म और भारत के हितों के प्रति प्रतिबद्ध रहे। महंत दिग्विजयनाथ जी ने सनातन धर्म, शिक्षा, सेवा और राष्ट्रीयता के जिन मूल्यों और आदर्शों को स्थापित किया, उन्हें महंत अवेद्यनाथ जी ने आत्मसात कर आगे बढ़ाया। इन मूल्यों और आदर्शों के लिए, देश और धर्म के लिए महंतद्वय आजीवन... शेष पृष्ठ 14 पर

## ट्रंप के करीबी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की गोली मारकर हत्या

एजेंसी



ओरेम (अमेरिका)। अमेरिका में उताह के एक कॉलेज में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी और रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

किर्क अपने गैर-लाभकारी राजनीतिक संगठन टर्निंग पॉइंट यूएसए द्वारा उताह वैली विश्वविद्यालय के सोरेंसन सेंटर प्रांगण में आयोजित एक बहस में बोल रहे थे। गोलीबारी से ठीक पहले, किर्क एक दर्शक द्वारा भीड़ पर गोलीबारी करने और हिंसा के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। तभी हमलावर ने कुछ दूरी से परिसर की एक छत से गोली चलाई। अधिकारियों का कहना है कि हमलावर चीख-पुकार और छात्रों में मची भगदड़ के बीच फरार हो गया। संघीय, राज्य और स्थानीय अधिकारी बृहस्पतिवार तड़के तक अज्ञात हमलावर की तलाश में जुटे रहे। उताह के जन सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को दो लोगों को हिरासत में लिया गया था, लेकिन किसी की भी गोलीबारी से कोई संलिप्तता नहीं पाई गई और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सुरक्षाबलों ने 10 नक्सलियों को किया ढेर



एजेंसी

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में कम से कम 10 नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। रायपुर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने बताया कि गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में कम से कम आठ नक्सलियों को मार गिराया।

मिश्रा ने बताया कि मैनपुर क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा बटालियन, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और जिला बल के संयुक्त दल को नक्सल रोधी अभियान के लिए भेजा गया था। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह से क्षेत्र में सुरक्षाबलों और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नेपाल : पीएम को लेकर फंसा पेंच, जेन-जेड में झड़प

एजेंसी



काठमांडू। नेपाल में अंतरिम पीएम के नाम को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। गुरुवार को इसे लेकर जेन-जेड दो ग्रुप में बंट गया। इसके बाद सेना मुख्यालय के बाहर दोनों गुटों में हाथापाई हो गई। इसमें कई युवक घायल हो गए। नेपाल के काठमांडू में तख्तापलट के दो दिन बाद जेन-जेड नेता सामने आए। अनिल बनिया और दिवाकर दंगल ने कहा कि युवाओं ने यह विरोध-प्रदर्शन बुजुर्ग नेताओं से तंग आकर किया है। हमारा मकसद संविधान नहीं, संसद भंग करना है।

प्रदर्शनकारियों के एक गुट ने अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की के नाम को खारिज कर दिया है। गुट का आरोप है कि सुशीला कार्की भारत समर्थक हैं और उन्हें यह स्वीकार नहीं हैं। गुट मांग कर रहा है कि काठमांडू मेयर बालेन शाह पीएम बने। अगर बालेन नहीं बनते हैं तो धरान मेयर हरका सम्पांग उनके पीएम उम्मीदवार होंगे। पीएम के नाम को लेकर सेना मुख्यालय में 2 दिन से प्रदर्शनकारी गुटों के साथ बातचीत चल रही है। एक गुट बातचीत को सेना मुख्यालय की जगह राष्ट्रपति भवन में करने की मांग कर रहा है। आर्मी ने एहतियातन राजधानी और उससे सटे इलाकों में तीसरे दिन कर्फ्यू जारी रखा है। नेपाल हिंसा में अब तक 34 मौतें हुई है, जबकि 1500 से ज्यादा लोग घायल हैं। नेपाल में चल रहे हिंसक प्रदर्शनों के बीच 15,000 से ज्यादा कैदी देश की 24 से ज्यादा जेलों से भाग गए हैं। गुरुवार को एक जेल में कैदियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प में तीन कैदियों की मौत हो गई। नेपाल में सरकार विरोधी प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे जेन जेड समूह ने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 33.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ निवेश व रक्षा औद्योगिक ढांचों से होगा विकास (पृष्ठ-02)
❍ प्रशिक्षण की गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं (पृष्ठ-02)
❍ रुपया 36 पैसे टूटकर 88.47 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
❍ संगमरमर, ग्रेनाइट पर जीएसटी घटने से मिलेगा फायदा (पृष्ठ-14)
❍ महाराष्ट्र उद्योगों और निवेश के लिए सर्वोत्तम स्थान (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — 10 महिला अधिकारी नौ माह में स्वदेश निर्मित नौकायन पोत त्रिवेणी पर सवार होकर लगभग 26,000 समुद्री मील की करेंगी यात्रा

## समुद्र फतह के लिए महिला दल को राजनाथ ने दिखायी हरी झंडी

एजेंसी







नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अगले नौ महीनों में दुनिया के कुछ सबसे खतरनाक जलक्षेत्रों समेत लगभग 26,000 समुद्री मील की दूरी तय करने के लिए तीनों सेनाओं के महिला जलयात्रा अभियान को बृहस्पतिवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नौकायन पोत त्रिवेणी पर सवार दस महिला अधिकारी समुद्र प्रदक्षिणा नामक अभियान का हिस्सा हैं, जिसे दुनिया में इस तरह की पहली त्रि-सेवा यात्रा बताया जा रहा है। अभियान की शुरुआत मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से हुई और रक्षा मंत्री ने इसे दिल्ली से ऑनलाइन तरीके से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर अपने संबोधन में सिंह ने इस यात्रा को नारी शक्ति, तीनों सेनाओं की सामूहिक शक्ति, एकता, आत्मनिर्भर भारत और इसकी सैन्य तथा कूटनीतिक दूरदर्शिता का एक उज्ज्वल प्रतीक बताया। रक्षा मंत्रालय ने कहा 10 महिला अधिकारी अगले नौ महीनों में स्वदेश निर्मित भारतीय सेना के नौकायन पोत (आईएएसवी) त्रिवेणी पर सवार होकर पूर्वी मार्ग पर लगभग 26,000 समुद्री मील की यात्रा करेंगी। इसने कहा, वे भूमध्य रेखा को दो बार पार करेंगी, तीन अंतरीपों - लीउविन, हॉर्न और गुड होप - का चक्कर लगाएंगी और सभी प्रमुख महासागरों और दक्षिणी महासागर तथा ड्रेक पैसेज समेत कुछ सबसे खतरनाक जलक्षेत्रों को पार करेंगी। मई 2026 में मुंबई लौटने से पहले यह दल चार अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों का भी दौरा करेगा। ड्रेक पैसेज को दुनिया के सबसे जोखिमयुक्त जलमार्गों में से एक माना जाता है। मई 2026 में मुंबई लौटने से पहले यह दल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## लखनऊ : टैंकर से टक्कर के बाद खाई में पलटी बस, पांच की मौत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के पास गुरुवार की शाम बड़ा हादसा हो गया। लखनऊ-हरदोई मार्ग पर काकोरी के पास टैंकर की टक्कर के बाद रोडवेज बस 50 फीट गहरी खाई में पलट गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और कई लोगों के बस के नीचे दबे होने की आशंका है। पुलिस, प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी है। बस हरदोई से आ रही थी।

सीएम योगी ने हादसे पर दुख जताते हुए अफसरों को मौके पर जाकर राहत कार्य तेज करने का निर्देश दिया है। बताया जाता है कि गुरुवार की शाम बस हरदोई से लखनऊ आ रही थी। काकोरी के टिकैतगंज के पास एक टैंकर से उसकी टक्कर हो गई और तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 50 फीट गहरी खाई में पलट गई। बस की चपेट में कई बाइक सवार भी आ गए। बस पलटते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी और बचाव कार्य शुरू किया। कुछ देर में ही पहुंची पुलिस भी राहत और बचाव में जुट गई। कुछ लोगों के बस के नीचे दबे होने की आशंका में फायर ब्रिगेड को भी सूचना देकर बुला लिया गया। प्रशासन के भी कई अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। घायलों को निकालकर अस्पताल भेजा जा रहा है।

C M Y K

# निवेश व रक्षा औद्योगिक ढांचों से होगा विकास

## 15 लाख करोड़ धरातल पर, हरदोई-कानपुर में मेगा लेदर क्लस्टर, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क की स्थापना

विशेष संवाददाता (vol)

- डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में अबतक 28 हजार करोड़ से अधिक का निवेश
- आत्मनिर्भर भारत का मजबूत आधार बनेंगे यूपी में निवेश और डिफेंस इंडस्ट्रीज सेक्टर

### 6 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की राह

फिलहाल यूपी की जीएसडीपी करीब 353 बिलियन डॉलर है। लक्ष्य है कि 2030 तक इसे वन ट्रिलियन डॉलर, 2036 तक दो ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक छह ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचना है। इसके लिए प्रदेश को 16 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर बनाए रखनी होगी। इसमें निवेश और रक्षा उद्योग दोनों प्रमुख आधार स्तंभ होंगे।



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अगले 22 वर्षों में एक नए औद्योगिक और सामरिक अवतार में ढलने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन 'विकसित यूपी @2047' के अंतर्गत प्रदेश को 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें निवेश और रक्षा उद्योग दो ऐसे स्तंभ हैं, जो न केवल प्रदेश की समृद्धि बल्कि पूरे देश की आत्मनिर्भरता का आधार बनेंगे।

सरकार ने रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू से समझौता किया है। यह संस्थान रक्षा निवेशकों को अनुसंधान एवं विकास, स्टार्टअप्स को इनक्यूबेशन और नई तकनीक उपलब्ध कराने में मदद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट विजन है कि यूपी को मैन्युफैक्चरिंग एक्सपोर्ट और एफडीआई में देश में प्रथम स्थान दिलाना है। 2047 तक यूपी में फॉर्च्यून ग्लोबल 500 की कम से कम 5 कंपनियां मुख्यालय स्थापित करें, इसके लिए रणनीतिक स्तंभ तय किए गए हैं, इनमें एयरोस्पेस, डिफेंस प्रोडक्शन, अपैरल, ईवी और सेमीकंडक्टर सेक्टर को सबसे अधिक वरीयता दी जा रही है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश निवेश और उद्योग के क्षेत्र में पिछड़े राज्यों में गिना जाता था।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की स्थिति बेहद सीमित थी और रक्षा क्षेत्र में निजी भागीदारी लगभग नगण्य थी। न तो निवेशकों को सुरक्षित वातावरण मिलता था और न ही पर्याप्त नीति समर्थन। बीते साढ़े आठ साल में यूपी ने निवेश के क्षेत्र में ऐतिहासिक छलांग लगाई है। प्रदेश को अब तक 45 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 15 लाख करोड़ रुपए से अधिक को धरातल पर उतारा जा चुका है। इसके परिणामस्वरूप 60 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार और लाखों परिवारों को स्वरोजगार मिला है। फरवरी 2024 में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान ही 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों का क्रियान्वयन शुरू हुआ। यूपी ने उद्यमियों के लिए 33 सेक्टरल नीतियां लागू कीं और निवेश मित्र जैसे डिजिटल प्लेटफार्म को शुरू किया, जो देश का सबसे कुशल सिंगल विंडो पोर्टल बन चुका है।

प्रदेश में टेक्सटाइल, लेदर, प्लास्टिक, परफ्यूम, केमिकल और फार्मा पार्क तेजी से विकसित हो रहे हैं। हरदोई-कानपुर में लेदर क्लस्टर, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क और कन्नौज में परफ्यूम पार्क प्रदेश को उद्योग का नया हब बना रहे हैं। आज यूपी देश का सबसे बड़ा एमएसएमई केंद्र है, जहां 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं। फरवरी 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर ने यूपी को सामरिक मजबूती का केंद्र बना दिया है। आगरा, अलीगढ़, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट में स्थापित छह नोड्स पर तेजी से काम हो रहा है। यूपी में अब तक 170 से अधिक एमओयू साइन हुए हैं, जिनसे 28 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश और 4600 से अधिक रोजगार का वादा है। इनमें अदाणी, एआर पॉलिमर, वैरिविन डिफेंस, एमिटेक इंडस्ट्रीज और ब्रह्मोस जैसी नामचीन डिफेंस सेक्टर की कंपनियां कार्य शुरू कर चुकी हैं। जैसे, कानपुर में बुलेटप्रूफ जैकेट और आधुनिक सैन्य सामग्री का उत्पादन हो रहा है।

अलीगढ़ में स्मॉल आर्म्स और राडार तकनीक पर काम चल रहा है। सबसे बड़ी उपलब्धि है, लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन, जो प्रदेश को वैश्विक स्तर पर रक्षा उत्पादन का हब बनाएगा।

# संपर्क की रणनीति बनाकर मतदाता बनाने का काम करना है : धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को कहा कि पूर्व तैयारी और पूर्ण तैयारी की रणनीति पर काम करते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तथा शिक्षक/स्नातक विधान परिषद सदस्य निर्वाचन की तैयारी निश्चित विजय के फामूले पर करना है। धर्मपाल सिंह वाराणसी में काशी क्षेत्रीय कार्यालय पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तथा शिक्षक/स्नातक विधान परिषद सदस्य निर्वाचन की तैयारी बैठक में काशी क्षेत्र के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी तथा अभियान के जिला संयोजक व सहसंयोजकों को संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा अनुशासित, परिश्रमी तथा वैचारिक प्रतिबद्धता वाले कार्यकर्ताओं का संगठन है। हमें प्रत्येक कार्यकर्ता को उसकी योग्यता और क्षमता के अनुसार चुनाव में जिम्मेदारी सौंपनी है। इस अभियान को विचार परिवार के लोगों के साथ मिलकर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि शिक्षक/स्नातक विधान परिषद सदस्य निर्वाचन में सबसे महत्वपूर्ण और परिश्रम का कार्य वोट बनाने का है। एमएलसी चुनाव के लिए क्षेत्र में एक संयोजक व सहसंयोजक के साथ ही जिला एवं विधानसभा स्तर पर संगठन की संरचना तैयार की गई है। वोट बनाने के काम में समग्र रूप से तत्परता के साथ जुटना होगा। विश्वविद्यालय, महाविद्यालय एवं विद्यालयों के साथ ही घर-घर संपर्क की रणनीति बनाकर मतदाता बनाने का काम करना है। हमारी रणनीति संपर्क, संवाद, समन्वय और समीक्षा के आधार पर तय होगी। जिसको जो जिम्मेदारी दी गई है, उसमें तत्परता के साथ जुटना होगा। एमएलसी चुनाव पूरी तरह से प्रबंधन का चुनाव है और मजबूत चुनाव प्रबंधन भाजपा की विशेषता है। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में गांव की सरकार भाजपा सरकार के संकल्प से ट्रिपल इंजन की सरकार बनाना है। 29 सितम्बर तक मतदाता पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। ऐसे में बूथ स्तर पर रणनीति बनाकर सभी पात्र लोगों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने का काम करना है और दिवंगत तथा अंयत्र चले गए लोगों के नाम मतदाता सूची से हटवाने का काम भी करना है।

उन्होंने कहा कि हमें भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार की प्रत्येक योजना, कार्यक्रम, नीति एवं ऐतिहासिक निर्णयों को लेकर बार-बार जनता के बीच चर्चा करने का स्वभाव विकसित करना होगा। प्रत्येक बूथ पर मजबूती के साथ तैयारी करना है तथा विपक्ष के झूठ, फरेब, षडयंत्र को विफल करना है। मोदी सरकार व योगी सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का बहुत बड़ा वर्ग है, उन सभी को संगठन के कार्यक्रमों एवं अभियानों में सक्रिय करना होगा। भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार के कार्य, भयमुक्त वातावरण तथा गरीब को पक्का मकान, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, निःशुल्क उपचार, किसान सम्मान निधि सहित सभी योजनाओं का लेखा-जोखा लोकदरबार में लेकर पहुंचना है।

# भाजपा की साजिशों से सावधान रहे कार्यकर्ता

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** चुनाव 2027 की तैयारी में अभी से जुट जाने का आह्वान करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने कार्यकर्ताओं को भाजपा की साजिशों के प्रति सावधान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र के विरुद्ध चुनावों में धांधली की योजना बनाने की रणनीति पर काम करने में जुट गई है। जनता 2027 में सपा की सरकार बनाने का मन बना चुकी है, बस प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय, सतर्क और सावधान रहना होगा। साथ ही उन्होंने आगरा, हाथरस एवं मथुरा के लिए 2027 के चुनावों में अलग घोषणा पत्र जारी करने को कहा।

अखिलेश यादव गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में आगरा, मथुरा और हाथरस जिलों के पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा सपा का लक्ष्य सामाजिक न्याय के राज की स्थापना करना है। जातीय जनगणना से समाज के सभी वर्गों को उनकी संख्या के आधार पर हक और सम्मान मिल सकेगा। पीडीए पंचायतों से समाज में जागृति हुई है और लोगों को उसकी ताकत का एहसास भी हुआ है। पीडीए की ताकत से भाजपा घबड़ाई हुई है। उसे चुनाव में हार का डर दिखने लगा है।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में कोई गड़बड़ी न हो, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वोट बनवाने, वोट डलवाने के साथ इस पर भी निगाह रखनी है कि अपने लोगों को वोट कटने न पाए। भाजपा मतदाता सूची में हेरफेर करके और मतदान में धांधली के जरिए लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की पवित्रता को नश्ट करके सत्ता हासिल करने की साजिश करती है। उन्होंने कहा कि आगरा, मथुरा इंटरनेशनल सिटी है इसलिए, उसकी विशेष स्थिति भी है। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन में भी उसकी प्रमुखता से गणना होती है।

मथुरा की विश्व स्तर पर जाना पहचाना नाम है। भगवान कृष्ण का जन्म स्थान है। वहां की पवित्रता बनाए रखना है। भाजपा तो सिर्फ सत्ता का दुरुपयोग कर मथुरा की जनता को गुमराह कर रही है जबकि सच्चाई यह है कि मथुरा में विकास कार्य समाजवादी सरकार में ही हुए थे। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को जनता के दुख दर्द में हमेशा साथ रहना चाहिए।

# बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए राज्यव्यापी अभियान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- 5 वर्ष और 15 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर बच्चों के आधार में कराना होता है अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट
- अगर पहला अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट 5 से 7 और दूसरा 15 से 17 वर्ष के बीच नहीं कराया गया तो आधार निष्क्रिय हो सकता है

**लखनऊ।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् के सहयोग से बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करने के लिए राज्यव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में विभाग द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को पत्र भेज गया है। अभियान के अंतर्गत उन बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) पूरा करने पर बल दिया जा रहा है जो 07 वर्ष और 17 वर्ष के हो चुके हैं लेकिन अभी तक अपने आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट नहीं कराया हैं। यह अपडेट आधार के अंतर्गत आवश्यक है।

बच्चों के आधार में अनिवार्य अपडेट हेतु स्कूलों में विशेष आधार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त माता-पिता या अभिभावक किसी भी आधार सेवा केंद्र या निर्दिष्ट आधार केंद्र पर जाकर अपने बच्चे का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करवा सकते हैं। सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी एवं स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को सूचित किया गया है की वे बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट जल्द से जल्द कराना सुनिश्चित करें। वर्त्तमान नियमों के अनुसार बच्चे के आधार में 05 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर पहला और 15 वर्ष की आयु प्राप्त होने पर दुसरा बायोमेट्रिक अपडेट (फिंगरप्रिंट, आईरिस और फोटोग्राफ) अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाना चाहिए। बच्चों के बायोमेट्रिक डेटा की सटीकता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए एमबीयू का समय पर पूरा होना जरूरी है। यदि अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) समय पर पूरा नहीं किया जाता है, तो वर्त्तमान नियमों के अनुसार आधार संख्या को निष्क्रिय किया जा सकता है। यह अपडेट स्कूल में प्रवेश, प्रवेश परीक्षाओं के लिए पंजीकरण, छात्रवृत्ति का लाभ उठाने, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाने में आधार के निर्बाध उपयोग को सुनिश्चित करता है।

## राज्य कर के दो अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोप में राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त अपील पंचम कानपुर अरुण शंकर राय और खंड एक रामपुर के सहायक आयुक्त सतीश कुमार को निलंबित कर दिया है। अपर आयुक्त पर बिल्डरों को लाभ पहुंचाने का आरोप है और सतीश कुमार घूस लेते हुए पकड़े गए थे। संयुक्त सचिव राज्य कर रघुवीर प्रसाद ने गुरुवार को इन दोनों को निलंबित किए जाने का आदेश जारी किया। अपर आयुक्त कानपुर अरुण शंकर राय पर आरोप है कि उन्होंने उपायुक्त के पद पर गौतमबुद्धनगर में रहने के दौरान अल्ट्रा होम कंस्ट्रक्शन प्रा लि. को वर्ष 2009-10 से लेकर वर्ष 2012-13 तक और आम्रपाली शैफायर डवलपर्स को वर्ष 2010-11 से वर्ष 2013-14 तक वैट निर्धारण में जानबूझ कर गड़बड़ी की। इसके चलते राज्य कर विभाग को राजस्व काफी नुकसान हुआ है। इसलिए उन्हें निलंबित करते हुए अपर आयुक्त कार्यालय झांसी से संबद्ध किया गया है। रामपुर खंड एक में तैनात सहायक आयुक्त सतीश कुमार पर आरोप है कि उन्होंने नजमा बी. पुत्री कल्लन द्वारा उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम के तहत पंजीयन के लिए किए आवेदन के निस्तारण के लिए 15 हजार रुपये घूस मांगा और इसे लेते हुए पकड़े गए। इसलिए उन्हें निलंबित कर दिया गया है और संयुक्त आयुक्त कार्यालय आजमगढ़ से संबद्ध किया गया है।

## गोमती नगर के जोनल पम्पिंग स्टेशनों के रखरखाव में लापरवाही

**लखनऊ।** गोमती नगर फेज-1 एवं फेज-2 के 5 जोनल पम्पिंग स्टेशनों के रखरखाव में लापरवाही बरती जा रही है। ठेकेदार मै. केएमबी इलेक्ट्रिकल्स की ओर से विभागीय सामग्री व उपकरण न देने से इन पम्पिंग स्टेशनों की क्षमता बढ़ाने का काम लटका है। विपुल खण्ड-3, विराट खण्ड-4, विराम खण्ड-2, विभव खण्ड-3, विकल्प खण्ड-3 के संचालन एवं अनुरक्षण के लिए ठेकेदार का अनुबंध भी समाप्त हो चुका है। जोन चार के अधिशासी अभियंता की ओर से नोटिस देने के बाद भी ठेकेदार की ओर से फाइलें नहीं दी जा रही हैं। इन पांचों जोनल पम्पिंग स्टेशनों से ही गोमती नगर के ज्यादातर क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति की जाती है। क्षमता न बढ़ने से पानी की समस्या को लेकर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

## पूर्वदशम तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत संशोधित समय सारिणी जारी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2025-26 में पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 02 अक्टूबर को अधिक से अधिक संख्या में छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति से लाभान्वित करने के लिए छात्रवृत्ति भुगतान के संबंध में पूर्व में निर्गत समय-सारिणी में संशोधन किया है। इस संबंध में शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार 14 सितम्बर तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन किया जाएगा तथा एनआईसी द्वारा स्क्रूटनी की कार्यवाही की जाएगी। जनपदीय समिति द्वारा 15 से 20 सितम्बर तक शुद्ध डाटा लॉक किया जा सकेगा। छात्रवृत्ति योजनांतर्गत अब 02 अक्टूबर को अधिक से अधिक संख्या में कक्षा 9-10 एवं 11-12 के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति से लाभान्वित किए जाने के लिए प्रथम चरण में विद्यालयों में 07 सितम्बर तक के अग्रसारित आवेदन पत्रों पर निर्णय लेकर छात्रवृत्ति की धनराशि का भुगतान किया जाएगा।

# प्रशिक्षण की गुणवत्ता में लापरवाही नहीं की जायेगी बर्दाश्त

## कौशल विकास मिशन की नौ दिवसीय ओरिएंटेशन वर्कशॉप सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)

- वर्कशॉप में प्रशिक्षण प्रदाताओं के साथ हुआ संवाद स्थापित

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा आयोजित नौ दिवसीय ओरिएंटेशन वर्कशॉप गुरुवार को सम्पन्न हुई। यह वर्कशॉप 25 अगस्त से शुरू होकर 11 सितम्बर तक विभिन्न चरणों में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय में आयोजित की गयी। इस कार्यशाला में 25 इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग पार्टनर तथा 162 निजी प्रशिक्षण प्रदाता सम्मिलित हुए।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि प्रशिक्षण संचालन में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए पहली बार प्रशिक्षण प्रदाताओं से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करने का यह प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षण बैच का उद्घाटन स्थानीय विधायक द्वारा किया जाना अनिवार्य होगा, तभी उसे मान्यता प्राप्त होगी। साथ ही, प्रशिक्षणार्थियों के अभिभावकों को भी कौशल प्रशिक्षण की प्रक्रिया और उससे होने वाले संभावित लाभों की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए अभिभावक दिवस की अवधारणा शामिल की गई है। अभिभावकों से फीडबैक दर्ज करने और पारदर्शिता के लिए अभिभावकों के साथ ली गई सेल्फी मिशन पोर्टल पर अपलोड करना भी सुनिश्चित किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में सामाजिक समावेशन को ध्यान में रखते हुए सभी प्रशिक्षण बैचों में दिव्यांगजन के लिए 5 प्रतिशत आरक्षण और महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सहभागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महिला मोबिलाइजेशन पर विशेष बल दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्कशॉप में यह निर्णय लिया गया कि अब सभी प्रशिक्षण बैचों का लाइव टेलीकास्ट मिशन मुख्यालय से किया जाएगा, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता का आकलन रीयल-टाइम में हो सके। साथ ही, जिलाधिकारियों से संवाद कर प्रत्येक जिले के शीर्ष 5 औद्योगिक सेक्टर की पहचान कर ली गई है। इन सेक्टरों में युवाओं को प्रशिक्षित कर स्थानीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध कराने की कार्ययोजना बनाई गई है। वर्कशॉप में प्रशिक्षण प्रदाताओं के पूर्व प्रदर्शन की समीक्षा की गई और भविष्य की रणनीतियां तय की गईं। उद्योगों के साथ किए गए समझौता ज्ञापनों की प्रगति की समीक्षा कर इस सप्ताह में ही नए लक्ष्य सौंपने का निर्णय लिया गया। साथ ही, यह सुनिश्चित किया गया कि केवल सेक्टर स्किल काउंसिल द्वारा प्रमाणित प्रशिक्षक ही प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष फोकस एस्पिरेशनल ब्लॉकों के युवाओं पर है इसलिए प्रशिक्षण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आगामी समय में हर 2-3 माह पर इस प्रकार की ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन कर प्रशिक्षण प्रदाताओं से संवाद और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

# भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा पूरी तरह दोहरा : लोकदल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने बीजेपी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी नेताओं का असली चेहरा अब जनता के सामने आ चुका है। बाहर से वंशवाद और परिवारवाद का विरोध करने का ढोंग, लेकिन अंदर से नेताओं के बेटे-बेटियों के नाम पर धंधा, ठेके, संस्थाएं और राजनीति का कारोबार चल रहा है।

उन्होंने कहा कि बीजेपी का चाल, चरित्र और चेहरा पूरी तरह दोहरा है। जनता के सामने नैतिकता और ईमानदारी की बातें की जाती हैं, जबकि हकीकत यह है कि सत्ता का इस्तेमाल अपने परिवार को लाभ पहुंचाने में किया जा रहा है। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी ने पूरे देश में राजनीति को पारिवारिक व्यवसाय बना दिया है। यही कारण है कि आज जनता को बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार की मार झेलनी पड़ रही है और दूसरी ओर बीजेपी नेता अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने में लगे हुए हैं। बीजेपी का असली चेहरा अब देश देख चुका है। जनता इनके झूठे नारे और खोखले वादों में नहीं आने वाली। देश को परिवारवाद से मुक्त करना है तो सबसे पहले बीजेपी को सत्ता से मुक्त करना होगा।

# मनरेगा के तहत खेल मैदानों के निर्माण से यूपी की निखर रहीं खेल प्रतिभाएं

विशेष संवाददाता (vol)

- नई प्रतिभाएं निखरने के साथ मनरेगा श्रमिकों को मिल रहा रोजगार
- वर्ष 2017-18 से अब तक 24129 खेल मैदानों का किया जा चुका निर्माण

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को निखारने, दक्ष, और सक्षम बनाने के लिए ग्रामीण अंचल में खेलकूद का आधारभूत ढ़ाचा मजबूत करने के लिए मनरेगा योजनान्तर्गत ग्रामीण अंचल में खेल मैदान बनाये जा रहे हैं। गांवों में स्टेडियम व ओपेन जिम बनाकर खेल प्रतिभाओं को सरकार प्रोत्साहन दे रही है। युवा पीढ़ी गांवो के खेल मैदानों से निखर और संवर कर अपने गांव घर का नाम रोशन करेंगी और गांवों की खेल प्रतिभाएं, दुनिया में भारत का परचम लहरायेगीं। मनरेगा योजनान्तर्गत स्टेडियम, ओपेन जिम, खेल मैदान और पार्क गांवों में बनाये जा रहे हैं और इनका उपयोग भी किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में खेल को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण इलाकों में खेल मैदान बनाए जा रहे हैं। इससे गांवों में नई प्रतिभाएं तो निखर ही रही है। साथ ही मनरेगा के तहत इन मैदान का निर्माण होने की वजह से श्रमिकों को निरंतर रोजगार भी मिल रहा है। इस पहल का उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य और समग्र सामुदायिक विकास के लिए स्कूली छात्रों और गांव के अन्य सदस्यों के बीच खेलों को प्रोत्साहित करना है।

खेल मैदानों में रनिंग ट्रैक बनने से ग्रामीण अंचलों में रहने वाला युवा आर्मी, पैरा मिलिट्री फोर्स, पुलिस, सीआरपीएफ इत्यादि की तैयारी अपने गांव में ही रहकर कर रहे हैं। ग्राम्य विकास विभाग की इस योजना के चलते खेल मैदान बनने से गांव के युवाओं को मैदान में ही दौड़ लगाने के साथ शारीरिक अभ्यास करने में भी मदद मिल रही है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा ग्रामीण इलाकों में बनाये जा रहे खेल मैदान गांव के पिकनिक स्पॉट साबित हो रहे हैं। गांव में आसपास कोई घूमने की बेहतर जगह न होने के चलते इन मैदानों में ही छोटे-छोटे बच्चे पिकनिक मनाते हैं। यहां पर गांव के युवाओं के साथ यहां के बुजुर्ग भी मॉर्निंग वॉक से साथ शाम को यहां अपना समय बिताते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के बुनियादी ढांचे के निर्माण और उन्नयन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता न केवल एथलीटों को सशक्त बना रही है बल्कि शहरी और ग्रामीण विभाजन को पाटने के साथ समुदायों के कल्याण को भी बढ़ावा दे रही है। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभा को बढ़ावा भी मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में खेल मैदान विकसित होने से युवाओं में खेल के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। खेलकूद से युवाओं की शारीरिक दक्षता में भी सुधार हो रहा है। खेल मैदान बनने से गांव का भविष्य चमक रहा है, ऐसे युवा जो इस क्षेत्र में प्रतिभाशाली हैं और गांवों में सुविधाओं के अभाव में उनकी प्रतिभा निखर नहीं पा रही थी, ऐसे में खेल मैदान विकसित होने से युवाओं के अंदर की प्रतिभा निखर रही है और वह आगे बढ़कर विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर अपने गांव, जनपद, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर खेल मैदानों का निर्माण कार्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा और व विभिन्न विभागों के कन्वर्जेंस से किया जा रहा है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6,589 खेल मैदानों का निर्माण किया गया, वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह 2,185 से अधिक खेल मैदानों का कार्य पूर्ण किया गया है एवं 12,419 खेल मैदान कार्य प्रगति पर हैं।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शोः नॉलेज सेशन में सीएम योगी की प्राथमिकताओं पर होगा फोकस

## यूपीआईटीएस को प्रदेश सरकार बना रही ज्ञान और तकनीक का हब, विशेषज्ञ देंगे नयी दिशा ‖ स्टार्टअप इकोसिस्टम से वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी पर फोकस, आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में ग्रोथ पर चर्चा

विशेष संवाददाता (vol)

- मेडिकल हेल्थ व प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर वर्कशॉप, इंश्योरेंस सेक्टर में अवेयरनेस बढ़ाने के लिए सेशन

### शहरी विकास और ई-कॉमर्स पर होगी बात

27 सितंबर को 11.30 से 12.30 बजे तक अर्बन डेवलपमेंट का सत्र होगा। इसमें नगर विकास मंत्री एके शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। दोपहर 1 से 2 बजे तक मेडिकल हेल्थ पर दोबारा वर्कशॉप होगी। 3 से 4 बजे तक एफआईईओ ई-कॉमर्स पर सेशन करेगा जिसका विषय होगा द न्यू फ्रंटियर फॉर इंडियन एक्सपोर्ट्स। शाम 4 से 6 बजे तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना सीएम युवा के तहत यूनिवर्सिटीज के साथ एमओयू एक्सचेंज प्रोग्राम होगा। इसके अतिरिक्त, शाम 6 बजे से खादी पर फैशन शो आयोजित किया जाएगा। 28 सितंबर को 11.30 से 12.30 बजे तक जीबीयू (गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय) इंडस्ट्री-एकेडमिया टाईअप फॉर स्किल डेवलपमेंट विषय पर सत्र आयोजित करेगा। 29 सितंबर को वैलेडिक्ट्री और अवार्ड्स से शो का समापन होगा।

**लखनऊ।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में सिर्फ उत्पादों और निवेश का ही नहीं, बल्कि नॉलेज सेशन के जरिए प्रदेश सरकार के विजन पर भी फोकस होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए स्टार्टअप, आईटी, इंश्योरेंस, फाइनेंस मैनेजमेंट, मेडिकल हेल्थ, ई-कॉमर्स और स्किल डेवलपमेंट जैसे अहम विषयों पर विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। योगी सरकार ने इसे युवाओं, उद्यमियों और निवेशकों के लिए फ्यूचर-रेडी प्लेटफॉर्म बनाने की तैयारी की है। उल्लेखनीय है कि यूपीआईटीएस 2025 के शेड्यूल के अनुसार 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रातः ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगे। उसी दिन शाम 3 बजे से रात 8 बजे तक बी2सी विजिटर्स के लिए शो ओपन रहेगा।

26 से 29 सितंबर तक प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक बी2बी मीटिंग्स और शाम 3 से 8 बजे तक बी2सी विजिटर्स के लिए आयोजन होगा।

नॉलेज सेशन की शुरूआत 26 सितंबर से होगी जो 28 तक जारी रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमेशा कहा है कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने में ज्ञान, नवाचार और तकनीक की अहम भूमिका होगी। योगी सरकार ने इन नॉलेज सेशन और वर्कशॉप्स को उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना है। इससे स्टार्टअप्स, उद्यमियों और निवेशकों को नए अवसर मिलेंगे और यूपी की प्रगति को गति मिलेगी। 26 सितंबर को सुबह 11.30 से 12.30 बजे तक एकेटीयू का सत्र होगा, जिसका विषय होगा। वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी में स्टार्टअप इकोसिस्टम का योगदान। दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, यूपी-यूपीएलसी का सत्र होगा, जो प्रदेश में आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री की ग्रोथ और डेवलपमेंट पर केंद्रित रहेगा। 26 सितंबर को ही 3 बजे से 4 बजे तक मेडिकल हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर विभाग वायरल हेपेटाइटिस और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर वर्कशॉप करेगा। शाम 4.30 से 5 बजे तक आईआरडीएआई और एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस नॉन-लाइफ एवं हेल्थ इंश्योरेंस पर अवेयरनेस सेशन आयोजित करेंगे। 5 बजे से 6 बजे तक वित्त विभाग का सत्र होगा, जिसमें प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना शामिल होंगे, जबकि 6 से 6.30 बजे तक लाइफ इंश्योरेंस पर अवेयरनेस सेशन होगा।

संक्षेप

## सर्पदंश से विवाहिता की मौत, कोहराम



प्रतापगढ़। सर्पदंश से विवाहिता की मौत हो गयी। मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के टोडरपुर निवासी उमेश सरोज की पत्नी वंदना सरोज 36 बुधवार की देर शाम खेत में मवेशी चराने गयी थी। वहां उसे जहरीले सर्प ने काट लिया। इलाज के दौरान वंदना की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर गुरूवार को लालगंज पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजवाया है। इधर वंदना की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

## कोर्ट की फटकार पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। कोर्ट की फटकार पर लीलापुर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के छेमर सरैंया निवासी वसीमुददीन पुत्र इरशाद ने कोर्ट से की गयी फरियाद में कहा है कि बीती सोलह जून को भोर में रंजिशन गांव के सलमान व शाहरूख पुत्रगण समशाद तथा समशाद पुत्र मुमताज एवं समशाद की बेटी जबरूनिशा ने रंजिशन उसके भतीजे नफीस को रास्ते में गला दबाकर लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से चुटहिल कर दिया। पीड़ित बीचबचाव के लिए पहुंचा तो आरोपियो ने उस पर भी जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित शोर मचाते घर पहुंचा तब आरोपियों ने घर में घुसकर गृहस्थी के सामानों मे तोडफोड करते हुए नफीस की मां रूकसाना बानो व बहन सूफिया बानो पर भी जानलेवा हमला कर दिया। आसपास के लोग दौड़े तब आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पीड़ित ने घटना की सूचना लीलापुर पुलिस को दिया किंतु जांच के नाम पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में हीलाहवाली जारी रखी। इससे परेशान पीड़ित ने प्रतापगढ़ में एसीजेएम कोर्ट में इंसाफ की फरियाद की। कोर्ट की फटकार पर पुलिस ने सलमान समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## महिला की पिटाई का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। रास्ते के विवाद को लेकर आरोपियो द्वारा महिला के साथ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी एवं छिनैती के आरोप में पुलिस को तहरीर दी गई है। तहरीर पर केस दर्ज न होने से परेशान पीड़िता ने सीओ को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगायी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के तारापुर निवासी कुलदीपक शुक्ला की पत्नी सपना ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दस सितंबर को दिन में तीन बजे विपक्षी गांव के ही चार आरोपियों ने उसके रास्ते में अवरोध कर दिया। पीड़िता ने मना किया तो आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि मारपीट के दौरान आरोपियो द्वारा पीड़िता के जेवरात भी छीन लिये गये। पीड़िता ने कहा है कि सूचना पर डायल एक सौ बारह पुलिस मौके पर पहुंची। डायल पुलिस ने जांच पड़ताल कर पीड़िता को थाने में सूचना देने को कहा। पीड़िता ने थाने में सुनवाई न होने पर गुरूवार को सीओ से मिलकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की फरियाद की है। इस बाबत सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि प्रारंभिक जांच में छिनैती की घटना असत्य पायी गयी है जांच कर सत्यता के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ धमकी व बलवा का केस

प्रतापगढ़। जमीनी विवाद को लेकर सांगीपुर पुलिस ने महिला की पिटाई को आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ गालीगलौज व मारपीट तथा धमकी व बलवा का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के देवीगढ़ नेवादा निवासी भीम बहादुर सिंह की पुत्री नंदिनी ने तहरीर में कहा है कि बुधवार सुबह लगभग दस बजे जमीनी विवाद को लेकर विपक्षियों ने गालीगलौज शुरू किया। मना करने पर विपक्षी प्रवेश सिंह, अनूप सिंह, विनीता सिंह, किरण सिंह, गुड़िया सिंह, शिखा सिंह ने एकजुट होकर लाठी डंडे से उस पर हमला बोल दिया। शोर मचाने पर गांव के लोग दौड़े तो आरोपी धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रवेश समेत आधा दर्जन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# नेपाल की जेल से भागे छह कैदी बहराइच सीमा पर पकड़े गये

बहराइच। नेपाल में हिंसा के दौरान जेल से भागकर भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे छह कैदियों को सशस्त्र सीमा बल ने बुधवार को बहराइच की रूपईडीहा सीमा पर पकड़ लिया। उनमें से चार को पूछताछ के बाद नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया गया है। बाकी दो बंदियों को पहचान साबित न होने के कारण भारतीय क्षेत्र में रोका गया है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की बहराइच स्थित रूपईडीहा सीमा चौकी के सहायक सेनानायक अभिषेक ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार को नेपाल की बांके जेल से भागकर भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे छह व्यक्तियों को एसएसबी के जवानों ने रोककर पूछताछ की तो मालूम हुआ कि सभी अलग अलग अपराधों में नेपाल की बांके जेल में बंद थे। वे हिंसा के दौरान जेल से भागकर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे।

अभिषेक ने बताया कि इनमें से चार बंदियों की पहचान उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी निवासी शेर सिंह, समीरा सिंह व जस्पाल सिंह तथा बहराइच के रूपईडीहा निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है। इन चारों को बुधवार रात नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया गया है। दो अन्य कैदी जिन्होंने अपना नाम प्रेम सिंह व यूसुफ बताया है, उनकी पहचान का कोई सबूत नहीं मिल सका है। पहचान की पुष्टि होते ही इन्हें भी नेपाल पुलिस को सौंपा जाएगा।

सहायक सेनानायक ने बताया कि नेपाल में अशांति फैलने के बाद से सीमा पर आवागमन बहुत कम है। नेपाल में कर्फ्यू लागू है। सिर्फ बीमार अथवा आपातकालीन परिस्थितियों में अथवा एक दूसरे देश में फंसे हुए नागरिक ही सीमा पार कर आवागमन कर रहे हैं। हम लोग आने जाने वालों को अनावश्यक आवागमन ना करने की सलाह भी दे रहे हैं। लोग मान भी रहे हैं। अशांति फैलने के बाद तीन दिन (नौ, 10 और 11 सितंबर) में दोनों तरफ से करीब 40 हजार लोगों ने सीमा पार की है जबकि यह आंकड़ा प्रतिदिन 55-60 हजार होता है। एक अन्य अधिकारी ने अपना नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि एकीकृत चेकपोस्ट पर खड़े सैकड़ों वाहनों में से प्रत्येक को प्रतिदिन व्यापारिक नुकसान के साथहजारों रूपये सिर्फ डैमरेज और स्टाफ खर्च का नुकसान हो रहा है।

## प्राइमरी स्कूल की प्रधान अध्यापिका 50 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बरेली**। बरेली जिले में भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने एक स्कूल की प्रधानाध्यापिका को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार के बताया कि बिथरी चैनपुर क्षेत्र के म्यूडी खुर्द स्थित प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता वर्मा को भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने बुधवार को 50 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल ने बताया कि सरिता वर्मा ने स्कूल में हुए निर्माण कार्य का भुगतान जारी करने के लिए ठेकेदार से नाजायज कमीशन मांगा था। पीड़ित ठेकेदार राजकुमार ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन से इसकी शिकायत की। शिकायत की पुष्टि होने पर वर्मा को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनायी गयी। योजना के मुताबिक राजकुमार रिश्वत की रकम लेकर पहुंचा।

## दुर्गा पूजा आयोजकों की बैठक संपन्न



खेसरहा बांसी सिद्धार्थनगर। थानाध्यक्ष खेसरहा अनूप मिश्रा द्वारा आगामी त्यौहार दुर्गा पूजा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु दुर्गा पूजा आयोजको, समिति के सदस्य व डी जी धारकों के साथ मीटिंग किया गया डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद के कुशल निर्देशन व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण, अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा के द्वारा 11. सितंबर को थाना स्थानीय पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजक, पूजा समिति के अध्यक्ष व डी0जे0 धारकों की उपस्थिति में त्यौहार दुर्गा पूजा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना स्थानीय पर पीस कमेंटी की मीटिंग की गयी तथा उच्च अधिकारीगण द्वारा दिये गये आदेशो निदेशों से सभी को अवगत कराया गया।

## बाइक की टक्कर से अध्यापक की मौत



सिद्धार्थनगर- डुमरियागंज-बाँसी मार्ग पर नौंवा गांव के पास वृहस्पतिवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। शिवाजी सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के प्रधानाचार्य पूरन मल आचार्य बढ़नी कोल्ड स्टोरेज जा रहे थे। इसी दौरान एक 15 वर्षीय किशोर की पल्सर बाइक से उनकी टक्कर हो गई। दुर्घटना में प्रधानाचार्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एम्बुलेंस द्वारा उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, शाम को इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। प्रधानाचार्य मरवटिया के निवासी थे। सेखुइयाँ निवासी 15 वर्षीय बालक को सीएचसी बेवां में प्राथमिक उपचार दिया गया। उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बस्ती रेफर कर दिया है। अभी तक किशोर को होश नहीं आया है।

## निजी भूमियों के बंटवारे में श्रावस्ती फिर अव्वल



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि राजस्व वादों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासन स्तर पर इन वादों की नियमित समीक्षा की जाती है। मुख्यमंत्री कार्यालय, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी अगस्त 2025 की रिपोर्ट के अनुसार धारा-116 निजी भूमियों के आपसी बंटवारे के वादों में श्रावस्ती जिले ने पांचवीं बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त, धारा-34 (खारिज-दाखिल के वादों) में श्रावस्ती ने प्रदेश में दसवां स्थान हासिल किया है। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन राजस्व वादों की समीक्षा की जा रही है। साथ ही सभी राजस्व पीठासीन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शासन के निदेर्शानुसार अभियान चलाकर वादों का गुण-दोष के आधार पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। यही कारण है कि श्रावस्ती जिले में राजस्व वादों के निस्तारण में निरंतर प्रगति परिलक्षित हो रही है।

## बाग में आधी रात ग्रामीणों ने संदिग्ध युवक को दबोचा, छानबीन में जुटी पुलिस



प्रतापगढ़। गांव की बाग में आधी रात संदिग्ध युवक को देखकर ग्रामीणों में अनहोनी की आशंका उत्पन्न हो गयी। युवक की बाग में तन्हा मौजूदगी पर कुछ ग्रामीणों की नजर पड़ गयी। लालगंज कोतवाली के गोसांई का पुरवा अमावां में बुधवार की रात बाग में एक युवक को चहल पहल करते देखा गया। इधर पितृपक्ष में गया तीर्थ को लेकर गांवों में कार्यक्रमों का आयोजन भी हो रहा है। कुछ ग्रामीणों की नजर संदिग्ध युवक पर जा टिकी। धीरे धीरे काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गये। ग्रामीणों ने युवक की घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाली पुलिस भी पहुंच गयी। ग्रामीणों ने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस युवक को कोतवाली लाकर पूछताछ में जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि युवक से बाग में रात को उसकी मौजूदगी के बाबत पूछताछ की जा रही है। इधर सूत्रों के मुताबिक पुलिसिया पूछताछ की जद में आये युवक का तार इलाके के ही किसी शातिर बदमाश से जुड़े होने की संभावना है। इसे लेकर गुरूवार को कोतवाली परिसर में युवक से गोपनीय पूछताछ में पुलिस को मशक्कत में देखा गया। दोपहर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय भी अचानक कोतवाली पहुंचे। वहीं जिले के एक अन्य थाने की भी पुलिस टीम कोतवाली में नजर आयी। संदिग्ध युवक को लेकर पुलिसिया जांच पड़ताल को लेकर लोगों में तरह तरह की चर्चा का माहौल भी बना देखा गया।

## कातिलाना हमले में चुटहिल पूर्व प्रधान की हालत नाजुक, आरोपियों की तलाश में मशक्कत में पुलिस

प्रतापगढ़। घर मे सोते समय पूर्व प्रधान पर कातिलाना हमले को लेकर गुरूवार को भी गांव में सन्नाटा पसरा दिखा। वहीं पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक गंभीर रूप से घायल पूर्व प्रधान रामयश का प्रयागराज मेडिकल कालेज में नाजुक स्थिति में इलाज जारी है। लालगंज कोतवाली के बलभद्र का पुरवा वीरसिंहपुर निवासी रामयश सरोज पर मंगलवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे दो आरोपियों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। घटना को लेकर घायल पूर्व प्रधान की पुत्रवधू बबिता पत्नी स्व0 कर्मवीर की तहरीर पर गांव के ही आरोपित राजेन्द्र कुमार के पुत्र स्व0 घेर्राऊ व एक अज्ञात के खिलाफ लालगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। पुलिस टीम घटना के बाद अब आरोपियों की तलाश में मशक्कत कर रही है। इधर पूर्व प्रधान पर कातिलाना हमले को लेकर गुरूवार को भी गांव में सन्नाटा पसरा दिखा। पूर्व प्रधान रामयश स्वयं बीडीसी भी रहे हैं। वहीं पुत्रवधू जिला पंचायत सदस्य भी रहीं हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, शीघ्र ही आरोपियो को हिरासत में लेकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस के सामने भीड़ ने की युवक की पिटाई



**सिद्धार्थनगर**- डुमरियागंज क्षेत्र में स्थित बैदौलागढ़ गांव में गुरुवार शाम एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। यहां सैकड़ों ग्रामीणों ने एक युवक को संदिग्ध मानकर पकड़ लिया। पुलिस की मौजूदगी में ही भीड़ ने उसकी पिटाई कर दी। युवक संतकबीरनगर जिले के मगहर का रहने वाला है। उसने बताया कि वह त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में पेंटिंग का काम करने आया था। शराब की दुकान से निकलने के बाद जब वह बैदौलागढ़ पहुंचा, तब ग्रामीणों को उस पर शक हुआ। कुछ ही देर में सैकड़ों लोग वहां जमा हो गए। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भीड़ को रोकने की कोशिश करते रहे। लेकिन उनकी एक न चली। युवक लगातार रहम की गुहार लगाता रहा। फिर भी भीड़ का गुस्सा शांत नहीं हुआ। काफी मशक्कत के बाद पुलिस युवक को भीड़ से छुड़ाने में सफल रही। उसे थाने ले जाया गया। पुलिस ने युवक से जुड़े ठेकेदार को भी बुलाया है। अभी तक युवक के खिलाफ किसी आपराधिक गतिविधि की पुष्टि नहीं हुई है। यह घटना जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। पुलिस की मौजूदगी में भी भीड़ बेलगाम हो गई। इससे आम जनता की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

## पीड़ितों को न्याय सुलभ कराना मेरी प्राथमिकता : एसडीएम

- नवागत एसडीएम बांसी निखिल ने संभाली बांसी तहसील की कमान

**राम आशीष दूबे**



**बांसी सिद्धार्थ नगर**। नवागत एसडीएम निखिल चक्रवर्ती ने बांसी तहसील एसडीएम के रूप में कार्यभार ग्रहण किया गया, उन्होंने बांसी तहसील एसडीएम का कार्य भार ग्रहण करने के उपरांत संबंधित सभी नायब तहसीलदार व तहसीलदार बांसी व अन्य राजस्व निरीक्षक/कर्मचारियों से रूबरू होकर गत बुधवार परिचय प्राप्त किया गया ,इस दौरान उप जिलाधिकारी निखिल कुमार ने सम्बंधित राजस्व कर्मियों,विद्वान अधिवक्ताओं व गणमान्य नागरिकों से परिचय प्राप्त कर, तहसील के अन्य सभी समस्याओं से रूबरू हुए, एसडीएम बांसी का चार्ज लेने के उपरांत उन्होंने तमाम सरकारी कार्यों को निपटाया गया, वहीं आधा दर्जन से अधिक फरियादों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए उन्हें त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने का कार्य शैली अपनाया गया, पूछे गए सवालों के जवाब में उप जिलाधिकारी निखिल चक्रवर्ती ने कहा कि शासन की मंशानुरूप व जिला अधिकारी के निर्देश का अक्षरसह अनुपालन करना व जनहित में फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराया जाना मेरी प्राथमिकता में होगा, उन्होंने संपूर्ण तहसील समाधान दिवस की सार्थकता के संबंध में कहा कि शासन की मंशानुरूप तहसील समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों के समस्याओ शिकायतों की सुनवाई करते हुए उन्हें त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने का हर सार्थक संभव प्रयास किया जाएगा, अनाधिकृत सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारियों भूमाफियों के विरुद्ध सख्त रूप अख्तियार करते हुए कहा कि अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिलने की दशा मेंअविलंब अवैध कब्जा अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से हटाया जाएगा तथा नियमानुसार विधिक कार्रवाई भी की जाएगी, उन्होंने बांसी तहसील के संबंधित न्यायालयों कोर्ट में लंबित मुकदमो के संबंध में कहा कि वादकारियों के लंबित मुकदमों का नियमित तौर पर सुनाई किया जायेगा,वादकारियों के लंबित मुकदमों का निस्तारण कर वादकारियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने के सम्बन्ध में,उप जिलाधिकारी / उप जिला मजिस्ट्रेट निखिल चक्रवर्ती ने विद्वान अधिवक्ता समाज से सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपील भी किया है, अल्प समय अवधि के कार्यकाल में नवागत एसडीएम बांसी निखिल चक्रवर्ती द्वारा कतिपय फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराया गया,न्याय सुलभता से पाकर नवागत एसडीएम बांसी के व्यवहार एवं कार्य क्षमता को फरियादियों ने सराहा है, जिसकी पुष्टि बात चीत में बांसी तहसील के कई विद्वान अधिवक्ताओं , गणमान्य नागरिकों ने भी किया है।

## डीएम व एसपी ने नेपाल में हिंसा प्रदर्शन के दृष्टिगत एसएसबी कैंप पर किया बैठक




**सिद्धार्थनगर**। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नेपाल में हिंसा/प्रदर्शन के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना ढेबरुआ के बढ़नी एसएसबी कैम्प पर बैठक किया गया। भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा का निरीक्षण किया गया किया गया तथा नेपाल प्रहरी के साथ वार्ता की गयी । सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश ।जिलाधिकारी डा 0 राजा गणपति आर 0 व पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा 11. सितंबर को नेपाल राष्ट्र में आंदोलन/हिंसा के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना ढेबरुआ के बढ़नी एसएसबी कैम्प पर एसएसबी, बार्डर के समस्त थाना प्रभारी व अन्य के साथ बैठक किया गया ।तथा भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा का निरीक्षण व पैदल गश्त किया गया तथा सम्बन्धित को कड़ी निगरानी/ सतर्कता बनाये रखने के सम्बन्ध मे निर्देश दिया गया और नेपाल प्रहरी व एसएसबी के साथ भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में वार्ता की गयी ।इस दौरान मुकेश कुमार गुज्जर, असिस्टेंट कमाण्डेंट एसएसबी, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़, पवीन प्रकाश, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ तथा पुलिस, एसएसबी, कस्टम व अन्य विभागो के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## युवती ने राप्ती में लगायी छलांग,नहीं मिला शव



इकौना (श्रावस्ती)। जनपद के इकौना थाना क्षेत्र में बुधवार की देर रात एक हृदयविदारक और सनसनीखेज घटना घटित हुई। महज 16 वर्षीय किशोरी ने अन्धरपुरवा पुल से राप्ती नदी में छलांग लगाकर सबको स्तब्ध कर दिया। घटना की चर्चा पूरे क्षेत्र में जोरों पर है और लोग इस दर्दनाक कदम को लेकर तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, युवती का नाम पायल पुत्री बछराज निवासी कस्बा गिरजाघर थाना भिनगा कोतवाली बताया गया है। परिजनों ने बताया कि पायल को अपनी इच्छा से घर से बाहर जाने पर रोक-टोक थी। इसी कारण वह खिन्न चल रही थी। इसी नाराजगी में वह अपनी सहेली आरती पुत्री दयाराम के साथ महरौली स्थित उसके मामा के घर आ गई थी। बुधवार की रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच अचानक पायल अन्धरपुरवा पुल पहुंची और वहां उसने पहले पुल की रेलिंग पर दुपट्टा बांधा, चप्पल उतारी और तत्पश्चात नदी में कूद गई।

सूचना मिलते ही इकौना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और अधिकारियों को अवगत कराया। देखते ही देखते आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। हालात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एनडीआरएफ टीम को बुलाया, जिसने रातभर नदी में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया, किन्तु समाचार लिखे जाने तक किशोरी का कोई पता नहीं चल सका। खोज अभियान में एनडीआरएफ के साथ श्रावस्ती के चर्चित तैराक, यूट्यूबर एवं पत्रकार नफीस सिद्दीकी भी शामिल रहे और उन्होंने टीम के साथ मिलकर हरसंभव प्रयास किया। इसके बावजूद सफलता हाथ नहीं लग सकी। इकौना क्षेत्राधिकारी भरत पासवान ने कहा कि छोटी-छोटी बातों पर जीवन समाप्त करने जैसा कदम अत्यंत पीड़ादायक और चिंताजनक है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। यह घटना समाज को गहन आत्ममंथन का संदेश देती है कि युवा पीढ़ी की संकुचित सोच को व्यापक बनाने हेतु परिवार और समाज को गंभीर पहल करनी होगी। आज की युवा पीढ़ी धैर्य और सहिष्णुता खोती जा रही है, छोटी-सी असहमति या प्रतिबंध को भी अपमान मानकर वे आत्मघाती निर्णय ले रहे हैं, जो परिवार और समाज दोनों के लिए गहरी चिंता का विषय है। मौके पर थाना इकौना क्षेत्राधिकारी भरत पासवान और थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश पांडेय में टीम मौजूद रहे।

## एएसपी को मिली प्रोन्नति वकीलों ने किया सम्मानित




प्रतापगढ़। एसपी पद पर प्रोन्नत हुए जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय को गुरूवार को यहां अधिवक्ताओं ने सम्मानित किया। कोतवाली परिसर में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय के संयोजन में आईपीएस रैंक मिलने को लेकर संजय राय को अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण तथा अंगवस्त्रम व बुकें प्रदान कर सम्मानित किया। शासन द्वारा एएसपी पश्चिमी संजय राय को प्रोन्नत कर अयोध्या जिले में पुलिस अधीक्षक अधिसूचना के पद पर तैनाती दी गई है। एसपी संजय राय ने अपने कार्यकाल में लालगंज क्षेत्र में अधिवक्ताओं तथा क्षेत्रीय लोगों के शांति व व्यवस्था बनाये रखने में मिले सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय, प्रभाकर पाल, विभाकरनाथ शुक्ल, अखिलेश द्विवेदी, हरेकृष्ण त्रिपाठी, आशुतोष मिश्र, दिनेश सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

## पुराने शिक्षकों को टीईटी से मुक्त करने की मांग



**सिद्धार्थनगर**- पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई ने प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर गुरुवार को ज़िला मुख्यालय पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने मांग उठाई कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (फ्ळए) लागू होने से पहले नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी पास करने की बाध्यता से मुक्त किया जाए। सर्वोच्च न्यायालय के हालिया फैसले पर पुनर्विचार याचिका दाखिल करने के लिए केन्द्र सरकार पर दबाव बनाया जाए। संसद में संशोधित विधेयक लाकर पुराने शिक्षकों को राहत दी जाए। जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों का अनुभव अनदेखा करना अन्याय है। महामंत्री कलीमुल्लाह ने तंज कसते हुए कहा कि आज अफसर उन्हीं शिक्षकों के शिष्य हैं, जिन्हें अब टीईटी की शर्त से परेशान किया जा रहा है। कोषाध्यक्ष मस्तराम चौधरी ने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो दिल्ली में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। 13 से 26 सितम्बर तक सभी जिलों में शिक्षक अपने सांसदों के माध्यम से प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन देंगे। इसके बाद भी मांगें न मानी गईं तो राजधानी दिल्ली में बड़ा आंदोलन होगा। बार-बार नियम बदलकर पुराने शिक्षकों की नौकरी पर संकट खड़ा किया जा रहा है।

## जिला समाज कल्याण अधिकारी ने फांसी लगाकर दी जान

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ में 38 वर्षीय जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बृहस्पतिवार को अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना जिले के पूरे केशवराय गांव में घटी। थाना कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव ने बताया कि आशीष कुमार सिंह (38) आजमगढ़ में जिला समाज कल्याण अधिकारी के पद पर तैनात थे और छुट्टी लेकर पूरे केशवराय गांव में अपने घर आए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आशीष आज सुबह आजमगढ़ के लिए निकलने वाले थे, तभी सुलतानपुर में मायके में रह रही उनकी पत्नी का फोन आया और बातचीत के बाद वह कमरे में गए और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# तिलहन मेले और गोष्ठी का आयोजन

## यूपी@2047 कार्यक्रम में हुआ संवाद

**श्रावस्ती**। समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश@2047 कार्यक्रम के तहत विकास भवन स्थित डीपीआरसी सभागार में एफपीओ संगठनों के साथ संवाद, जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं तिलहन मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सेनि आईपीएस प्रमोद कुमार तिवारी, देवीपाटन मण्डल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील एवं जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कृषकों को मिलेट्स, लेमनग्रास, खस उत्पादन, मृदा स्वास्थ्य, पोषक तत्व प्रबंधन, प्राकृतिक खेती एवं बीज उत्पादन




संबंधी तकनीकी जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों डा0 एस0पी0 सिंह एवं डा0 रामभरोसे ने विपणन, ब्रांडिंग व उन्नतशील खेती पर मार्गदर्शन दिया। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक विकास कुमार ने तिलहनी फसलों में कीट नियंत्रण व एकीकृत कीट प्रबंधन की जानकारी दी। मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार तिवारी ने कहा कि किसान श्री अन्न का उत्पादन कर कृषि क्षेत्र में जनपद को नई पहचान दिला सकते हैं। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कृषकों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया और बताया कि जमुनहा व सिरसिया ब्लॉकों में क्लस्टर बनाकर खेती की जा रही है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने किसानों से उत्पाद की ब्रांडिंग व पैकेजिंग कर अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँच बनाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चन्द्र चौधरी, अपर जिला कृषि अधिकारी अश्विनी कुमार, सभी खण्ड विकास अधिकारीगण, सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

संक्षेप

## यमुना में मगरमच्छ दिखने से ग्रामीणों में दहशत

जसवंतनगर, इटावा। यमुना नदी में बाढ़ का पानी चढ़ने के साथ मगरमच्छों की मौजूदगी ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। गुरुवार को नदी के अलग-अलग इलाकों में मगरमच्छ देखे जाने से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि हाल ही में घुराह गांव में रामनाथ के मकान के पास एक मगर दो दिन तक बैठा रहा। वहीं खंदिया गांव के पास पुलिया के नीचे ग्रामीण मोहन सिंह, गंभीर सिंह, किशुन सिंह, मेघनाथ, बृजेन्द्र, विजेन्द्र सिंह, रामबहादुर सिंह, वेनिराम, गंगाश्री, माजाराम, जयपाल, कुँअरपाल, राजवीर, प्रवीन और सुनील आदि ने तीन से चार मगरमच्छ एक साथ देखे थे। नदी किनारे बसे गांवों में हालात ऐसे हैं कि सड़कों,गलियों और खेतों में कई फुट पानी भरा हुआ है। ऐसे में लोगों को यह डर सता रहा है कि मगरमच्छ घरों में भी घुस सकते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वे अपने बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। परिवारजन तो छतों पर शरण लिए हुए हैं, लेकिन मवेशी खुले में होने के कारण सबसे ज्यादा खतरे में हैं।

## 22 गौवंशो से लदा कंटेनर बरामद

इटावा। गौकशी, गौतस्करी पर रोकथाम की दिशा मे कार्य करते हुये पुलिस ने 22 गौवंश व परिवहन मे प्रयुक्त ट्रक कन्टेनर किया बरामद। थाना बसरेहर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा 11 सितम्बर की रात्रि को थाना बसरेहर पुलिस टीमों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संतोषपुर घाट नदी पुल पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान चितभवन की तरफ से एक ट्रक कन्टेनर आता दिखायी दिया। पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो ट्रक चालक कन्टेनर को भदामई पुल की ओर तेजी से भगाने लगा। पुलिस टीम द्वारा उक्त वाहन का पीछा किया गया तो ट्रक कन्टेनर सवार व्यक्ति ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी। चालक द्वोरा कन्टेनर को सिरसा रोड पर बन रहे आईटीआई कॉलेज के पास खेतों मे उतार दिया तथा दोनो व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहे जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है।

## प्रशांत तिवारी ने बाढ़ स्थिति का जायजा लिया

इटावा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रशांत तिवारी ने सदर तहसील क्षेत्र के धूमनपुरा एवं सुनवारा में जाकर आई बाढ़ स्थिति का जायजा लिया एवं आमजन मानस से उनकी परेशानी को जाना। श्री तिवारी ने सम्बन्धित अधिकारी सदर तहसीलदार एवं लेखपाल से बात करते हुए कहा कि सरकार जिस छेत्र में बाढ़ आई है उन क्षेत्र के घरों में राहत सामग्री व बने हुई खाने के पैकेट पहुंचाई जाए स्वास्थ विभाग की टीम जाकर घर घर दवा दे व बाढ़ के कारण जानवर जो बीमार हुए है उनका इलाज सही ढंग से हो व बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जो किसानों का नुकसान हुआ है।

**Notice**

I, Mohd Waseem S/o Mohd Saleem declared that Mohd Waseem S/o Mohd Saleem and Mohammad Waseem S/o Mohammad Salim Khan are same person. Please know me by the name of Mohd Waseem S/o Mohd Saleem

**सूचना**

मेरी पुत्री अनुष्का सैनी के अंकपत्र मे त्रुटिवश जन्मतिथि 09.07.2008 दर्ज हो गया है जबकि उसके आधार और जन्म प्रणाम पत्र मे जन्मतिथि 09.07.2010 है अतः अंकपत्र मे अंकित जन्मतिथि मे परिवर्तन कर 09.07.2010 किया जाना न्याय संगत होगा। **अवधराम पुत्र छहेदू लाल निवासी नवीकोट नंदना पोस्ट बख्शी का तालाब लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम गबर सिंह (GABAR SINGH) से बदल कर गबर सिंह बेडवाल (GABAR SINGH BEDWAL) कर लिया है। भविष्य में मुझे गबर सिंह बेडवाल (GABAR SINGH BEDWAL) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। गबर सिंह बेडवाल पुत्र खन्तू सिंह नि.-नियर जयपुरिया स्कूल ई2/411, विनीत खण्ड गोमती नगर, लखनऊ उ.प्र.।

# प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम आयोजित

## समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के तहत प्रबुद्धजनों से संवाद कर लिया फीड बैक




चरगांवा, गोरखपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश के मुताबिक चरगांवा ब्लाक के जंगल रायगढ उर्फ रजही में बुधवार को समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के तहत प्रबुद्धजनों से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार की तरफ से नामित अधिकारियों ने आम जनमानस सहित छात्र, शिक्षक, व्यवसाई, उद्यमी,कृषक,स्वयं सेवी संगठन, मीडिया के प्रतिनिधि से सरकार के आठ हाल कार्यकाल का फीडबैक लेने के साथ यूपी के विकास पर रोडमैप का सुझाव लिया। जिला प्रशासन की तरफ से चरगांवा ब्लाक के जंगल रामगढ़ उर्फ रजही स्थित पंचायत भवन सभागर में आयोजित प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम में शासन द्वारा नामित सेवानिवृत्त आईएएस देश दीपक वर्मा के नेतृत्व में विनय कृष्ण मिश्रा के नेतृत्व में डॉक्टर सुनील कुमार श्रीवास्तव (आचार्य), डॉ वीएन सिंह (सेवानिवृत्त निदेशक), राम कृष्णा यादव (सेवानिवृत्त आई आर एस एस) राजकीय अतिथि सहित उत्तर प्रदेश सरकार के खेल व युवा कल्याण विभाग के सचिव / नोडल अधिकारी गोरखपुर सुहास एल ० वावाई०नए प्रतिभाग किया। जहां विभिन्न लक्षित समूहों (छात्र, शिक्षक, व्यवसाई, उद्यमी, कृषक, स्वयं सेवी संगठन, श्रमिक संगठन, मीडिया, आम जनमानस ईत्यादि) के साथ संवाद कर उप्र सरकार के आठ हाल के कार्यकाल का फीडबैक लिया और साथ ही राज्य के विकास हेतु रोड मैप पर संवाद कार्यक्रम में अपने-अपने फीडबैक भी दिए। बैठक में ब्लॉक प्रमुख चरगांवा श्रीमती वंदना सिंह ने क्षेत्र पंचायत की विकास निधि में वृद्धि किए जाने मुद्दे को उठाया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना कृषकों के उपज ,सब्जी के मूल्य दूध के मूल्य में वृद्धि किए जाने की बात कही,राजकुमार ने मनरेगा मजदूरी बढ़ाए जाने के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि मनरेगा में मजदूरों की मजदूरी मात्र२ 52 रुपए हैं। जबकि बाजार में मजदूरों की मजदूरी 500 से 600 तक हैं। गुड्डू सिंह ने आवास पर दी जाने वाली धनराशि में वृद्धि करने की बात कही आंगनवाड़ी कार्यकत्री गीतांजलि मौर्या ने आंगनवाड़ी केंद्रों को आधारभूत सुविधा सुलभ कराए जाने का मुद्दा उठाया । जिला प्रशासन की ओर से मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी,जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा,जिला पंचायत राज अधिकारी निलेश प्रताप सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ ० अभिनव कुमार मिश्र सहित ब्लॉक प्रमुख विकास खण्ड चरगांवा श्रीमती वंदना सिंह,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना,खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड चरगांवा सत्य प्रकाश सिंह सहायक विकास अधिकारी (पंचायत)सतीश कुमार चतुवेर्दी,ग्राम विकास अधिकारी गण राजेश गुप्ता,व ऋषि कुमार सिंह ,मनोज कुमार सिंह सहित ग्राम पंचायत प्रधान श्रीमती कलावती देवी ग्राम पंचायत प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन मौर्य मौजूद रहे।

# सीएम योगी ने किया पुस्तक का विमोचन



**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार सिंह और प्रो. भारती सिंह की पुस्तक ह्यनाथ पंथ का दर्शन एवं साधना प्रणालीह्व का विमोचन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं मंचासीन अतिथिगण द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना, श्रद्धांजलि गीत महाराण प्रताप बालिका इंटर कॉलेज रमदत्तपुर की छात्राओं ने, वैदिक मंगलाचरण डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी, गोरक्षाष्टक पाठ आदित्य तिवारी एवं गौरव पांडेय तथा महंत अवेद्यनाथ स्तोत्रपाठ डॉ. प्रांगेश मिश्र ने प्रस्तुत किया। जबकि संचालन डॉ. श्रीभगवान सिंह ने किया। चित्तौड़गढ के राजघराने से आए जनार्दन सिंह, महंत राजूदास, नीमच मध्यप्रदेश के लालनाथ, कच्छ गुजरात के देवनाथ, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, श्यामधनी राही, एमएलसी ध्रुव त्रिपाठी, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष जर्नादन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, आईएमए के डॉ. वाई सिंह, डॉ. आरपी त्रिपाठी, चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज से एसके अग्रवाल, दवा विक्रेता समिति के योगेंद्र दूबे, गुरुद्वारा कमेटी से सरदार जगनैन सिंह नीटू, व्यापार मंडल से पूर्व महापौर सीताराम जायसवाल, सिंधी समाज के अर्जुन वलानी, पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल के रमेश चंद्र गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता, हरिनंदन श्रीवास्तव ने भी ब्रह्मलीन महंतद्वय को अपने विचारों से श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संतजन, विभिन्न संगठनों के लोग और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### समाज के लिए समर्पित जीवन ही सफल महंत : बालकनाथ

गोरखपुर। श्रद्धांजलि सभा में बाबा मस्तनाथ पीठ रोहतक के महंत और राजस्थान विधानसभा के सदस्य बालकनाथ ने कहा कि जीवन वही सफल है जो समाज के लिए समर्पित रहे। जैसा जीवन पूज्य महंत दिग्विजयनाथ जी तथा पूज्य महंत अवेद्यनाथ जी ने जिया है वैसा जीवन हमें भी जीना चाहिए। आज उन्ही महापुरुषों की देन है कि हम गर्व के साथ अपने हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति में जी रहे हैं। काशी से पधारे श्रीविष्णु स्वामी संप्रदायाचार्य जगद्गुरु संतोषाचार्य सतुआ बाबा ने कहा कि हम बड़े भाग्यशाली है कि हम महंत दिग्विजयनाथ जी और महंत अवेद्यनाथ जी की तपस्थली पर हमें उपस्थित होकर उनके विचारों को जानने का सौभाग्य मिल रहा है। हमें उनके आदर्शों का अनुकरण करना चाहिए, यही उनके चरणों में हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### सदा सनातन का उच्च उद्घोष किया ब्रह्मलीन महंतद्वय ने : डॉ. महेंद्र सिंह

प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि भारत देश ही ऐसा है जहां सतयुग से लेकर अब तक लाखों वर्ष बीत गए, लेकिन भारत में उस समय भी संत थे, आज भी संत हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति ही ऐसी है जहां परोपकार के लिए ही महापुरुषों का जीवन होता है। भारत का सनातन धर्म सत्य है। यह हमेशा से है और हमेशा रहेगा। गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय दिग्विजयनाथ जी और अवेद्यनाथ जी ने सदैव सनातन का ही उच्च उद्घोष किया।

## यूरिया की किल्लत से किसान परेशान

चौरीचौरा, गोरखपुर। किसानों के सुख सुविधाओं का ध्यान रखने तथा किसानों की मसीहा कहीं जाने वाली भाजपा सरकार में चौरीचौरा तहसील क्षेत्र के किसान आज यूरिया खाद के लिए परेशान हैं। तथा प्राइवेट दुकानों से लेकर समिति के गोदामों तक सुबह से शाम तक चक्कर लगा रहे हैं। खाद न मिलने पर मायूस हो कर शाम होते ही घर चले जाते हैं। खाद के लिए किसानों की दुर्गति देखते ही बन रही है।

बताते चलें कि इस वर्ष यूरिया खाद किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समिति के गोदामों पर भी यूरिया नहीं मिल रही है। पहले किसान चाहे समिति हो या प्राइवेट दुकान, कहीं भी उचित मूल्य पर खाद प्राप्त कर लेते थे। लेकिन वर्तमान समय में न प्राइवेट दुकानों पर ही यूरिया मिल रही है, नाही सरकारी गोदामों पर ही मिल रही है। चौरा गांव निवासी कृष्णा गुप्ता, हरी लाल यादव, चौरी निवासी पूर्व प्रधान रामनयन यादव, सन्नी निषाद हरी प्रसाद पटेल आदि लोगों का कहना है इस समय यूरिया खाद की काफी किल्लत हो रही है।

## स्वदेशी से ही भारत का सपना होगा साकार : महापौर




गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के तत्वाधान में स्वदेशी जन जागरण अभियान के तहत राप्ती कॉम्प्लेक्स और भालोठिया मार्केट में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता और पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष मणि नाथ गुप्ता शामिल हुए। व्यापारियों को संबोधित करते हुए महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और विराट भारत का रास्ता स्वदेशी से ही होकर गुजरता है। जब तक देशवासी स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर भारतीय उद्योगों को सशक्त नहीं करेंगे, तब तक आत्मनिर्भरता का लक्ष्य अधूरा रहेगा। महानगर संयोजक राजेश गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल दिखावे के लिए नहीं है। हमें धरातल पर उतरकर घर-घर जाकर लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करना होगा। व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक सौरभ कुमार सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम प्रभारी प्रवीण सिंह ने किया। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक धीरज राय, महानगर सह संयोजक द्वय गौरव गुप्ता एवं नवोदित त्रिपाठी, संयुक्त व्यापार मंडल के संयोजक रमेश गुप्ता, दवा विक्रेता संघ के योगेंद्र नाथ दुबे, महामंत्री आलोक चौरसिया, राजेश तुलसिया, विनोद गोविंद राव, कन्हैया वर्मा, प्रशांत विश्वकर्मा, आनंद अग्रहरी सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी गण और व्यापारी नेता उपस्थित रहे, स्वदेशी जिन्होंने स्वदेशी जन जागरण अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## सरकारी की तुलना में प्राइवेट बैंक अच्छा कार्य कर रहे हैं : डीएम




इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जिला बैंकर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद का सीडी रेशियो 51.09 है, जो कि प्रदेश के खराब जनपद में से एक है। उन्होंने कहा कि बैंक के सभी अधिकारीगण द्वारा सीडी रेशियो की ग्रोथ को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद का विकास सीडी रेशियो पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर में अधिक से अधिक लोन स्वीकृत करके ज्यादा से ज्यादा लोगों को लोन दिया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष ज्यादा से ज्यादा लाभ दिया जाए। उन्होंने 60 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाली बैंक्स को स्ट्रेटजी बनाकर काम करने व सीडी रेशियो की ग्रोथ को बढ़ाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी बैंक की तुलना में प्राइवेट बैंक अच्छा कार्य कर रही है एवं सीडी रेशियो का टारगेट पूरा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड फिशरीज एवं एनिमल हसबेंडरी के लिए जारी किया जाए साथ ही उन्होंने कहा कि हॉर्टिकल्चर स्कीम में पेंडिंग लोन पर ध्यान दिया जाए।

## वसूली करने गयी बिजली विभाग की टीम पर हमला

### ग्रामीणों ने धक्का मुक्की कर मोबाइल छीना

ऊसराहार, इटावा। बिजली के बकाया बिल की बसूली करने गई टीम पर ग्रामीणों ने हमला बोल लाइनमैन का मोवायल छीन लिया कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की कर सरकारी कागजों को फाडने का प्रयास किया कर्मचारी किसी तरह मौके से बचकर निकल पाए। बिजली के बकाया बिलो की बसूली को लेकर बिद्युत विभाग की टीम ने विद्युत विभाग की ओर से टैक्नीशियन बालेश्वर दयाल के नेत्रत्व मे विभाग ने ऊसराहार थाना क्षेत्र के नगला लक्षी गांव मे कैंप लगाकर ग्रामीणों से बिजली के बकाया बिलो के भुगतान की अपील की इसी दौरान गांव मे एक लाख से अधिक के बडे बकायादारो के कनेक्शन काटे गए इस कार्यवाही के दौरान टीम को सियाराम गोरेलाल अतुल ने टीम को घेर लिया और टीम के साथ धक्का-मुक्की करते हुए गाली गलौज करने लगे टीम मे साथ चल रहे लायनमैन रवी ने जब ग्रामीणों का बीडियो बनाने की कोशिश की तो उक्त लोगो ने उसका मोवायल छीन लिया हाथो मे पकडे सरकारी दस्तीबेजो को भी उक्त लोगो ने फाडने के साथ मारपीट का प्रयास किया अन्य ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद लायनमैन का मोवायल वापस किया गया अवर अभियंता सतेंद्र कुमार ने बताया गांव मे कैंप लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा था बडे बकाएदारो द्वारा विल जमा न करने पर उनके कनेक्शन काटे जा रहे थे इसी दौरान सियाराम गोरेलाल अतुल ने महिलाओ को आगे कर टीम पर हमला बोल मोवायल छीन लिया सरकारी कागजों को फाडने का प्रयास किया किसी तरह टीम को उनका मोवायल वापस मिल पाया है उन्होने बताया पूरे मामले मे सियाराम गोरेलाल अतुल के विरूद्ध थाने मे तहरीर भी दी गई है।

## इटावा पहुंचे एससी, एसटी आयोग के सदस्य रमेश चंद्र

### नगर पालिका का किया औचक निरीक्षण



इटावा। केन्द्रीय मंत्री तथा अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के निर्देशन में इटावा विधानसभा प्रभारी तथा एससी, एसटी आयोग के सदस्य रमेश चन्द्र कुंडे इटावा के सिचाई विभाग के गेस्ट हाउस पहुंचे जहां अपना दल एस के तमाम पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं ने उन्हें माल्यार्पण तथा अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया जिसके बाद उन्होंने पदाधिकारियों के साथ बैठक की जिसमे उन्होंने कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की साथ ही उन्होंने कई विभागों के अधिकारियों के साथ भी चर्चा की. बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष हरिओम सिंह चैहान ने की विशिष्ट अतिथि डॉ. हरीशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, घटमपुर विधानसभा प्रभारी ने सदस्यता बढ़ाने पर दिया जोर। नगर पालिका ईओ संतोष कुमार मिश्रा ने एससी, एसटी आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे का स्वागत किया। रमेश चन्द्र कुंडे ने पदाधिकारियों के साथ चर्चा में आगमी चुनाव के लिए तैयार रहे, साथ साथ नगर पालिका परिषद का भी निरीक्षण किया है जिस पर एससी, एसटी समाज के कर्मचारियों से मिलकर उनकी समस्या को सुना गया. वहीँ केंद्र सरकार द्वारा जो एससी, एसटी समाज के लोगों के लिए योजनायें चलाई जा रही है उन योजनाओं का लाभ पूर्णतया मिल पा रहा है या नही इसी के साथ साथ तमाम महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा भी गयी है. हमारा प्रयास है कि जो गरीब लोग है हमारा प्रयास है कि उन्हें योजनाओं का पूर्णताः लाभ मिल सके. उक्त कार्यक्रम के दौरान कई पीड़ित उनके पास अपनी फरियादें लेकर पहुंचे जहां उन्होंने समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

## जुलूसे मोहम्मदी में सजावट करने पर बच्चे हुए सम्मानित



**इटावा।** जुलूस कमेटी उर्दू मोहल्ला की तरफ से अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाई स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में जुलूसे मोहम्मदी में शामिल होने वाली झांकियां, चोकियां, गेट सजाकर लगाने वाले बच्चों को शील्डें वितरित कर सम्मानित करते हुए बच्चों की हौसला अफजाई की गई। जूलुस कमेटी अध्यक्ष कुंवर रफत अली खान ने कहा कि शहर की तमाम अंजुमन, कमेटियों ने मेहनत से शहर में जगह जगह गेट सजाकर और जगह जगह जुलूस का स्वागत किया। तमाम कमेटियों द्वारा खूबसूरत थमाकोल से बनाई गई मक्का मदीना की झांकियां जुलूस में शामिल की और जुलूस की खूबसूरती में चार चांद लगाए। सम्मान समारोह का शुभारंभ कारी शहबाज अनवर कादरी ने कुरान की तिलावत से किया और कमेटी की ओर से अंजुमन व कमेटियों को शील्ड और प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर जुलूस कमेटी अध्य्क्ष कुंवर रफत अली ने जिला प्रशाशन और पुलिस प्रशाशन का शुक्रीया अदा किया और कहा की प्रशाशन के सहयोग से बहुत ही अमनचैन के साथ जुलूस सम्पन्न हुए। रफत अली ने शहर की अंजुमन, कमेटियों का भी शुक्रिया अदा किया। जुलूसे मुहम्मदी में जिस तरह लोगों ने अपने नबी के लिऐ मोहब्बत पेश की और मौजूदगी दर्ज कराई वह किसी ऐतिहासिक मंजर से कम नहीं थी। इस मौके पर साजिद अली अशरफी, अजहर फरीदी, शमशुद्दीन, शाहनवाज अतहर राशिद बरकाती, जमीर हसन झम्मन, उमेर वारिस, रहमत अली मन्नू, सगीर उल्ला, जुहैब फैयाज, तौकीर हसन, अदनान खान, राशिद अली अशरफी, फरहान खान, आसिफ खान, मोहसिन आदि मौजूद रहे।

## फाउंडेशन ने प्रशांत की दसवीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



इटावा। प्रशांत फाउंडेशन एक ऐसा नाम जो इंसानियत की मिसाल और गरीबों की मदद के लिए मसीहा के तौर पर जाना जाता है। फाउंडेशन के पदाधिकारी जो मददगार बनकर उन लोगों की मदद करने पहुंचते हैं जो लोग आर्थिक हालातों की मार झेल रहे हैं। दरअसल इटावा जिले की तहसील जसवंतनगर के नगला हरे निवासी स्व. प्रशांत कुमार के नाम पर इस संस्था को शुरू किया गया। प्रशांत कुमार यादव संस्था के सरंक्षक मान सिंह यादव के चैथे नम्बर के बेटे थे। और प्रशांत फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. रिपुदमन सिंह यादव और पर्यावरणविद् समाजसेवी डॉ. हेमंत यादव के छोटे भाई थे। प्रशांत एक ऐसे होनहार युवा थे जो पढ़ाई में तो अव्वल थे ही साथ ही समाज में बदलाव की अनोखी सोच उनके पास थी। प्रशांत चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर में बीएससी कृषि तृतीय ईयर की पढ़ाई कर रहे थे। लेकिन 8 सितंबर 2015 को कुदरत का ऐसा कहर बरपा की होनहार प्रशांत इस दुनियाँ से कूच कर गए। विश्वविद्यालय के बाल गंगाधर तिलक छात्रावास के कमरा नम्बर-5 में रहने वाले प्रशांत की करंट लगने से मृत्यु हो गयी। प्रशांत नेक और परिश्रमी छात्र थे। इस घटना ने प्रशांत के सगे संबंधियों को झकझोर कर रख दिया। घटना के बाद प्रशांत के सभी भाइयों, परिवारीजनों, सगे संबंधियों और दोस्तों ने विचार विमर्श और आपसी सहमति से जनकल्याणकारी प्रशांत फाउंडेशन की नींव रखी। फाउंडेशन की शुरूआत से लेकर अब तक समाज में अगर कहीं भी मदद के मसीहा का नाम उभरता है। तो बरबस जहन में पहला नाम प्रशांत फाउंडेशन और इस संस्था के पदाधिकारियों का आता है। इस मौके पर सुमित यादव, नितिन यादव, शिवम शर्मा, विमलेश यादव, राजेश कुमार एवं अन्य लोग मौके पर मौजूद रहे।

## तीर्थ कुनैरा में वार्षिक मेला व महामस्तकाभिषेक सम्पन्न



इटावा। दिगंबर जैन नवग्रह अहिंसा तीर्थ कुनैरा में वार्षिक मेला व महामस्तकाभिषेक महोत्सव आचार्य प्रमुख सागर महाराज के आशीर्वाद एवं निर्देशन में आयोजित किया गया। सुबह श्रीजी का अभिषेक व शांतिधारा पुजारियों द्वारा सम्पन्न हुई। विधानाचार्य ब्रह्मचारिणी बीना ने नवग्रह विधान कराया। भक्ति संगीत विमल एंड पार्टी म्यूजिक ग्रुप, भिंड मध्य प्रदेश द्वारा प्रस्तुत किया गया। दोपहर में महिलाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजनों की प्रस्तुति हुई। इसके बाद मंदिर प्रांगण से भव्य रथयात्रा निकाली गई। गाजेबाजे और हर्षोल्लास के साथ नगर भ्रमण करती हुई रथयात्रा पुनः मंदिर प्रांगण में पहुंची। नवीन रथ पर श्रीजी को विराजमान कराने का सौभाग्य सतेंद्र जैन, अकिंत जैन एवं अनुत जैन परिवार को प्राप्त हुआ। विशेष बात यह रही कि रथ को जैन धमार्नुरागियों ने खींचकर यात्रा को सम्पन्न कराया। मंदिर प्रांगण में श्रीजी का प्रासुक जल से महामस्तकाभिषेक किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण गुप्ता, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, नगर पालिका चेयरमैन ज्योति गुप्ता, हिंदू सेवा समिति संस्थापक प्रदीप शर्मा, जिलामहामंत्री प्रशांत राब चैबे, मंत्री डॉ. ज्योति वर्मा, सीपू चैधरी, एमपी सिंह तोमर उपस्थित रहे। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष संजू जैन, महामंत्री बोनू जैन, मनोज जैन कल्लू, अरविंद जैन, उमेश जैन, नवीन जैन, मन्नू जैन कोरिया, मिथुन जैन, सुशील जैन व महिला मंडल पूजा जैन लवली जैन सोनी जैन सरिता जैन विनीता जैन ममता जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर स्वागत किया। सायंकाल श्रीजी की महाआरती आयोजित हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां हुईं। मंच संचालन महावीर प्रसाद जैन ने किया। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भिंड, दिल्ली, मैनपुरी, करहल, जसवंतनगर सहित विभिन्न स्थानों से शामिल हुए।

## उद्योगों को प्रोत्साहन देकर देश की अर्थव्यवस्था को दें मजबूतीः श्याम मोहन

इटावा। स्वदेशी जनजागरण अभियान के अन्तर्गत भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में व व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक अलोक गुप्ता उर्फ.कल्लू के संयोजन में व्यापारियों की जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के सह-संयोजक श्याम मोहन दुबे ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के महत्वकांक्षी आत्मनिर्भर भारत अभियान के आह्वान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश द्वारा ष्स्वदेशी जनजागरण अभियान के चलाया जा रहा हैं। इस अभियान के माध्यम से व्यापारियों से आग्रह किया जा रहा है कि वे स्वयं, अपने परिवार और ग्राहकों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित करें, ताकि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन मिल सके। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पीएम नरेंद्र मोदी की कूटनीति चर्चा का विषय बनी हुई है। चीन में हुए शिखर सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ महत्वपूर्ण मुलाकात की। इन बैठकों से वैश्विक राजनीति में भारत की बढ़ती भूमिका स्पष्ट हो गई है। बताया जा रहा है कि इस कूटनीतिक सक्रियता से अमेरिका असमंजस में है, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार ट्वीट कर सफाई देने को मजबूर हैं। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया ने स्वदेशी उत्पादों के महत्व पर प्रकाश डाला।

संक्षेप

## जेल में निरुद्ध बंदी की मौत

लखीमपुर खीरी। जिला कारागार में निरुद्ध बंदी की मौत हो गई। मितौली थाना क्षेत्र के ग्राम ढकिया जाट निवासी सोनू पुत्र मंगू लाल को मितौली पुलिस ने बीते 28 अगस्त को चोरी के मामले में जेल भेज दिया था। गांव के ही विनय पुत्र श्रीपाल ने अपने घर मे 11 अगस्त 2025 को हुई चोरी के आरोप में चार लोगों को नामित मुकदमा दर्ज करा दिया। जिला कारागार में बंदी की हुई मौत के बाद परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामा काट रहे परिजनों का आरोप है कि सोनू को पुरानी जमीनी रंजिस के चलते जबरन चोरी के आरोप में फंसाया गया था, पुलिस की पिटाई से ही सोनू की दो हफ्तों के अंदर ही जेल में मौत हुई है, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही हो।

## सट्टा - प्रदर्शन मेला 16 से

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। गन्ना विभाग द्वारा सहकारी गन्ना विकास समिति पर 16 से 25 सितम्बर तक सट्टा प्रदर्शन मेंला का आयोजन किया जायेगा। जिसमें किसान सट्टा देखकर त्रुटियां का निराकरण करा सकेगें। यह जानकारी सहकारी गन्ना समिति के सचिव बलवंत चैधरी ने दी है। उन्होंने बबताया कि जिन किसानों ने अभी तक आनलाइन घोषणा पत्र नहीं भरा है, वह अपना घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से भर दें और जिन किसानों को नया सदस्य बनना है, वह भी सदस्यता के लिए आवेदन कर दें। समिति स्तरीय सर्वे/सट्टा प्रदर्शन मेला 16 से 25 सितम्बर तक चलेगा। जिसमें पहुंचकर सट्टे से सम्बधित जानकारी प्राप्त कर लें और कोई संसोधन हो तो उसको सही करा लें। उन्होंने सर्वे/सट्टा प्रदर्शन मेला में किसानो से समय पर पहुंचने की अपील की है।

## नकदी व जेवरात लेकर युवती प्रेमी के साथ फरार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) शहर निवासी एक युवती घर से नकदी व जेबरात लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। युवती के पिता ने युवक पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। एक मोहल्ला निवासी युवती के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बुधवार की शाम उसकी 18 वर्षीय पुत्री घर से 50 हजार रुपए की नकदी व जेबरात लेकर मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी अमन शाह उर्फ छोटे पुत्र अन्नू शाह के साथ चली गई है।

## आधा दर्जन लोगों पर कॉपी राइट के तहत केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) एक कारखाना संचालक ने आधा दर्जन लोगों पर उसके माल की नकल करने का आरोप लगाते हुये कॉपी राइट के तहत न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। अलीगंज रोड निवासी विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज के मालिक राकेश विश्वकर्मा ने न्यायालय के आदेश पर दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसका कारखाना 15 वर्षो से चल रहा है। जिसमें लकडी की विभिन्न डिजायन की फूल मालाये तैयार की जाती है और उन्हें पूरे देश में बिक्री जाती है। जिसकी वह सरकार को लगातार जीएसटी भी दे रहा है। सिनेमा रोड नीची भूड निवासी अमित गुप्ता उसके पिता रामशंकर, कुलदीप पुत्र छोटे लाल, चन्दन गुप्ता, शालू खान व अज्ञात लोग उसकी मिलती जुलती डिजाइनें की लकडी की फूल मालाओं को तैयार कर उसका लाखों रुपए का नुकसान कर रहे हैं। राकेश विश्वकर्मा ने उक्त लोगों पर कॉपी राइट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

## दो दिवसीय विज्ञान मेला कल से

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दो दिवसीय संकुल स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन 12 से 13 सितंबर तक किया जा रहा है। जिसमें लखीमपुर संकुल में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध 13 विद्यालयों के लगभग 320 विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता करेंगे। इन प्रतियोगिताओं में विज्ञान प्रश्न मंच, विज्ञान प्रयोग तथा प्रदर्श पर आधारित प्रतियोगिताएं चार वर्ग (शिशु, बाल, किशोर, तरुण) में संपन्न होगी। कार्यक्रम का उद्घाटन 12 सितंबर को अपराह्न 3 बजे तथा समापन 13 सितंबर को अपराह्न 3बजे होगा। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने दी है।

# शारदा बैराज पहुंचे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

## बैराज की क्षमता, गेट संचालन और स्काडा सिस्टम की जानीं बारीकियां



लखीमपुर खीरी। अपने तय कार्यक्रम के तहत जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गुरुवार को प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग के साथ शारदा बैराज पहुँचे। बैराज परिसर में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने उनका स्वागत किया। मंत्री ने विभागीय और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैराज का स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जल शक्ति मंत्री ने शारदा बैराज, शारदा पोषक नहर, हेड रेगुलेटर तथा जल यांत्रिक संयंत्रों एवं स्वचालन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैराज के गेट संख्या 18 एवं 19 को स्टार्ट बटन दबाकर संचालन प्रक्रिया का अवलोकन किया, जो पूर्णतः सुचारु पाई गई। इस दौरान बैराज के समस्त गेटो का संचालन सुगम पाया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता (यांत्रिकी) सुजीत कुमार सिंह ने अवगत कराया कि शारदा बैराज में कुल 20 गेट हैं, जिनकी क्षमता लगभग 4,02,000 क्यूसेक है। वर्ष 2008 में बैराज से अधिकतम 3,94,752 क्यूसेक प्रवाह दर्ज किया गया था। सभी गेट स्काडा प्रणाली से पूर्णतः स्वचालित हैं, साथ ही आवश्यकता पड़ने पर मैनुअल संचालन की सुविधा भी उपलब्ध है। बैराज की दाहिनी ओर स्थित शारदा सहायक पोषक नहर की क्षमता 27,000 क्यूसेक है, जिससे प्रदेश के 18 जनपद लाभान्वित होते हैं।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने जनप्रतिनिधियों से बाढ़ एवं कटान निरोधी परियोजनाओं की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों की परियोजनाओं की सतत मॉनिटरिंग हो, ताकि किसानों और आमजन को समय पर राहत मिल सके। मंत्री ने नदी के जलस्तर बारे में भी जानकारी ली।

इस पर अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में शारदा और घाघरा नदियाँ खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं। शारदा नदी में कराया गया चैनलाइजेशन कार्य प्रभावी साबित हो रहा। इस दौरान प्रमुख सचिव (सिंचाई) अनिल गर्ग, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, अमन गिरी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, सिंचाई विभाग के एचओडी संदीप कुमार, मुख्य अभियंता प्रभाकर प्रसाद, उपेंद्र सिंह, अधीक्षण अभियंता नीलेश जैन, धर्मेंद्र कुमार, लवकुश सिंह, विजय कुमार, अधिशासी अभियंता अजय कुमार, करणपाल, राम बहादुर, सुरजीत कुमार सिंह सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## विकसित भारत यंग लीडर संवाद क्विज

### युवाओं को नेतृत्व के लिए प्रेरित करने की पहल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल)युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी संकल्प शुक्ला ने बताया कि विकसित भारत यंग लीडर संवाद 2026 के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य देश के युवाओं को भारत की विकास यात्रा में सहभागी बनाना और उन्हें नेतृत्व के लिए प्रेरित करना है। यह न केवल युवाओं में ज्ञान, जागरूकता और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देगी, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का अवसर भी प्रदान करेगी। विकसित भारत 2047 के विजन को ध्यान में रखते हुए आयोजित यह क्विज प्रतियोगिता ऑनलाइन माध्यम से हो रही है। इसमें भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं है, लेकिन प्रतिभागियों का मेरा युवा भारत पोर्टल पर पंजीकरण होना आवश्यक है। इसमें भाग लेने की अंतिम तिथि 15 अक्तूबर निर्धारित की गई है। यह प्रतियोगिता सभी पंजीकृत उपयोगकताओं के लिए खुली है, परंतु अगले चरण में केवल 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं (1 सितंबर 2025 तक) को ही चयनित किया जाएगा। विजेताओं का चयन कंप्यूटर आधारित लॉटरी प्रणाली से शीर्ष अंक पाने वालों में से किया जाएगा। शीर्ष 10,000 विजेताओं को मेरा युवा भारत की ओर से उपहार दिए जाएंगे। अंतिम चरण में विजेताओं को प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार रखने का अवसर भी मिल सकता है। जिला युवा अधिकारी संकल्प शुक्ला ने लखीमपुर खीरी के युवाओं से इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## अधिवक्ता पर जानलेवा हमले में आठ के खिलाफ केस दर्ज



मोहम्मदी खीरी। कस्बा में रोडवेज के पास रात में एक होटल पर खाना खाकर बाहर निकले अधिवक्ता पर घात लगाए बैठे लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सभी नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। अधिवक्ता साथी की पिटाई से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए अधिवक्ताओं ने तहसील के सभी कार्यालय को बंद कराकर पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाते हुए धरने पर बैठे हैं। गांव बगरेठी निवासी अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया बुधवार की रात 10 बजे करीब रोडवेज के पास गुप्ता होटल पर खाना खाकर बाहर निकल रहे थे तभी पहले से ही मौजूद शिवम, अरुण , विशाल, सोनू , गोपाल, अचल उर्फ पप्पू, उमेश और आकाश निवासी शंकरपुर छावनी से बातचीत होते ही सभी लोग हाथों में लोहे की राड और डंडों से लैस थे जो हमलावर हो गए बचाने दौड़े भोगियापुर निवासी यशराज की भी पिटाई कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस के हाथ पैर फूल गए आनंन-फानन में पीड़ित की शिकायत पर सभी नामित आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले में केस दर्ज कर लिया था। पुलिस घटना के पीछे रंजिश की तलाश करने में जुटी है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते धरने पर बैठे अधिवक्ता गुरुवार को घटना को लेकर निंदा प्रस्ताव पास किया गया जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी तक तहसील एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने जबरन कार्यालयों को बंद कराकर तहसील के मुख्य द्वार को बंद कर धरने पर बैठ गए हैं। सीओ अरुण कुमार सिंह के अनुसार अधिवक्ता की पिटाई के मामले में नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## सीजीएन पीजी कॉलेज में दिग्विजय दिवस पर संगोष्ठी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) सीजीएन पीजी कॉलेज में दिग्विजय दिवस के अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शिकागो धर्म सम्मेलन भारतीय संस्कृति और विश्व बन्धुत्व विषय पर संगोष्ठी की गई। महाविद्यालय के पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में हुए कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन से की गई। संगोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व, विचारों और उनके शिकागो धर्म सम्मेलन के ऐतिहासिक भाषण की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। हिदी विभाग प्रभारी डॉ. प्रशान्त सिंह ने विवेकानन्द को योद्धा संन्यासी बताते हुए कहा कि उनका शिकागो भाषण भारतीय संस्कृति की अमर गूँज है। राकेश कुमार अग्रहरि ने भारतीय संस्कृति की विशिष्टताओं पर चर्चा की। डॉ. गौरव अवस्थी ने यूरोपीय चिंतकों द्वारा भारतीय सनातन धर्म पर की गई टिप्पणियों का खंडन यूरोप के मूल और बाहरी निवासियों के अंतर्द्वंद्व के संदर्भ में किया। डॉ. विष्णु कुमार शुक्ल ने विवेकानन्द के धार्मिक सहिष्णुता के संदेश पर विचार रखे। डॉ. नवनीत कुमार ने युवाओं को चेतना जागृत करने और उसके लिए योग्य गुरु की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. शेषमणि विश्वकर्मा ने विवेकानन्द के जीवन से जुड़ी कहानियों के माध्यम से उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अनिल यादव ने छात्रों को निर्भीक, आत्मविश्वासी और लक्ष्य केंद्रित बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की छात्रा पूर्वा श्रीवास्तव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## 250 मरीजों को मिला निःशुल्क उपचार और दवाइयां




शाहजहांपुर। सेवा भारती शाहजीपुर महानगर द्वारा 11 सितम्बर को अब्दुल्लागंज स्थित बाबा मैरिज लॉन (निकट ब्रह्माकुमारी आश्रम), बाला तिराही सेवा बस्ती में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 9 से 12 बजे तक चले इस शिविर में लगभग 250 मरीजों ने परामर्श लिया और निःशुल्क दवाइयों का लाभ उठाया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन से हुई। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों को विशेष रूप से लाभ पहुंचा। डॉ. रवि मोहन एवं डॉ. संगीता मोहन ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और परामर्श दिया। श्रेष्ठ पैथोलॉजी से संजीव यादव की टीम ने रक्तचाप, मधुमेह और अन्य बुनियादी जांचें कीं। डॉ. संगीता मोहन ने बताया कि सेवा भारती द्वारा लगाए गए इस शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं और ब्लड चेकअप भी किया गया। उन्होंने कहा कि बरसात और बाढ़ के बाद वेक्टर जनित रोगों और वायरल फीवर का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए स्वच्छता और हाइजीन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। डॉ. रवि मोहन ने कहा—ह्महमारा प्रयास केवल इलाज करना नहीं है, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है। आज जो मरीज आए, उन्हें हमने जीवनशैली सुधारने और मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय बताए। यदि लोग समय पर जांच कराते रहें और हाइजीन पर ध्यान दें तो बड़ी बीमारियों से बचा जा सकता है। सेवा भारती की विभाग अध्यक्ष सीमा बाजपेई ने कहा कि जनपद में आई बाढ़ से बीमारियों का खतरा बढ़ा था और पिछड़े बस्तियों के लोग अक्सर अपनी बीमारी छुपा लेते हैं। इस कारण हालत गंभीर हो जाती है। ऐसे में यह शिविर गरीब तबके के लिए बहुत सहायक रहा। सेवा भारती शाहजीपुर महानगर की मुख्य संरक्षक सोनिया राठौर ने कहा कि संस्था का उद्देश्य है समाज के उस वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना, जो अस्पतालों तक नहीं पहुँच पाता। उन्होंने कहा—सेवा ही हमारा धर्म है, और आगे भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन लगातार किया जाएगा।

इस अवसर पर श्रीमान चंदन जी (सह प्रांत सेवा प्रमुख), सीमा बाजपेई (विभाग अध्यक्ष), राजेंद्र सिंह (महानगर अध्यक्ष), उदयवीर सिंह (महानगर कोषाध्यक्ष), सोनल शर्मा, रेखा मिश्रा, संत किशोर, प्रताप शंकर वर्मा, अभिनव तिवारी, विनीत तिवारी, राम कुमार, विनीत दीदी, चरिता, वन्दना मिश्रा, पूनम वर्मा, मंजू शुक्ला सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बढ़े टैक्स को लेकर नगर वासियों ने जताया कड़ा विरोध



सिंगाही खीरी। नगर पंचायत की नई गृहकर और जलकर नीति को लेकर विरोध लगातार जारी है। चेयरमैन एवं ईओ से हुई बातचीत के बावजूद नगर वासियों को छूट नहीं दी जा रही है। कस्बा वासियों ने आपत्तियों के अंतिम दिन भारी संख्या में आपत्तियां दर्ज कराईं और मांगपत्र सौंपा। गृहकर और जलकर में वृद्धि के विरोध में नगर में लगातार आंदोलन हो रहा है। 8 सितंबर को नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम तथा एसडीएम/ईओ राजीव निगम के साथ मैरिज हाल में नगरवासियों की बैठक हुई थी। हालांकि, वार्ता में कोई ठोस समाधान न निकलने पर व्यापार मंडल के नेतृत्व में पुनः विरोध शुरू कर दिया गया। बुधवार देर शाम गुड़मंडी बाजार में व्यापार मंडल की बैठक आयोजित हुई, जिसके बाद गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में कस्बेवासी टैक्स कम कराने की मांग को लेकर आपत्तियां दर्ज कराने पहुंचे। इस दौरान व्यापार मंडल की ओर से एक ज्ञापन वरिष्ठ लिपिक अखिलेश अवस्थी को सौंपा गया, जिसमें तीन दिन के भीतर बढ़ा हुआ टैक्स वापस लेने की मांग की गई। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, महामंत्री दारा सिंह, अमर गुप्ता, किशन तिवारी, पूर्व सभासद वाजिद हुसैन, जोगेंद्र शाक्य समेत बड़ी संख्या में आपत्ति दर्ज कराने वाले लोग मौजूद रहे।

## स्वामी शुकदेवानन्द कॉलेज में अंग्रेजी विभाग का रिजल्ट घोषित





शाहजहांपुर। स्वामी शुकदेवानन्द कॉलेज शाहजहाँपुर के अंग्रेजी विभाग (चतुर्थ सेमेस्टर) का परिणाम एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। अंशिका सक्सेना ने 7.76 सीजीपीए के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपशिखा और निशा गुप्ता क्रमशः 7.61 व 7.42 सीजीपीए के साथ दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं। कुल 58 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य, उपप्राचार्य और शिक्षकगण ने छात्रों को बधाई एवं आशीर्वाद दिया।

## एनसीसी का दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

शाहजहांपुर, / बटालियन एनसीसी का दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कैंट में शुरू हो गया। इस शिविर में सीमावर्ती क्षेत्रों के 16 स्कूलों और कॉलेजों से कुल 668 कैडेट भाग ले रहे हैं। कमान अधिकारी कर्नल संग्राम सिंह चीमा ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कैडेटों के व्यक्तित्व विकास व नेतृत्व क्षमता को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रशासनिक अधिकारी कर्नल आनंद शर्मा ने बताया कि दस दिनों के दौरान कैडेटों को शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, फायरिंग, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और बाधा प्रशिक्षण में दक्ष बनाया जाएगा।

## शिक्षक और खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के निर्धारण को लेकर डीएम ने की बैठक



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिए निर्वाचन हेतु जनपद में लखनऊ खंड के शिक्षक एवं खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य से पहले मतदेय स्थलों के निर्धारण के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने की। बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सभी की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील करते हुए भरोसा दिलाया कि अंतिम सूची तैयार करते समय सभी सुझावों को गंभीरता से लिया जाएगा और हितधारकों की राय को महत्व दिया जाएगा। एडीएम/डिप्टी डीईओ नरेंद्र बहादुर सिंह ने बैठक की आवश्यकता और प्रासंगिकता पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों व शिक्षक संगठनों ने भी अपने-अपने सुझाव दिए। बैठक में राजनीतिक दलों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि एवं सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारी/तहसीलदार भी शामिल हुए।

## अज्ञात डीसीएम की टक्कर से चार घायल ,बच्ची की मौत

पसगवां खीरी। शौच से वापस आ रहे एक ही परिवार के पांच लोगों को अज्ञात डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे चार महिलाएं घायल व एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई है। कोतवाली पसगवां क्षेत्र के ग्राम बरखेरियाजाट की रहने बाली साहिन पत्नी अशफाक अपनी बहू , बेटियों व पोती को साथ लेकर बृहस्पतिवार की सुबह शौच के लिए गई थी जहां से वापस लौटते समय बाईपास के निकट ग्राम बरखेरियाजाट मोड के पास तेज गति से आ रही अज्ञात डीसीएम ने जोरदार टक्टर मार दी जिससे साहिन पत्नी अशफाक(45),बहु तबस्सुम पत्नी नौशाद(25),बड़ी बेटी चांदनी पुत्री अशफाक(25),छोटी बेटी आलमी पुत्री अशफाक (12) घायल हो गई व पोती अवीवा पुत्री नौशाद (1) वर्ष की मौके पर मौत हो गई सूचना मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने डायल 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी पसगवां भेजा जहां डॉक्टरों ने चांदनी और आलमी की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल शाहजहांपुर रिफर कर दिया व तबस्सुम का इलाज सीएचसी पसगवां में चल रहा है बही साहिन को सिर्फ हल्की - फुल्की चोटे आई है जिसका डाक्टरों ने ट्रीटमेंट कर दिया है पुलिस ने मृतक अवीवा का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल में कार्यशाला का आयोजन




गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में सीबीएसई प्रयागराज क्षेत्र की सीखने के परिणाम और शिक्षा शास्त्रह्न विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें शिक्षण की आधुनिकतम तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय निदेशक मोहित पुरी व प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया। प्रशिक्षण प्रशिक्षिका प्रार्थना बाजपेई और प्रशिक्षक डा० हरेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा करवाया गया। इस प्रशिक्षण में दून पब्लिक स्कूल मोहम्मदी, यूडीसीए मोहम्मदी, अजमानी पब्लिक स्कूल लखीमपुर, जीडी गोयनका स्कूल, आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल सम्पूर्णानगर, स्मृति देवी पब्लिक स्कूल भीरा, ग्लोबल स्कालर्स अकादमी भीरा, श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी आदि स्कूलों के लगभग 70 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में शिक्षण की आधुनिकतम तकनीक के विषय में शिक्षकों को अवगत करवाया गया। प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने समय समय पर इस प्रकार की कार्यशाला की जरूरत और महत्व पर प्रकाश डाला। संचालक साक्षी पुरवार ने प्रशिक्षक/प्रशिक्षिका ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कम्प्यूटर तकनीकी सहायक शिक्षक सुनील बाजपेई, न भीरा प्रधानाचार्य विजय सिंह और ग्लोबल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह भी उपस्थित रहे।

## डीएम ने साउथ सिटी और आवास विकास कॉलोनी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया निरीक्षण



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बरेली मोड़ स्थित साउथ सिटी एवं आवास विकास कॉलोनी का निरीक्षण कर बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने साउथ सिटी के ब्लॉक डब्ल्यू व जेड में पानी के प्रवेश मार्ग को बंद कराने के साथ-साथ जलालाबाद मार्ग के चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिया। साथ ही, भविष्य में बाढ़ से बचाव के लिए स्थायी उपाय सुझाने का निर्देश भी दिया गया। नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य अधिकारी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया



शाहजहाँपुर, /जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बाढ़ के बाद फैल रहे संक्रामक रोगों से निपटने के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहाँपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों के रजिस्ट्रेशन में हो रही भीड़ को समस्या बताते हुए इसे डिसेंट्रलाइज करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को एक स्थान तक सीमित न रखते हुए कई जगहों पर कराया जाए ताकि मरीजों को लंबी कतारों में खड़ा न होना पड़े। इसके साथ ही दवाइयों का वितरण भी अलग-अलग स्थानों पर प्रभावी रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि मरीजों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा जिससे रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीमों की सतत निगरानी जारी रखी जाए जिससे कि लोगों को संक्रामक रोगों से बचाया जा सके।

संक्षेप

## थार में लगा दी आग हुई खाक

**आजमगढ़।** जिले के जीयनपुर कोतवाली के सगड़ी गांव में सलीम अहमद के दरवाजे पर खड़ी थार गाड़ी को बुधवार की रात में लगभग दो बजे शरारती तत्वों ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। जिससे थार जलकर राख हो गई। बगल में खड़ी फॉर्च्यूनर भी आग की चपेट में आ गई। हालांकि ग्रामीणों ने मौके से हटा दिया। जिससे फॉर्च्यूनर चलते-चलते बच गई। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी कैमरे में कैद घटना में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह से आरोपियों ने घटना को अंजाम देने के बाद फरार हुए। वही इस मामले में जीयनपुर कोतवाली में तहरीर देकर सलीम अहमद निवासी सगड़ी ने बताया कि 2022 में मोहम्मद शारिब के नाम से थार गाड़ी खरीदी गई थी। प्रतिदिन की भांति दरवाजे के सामने थार और उसके बगल में फॉर्च्यूनर गाड़ी खड़ी थी। रात में लगभग 2:00 बजे के करीब दो शरारती युवकों ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। जब तक हम लोग आग बुझाने का प्रयास करते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे गाड़ी जलकर राख हो गई। बगल में खड़ी फॉर्च्यूनर को किसी तरह से वहां से हटाकर बचाया गया। जबकि फॉर्च्यूनर को भी आंशिक रूप से नुकसान हुआ है। महेश मामले में पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कर दिया है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर युवकों की पहचान में जुट गई है।

## डीसीएम की टक्कर से किशोर की मौत

**जौनपुर।** मड़ियाहू कोतवाली क्षेत्र के खैरूद्दीनगंज मोहल्ले में शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां साइकिल से बाजार जा रहे किशोर को डीसीएम ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई ।जानकारी के अनुसार, खैरूद्दीनगंज निवासी 13 वर्षीय धीरज गुप्ता का पुत्र रुद्र गुप्ता साइकिल से बाजार जा रहा था। तभी घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर विपरीत दिशा से आ रही डीसीएम ने उसे रौंद दिया। हादसे में रुद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए रुद्र को वाराणसी भेजा गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। किशोर की मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सुबह से ही मोहल्ले और नगर के लोग गुप्ता परिवार के घर पहुंचकर सांत्वना देने में लगे रहे और शव का इंतजार करते रहे।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**जौनपुर।** मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के बुजुर्गा गांव में एक युवक का शव नीम के पेड़ से लटकता हुआ मिला। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। गांव निवासी 45 वर्षीय ओमप्रकाश गौतम घर से निकला था। गांव का एक किशोर खेत में पानी भरने गया तो उसने नीम के पेड़ पर ओमप्रकाश को लटकते देखा। वह घबराकर घर की ओर भागा और परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और ओमप्रकाश को जिंदा समझकर पेड़ से उतारा, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। महिलाएं और बच्चे बिलखने लगे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के दो बेटे और दो बेटियां हैं।

# कांग्रेसियों को वाराणसी जाने से पुलिस ने रोका

## महिलाओं को भी पुलिस ने किया नजरबंद




**सोनभद्र।** राहुल गांधी के रायबरेली दौरे पर भाजपा नेताओं और कार्यकताओं द्वारा किए गए विरोध के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी आगमन पर घेराव कार्यक्रम की घोषणा की थी। इसके तहत सोनभद्र के कांग्रेसजन बुधवार को ही वाराणसी जाने की रणनीति बना रहे थे। लेकिन इसकी भनक लगते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया और वृहस्पतिवार सुबह कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं को जगह-जगह उनके घरों पर हाउस अरेस्ट कर लिया गया।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोंड़, वरिष्ठ नेता जगदीश मिश्रा, प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्र के साथ ही महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऊषा चैबे और उपाध्यक्ष शांति विश्वकर्मा भी वाराणसी जाने की तैयारी में थीं। इसी बीच सीओ रणधीर मिश्रा, कोतवाल गोपाल गुप्ता व कई थानों की पुलिस टीम पहुंची और कांग्रेस कार्यकताओं को रोकने लगी। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस नेताओं के बीच तीखी बहस भी हुई। जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोंड़ ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराई हुई है। कांग्रेस कार्यकताओं को वाराणसी जाने से रोकना लोकतंत्र की हत्या है। वरिष्ठ नेता जगदीश मिश्रा ने कहा कि मोदी और योगी सरकार के इशारे पर कांग्रेस नेताओं को नजरबंद करना भाजपा की बौखलाहट को दर्शाता है।

प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्र ने कहा कि राहुल गांधी वोट अधिकार और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। किसानों, महिलाओं, युवाओं, व्यापारियों और पिछड़ों की आवाज उठाने के कारण भाजपा सरकार हताश हो चुकी है। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऊषा चैबे ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं से भी डर रही है। न किसानों को खाद मिल रहा है, न ही महिलाएं सुरक्षित हैं। दमनकारी नीतियों से कांग्रेसजन डरने वाले नहीं हैं, संघर्ष जारी रहेगा। हाउस अरेस्ट किए गए नेताओं में राजेश द्विवेदी, बृजेश त्रिपाठी, इनामुल हक अंसारी, आशुतोष दुबे, धीरज पांडेय, बंशीधर पांडे, प्रमोद पांडे, प्रदीप चैबे आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पुणे सेएलसीडी टीवी लादकर ले जा रहे थे गुवाहाटी बीच रास्ते में हो गया खेल

● पुलिस ने किया खुलासा तो वादी ही निकला अपराधी

**मीरजापुर।** उप्र की मिजार्पुर पुलिस ने एक ऐसे मामले का खुलासा किया है जिसमें वादी ही अपराधी निकला है। दरअसल, जिले के लालगंज कोतवाली में 9 सितंबर 2025 को वादी अंकित गौतम पुत्र भागीरथी निवासी नदौली करौदी थाना लालगंज द्वारा अज्ञात लोगों के विरुद्ध लालगंज क्षेत्रांतर्गत जाह्नवी पेट्रोल पम्प के पास खड़ी कन्टेनर से 40 LCD TV चोरी हो जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की कार्यवाही शुरू कर दी थी। दूसरी ओर इस घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा घटना के अनावरण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थानाध्यक्ष लालगंज को निर्देश दिये थे कि इसी बीच गुरूवार, 11 नवंबर 2025 को थाना लालगंज की पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्रांतर्गत चेरूईराम मोड़ के पास से बाइक सवार 2 व्यक्तियों व पिकअप सवार 3 व्यक्तियों क्रमशः अंकित गौतम पुत्र भागीरथी, रोहित कुमार पुत्र श्यामनारायण, सोमदत्त उर्फ छोटू पुत्र बुद्धिराम निवासीगण नदौली करौदी, लोरिक उर्फ रामसकल पुत्र स्वर्गीय चतुरी निवासी निवावल व रमाशंकर पुत्र हीरामणी निवासी ग्राम भटवारी थाना लालगंज को गिरफ्तार किया गया। मौके से पिकअप वाहन संख्या यूपी 63 एटी 9947 में लदी हुई चोरी की 40 छउऊळश तथा घटना में प्रयुक्त बाइट वाहन संख्या यूपी 63 बीएफ 6296 बरामद किया गया। जिन्हें आवश्यक कार्यवाही के पश्चात जेल भेज वाहन को सीज किया गया है।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अंकित गौतम (वादी) द्वारा पूछताछ मे बताया गया कि उक्त कन्टेनर में पुणे से LCD TV लादकर गुवहाटी ले जा रहा था, कि रास्ते में मीरजापुर के लालगंज में अपने गांव में ले जाकर वाहन को खड़ा कर दिया था। पैसों की तंगी के कारण अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कुल 40 अदद टीवी कन्टेनर से चोरी कर लिया था तथा उसे बेचकर अच्छा पैसा कमाने की फिराक में था। चोरी किये गये टीवी को बेचने का काफी प्रयास किया गया परन्तु कही नहीं बिकने के कारण वह लोग मैजिक पिकअप में लादक कर सभी टीवी को मध्य प्रदेश ले जा रहे थे, कि तभी उन लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया।

# राकेशकान्त पाण्डेय अध्यक्ष अरविन्द पटेल महासचिव



**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित पत्रकार भवन में सम्पादक मण्डल उत्तर प्रदेश के जौनपुर इकाई का चुनाव गुरूवार को सकुशल सम्पन्न हो गया। इस दौरान राकेशकान्त पाण्डेय जिलाध्यक्ष एवं अरविन्द पटेल जिला महासचिव निर्वाचित किये गये। माल्यार्पण करके दोनों पदाधिकारियों का स्वागत किया। साथ ही नव ?निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि वह अपने पद का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, ईमानदारी व निष्ठापूर्वक करेंगे। पर संरक्षक जय प्रकाश मिश्रा, शम्भूनाथ सिंह, निवर्तमान अध्यक्ष रामजी जायसवाल, महासचिव छोटे लाल सिंह, कोषाध्यक्ष विरेन्द्र गुप्ता, डा. बृजेश यदुवंशी, डा. प्रमोद वाचस्पति, डा. नौशाद अली, विरेन्द्र सिंह, मंगला प्रसाद तिवारी, स्वदेश कुमार, अनिल गौतम, महेन्द्र प्रजापति, सूरज साहू, अमित शुक्ला, रामचन्द्र नागर, लालजीत डेमोस, रविन्द्र श्रीवास्तव, मो. रऊफ सहित तमाम सम्पादक मौजूद रहे।जय प्रकाश मिश्र प्रदेश अध्यक्ष एवं विरेन्द्र गुप्ता प्रदेश महासचिव चुने गये सम्पादक मण्डल उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में जनपद इकाई की हुई चुनावी बैठक में सर्वसम्मत से संस्थापक सदस्य जय प्रकाश मिश्र को प्रदेश अध्यक्ष चुन लिया गया। साथ ही विरेन्द्र गुप्ता को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी। प्रदेश अध्यक्ष श्री मिश्र एवं प्रदेश महासचिव श्री गुप्ता ने कहा कि हाईकमान ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन किया जायेगा। शीघ्र ही पूरे प्रदेश के सभी जिलों में जनपद इकाई का गठन किया जायेगा, ताकि आने वाले दिनों में एक बड़ा सम्मेलन करके अपनी शक्ति का एहसास कराया जा सके।

## पूनम पाण्डेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**आजमगढ़।** जनपद आजमगढ़ के जनशिकायत प्रकोष्ठ में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें आवेदिका पूनम पाण्डेय पर फर्जी फोटो के जरिए अनुचित लाभ लेने के लिए शिकायत दर्ज करने का आरोप लगा है। जनशिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी आदित्य सिंह, सब-इंस्पेक्टर, ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि पूनम पाण्डेय, पत्नी राम जी पाण्डेय, निवासी ग्राम भागमलपुर, पोस्ट शाहगढ़, ने 27 अगस्त 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की जनसुनवाई में एक प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। इस प्रार्थना पत्र में पूनम ने अपने ही गांव के कैलाश प्रजापति, धर्मेंद्र, और सुधीर पाण्डेय पर घर में जबरदस्ती घुसकर छेड़खानी और अन्य गंभीर आरोप लगाए थे। शिकायत के साथ उन्होंने अपने शरीर पर चोट के निशान दिखाने वाली एक फोटोग्राफ भी संलग्न की थी। हालांकि, जांच के दौरान जनशिकायत प्रकोष्ठ ने पाया कि पूनम द्वारा संलग्न फोटो, रानी देवी (पत्नी उपेंद्रनाथ चौहान) द्वारा 11 अगस्त 2025 को दाखिल एक अन्य प्रार्थना पत्र में दी गई फोटो से मिलती-जुलती है। जिससे प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि पूनम ने किसी अन्य की फोटो को अनुचित तरीके से प्राप्त कर उसमें छेड़छाड़ की और अपने प्रार्थना पत्र में गलत उद्देश्य से उपयोग किया। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक ने 10 सितंबर 2025 को अभियोग पंजीकृत करने का आदेश दिया है। पूनम पांडेय के खिलाफ धारा 217, 318 (4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रकरण की जांच हेतु हेड कांस्टेबल आलोक चौधरी, थाना सिधारी, को नियुक्त किया गया है।

## बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश

● चार गिरफ्तार, पांच चोरी की बाइक बरामद, 2 तमंचा, कारतूस, मोबाइल, नकदी बरामद

**आजमगढ़।** थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा अन्तर्जनपदीय 04 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पाँच चोरी की मोटर साईकिल व दो तमंचा .315 बोर व दो जिन्दा कारतूस .315 बोर व व 04 मोबाइल बरामद किया गया। सूचना मिली थी कि पाँच व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल के साथ जगदीशपुर गिट्टी प्लान्ट से थोड़ आगे तरफ दाहिने पटरी पर बने कटरा के पूरब तरफ झाडियों/झुरमुट की आड़ में इकट्ठा हैं। दबिश देकर घेरकर अभियुक्तगण आशुतोष तिवारी उर्फ आजाद तिवारी पुत्र विजय तिवारी निवासी ग्राम कोहडउरा थाना गम्भीरपुर उम्र करीब 24 वर्ष, प्रिंस तिवारी पुत्र स्व बृजेश तिवारी निवासी कोहडउरा थाना गम्भीरपुर उम्र करीब 20 वर्ष, अफसर अहमद पुत्र स्व अजीमुल्लाह निवासी ग्राम जगदीशपुर उम्र करीब 37 वर्ष, मो0 कामरान पुत्र मो0 फारुख निवासी मोहम्मदपुर चैक थाना गम्भीरपुर उम्र करीब 23 वर्ष को हिरासत पुलिस में लिया गया तथा कब्जे से पाँच चोरी की मोटर साईकिल व दो तमंचा .315 बोर व दो जिन्दा कारतूस .315 बोर व 04 मोबाइल बरामद किया गया। सभी ने बताया कि हम पाँच लोगो का एक गिरोह है। सामुहिक रुप से किसी स्थान पर घटना को करने से पहले उसकी रैकी करते है। उसके पश्चात ही एक दूसरे के सहयोग से घटना को अंजाम देते है। हम लोग अलग अलग स्थानो से मोटर साईकिल को चोरी करके उनके नम्बर प्लेट एवं चेचिस नम्बरो को मिटाकर, गाडियो पर पेन्ट आदि करके उनकी पहचान आदि को छिपाकर बेच देते है तथा उससे जो आमदनी होती है उसे आपस मे बराबर भागो मे बाटकर उसी पैसे से अपना तथा अपने परिवार का भरण पोषण करते है तथा भौतिक एवं दुनियाबी लाभ प्राप्त करते है तथा हम लोगो के साथ आदर्श तिवारी पुत्र स्व त्रिभुवन तिवारी निवासी ग्राम रामेश्वर पेट्रोल पम्प के पास हरहुआ जनपद वाराणसी भी आपराधिक घटनाओं मे शामिल रहता है। आज हम सभी लोग इन चोरी की मोटर साइकिलो को बेचने के लिये आये थे कि आप लोगो ने पकड़ लिया है।

## विकसित उप्र 2047 के तहत गोष्ठी आयोजित

● समाज को आगे बढा़ने में शिक्षा का महत्पूर्ण योगदान : डीएम

**मीरजापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अवधारणा विकसित भारत 2047 को साकार करने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश 2027 तक विकसित राज्य बनाने के संकल्प को साकार करने के दृष्टिगत विकास भवन सभागार में जन जागरूकता एवं मिशन में नागरिकों की सुझाव व भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रबुद्वजनों, किसानों व युवा पीढी, छात्रों का सुझाव प्राप्त करने हेतु शासन से नामित त्रियंम्बक प्रसाद पाठक सेवानिवृत आइएएस, कृष्ण त्रिपाठी सेवानिवृत संयुक्त विकास आयुक्त, डाक्टर संजीत कुमार प्राध्यापक आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविघालय कुमारगंज अयोध्या के अलावा जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए धर्मजीत सिंह के द्वारा समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश को गति प्रदान करने हेतु विजन डाक्यूमेंट 3 थीम, अर्थशक्ति, सृजनशक्ति एवं कृषि एवं पशुपालन औद्योगिग विकास, पर्यटन विकास, शिक्षा, तकनीकी शिक्षा पर शिक्षक, किसानों, कृषि वैज्ञानिकों के साथ संवाद स्थापित कर सुझाव दिया गया।

गोष्ठी में टीपी पाठक ने कहा कि 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने हेतु शिक्षकों, छात्रों व प्रबुद्वनागरिकों के द्वारा दिए गया सुझाव महतपवूर्ण है। प्रदेश का प्रत्येक नागरिक समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश की तरफ बदलाव में भागीदारी बने इसी उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में प्रबुद्वजनों की टीम समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों का सुझाव शामिल करने हेतु भेजा है। उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित सभी लोगों के द्वारा दिए गए सुझावों व जनपद को विकसित बनाने के लिए आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु शासन को भेजा जाएगा तथा यह प्रयास किया जाएगा कि सुझाव के साथ जो आवश्यकताएं बताई गई हैं प्रयास कर उसे पूरा कराया जा सके। इस अवसर पर टीम में शामिल प्रबुद्वजन कृष्ण त्रिपाठी व डाक्टर संजीत कुमार ने भी लोगों के द्वारा दिए गए सुझाओं को स्वीकार करते हुए शिक्षा में विभिन्न आश्यकताओं को जोड़ते हुए तकनीकी शिक्षा पर बल दिया।

डीएम पवन कुमार गंगवार ने संवाद और गोष्ठी कार्यक्रम में कहा कि देश को विकसित बनाने की दिशा में क्या क्या किया जा सकता है, इसपर उपस्थित लोगों के द्वारा अपने विचार रखे गये। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही अर्थ है और अर्थ से ही व्यक्ति का विकास संभव है। डीएम ने कहा कि हमारा जनपद उप्रकी जीडीपी 13.99 और यहां की 13.55 है। उप्र की जीडीपी में 1 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है। 85 प्रतिशत लोग कृषि से जुड़े हैं जबकि जनपद का ऋण जमा अनुपात 39 प्रतिशत ही है। उन्होंने कहा कि जनपद में विजन 2047 के बाद चुनौतीपूर्ण है परन्तु आसान भी है प्रत्येक क्षेत्र में प्रत्येक व्यक्ति को अपना हौसला बढ़ाने की जरूरत है जनपद में प्रतिभाओं की कमी नहीं है हौंसला रखा जाय तो कोई भी व्यक्ति अनन्त उचाईंयों को छू सकता है। उन्होंने कहा कि सभी गुरुजन अपने छात्रों को मार्गदर्शन करें ताकि उनमें उड़ान भरने की हिम्मत और हौंसला आ सके ।शिक्षा समाज को आगे बढ़ने के लिए पैर ही नहीं बल्कि विभिन्न माध्यमों से कई नवाचार विकसित करने का माध्यम है।

## मूल्यांकन सूची का निरीक्षण कर दर्ज करायें आपत्ति

**आजमगढ़।** एडीएम वि/रा गंभीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सम्पत्ति का मूल्यांकन नियमावली 2013 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार जनपद आजमगढ में उप निबन्धक कार्यालयों के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले कृषक/अकृषक/ भूखण्ड / भवनों तथा व्यवसायिक सम्पत्तियों के मूल्यांकन एवं स्टाम्प शुल्क की अदायगी हेतु सर्किल दरं लागू/प्रभावी होनी है। जनपद के सभी उप निबन्धक कार्यालयों हेतु अनन्तिम मूल्यांकन सूची तैयार कर ली गई है जो सर्वसाधारण के निरीक्षणार्थ जनपद के उप निबन्धक कार्यालयों में सम्बन्धित तहसील तथा एडीएम (वि/रा) एवं सहायक महानिरीक्षक निबन्धन आजमगढ के कार्यालयों में उपलब्ध है। उक्त प्रस्तावित मूल्यांकन सूची का निरीक्षण किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक किया जा सकता है। उन्होने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि किसी को भी प्रस्तावित मूल्यांकन सूची के सम्बन्ध में कोई भी आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत किया जाना हो तो अपनी आपत्ति/सुझाव 8 से 22 सितम्बर 2025 तक व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से सम्बन्धित उप निबन्धक, सहायक आयुक्त स्टाम्प, संम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वि/रा) के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। 23 सितम्बर 2024 से 25 सितम्बर 2025 तक उपरोक्त कार्यालयों में प्राप्त समस्त आपत्तियों/सुझावों का निस्तारण सहायक महानिरीक्षक निबन्धन व एडीएम( वि/रा) आजमगढ़ की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार जनपद आजमगढ़ में किया जायेगा।

# हरिकेश जिलाध्यक्ष तो गंगेश बने जिलामंत्री

● एसो. बोरिंग टेक्निशियन लघु सिंचाई आजमगढ़ के जिला कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न



**आजमगढ़।** एसोसिएशन बोरिंग टेक्निशियन लघु सिंचाई जनपद आजमगढ़ के जिला कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से नगर के करतालपुर स्थित एक होटल के सभागार सम्पन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रांतीय अध्यक्ष राजेश पाल व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोहराब आजमी का जोरदार स्वागत जिला इकाई द्वारा किया गया। इसके बाद अतिथिद्वय के नेतृत्व में जिला कार्य समिति का चुनाव सम्पन्न हुआ।

प्रांतीय अध्यक्ष राजेश पाल ने कहाकि पूरे प्रदेश में एसो. बोरिंग टेक्निशियन लघु सिंचाई को मजबूत किए जाने का कार्य किया जा रहा हैं, जिसके क्रम में आजमगढ़ इकाई का गठन किया गया हैं ताकि संगठन के साथियों की आवाज और उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाया जा सकें। उन्होंने कहाकि एकजुटता के साथ संगठन की मजबूती पर ध्यान दें और शासन में लंबित अपनी मांगों को पूरी कराने की बात कही। प्रांतीय अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने घोषणा की कि आजमगढ़ के जिलाध्यक्ष हरिकेश चैहान तो गंगेश कुमार यादव को जिलामंत्री निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। वहीं उपाध्यक्ष बीएन बाबू, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, संप्रेक्षक अशोक पटेल बनाये गये। साथ ही मधुयंका भारती को महिला संघ के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इसके बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सदस्यों ने माल्यार्पण कर बधाई दिया। सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष हरिकेश चैहान ने कहाकि संगठन को मजबूत करने की जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है उस पर खरा उतरने का काम करूंगा। शीध्र ही एक बैठक कर आगामी कार्ययोजनाओं को साझा किया जाऐगा। इस अवसर पर मुनीब मौर्या, भानू प्रताप, रामनयन सोनकर, प्रमोद पाल, दयाराम यादव, अविनाश चंद राय, राधेश्याम, लक्ष्मी शंकर सिंह, उमेश चंद, बंसराज यादव, हीरालाल, सतीश चैधरी व समस्त बोरिंग टेक्नीशियन एवं सहायक बोरिंग टेक्नीशियन मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं को दी गयी पॉक्सो अधिनियम की जानकारी

**सोनभद्र।** महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत सितंबर माह में 10 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत वृहस्पतिवार को कदरिया गर्ल्स कॉलेज मलदेवा दुद्धी एवं खंड संसाधन केंद्र बीआरसी म्योरपुर में शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राओं को पोक्सो अधिनियम पर कार्यक्रम कर जानकारी प्रदान की गई। पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत बाल सभा, बाल विवाह, बाल यौन शोषण की रोकथाम, बच्चों के अधिकार पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम के बारे में बताया गया। जिसमें संक्षेप में, बाल सभाएँ न केवल बच्चों को ज्ञान और कौशल प्रदान करती हैं, बल्कि समुदायों में बाल संरक्षण के प्रति एक मजबूत और सहभागी दृष्टिकोण को बढ़ावा देती हैं, जो बाल विवाह और बाल शोषण जैसी हानिकारक प्रथाओं को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है। महिला हेल्पलाइन नंबर और पॉक्सो अधिनियम पर प्रकाश डाला गया साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया।

### रॉबर्ट्सगंज में 21 से शुरू होगी रामलीला

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज नगर के रामलीला मैदान परिसर में बीति रात्रि श्रीरामलीला समिति की बैठक हुई। बैठक का संचालन प्रमोद गुप्ता ने किया। इस दौरान 2024-25 का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया, जिसमें बांके बिहारी मंदिर की सेवा, पुजारी वेतन और वर्ष भर के कार्यक्रमों का ब्यौरा शामिल था। उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने इसे सर्वसम्मति से मंजूर किया। बैठक में आगामी 21 सितंबर से शुरू होने वाली रामलीला की तैयारियों पर चर्चा हुई। विमल अग्रवाल ने समिति की सदस्य संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया।

## तनाव प्रबंधन कार्यशाला व काउंसलिंग कैम्प सुनना और समझना का आयोजन

**जौनपुर।** पूर्वांचल विवि, जौनपुर में व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग एवं वेलनेस सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में संकाय भवन के कांफ्रेंस हाल में विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के दूसरे दिन तनाव प्रबंधन कार्यशाला एवं काउंसलिंग कैम्प सुनना और समझना का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने जीवन में तनाव मुक्त रहने के टिप्स भी दिए. विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह की थीम आत्महत्या के विषय पर दृष्टिकोण और संवाद को बदलना है। मुख्य वक्ता सीमा सिंह ने कहा कि एचआईवी पीड़ितों में आत्महत्या की प्रवृत्ति आजकल बहुत अधिक देखने को मिल रही है ।इसके बचाव के लिए उनकी निरंतर काउंसलिंग की जा रही है ताकि उनकी सोच में परिवर्तन लाया सके ।पीड़ितों को काउंसलिंग के दौरान खुश रहने की भी टिप्स दिए जाते हैं और उसके सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं ।उन्होंने एक शोध का हवाला देते हुए कहा कि 40 प्रतिशत लोगों के जीवन में कभी न कभी एक बार आत्महत्या करने का विचार जरूर आता है ।उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में तनाव संक्रमण की तरफ फैल रहा है जिसका मुख्य कारण परिवार और समाज में पारंपरिक संस्कारों के प्रवाह का विकृत रूप होना है ।विभागाध्यक्ष एवं नोडल अधिकारी प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि आजकल युवाओं में विभिन्न कारणों से तनाव तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है।




## फर्जी फ्लैट बुकिंग करने के चार आरोपी गिरफ्तार



**जौनपुर।** पुलिस ने ऑनलाइन फर्जी तरीके से फ्लैट और कमरा बुकिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साइबर सीओ शुभम वर्मा के अनुसार, आरोपी फोटोशॉप से फर्जी आधार कार्ड बनाते थे। वे फर्जी सिम का इस्तेमाल कर ऑनलाइन पर आईडी बनाते थे। आरोपी फ्लैट या कमरा दिखाने के नाम पर 1000 रुपये की रजिस्ट्रेशन फीस मांगते थे। पैसों के लिए जनसेवा केंद्र या आसपास के दुकानदारों के न्व्प नंबर और फत कोड का इस्तेमाल करते थे। पैसे मिलते ही कस्टमर को ब्लॉक कर देते थे। इस तरह से अब तक हजारों लोगों से करीब 10 लाख रुपये की ठगी की गई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में 15 साइबर ठगी के मामले दर्ज हैं। फर्जी सिम के लिए एक एजेंट रामदास का सहयोग लेते थे। वह ग्राहकों से दो बार अंगूठा लगवाकर दो सिम जारी करता था। एक सिम ग्राहक को देता था और दूसरा सिम ठगी में इस्तेमाल होता था ।गुरुवार को जौनपुर के साइबर क्राइम थाने की पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक महेश पाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने चांदपुर विश्वनाथ कोल्ड स्टोरेज के पास से आरोपियों को पकड़ा।

# एनसीएल मुख्यालय में हाउसवाइव्स टैलेंट शो आयोजित




**सोनभद्र।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के मुख्यालय में एनसीएल की गृहणियों के लिए टैलेंट शो का आयोजन किया गया। अधिकारी क्लब, सिंगरौली में आयोजित इस एक दिवसीय टैलेंट शो के दौरान एनसीएल के सभी क्षेत्रों व इकाइयों से 104 गृहणियों ने विभिन्न विधाओं व शैलियों जैसे नृत्य, गायन, गजल, हास्य प्रसंग, रैम्प वॉक में अपनी रचनात्मकता और आत्मविश्वास का परिचय दिया। कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान कृति महिला मण्डल की अध्यक्षा बी. के. दुर्गा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही। साथ ही कृति महिला मण्डल की उपाध्यक्षा नम्रता कुमार, संगीता नारायण, वीणा सिंह एवं रूबी, विभिन्न परियोजनों की महिला मण्डल की अध्यक्षा व सदस्या एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

समारोह के दौरान अपने उद्बोधन में बीके दुर्गा ने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी एवं कहा कि गृहिणियों का कार्य चैबीसों घंटे चलता है, लेकिन वह अपने लिए भी कुछ समय अवश्य निकालें। जिस प्रकार वे पूरे समर्पण से अपने घर को सँवारती हैं, उसी प्रकार उन्हें स्वयं को भी तराशने का अवसर प्राप्त होना चाहिए। अंत में उन्होंने कहा कि प्रत्येक नारी में किसी न किसी रूप में प्रतिभा निहित होती है, केवल उसे मंच और अवसर की आवश्यकता होती है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि एनसीएल ने गृहणियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने इसके लिए एनसीएल प्रबंधन को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान विजेता प्रतिभागियों को उनके शानदार प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत भी किया गया। टैलेंट शो में गजल में दुधीचुआ से निधि वर्मा प्रथम, ककरी से बीना तिवारी द्वितीय एवं निगाही से शलिनी नन्होरिया तृतीय स्थान पर रहीं। इसी कड़ी में गायन में कृष्णशिला की अंकिता विश्वकर्मा ने पहला, निगाही की अनामिका श्रीवास्तव ने दूसरा और मुख्यालय की खुशबू सैनी ने तीसरा स्थान अर्जित किया। एकल नृत्य में कृष्णशिला की संगीता पटेल पहले, मुख्यालय से काव्या दीक्षित दूसरे एवं एनएससी से सुमति माल्या तीसरे स्थान पर रहीं। हास्य प्रसंग में दूधीचुआ की अर्चना तिवारी ने प्रथम, बीना से आभा सिंह ने द्वितीय एवं मुख्यालय से माया प्रसाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं रैम्प वॉक में मुख्यालय की वैशाली तरुण सिन्हा विजेता तथा बीना से नैना सिंह और जयंत से निधि वर्मा उपविजेता रहीं। साथ ही ग्रुप डांस में निगाही से पुजा तिवारी एवं ग्रुप विजेता बना तथा कृष्णशिला से लक्ष्मी प्रिया साहू एवं ग्रुप और दूधीचुआ से पुष्पा सिंह एवं ग्रुप उपविजेता बने। कार्यक्रम का उद्घाटन महाप्रबंधक (मानव संसाधन/ कल्याण) राजेश त्रिवेदी ने किया था। एनसीएल के कल्याण विभाग का आयोजन में सरहनीय योगदान रहा।

## फांसी पर झूले समाज कल्याण अधिकारी विकास

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के जिला समाज कल्याण अधिकारी ने प्रतापगढ़ जिले में स्थित अपने घर में गुरुवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह छुट्टी पर घर गए थे और ड्यूटी पर आने से पहले फोन पर पत्नी से बातचीत के दौरान विवाद हो गया। परिवार वालों के अनुसार, दोनों के बीच लंबे समय से झगड़ा चल रहा था और हाल के दिनों में तनाव और बढ़ गया था। आत्महत्या करने वाले वाले आशीष कुमार सिंह (40) पुत्र रामबहादुर मूल रूप से प्रतापगढ़ के पूरे केशवराय के रहने वाले थे। और जिला समाज कल्याण अधिकारी के पद पर आजमगढ़ में तैनात थे। करीब दो साल पहले उन्होंने पीसीएस परीक्षा पास की थी। पहली तैनाती अमरोहा में और दूसरी आजमगढ़ में हुई। मिली जानकारी के अनुसार आशीष की शादी करीब 10 साल पहले सुल्तानपुर की क्षमता सिंह से हुई थी। दोनों का एक 5 साल का बेटा है। पिछले दो साल से पत्नी से विवाद चल रहा था, जिससे वह परेशान रहते थे। पत्नी मायके में सुल्तानपुर में रह रही थी। करीब छह महीने से झगड़ा बढ़ गया था। शनिवार को वह छुट्टी लेकर घर आए थे। गुरुवार सुबह ड्यूटी पर जाने से पहले पत्नी का फोन आया। बातचीत के दौरान दोनों के बीच तेज झगड़ा हुआ। आशीष बाहर निकल गए और फिर कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया। 15:20 मिनट तक दरवाजा नहीं खुला तो छोटा भाई रोहित ने खिड़की से झांककर देखा। अंदर गमछे के सहारे फंदे से लटका शव दिखाई दिया।

संक्षेप

## जागरूकता शिविर का होगा आयोजन

**देवरिया।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी देवरिया, वीरेन्द्र प्रसाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, जनपद देवरिया द्वारा सभी तहसीलों के ब्लॉक मुख्यालय स्तर पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में जनपद के सभी तहसीलों के बेरोजगार नवयुवक-नवयुवतियाँ, उद्यम में रुचि रखने वाले इच्छुक व्यक्ति, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण अभ्यर्थी, जो स्वयं का उद्योग स्थापित करना चाहते हैं, प्रतिभाग कर सकते हैं इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन नाम, पता, आधार नंबर, मोबाइल नंबर एवं शैक्षिक योग्यता से संबंधित दस्तावेजों के साथ जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, प्रथम तल, जिला पंचायत भवन, देवरिया में जमा कर पंजीकरण करा सकते हैं जागरूकता शिविर में उद्योग की स्थापना से संबंधित सभी पहलुओं पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

# सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा बैठक संपन्न

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में सीएम डैश बोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों, की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।समीक्षा दौरान बताया गया कि जो भी सूची मिली है सभी से वार्ता की गई परंतु सभी के द्वारा अ सहमति व्यक्त की गई, के क्रम में जिलाधिकारी ने कहा सूची उपलब्ध कराएं जिससे कि किसी दो व्यक्तियों से वार्ता कर हकीकत का पता लगाया जा सके। जिलाधिकारी ने समस्त

- खराब प्रगति वाले खंड विकास अधिकारियों को फैमिली आईडी का लक्ष्य बढ़ाए जाने का निर्देश
- खराब रैंकिंग वाले विभागों पर जताई कड़ी नाराजगी



जिलाधिकारी द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा दौरान खराब प्रदर्शित करने वाले विभागो को निर्देशित किया कि कार्यो/योजनाओं में प्रगति लाते हुए इस माह के अंत तक लक्ष्य की पूर्ति अवश्य करें, अन्यथा उस विभाग के अधिकारी को जिम्मेदारि तय करते हुए प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यो के संचालन एवं क्रियान्वयन में लापरवाही के कारण खराब रैंकिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने खराब प्रगति वाले मुख्य विभागों को कार्यों में सुधार लाये जाने का निर्देश दिए। पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत समीक्षा दौरान वेंडर्स द्वारा वेंडर्स सहित पीओ नेडा को निर्देशित किया कि विभिन्न स्तरों से प्राप्त कुल 600 की सूची अनुसार कंट्रोल रूम में बैठ कर आज ही सभी से वार्ता कर एक एक का विवरण अंकित करते हुए अवलोकन कराने उपरांत ही जाना है। उन्होंने निर्देशित किया कि हर हाल में इस माह के अन्त तक लक्ष्य की पूर्ति होनी है तथा जो वेंडर्स कार्य नहीं करता है उसके विरुद्ध एफआर भी दर्ज कराई जाएगी।

जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी बनाये जाने की प्रगति के संबंध में विधिवत समीक्षा दौरान कुल लक्ष्य 77 हजार के सापेक्ष 57 हजार का आईडी अभी तक बनाए जाने पर खराब प्रगति वाले वीडियो को अधिक एवं संतोषजनक कार्य वाले वीडियो को पूर्व लक्ष्य के अनुसार इस माह के अंत तक शत प्रतिशत पूर्ण कराए जाने का निर्देश डीएसटीओ को दिए, साथ ही साप्ताहिक समीक्षा किए जाने का भी निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत पोर्टल पर खराब प्रदर्शन के क्रम में जिलाधिकारी ने आवेदन एवं लक्ष्य की जानकारी लेने उपरांत निर्देशित किया कि इसी माह के अंत तक विकास खण्ड स्तर/तहसील स्तर/विधान सभा स्तर पर सामूहिक विवाह की तिथि नियत कर जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लक्ष्य के अनुरूप सामूहिक विवाह कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों, मिड डे मील योजना, नई सड़कों का निर्माण, सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने स्वामित्व योजना अंतर्गत घरौनी वितरण कार्य के संबंध में बताया कि भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को इस कार्य हेतु ए वार्ड मिला है, परंतु कुशीनगर में घरौनी वितरण की स्थिति ठीक नहीं होने पर डीपीआरओ को निर्देशित किया कि शासनादेशनुसार वितरण का कार्य पंचायतीराज विभाग का है, उन्होंने बताया कि जनपद में लगभग 2 लाख 25 हजार घरौनी प्रमाण पत्र वितरण किया जाना है जो अब तक लगभग 10 प्रतिशत ही हुआ है। उन्होंने इस कार्य हेतु विधिवत दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, डीएफओ आर डी सिंह, पीडी पीयूष, डीडीओ अरुण कुमार पाण्डेय, अधि0अभि0 पीडब्ल्यूडी, डीपीआरओ, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उप कृषि निदेशक, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## पुलिस प्रशासन ने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ' को हाउस अरेस्ट किया

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने 11 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी दौर का विरोध करने का आह्वान किया था। इसके बाद बुधवार देर रात से ही पुरे प्रदेश में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी।दरअसल ये पूरा विवाद बुधवार से शुरू हुआ, जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी रायबरेली दौरे पर आए, जहां भारतीय जनता पार्टी की ओर से उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। जिसके बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध कर पलटवार करने का ऐलान कर दिया।इसी क्रम में गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष के अगुवाई में वाराणसी जाने के लिए पुरवां चौराहे पर जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के आवास पर एकत्र हुए। जिलाध्यक्ष सहित कांग्रेस कार्यकताओं को गुरुवार अल सुबह पुलिस हाउस अरेस्ट कर लिया और दोपहर 2:30 बजे बाद छोड़ दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे लोकतंत्र के विरुद्ध बताया। विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि सरकार विरोध की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है, लेकिन कांग्रेसी कार्यकर्ता इससे बिलकुल नही डरेगें,हमारी पार्टी जनता के मुद्दों को उठाती रहेगी इसके लिए कांग्रेसी सड़क पर उतरेंगे और डटकर विरोध करेंगे।पुलिस ने इन लोगों को भी हिरासत में लिया कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल,जिला उपाध्यक्ष भरत मणि त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष चन्दन वर्मा, जिला महासचिव कुलदीप यादव, रत्नेश मल्ल पिंटू,मानवेन्द्र तिवारी, मार्कण्डेय मिश्रा,संदीप पाण्डेय,शिव शंकर सिंह, आलोक त्रिपाठी राजन, सत्यप्रकाश मणि, विनोद दुबे रविन्द्र मल्ल,पिंटू गुप्ता आदि।

## नागरी प्रचारिणी में वाद विवाद प्रतियोगिता आज

**देवरिया।** नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में 12 सितम्बर 2025, शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.00 बजे से माध्यमिक स्तर पर ₹बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए वर्तमान शिक्षा पद्धति आवश्यक है ?₹ विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसके लिए सूचना पत्र नगर क्षेत्र के विद्यालयों को भेजा जा चुका है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। नगर क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य गण से निवेदन है कि अपने विद्यालय के बच्चों को प्रतियोगिता में सम्मिलित कराना सुनिश्चित करायें। यह जानकारी सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने दी है ।

## ग्रामीण खेल प्रतियोगिता के लिए युवाओं का होगा पंजीकरण

**देवरिया।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि खेल विभाग एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न आयु वर्ग (सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर) में ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाएगा। प्रतियोगिताएं जनपद स्तर पर सांसद खेल स्पर्धा तथा विधानसभा क्षेत्र स्तर पर विधायक खेल स्पर्धा के अंतर्गत आयोजित होंगी। इनमें कुल आठ विधाओं—एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबाल, फुटबॉल, भारोत्तोलन, जुडो एवं बैडमिंटन—में विशेष रूप से महिला (बालिका) वर्ग की प्रतियोगिताएं भी सम्मिलित होंगी।

## श्रेष्ठ कार्य करने वाले युवाओं को मिलेगा विवेकानंद यूथ अवार्ड

**देवरिया।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि युवा कल्याण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में व्यक्तिगत श्रेणी के अंतर्गत राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को ह्वविवेकानंद यूथ अवार्डह्व प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर यह पुरस्कार उन युवाओं को दिया जाएगा, जिन्होंने सामाजिक एवं सामुदायिक विकास के साथ-साथ खेल, कला तथा अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। यह पुरस्कार 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को उनकी 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2025 तक की उपलब्धियों के आधार पर दिया जाएगा।

## उर्वरक की कोई कमी नहीं: जिला कृषि अधिकारी

जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में है उपलब्धता

बहराइच 11 सितंबर। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में जिले में 3807 मैट्रिक टन यूरिया, 5381 मैट्रिक टन डीएपी, 3802 मैट्रिक टन एनपीके एवं 12881 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। जनपद की सभी समितियो पर उर्वरक लगातार भेजा जा रहा है स उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा यूरिया वितरण कार्य की सघन निगरानी की जा रही है। जनपद में अब तक 64532 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। गत बुधवार को जिले में 1178 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया है। सीमावर्ती क्षेत्र में एसएसबी व पुलिस विभाग से समन्वय कर बड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि सभी उर्वरक विक्रेता पोस मशीन से आधार कार्ड से खेतौनी को चेक करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें। उर्वरक वितरण के साथ-साथ स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर स्टॉक एवं उर्वरक खरीदने वाले का रिकॉर्ड प्रतिदिन प्रतिदिन मेंटेन कर उर्वरक की बिक्री करें।समस्त उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी जारी की गई है यदि किसी भी विक्रेता द्वारा अनियमिता वरती जाएगी एवं सीमावर्ती राज्यों में उर्वरक की कालाबाजारी की जाएगी, या बिना लाइसेंस के उर्वरक बिक्री, यह संदिग्ध उर्वरक बिक्री करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985, उर्वरक (परिसंचरण नियंत्रण) आदेश 1973, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अनुसार कठोरतम कार्रवाई की सुनिश्चित की जाएगी। जनपद में उर्वरक की कमी नहीं लगातार यूरिया रैक प्राप्त हो रही है। जिले को प्राप्त होने वाली उर्वरक को सहकारी समितियां एवं प्राइवेट दुकानदारों के यहां भेजा जा रहा है। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया है कि यूरिया उर्वरक को एडवांस में खरीद कर भंडारण ना करें।

# सीडीओ ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने प्राथमिक विद्यालय रूच्चापार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सत्र परीक्षा 2025 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 18 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया। सम्मानित छात्रों में रितिका, शिखा, आतिफ, ऋषु, अभय, आराध्या, कृतिका, रूद्रांश, आकांक्षा, शिवम सहित अन्य विद्यार्थी शामिल रहे इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने अभिभावक-शिक्षक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें, गृहकार्य की निगरानी करें और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर सौंदर्य एवं पठन-पाठन व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त की।

कार्यक्रम में सभासद मालती एवं उपस्थित अभिभावकों ने मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक नित्यानंद चौबे ने आभार व्यक्त किया।

## कार्ड धारक करायें अपना ईकेवाईसी

**बहराइच।** जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद के अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी योजना के कार्ड धारकों को सूचित किया जाता है कि आयुक्त महोदय, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 द्वारा निर्देशित किया गया है कि उ0प्र0 शासन द्वारा ऐसे सभी राशन कार्ड लाभार्थियों, जिनकी ई-केवाईसी अभी तक नहीं करायी गयी है, को आगामी 03 माह तक खाद्यान्न दिया जाना निलम्बित कर दिया गया है तथा इस प्रकार ऐसे गैर-ई-केवाईसी वाले लाभार्थियों को माह सितम्बर 2025 में 10 सितम्बर 2025 से प्रारम्भ होने वाले खाद्यान्न वितरण चक्र से आगामी 03 माह तक खाद्यान्न नहीं दिया जायेगा। करा लिया जायेगा, उन्हें आगामी माह से खाद्यान्न प्राप्त होने लगेगा।उन्होनें बताया कि जिन परिवारों के नये राशन कार्ड निर्गत हुए है उनके प्रत्येक सदस्य को अनिवार्य रूप से अविलम्ब ई-केवाईसी कराना होगा, अन्यथा की स्थिति में उक्त नये निर्गत राशन कार्डों पर ई-केवाईसी न होने के कारण उन्हें खाद्यान्न दिया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।

# ग्राम पंचायतो को उत्कृष्ट बनाने का कार्य करे महिला प्रधानः रतन कुमार

**देवरिया।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत महिला हितैषी विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सदर विकास खण्ड सभागार में किया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी रतन कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायत को महिला हितैषी बनाया जाना है। ग्राम सभा में इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर

- महिला हितैषी प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न



योजना तैयार कर कार्य कराया जाना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ बात कर के ग्राम सभा में उत्कृष्ट कार्य कराकर पुरस्कार के लिए आवेदन भी करना है।

एलएसडीजी के 9 लक्ष्य के अनुसार संचालित योजनाओं को ग्राम पंचायत विकास योजना में सम्मिलित कर पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाया जाए।डीपीआरसी सहप्रबंधक ब्रजेश नाथ तिवारी ने गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, जल संरक्षण महिला हितैषी योजनाओं को लेकर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षक विभा पाण्डेय ने खेल के माध्यम से नेतृत्व क्षमता के विकास को समझाया। प्रशिक्षक अर्पिता द्विवेदी ने जेंडर और संचार के बारे में महिला प्रधानों को जानकारी दी।प्रशिक्षक आलोक तिवारी ने कहा कि महिला प्रधानों के स्वयं नेतृत्व करने से मनरेगा, आवास योजना और ग्राम स्वराज योजना जैसी विभिन्न योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होगा।बीडीओ पन्नालाल यादव ने प्रशिक्षण में पंचायती राज व्यवस्था, प्रधान की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।एडीओ पंचायत विंध्याचल सिंह ,अजय दूबे ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।उक्त अवसर पर अंजली देवी, स्नेहलता सिंह, नीलू सिंह, अलका खरवार, शोभा चौरसिया, तेतरी देवी, सरिता देवी,हरिपाल यादव, विनय पाण्डेय, राजनंदनी सिंह, आनन्द स्वरूप तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में देवरिया चैंपियन

देवरिया। सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया के क्रीड़ांगन में संकुल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में देवरिया विद्या मंदिर ने सर्वाधिक पदक पाकर चैंपियन टीम बनने का गौरव प्राप्त किया। देवरिया विद्या मंदिर के भैया पीयुष पांडेय किशोर वर्ग की तीन व्यक्तिगत स्पधाओं में स्वर्ण पदक पाकर चैंपियन आफ चैंपियन बनें। संकुल स्तरीय

- विद्या मंदिर देवरिया के पीयुष पांडेय बने चैम्पियन आफ चैंपियन
- तीन दिवसीय संकुल प्रतियोगिता का हुआ समापन

एथलेटिक्स प्रतियोगिता में देवरिया, बलिया, नगरा,रसड़ा, रविन्द्र नगर, पडरौना, भगिनी निवेदिता बालिका विद्यालय के 120 छात्र, छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दौड़, लंबी कूद,उंची कूद, ट्रीपल जंप,जैवलिन थ्रो,गोला फेंक,चक्का फेंक,हैमर थ्रो में खिलाड़ियों ने अपने खेल का जौहर दिखाया।पीयुष पांडेय ने गोला फेंक, लंबी कूद और दौड़ की किशोर वर्ग की प्रतियोगिता में स्वर्ण जीता।विद्या मंदिर देवरिया के आदित्य ने चक्का फेंक के बाल वर्ग में , अरुण यादव ने चार सौ मीटर के बाल वर्ग में , सुमित यादव ने चक्का फेंक के किशोर वर्ग में,नितिश गोड़ ने सौ मीटर,व बाधा दौड़ के तरूण वर्ग में,व शिशु वर्ग के चार सौ मीटर में स्वर्ण प्राप्त किया। रोहित चौहान दो सौ मीटर के किशोर वर्ग में,तीन हजार मीटर के तरुण वर्ग में अनुज श्रीवास्तव, रित्विक कुमार ने तरूण वर्ग की लंबी कूद में,स्वर्ण प्राप्त किया। विद्या मंदिर बेलथरा रोड की छात्रा सुनैना ने बाल वर्ग के चार सौ मीटर मे,राधा शर्मा ने बाल वर्ग की चक्का फेंक में,आदिति ने छः सौ मीटर के बाल वर्ग में, आराध्या यादव ने चक्का फेंक के किशोर वर्ग में,शिरीषा यादव ने पंद्रह सौ मीटर के किशोर वर्ग में,आकाश शर्मा ने सौ मीटर दौड़ के बाल वर्ग, आदित्य ने आठ सौ मीटर के बाल वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। शिशु मंदिर देवरिया के हंसराज सिंह ने चार सौ मीटर व गोला फेंक के शिशु वर्ग में प्रथम,मंजु वर्गा का शिशु वर्ग में चार सौ मीटर व गोला फेंक में प्रथम,अनुज राज दौ सौ मीटर मे, सुकन्या सिंह दो सौ मीटर दौड़ व ऊंची कूद में प्रथम,श्वेता यादव सौ मीटर मीटर मे प्रथम, आयुष राय ने उंची कूद के शिशु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।इस अवसर विजेता खिलाड़ियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी,शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य श्री रविन्द्र श्रीवास्तव ने पदक प्रदान किया।

इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य जी ने कहा कि खिलाड़ी को एक पदक से संतोष नहीं करना चाहिए और उंचे लक्ष्य और स्तर प्राप्त करने के लिए निरंतर सजग और प्रयासरत होना चाहिए।इस अवसर पर रसड़ा से रीता सिंह जी, बलिया से बशिष्ठ नारायण तिवारी आदि शारीरिक शिक्षक के रूप में मौजूद रहे। संतोष सिंह,रामबली जी, राजकुमार पाण्डेय ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# ट्रेनों पर पत्थरबाजी चेनपुलिंग व रेलवे लाइन पार करने रोकथाम के लिए आरपीएफ ने चलाया अभियान

**भटनी(देवरिया)।** वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी के कुशल में प्रभारी निरीक्षक डी के राय के आदेशानुसार उपनिरीक्षक एस .जे.यादव साथ हेड कांस्टेबल अखिलेश्वर कुशवाहा द्वारा गाड़ियों पर होने वाली पत्थरबाजी की घटनाएं अनावश्यक चेन पुलिंग एवं अनाधिकृत रूप से रेलवे लाइन पार करने से संबंधित घटनाओं की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाते हुए समपार संख्या 120उ के नजदीक सीसई चौराहा पर लगभग 80 व्यक्तियों व बच्चों तथा गेट संख्या 21 पर 15 राहगीरों एवं मां भगवती देवी विद्यालय मकुनही के लगभग 100 बच्चो अध्यापकों एवं प्रधानाचार्य नितेश तिवारी मोबाइल नंबर 983618 8998 को जागरुक करते हुए बच्चों एवं आसपास के निवासियों को रेल गाड़ियों पर पत्थर न मारने, गाड़ियों में अनावश्यक चेन पुलिंग न करने तथा रेलवे लाइन को पार करते समय सावधानीपूर्वक निर्धारित स्थानों से ही रेल लाइन पार करने हेतु बताकर रेलवे नियमों से अवगत कराकर जागरूक किया गया। नियम विरुद्ध कार्य करने पर रेलवे प्रशासन द्वारा उन्हें दंडित किया जा सकता है की सख्त हिदायत दिया गया। थानाध्यक्ष बरियारपुर जितेंद्र कुमार मौर्य तथा थानाध्यक्ष खुखुंदू श्री कल्याण सिंह यादव से संपर्क कर समन्वय स्थापित करते हुए उक्त घटनाओं के बाबत अपने-अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत सभी को जागरूक करने का अनुरोध किया गया। ग्राम प्रधान सीसीई रामदयाल गौड़ तथा ग्राम प्रधान मकुनही श्री सतपाल यादव मोबाइल नंबर 9839 84 62 61 से संपर्क कर ग्राम वासियों तथा बच्चों को जागरूक करने एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर संबंधित सुरक्षा एजेंसी स्थानीय थाना एव पद्धत्र भटनी को अवगत कराने का अनुरोध करते हुए मोबाइल नंबर का आदान प्रदान किया गया। उपरोक्त कार्यवाही समय 10:बजे से 14:बजे तक संपन्न की गई।

## आईटीआई देवरिया में प्लेसमेंट 15 को

**देवरिया।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवरिया के प्रधानाचार्य के.के. राम ने बताया कि संस्थान परिसर में 15 सितम्बर 2025 को प्रातः 10:बजे से प्लेसमेंट आयोजित की जाएगी।

इस अवसर पर कई नामी कंपनियाँ प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने बताया कि इस प्लेसमेंट में बिटरा इंडस्ट्रीज प्रा. लि. (गुजरात), मुनजाल क्री क्रिकु इंडस्ट्रीज प्रा. लि. (गुजरात) तथा मिंडा फुरुक्या इलेक्ट्रिक प्रा. लि. (हरियाणा) अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। तकनीकी योग्यता के अंतर्गत मैकेनिक मोटर व्हीकल, डीजल मैकेनिक, मशीनिष्ट, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, वेल्डर, वायरमैन, शीट मेटल, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, रोबोटिक टी टी एल तथा इलेक्ट्रिक व्हीकल मैकेनिक टी टी एल व्यवसाय से संबंधित अभ्यर्थी इसमें सम्मिलित हो सकते हैं।

# धर्मांतरण व दुष्कर्म के मामले का मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान, एसपी को नोटिस जारी

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** बीते दिन जनपद के पड़रौना कोतवाली क्षेत्र के हिन्दु युवती द्वारा लखनऊ में मीडिया से रुबरु होकर लगाये गये धर्मांतरण व दुष्कर्म के आरोपो को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान ले लिया है। आयोग ने जनपद के पुलिस कप्तान को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले की जांचकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का

- आयोग ने पुलिस कप्तान को दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश
- वर्ल्ड यूथ सोशल आर्गनाइजेशन ने मानवाधिकार आयोग की थी शिकायत

निर्देश दिया है। मानवाधिकार आयोग ने वर्ल्ड यूथ सोशल आर्गनाइजेशन के अध्यक्ष व मानवाधिकार कार्यकर्त्ता शशिकांत मिश्र के शिकायत पत्र यह कार्रवाई की है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा कुशीनगर पुलिस अधीक्षक को भेजे गये नोटिस में कहा गया है कि मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को देश के सभी मनुष्यों के अधिकारों की रक्षा और संवर्धन की ज़िम्मेदारी सौंपी है और उसे पीएचआर अधिनियम, 1993 की धारा 13 के तहत जाँच के लिए सिविल कोर्ट के समान शक्तियाँ प्राप्त हैं। पत्र मे कहा गया है कि शिकायतकर्ता ने कुशीनगर की एक नाबालिग हिंदू लड़की का मामला उजागर किया है। जिसे कथित तौर पर लव जिहाद, अवैध धर्मांतरण और मानव तस्करी में शामिल एक संगठित गिरोह ने निशाना बनाया था। पीड़िता, जब दसवीं कक्षा में पढ़ रही थी, तो उसे एक राजनीतिक नेता के रूप में खुद को पेश करने वाले आरोपी ने बहकाया और लंबे समय तक उसका यौन शोषण किया। बाद में, नौशाद और नाटो की मिलीभगत से, छांगुर बाबा नाम के एक व्यक्ति ने उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराया और उसका नाम जोया खान रख दिया। फिर उसे मुंबई ले जाया गया, जहाँ आरोपी ने उसका शोषण किया और बाद में, रेड हिल्स कंपनी के मालिक आलमगीर अंसारी ने भी नौकरी दिलाने के बहाने उसका शोषण किया। जब उसने शिकायत करने की कोशिश की, तो बबलू खान के करीबी पुलिसकर्मी इमरान अली ने कथित तौर पर उसे धमकाया और उसके साथ मारपीट की। शिकायत में आगे आरोप लगाया गया है कि इस गिरोह ने कई अन्य हिंदू नाबालिग लड़कियों का भी इसी तरह शोषण किया है और पुलिस ने शिकायतों को या तो नजरअंदाज कर दिया है या खारिज कर दिया है। शिकायतकर्ता ने इस मामले में आयोग से हस्तक्षेप करने की माँग की है।

शिकायत में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया पीड़ितों के मानवाधिकार के उल्लंघन प्रतीत हैं।

आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की पीठ ने इस मामले में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के अंतर्गत संज्ञान लिया है। रजिस्ट्री को निर्देश दिया जाता है कि वह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कुशीनगर, उत्तर प्रदेश को नोटिस जारी करके शिकायत में लगाए गए आरोपों की जाँच करवाएँ और आयोग के अवलोकनार्थ दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## क्या है शिकायत

वर्ल्ड यूथ आर्गनाइजेशन के अध्यक्ष व मानवाधिकार कार्यकर्त्ता शशिकांत मिश्र ने मानवाधिकार आयोग को भेजे गये शिकायत पत्र मे कहा है कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सक्रिय लव जिहाद, गैरकानूनी धर्मांतरण एवं मानव तस्करी से जुड़े संगठित गिरोहों का खुलासा एटीएस, आगरा पुलिस एवं अन्य जिला पुलिस इकाइयों द्वारा किया जा चुका है। इसी कडी में दिनांक 19 अगस्त 2025 को कुशीनगर जनपद के पड़रौना की मूल निवासी हिन्दू युवती अनामिका सिंह ने लखनऊ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अत्यंत गंभीर आरोप लगाए हैं। पीडिता के मुताबिक जब वह 10वीं कक्षा मे थी और नाबालिक थीं, उस समय स्कूल मे एक कार्यक्रम के दौरान उसकी मुलाकात बबलू खान से हुई, जिसने स्वयं को समाजवादी पार्टी का बड़ा नेता बताया और नौकरी का लालच देकर उन्हें बहला-फुसलाकर एक वर्ष तक शारीरिक शोषण किया। इसके बाद नौशाद व नाटो ने बबलू खान के साथ मिलकर पीडिता अनामिका सिंह को छांगुर बाबा के पास ले जाकर जबरन धर्मांतरण कराकर जोया खान नाम रख दिया ।इसके बाद नौशाद उसे मुंबई ले गया, जहां इम्तियाज नामक व्यक्ति ने शारीरिक शोषण किया। इसी दौरान बबलू खान का करीबी आलमगीर अंसारी (जो ₹रेड हिल्स₹ नामक कंपनी संचालित करता है) ने रेड हिल्स में नौकरी दिलाने के बहाने शोषण किया।शिकायत करने पर बबलू खान का करीबी सिपाही इमरान अली ने न केवल धमकाया, बल्कि शारीरिक शोषण भी किया। शिकायतकर्ता ने कहा है कि आरोप अत्यंत गंभीर, अमानवीय एवं मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन हैं। इससे स्पष्ट होता है कि कुशीनगर जनपद में संगठित गैंग सक्रिय हैं, जो हिन्दू नाबालिक बच्चियों एवं युवतियों को निशाना बनाकर छल-कपट, प्रलोभन व धोखे से लव-जिहाद, गैरकानूनी धर्मांतरण एवं मानव तस्करी जैसी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं। पत्र मे यह भी कहा गया है कि अनामिका सिंह ने यह भी आरोप लगाया है कि इनके द्वारा अनेक हिन्दू नाबालिक बच्चियों व युवतियों का बड़े स्तर पर शोषण किया जा चुका है पीडित जब भी थाने में शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किये, तो उन्हें डरा-धमका कर थाने से भगा दिया गया। डब्ल्यूवाईओ के अध्यक्ष श्री मिश्रा ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से इस प्रकरण की एनआईए से जांच कराने के लिए अनुरोध किया है। इसके अलावा गैंग से संबंधित रेड हिल्स कंपनी में फंडिंग एवं कारोबार से की जांच प्रवर्तन निदेशालय से कराने व आयोग द्वारा नामित जांच टीम से प्रकरण से जुडे स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कराने की मांग की है।

## फ्लैश बैक

जनपद के पडरौना कोतवाली अन्तर्गत निवासी 17 वर्षीय अनामिका हाईस्कूल की पढ़ाई कुशीनगर स्थित एक कॉलेज में कर रही थी। इसी दौरान कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में नगर पंचायत तमकुहीराज के गुदरी मोहल्ला निवासी रफी खान उर्फ बबलू से उसकी मुलाकात हुई। पीड़िता अनामिका के मुताबिक रफी खान ने युवती को झासे मे लेकर पहले उसका मोबाइल नंबर लिया फिर नौकरी दिलाने के नाम पर अनामिका का यौन शोषण किया। उसके बाद वर्ष 2018 में रफी खान ने अनामिका की मुलाकात नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नंबर-चार निवासी अपने मित्र नौशाद खान से कराई। नौशाद खान ने कुछ महीने बाद अपने एक मित्र को साथ अनामिका को बलरामपुर के उतरौला में स्थित मजार पर ले गए, जहां जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा ने अनामिका पर दबाव बनाकर धर्म परिवर्तन कराया और जोया खान नाम रखकर नौशाद खान से निकाह करा दिया। निकाह के बाद नौशाद पीड़िता को लेकर मुंबई चला गया और वहा उसका यौन शोषण करता रहा। ऐसा पीडिता का आरोप है। मुम्बई से लौटने बाद नौशाद पीड़िता को काम दिलाने के लिए कसया नगर पंचायत निवासी व रेडहिल्ल कम्पनी के मालिक आलमगीर अंसारी के घर रखवा दिया जहां से पीडिता को मिलने वाला वेतन भी नौशाद लेता था। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान रियल स्टेट कारोबारी आलमगीर उसके साथ मुह काला करता रहा, जब इस बात की जानकारी अनामिका ने नौशाद को दी तो नौशाद ने यौन शोषण के बदले रेडहिल्ल के मालिक आलमगीर से मोटी रकम वसूल कर शान्त होगा। पीड़िता का आरोप है रफीफ के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र लेकर तमकुहीराज थाने पहुंची। यहां मौजूद दीवान ने पीडिता अनामिका की दास्तान सुने बगैर उसके हाथ से प्रार्थनापत्र लेकर फाड़ दिया और पीड़िता को नौशाद के घर ले गया, जहां पीडिता को बंधक बनाकर रखा गया। उसके बाद में एक सिपाही ने पीडिता के साथ जबरिया मुंह काला किया।इस दरम्यान पीडिता अपने बचाव मे संघर्ष करती रही और अंत में उसे मरा हुआ समझकर नौशाद व उसके साथियों ने उसे समउर रोड स्थित झरही नदी के किनारे फेंक दिया।

मामले केखुलासे के बाद पीडिता के तहरीर पर पडरौना कोतवाली पुलिस ने रफी खान उर्फ बबलू खान, नौशाद खान उर्फ नाटा नबाब, हाशीम खान, जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा, नीतू रोहरा उर्फ नसरीन, कसया स्थित रेडहिल रियल स्टेट के मालिक आलमगीर अंसारी, जमालुद्दीन, साहिल अंसारी, रितेश मिश्रा, तनवीर, इम्तियाज खान दीवान, इजहारूल खान एंव इरशाद खान के खिलाफ धारा 376(1), 376डी, 377, 342, 323, 504, 120बी, 3,व 5(1) आदि संगीन धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है।

संक्षेप

## सड़क हादसे में युवक की मौत, तीन घायल

**फतेहपुर चैरासी, उन्नाव।** पेड़ लेकर जा रहे ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सी एच सी लाया गया, जहां एक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के गाँव सरांय निवासी पिंटू (27) पुत्र खुमान बुधवार को रात पत्नी पूनम (23) के साथ गाँव के ही दीपू (26) पुत्र पुत्तीलाल के साथ बाइक से गाँव दबौली से पत्नी की दवा लेकर घर वापस आ रहे थे। कालीमिट्टी शिवराजपुर मार्ग पर ट्रैक्टर पेड़ बांधकर लिए जा रहा था। रात दस बजे के करीब गांव खानपुर बिचैली के पास बाइक सवार पेड़ से टकराकर घायल हो गए। घायलों को सी एच सी लाया गया, जहाँ डॉक्टर ने पिंटू को मृत घोषित कर दिया, वहीं उपचार के बाद पूनम व दीपू घर चले गए। मृतक संबल मुरादाबाद में गमले का काम करता था। सात दिन पूर्व घर आया था। चार भाई तीन बहनों में तीसरे नम्बर पर था। तीन वर्ष पहले शादी हुई थी। पिंटू की मौत से परिजन रो रोकर बेहाल हैं।

# अन्नदाताओं के हित में सरकार काम कर रही: राजेश शुक्ला

**हरगांव /सीतापुर।** सहकारी गन्ना विकास समिति हरगांव द्वारा गुरुवार को स्थानीय चीमा पैलेस में गन्ना सुरक्षा प्रस्ताव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का

**● किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन**

शुभारंभ किया। किसानों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि अन्नदाताओं के हित में सरकार लगातार काम कर रही है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पहले पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी घटनाएं होती थीं, लेकिन अब पाकिस्तान को सबक सिखाया गया है और पूरी दुनिया ने भारत की ताकत देखी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका द्वारा 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद भी झुकने से इंकार कर देश की मजबूती का परिचय दिया है। समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश मिश्र ने किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि किसानों की हर समस्या के लिए समिति




हमेशा तत्पर है। सचिव आनंद प्रकाश दुबे ने समिति का इतिहास बताते हुए कहा कि समिति का पंजीकरण 4 दिसंबर 1936 को हुआ था। वर्तमान में समिति से जुड़े कुल 457 राजस्व ग्राम और 1,10,979 सदस्य हैं। इस समय 66,653 हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने की फसल खड़ी है। उन्होंने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में किसानों से खरीदे गए गन्ने का पूरा मूल्य भुगतान कर 54,233.49 लाख रुपये भेजा जा चुका है। दुबे ने बताया कि सर्वे सट्टा मेला 16 सितंबर से 10 दिनों तक समिति प्रांगण में आयोजित होगा, जिसमें किसान अपने सट्टे की त्रुटियों को सुधार सकते हैं। इसके अलावा, 30 सितंबर तक नए सदस्य बनाए जाएंगे और उपज बढ़ोत्तरी की रसीदें काटी जाएंगी। बैठक की अध्यक्षता समिति उपाध्यक्ष नत्थाराम ने की और संचालन संजय दीक्षित ने किया। इस अवसर पर समिति संचालक अवधेश सिंह, सरला देवी, समर बहादुर सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, वितेंद्र कुमार, मनीष कुमार, शैलेन्द्र कुमार, रामसेवक सिंह, संगीता देवी और अशोक कुमार त्रिवेदी का एसीडीआई राजदेव कपिल ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। बैठक में महेश मिश्र, महेन्द्र दत्त मिश्रा, उदित बाजपेई, विमला सिंह, अनुपम सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न



**सीतापुर।** कृषक उत्पादन संगठनों की जिला निगरानी समिति (डी०एम०सी०) की बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक, कृषि एवं विपणन अधिकारी, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सचिव मण्डी समिति, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के साथ ही जनपद के कृषक उत्पादन संगठनों के निदेशकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में उपस्थित कृषक उत्पादन संगठनों के निदेशकों से जनपद में कार्यरत एफ०पी०ओ के कार्यों के क्रियान्वयन तथा उनके उत्पादों के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के विषय में जानकारी दी गयी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा डेयरी एवं दुग्ध उत्पादन के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी गयी। सचिव मण्डी समिति द्वारा अवगत कराया गया कि लाइसेंस बनवाने सम्बन्धी समस्या का निराकरण तुरन्त किया जायेगा। उपकृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि धान्य फसलों के साथ औषधीय फसलों को अवश्य शामिल करें। जिलाधिकारी द्वारा इस पर विशेष रुप से धान व गेहूं की फसलों से हटकर डेयरी, मधुमक्खी पालन, मिलेट्स, ऑयल सीड प्रोसेसिंग पर कार्य करने के साथ ही वैल्यू एडिशन पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

## आत्मा कार्मिक वेलफेयर एसोसिएशन का गठन



**उन्नाव।** उप कृषि निदेशक डॉ रवि चन्द्र प्रकाश के नेतृत्व में आत्मा कार्मिक वेलफेयर एसोसिएशन संगठन का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शिव कुमार पाण्डेय को जिलाध्यक्ष चुना गया। राम सुमिरन को जिला सचिव एवं राम बहादुर को महामंत्री की जिम्मेदारी मिली। उप कृषि निदेशक कार्यालय पर आत्मा वेलफेयर कार्मिक बेल्फेयर कार्मिक एसोसिएशन का सर्व सम्मति से अध्यक्ष शिवकुमार पांडे, जिला सचिव राम सुमिरन, महामंत्री रामबहादुर, उपाध्यक्ष दीपक वर्मा, राधा कृष्ण बनाए गए। मंत्री शशिकेश चैहान, संगठन मंत्री हरिहर सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश वर्मा को बनाया गयो। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सतीश कुमार को मिली। संरक्षक संजय सिंह, अर्पित सैनी बनाए गए। सदस्य के लिए अमित गंगवार, देव प्रकाश, हरिपाल, मनोज कुमार, त्रिभुवन, रामपाल, सर्वेश गंगवार, सचिन कुमार को बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष शिव कुमार पाण्डेय ने कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वाह करेंगे ताकि कर्मचारियों के हितों की रक्षा की जा सके। उप कृषि निदेशक डॉ0 रवि चंद्रप्रकाश ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को आशीर्वाद देकर मन लगाकर कार्य करने की सलाह दी।

## संदिग्ध परिस्थितिमें मजदूर का शव मिला

**फतेहपुर चैरासी, उन्नाव।** हरियाणा में रहकर मेहनत मजदूरी करने वाले मजदूर का संदिग्ध परिस्थितियों में शव वहीं पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचा छोटा भाई शव लेकर घर वापस आ गया। थाना क्षेत्र के गांव चंदिका खेड़ा निवासी अनिल कुमार 42 वर्ष हरियाणा में रहकर मेहनत मजदूरी करता था। बुधवार की देर रात वह छत से नीचे आ गिरा। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कुछ दूरी पर रहने वाले छोटे भाई को सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंचा। जिसके बाद शव लेकर हरियाणा से घर आ गया। पिता रूपनारायण ने बेटे की हत्या की आशंका जताई है। मौत की खबर मिलते ही पत्नी नन्हकी व परिजनों में कोहराम मच गया।

## खाद की दुकान में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख



**महोली/सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चतुरैया में मंगलवार की रात उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के सेंटर पर स्थित खाद की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इस हादसे में दुकान के अंदर रखी खाद व कृषि योग्य दवाइयाँ पूरी तरह जलकर राख हो गईं। ग्रामीणों के अनुसार यह दुकान ह्यह्यबाबा बागेश्वर नाथ एग्रीक्लिनिकह्यह्य के नाम से संचालित होती है जो विनय कुमार अवस्थी पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम चतुरैया की है। पीड़ित ने बताया कि घटना 10 सितंबर की रात करीब 10 बजे हुई, जिसमें उसकी दुकान का लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। आग की सूचना पाकर मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और किसी तरह आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया लेकिन तब तक दुकान के अंदर रखा अधिकांश सामान जल चुका था। पीड़ित दुकानदार ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बाढ़ क्षेत्रों में कम भोजन के वितरण पर आयुक्त ने जतायी नाराजगी

**उन्नाव।** गंगा घाट के निरीक्षण के पश्चात आयुक्त रोशन जैकब ने प्राथमिक विद्यालय जानकी कुंड और आश्रय स्थल जानकी कुंड में बनाये गए राहत केंद्र में पहुँच कर राजस्व ग्राम परियर के मजरे माना बंगला, बाबू बंगला के विस्थापित परिवारों से सुविधाओं खाना, दवाओं का वितरण

**● लापरवाही पर लेखपाल को कड़ी फटकार लगायी**

बीमार व्यक्ति, पशुओं को भूसा बच्चों की पढ़ाई सहित अन्य दी जाने वाली महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं के सम्बंध में जानकारी ली। आयुक्त ने विस्थापित परिवारों को मुख्य मंत्री और प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने के लिये सर्वे कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



कुछ परिवारों की कम भोजन दिए जाने सम्बन्धी शिकायत पर खाना वितरण करने वाले ठेकेदार के कर्मचारी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की मौके पर न उपस्थित पाकर स्वयं फोन पर बातचीत कर कड़ी फटकार लगाई और तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिया। इसी प्रकार राहत केंद्रों में परिवारों के साथ लापरवाही के चलते क्षेत्रीय लेखपाल को कड़ी फटकार लगाकर तत्काल प्रभाव से प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिया। कहा परिवारों को खाना पूरा डोज के अनुसार दिया जाए कोई भी भूँखा न रहे। आयुक्त ने परिवारों के बच्चों को अलग से खिचड़ी दिए जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार परिवारों के बच्चों को शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्था और स्कूल में भेजने की व्यवस्था कराने के निर्देश उपजिलाधिकारी सदर को दिया। कहा कि कोई भी परिवार शिविर के बाहर रोड पर न रहे उसे राहत केंद्र में लाया जाये। आयुक्त ने कहा कि राहत केंद्र में पशुओं को पर्याप्त भूसा चारा दिया जाए इसमे कोई लापरवाही न हो राहत केंद्र में सभी व्यवस्थाएं दुरस्त होनी चाहिए। खाना वितरण करते समय भ्रमण कर परिवारों से बातचीत किया जाए पर्याप्त मात्रा में उन्हें राहत सुविधा मिले। पशुओं और परिवारों के स्वास्थ्य का बेहतर ध्यान दिया जाए मेडिकल टीम एक्टिव रहे सभी आवश्यक दवाएं रहनी चाहिए। इस अवसर पर आयुक्त ने प्राथमिक विद्यालय जानकी कुंड के राहत केंद्र में लगाये गए मेडिकल कैम्प का भी निरीक्षण कर सम्बन्धित डॉक्टर से जानकारी ली और सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिये। निर्देशित करते हुए कहा कि नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहें कहीं भी कोई प्रतिकूल परिस्थिति आती है तो तत्काल उसका निराकरण कराया जाए राहत केंद्रों में रह रहे परिवारों को कोई भी असुविधा न हो यह सुनिश्चित करें। आयुक्त महोदय ने परियर पहुंचने के पूर्व कोलवा के बाढ़ प्रभावित परिवारों से भी मिलकर सुविधाओं की जानकारी ली और सभी सुविधाएं दिलाये जाने के निर्देश उपजिलाधिकारी सदर को दिया।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सांसद ने राशन किट वितरित की



**पाटन उन्नाव।** तहसील बीघापुर उन्नाव के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र गढेवा ग्राम के बाढ़ प्रभावित परिवारों को राशन किट का वितरण किया गया। सांसद साक्षी महाराज व भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला द्वारा बाढ प्रभावित ग्रामो का भ्रमण किया गया। सम्बन्धित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये तथा बाढ चैकी गढेवा मे बाढ पीड़ित परिवारो को राशन किट वितरण किया गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी बीघापुर रणवीर सिंह व तहसीलदार गणेश सिंह व कानूनगो अजय सिंह व अनवार अहमद व लेखपाल संजीव पाण्डेय व आनंद सिंह व गौरव मिश्रा मौजूद रहे।

## आनंद कोल्ड स्टोरेज में आलू की बोरियां गिरने से मजदूर की मौत

**सीतापुर।** सिधौली कस्बा मिश्रिख मार्ग स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में काम कर रहे मजदूर की बुधवार देर रात दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कमलापुर थाना क्षेत्र के सराय गांव निवासी रामपाल 50 पुत्र जयराम कस्बा सिधौली स्थित आनंद कोल्ड स्टोरेज में पल्लेदारी का काम करता था। बताया जाता है कि देर रात जब वह आलू की बोरियां निकालने का काम कर रहा था। तभी अचानक बोरियों की छल्ली भरभरा कर उसके ऊपर गिर गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी मजदूरों ने तत्काल उसे कस्बे के ही हाईवे स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गुरुवार को कोल्ड स्टोरेज के संचालक भी मौके पर पहुंचे। कई घंटों तक परिजनों और संचालक के बीच वार्ता चली। किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किये जाने का आश्वासन लिया। इसके बाद परिजन शव को घर ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोग सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी को हादसे की वजह मान रहे हैं।

## ग्राम विकास अधिकारी निलंबित, हरगांव ब्लॉक परिसर का वीडियो हुआ था वायरल

**हरगांव/सीतापुर।** सरकारी कार्यालय में शराब, सिगरेट और जुए की महफिल सजाना ग्राम विकास अधिकारी को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो और अखबारों में खबर छपने के बाद प्रशासन हरकत में आया और ग्राम विकास अधिकारी बृजेश कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक वायरल वीडियो हरगांव विकास खंड कार्यालय परिसर स्थित सचिव कार्यालय का है, जहां खुलेआम शराब पीते, सिगरेट पीते, गाली-गलौज करते और ताश के खेल में हजारों रुपये के दाँव लगाते लोग दिखाई दे रहे थे। इस मामले में जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्त ने सख्त रुख अपनाते हुए आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि बृजेश कुमार सिंह का आचरण सरकारी सेवक की गरिमा और सेवा नियमों के विपरीत है। निलंबन अवधि में उन्हें खंड विकास कार्यालय खैराबाद से संबद्ध किया गया है। साथ ही, जांच की जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारी खैराबाद को सौंपी गई है और 15 दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। वायरल वीडियो में ग्राम प्रधान के पुत्र और शिक्षक वसीम भी दिखाई दे रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी शिक्षक होने के बावजूद वसीम का यह आचरण भी नियमों के विपरीत है, लेकिन अब तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे क्षेत्र में नाराजगी और सवाल खड़े हो रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम से हरगांव ब्लाक कार्यालय में हड़कंप मच गया है। कर्मचारी अब सतर्क हो गए हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं सरकारी दफ्तरों की छवि धूमिल करती हैं, इसलिए समय पर की गई यह सख्ती सराहनीय है।

# जिला जेल में निरूद्ध आजम से मिलने जेल पहुंचे अब्दुल्ला

जिला संवाददाता

सीतापुर। जिला जेल में निरूद्ध पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान से मिलने उनके बेटे अब्दुल्ला आजम गुरुवार दोपहर सीतापुर जेल पहुंचे। इस दौरान उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता युसुफ मलिक और अनवार हुसैन भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान अब्दुल्ला अपने पिता के लिए सब्जियों में लौकी, टमाटर सहित, मिठाईयां और अन्य आवश्यक सामान लेकर गए। मीडिया से बातचीत के दौरान अब्दुल्ला आजम ने कहा कि वह एक बेटे के तौर पर अपने पिता से मिलने आए हैं यह राजनीति का विषय नहीं है। उन्होंने पत्रकारों के राजनीतिक सवालों से भी किनारा किया और साफ किया कि उनकी प्राथमिकता सिर्फ पिता का हालचाल जानना है। बुधवार को डूंगरपुर मामले में अदालत से मिली जमानत पर अब्दुल्ला ने कहा कि कोर्ट ने तथ्यों को देखकर न्याय किया है। इसके लिए उन्होंने न्यायालय का आभार जताया। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामला फिलहाल कोर्ट में रिजर्व है जिस पर जल्द फैसला आने की संभावना है। अब्दुल्ला ने भरोसा जताया कि न्यायालय पर उन्हें पूर्ण



विश्वास है और बहुत जल्द उनके पिता जेल से बाहर आएंगे। उन्होंने कहा आप सभी दुआ कीजिए कि अब्बा जल्दी रिहा हों। इस दौरान अब्दुल्ला लगातार मीडिया से दूरी बनाए रखने की कोशिश करते रहे और किसी भी राजनीतिक बयान से परहेज किया। उन्होंने सिर्फ इतना दोहराया कि यह मुलाकात एक बेटे और पिता के रिश्ते की है, इसमें राजनीति को जोड़ना ठीक नहीं। करीब एक घंटे 13 मिनट तक मुलाकात के बाद जेल परिसर में मौजूद सपा कार्यकताओं ने भी आजम खान की रिहाई की उम्मीद जताई और कहा कि उनके बाहर आने से कार्यकताओं में उत्साह लौटेगा। गौरतलब है कि आजम खान लंबे समय से सीतापुर जेल में बंद हैं। उनकी कानूनी लड़ाई को लेकर पार्टी के नेता लगातार समर्थन जताते रहे हैं। वहीं, अब्दुल्ला आजम की मुलाकात को लेकर जेल प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं।

## सर्प दंश से मौत

**सीतापुर।** परसेंडी इलाके के गांव परसेंडी निवासी श्यामा देवी को बुधवार की रात सोते समय सांप ने काट लिया। परिवार को इस घटना की जानकारी नहीं हुई। अगली सुबह जब श्यामा देवी चाय पी रही थीं तब उन्हें निगलने में परेशानी हुई। परिवार ने तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान श्यामा देवी की मृत्यु हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। श्यामा देवी अपने पति घनश्याम गुप्ता के साथ परसेंडी में रहती थीं।

## एसपी ने कंधों पर लगाये स्टार, प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह व टीपी सिंह बने पुलिस उपाधीक्षक



**सीतापुर।** जिले के तंबौर प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह और टी.पी. सिंह को पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नति मिलने पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कंधे पर स्टार लगाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसपी अंकुर अग्रवाल ने दोनों अधिकारियों की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। कार्यक्रम के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षकध्क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री नेहा त्रिपाठी तथा प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइंस शिव बालक वर्मा भी मौजूद रहे। जब नए पुलिस उपाधीक्षक राकेश सिंह और टी.पी. सिंह कंधों पर स्टार और कैप लगाकर थाने पहुंचे तो स्थानीय लोगों और सहयोगियों ने उन्हें गर्मजोशी से बधाई दी। गुरुवार को पदोन्नति की खुशी में दोनों अधिकारियों ने लोगों को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया और सभी का आभार जताया।

# मांगें पूरी न होने पर शिक्षक सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे

जिला संवाददाता

**उन्नाव।** जिले से प्रदेश स्तर तक शिक्षक संगठनों के विरोध का असर अब सड़कों पर दिखाई दे रहा है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रभावित होने वाले शिक्षकों से लेकर शिक्षक संगठन

**● सांसद, विधायक को पीएसपीएसए ने ज्ञापन दिया**

तक कंधे से कंधा मिलाकर खड़े दिखाई दे रहे हैं। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला पदाधिकारियों ने अपनी बात उत्तर प्रदेश सरकार से लेकर दिल्ली तक पहुंचाने के लिए सांसद साक्षी महाराज, सदर विधायक पंकज गुप्ता, भगवंत नगर विधायक आशुतोष शुक्ल और जिला पंचायत अध्यक्षा का सहारा लेकर अपनी पूरी बात रखी। प्रधानमंत्री भारत सरकार और मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश को संबोधित ज्ञापन के माध्यम से जिलाध्यक्ष संजीव संखवार



और महामंत्री प्रदीप कुमार वर्मा ने टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता को लेकर उत्पन्न समस्याओं को जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों के सम्मुख बतलाई। संजीव ने उम्र की अधिकता, इंटर पास शिक्षकों के बीटीसी होने और बी एड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए टीईटी न कर सकने की समस्या बतलाई तो वहीं मंत्री प्रदीप ने पूर्व से नियुक्त शिक्षकों पर नए नियम थोपे जाने और 2017 के आदेश का गोपन किए जाने की बात कही। लंबे अनुभव के बावजूद आज की प्रतियोगी परीक्षाओं में शिक्षकों को जबरन बिठालकर उन पर दबाव को शिक्षक संगठन के महामंत्री ने अनुचित बतलाया। ज्ञापन को संज्ञान में लेकर सांसद साक्षी महाराज ने नियम संगत कार्यवाही की बात करते हुए पीएमओ कार्यालय को कवरिंग लेटर बना कर भेजने की बात कही तो सदर विधायक पंकज गुप्ता ने शिक्षकों की पीड़ा समझी किंतु इसे पॉलिसी मैटर कहते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचाने को आश्वस्त किया। भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ल ने शिक्षकों की पीड़ा को समझते हुए सरकार द्वारा इस मुद्दे पर जल्द कोई ठोस कार्यवाही करवाने की बात कही। जिला पंचायत कार्यालय में भी शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देते हुए शिक्षकों के हित में निर्णय लेने जाने की बात कही गई और यह भी चेताया कि तथ्य गोपन कर ऐसे जटिल आदेश में सुधार न कर यदि शिक्षक हित में उचित निर्णय न लिए गए तो प्रदेश के शिक्षक प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह और आशुतोष मिश्र के निर्देशन में सड़कों पर उतरने को बाध्य होगा। शिक्षकों में अध्यक्ष एवं मंत्री सहित वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव दर्शन वर्मा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, संरक्षक नरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष मनोज पटेल, संगठन मंत्री अतुल साहू, मीडिया प्रभारी राजदीप भटनागर, ललित कुमार, हरिकिशोर एवं सौरभ वैश्य आदि उपस्थित रहे।

## शारदा नदी कटान से उग्र हुए ग्रामीण, तम्बौर रेउसा मोड़ पर लगाया जाम



**तम्बौर/सीतापुर।** शारदा नदी में तेज हो रहे कटान से परेशान लखनीपुर गांव के ग्रामीण गुरुवार को उग्र हो उठे। उन्होंने तम्बौर के रेउसा मोड़ पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगाकर जाम किया और तीन घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। गांव के सैकड़ों ग्रामीणों के साथ कटान रोको संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी व महिलाएं भी प्रदर्शन में शामिल हुईं और जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप था कि लगातार कटान से खेत और घर संकट में हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। मामले की जानकारी पर सीओ लहरपुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद ग्रामीणों की मांग पर एसडीएम लहरपुर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता के साथ धरना स्थल पहुंचे। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि कटान की समस्या गंभीर है। प्रभावित किसानों को शीघ्र ही मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने ग्रामीणों के साथ कटान स्थल का निरीक्षण किया और सिंचाई विभाग को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। फिलहाल नदी की रफ्तार कम नहीं हुई है। एक ओर सिंचाई विभाग कार्य करवा रहा है, वहीं दूसरी ओर शारदा नदी लगातार गांव को काट रही है। लखनीपुर गांव की स्थिति पर संकट गहराता जा रहा है, अब देखना होगा कि विभागीय प्रयास कितने कारगर साबित होते हैं।

संक्षेप

## तमंचा सहित दो चोर गिरफ्तार, माल बरामद

**बांदा।** कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी करने वाले 2 अंतर्जनपदीय आरोपियों को अवैध असलहा व चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के चलते लगातार कार्रवाई हो रही है। कोतवाली नगर क्षेत्र के मवई गांव निवासी जयकिशन सिंह ने 10 सितम्बर को घर में अज्ञात चोरों के चोरी करने के बारे में सूचना दी थी। कोतवाली पुलिस ने अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की थीं। कोतवाली नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरूवार को कृषि विश्व विद्यालय पेट्रोल पंप के पास पुलिया से आरोपी राम कुमार अहिरवार पुत्र घसीटा निवासी ग्योड़ी थाना खन्ना, मूलचंद अहिरवार पुत्र बेटू अहिरवार निवासी अम्बेडकर नगर, गौहारी थाना कबरई जनपद महोबा को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा, कारतूस, स्टेपनी, ट्रक का रिम व मोटरसाइकिल बरामद की है।

## मरीज से दुर्व्यवहार, प्राचार्य ने दिए जांच के आदेश

**बांदा।** रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में महिला मरीज के साथ दुर्व्यवहार किए जाने पर पीड़िता ने प्राचार्य से मामले की शिकायत की। प्राचार्य डॉ सुनील कुमार कौशल ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है। जांच टीम डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी करेगी और एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी। हमीरपुर जिले की निवासिनी महिला बीते दिनों दांतों की सफाई के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंची थी। डॉक्टर निधि ने सरकारी फीस जमा करने को कहा। महिला फीस जमा करने के बाद ओटी में पहुंची।

जूनियर डॉक्टर स्नेहलता ने गुटखा खाने का हवाला देते हुए दांत साफ करने से मना कर दिया। महिला ने इसकी शिकायत प्राचार्य से की। प्राचार्य के हस्तक्षेप पर जूनियर रेजिडेंड डॉक्टर सूरज राज ने महिला से अभद्रता शुरू कर दी। महिला के विरोध करने पर डॉक्टर ने उसे मारने के लिए दौड़ा लिया। महिला ने भाग कर प्राचार्य से शिकायत की। प्राचार्य ने सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद जांच टीम का गठन किया है। प्राचार्य डॉ सुनील कौशल का कहना है कि मरीजों के साथ इस तरह का दुर्व्यवहार बर्दास्त नही किया जाएगा। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# खेल प्रतियोगिताओं में बालक-बालिकाओं का अधिकतम पंजीकरण करायें: सांसद



**ललितपुर।** सांसद खेल महोत्सव-2025 के अन्तर्गत ग्रामीण स्तर से उदीयमान बालक-बालिका खिलाड़ियों की खेल प्रतिभाओं को पूरे देश में उभारने एवं फिट इण्डिया का संदेश हर घर तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य के साथ संभी संसदीय क्षेत्रों में 29 अगस्त से 25 दिसम्बर तक ह्लसांसद खेल महोत्सव-2025ह्ल का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत ललितपुर में ग्राम-ब्लॉक स्तर पर विभिन्न 08 खेलों यथा-कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, एथलेटिक्स, वालीवाल, फुटबाल, बैडमिन्टन एवं शतरंज के साथ-साथ अन्य खेलों का आयोजन भी होगा। इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक बालक-बालिका प्रतिभागियों ( आयु 14 वर्ष से 29 वर्ष तक ) का पंजीकरण कराये जाने हेतु आज गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में सांसद झाँसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र अनुराग शर्मा ने जनपद के शासकीय, गैर शासकीय माध्यमिक एवं महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों व बेसिक, माध्यमिक, महाविद्यालयों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राज्य मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन विभाग उ0प्र0 मनोहर लाल पंथ, अध्यक्ष, जिला पंचायत कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष, भा.ज.पा. हरीशचन्द्र रावत, वरिष्ठ भा.ज.पा. कार्यकर्ता अतुल शर्मा की उपस्थिति रही। बैठक में अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी रेखा रावत सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। वहीं झाँसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र में आयोजित होने जा रहे सांसद खेल महोत्सव की तैयारियाँ पूरे उत्साह और जोश के साथ चल रही हैं।

- विद्यालयों और कॉलेजों के प्रधानाचार्यों से सांसद ने की अपील अधिक से अधिक छात्र करें रजिस्ट्रेशन

इस महोत्सव का उद्देश्य संसदीय क्षेत्र की छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना है। इसी लक्ष्य को लेकर क्षेत्र के सांसद श्री अनुराग शर्मा निरंतर प्रयासरत हैं और लगातार जनपद के अधिकारियों, शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों एवं खेल अधिकारियों के साथ संवाद स्थापित कर रहे हैं। कलेक्ट्रेट सभागार, ललितपुर में आयोजित बैठक में सांसद श्री अनुराग शर्मा ने जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों, विभिन्न विद्यालयों और इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों एवं क्रीड़ा अध्यापकों के साथ विस्तार से चर्चा की। बैठक में यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि संसदीय क्षेत्र का कोई भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी इस खेल महोत्सव से वंचित न रह जाए। सांसद श्री शर्मा ने कहा खेल महोत्सव सिर्फ एक आयोजन नहीं बल्कि यह प्रतिभाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का सुनहरा अवसर है। हर बड़ा खिलाड़ी अपनी यात्रा एक छोटे से स्थान से शुरू करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि संसदीय क्षेत्रों से निकलने वाली प्रतिभाएँ देश का नाम रोशन करें। यह हमारी जिम्मेदारी है कि अपने विद्यालयों और संस्थानों से जुड़े प्रत्येक प्रतिभावान छात्र-छात्रा को इस मंच से जोड़ा जाए। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों और शिक्षण संस्थानों से आह्वान किया कि वे अपने विद्यालयों से खेलों में विशेष रुचि और क्षमता रखने वाले छात्रों का नामांकन कराएँ। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएँ पंजीकरण कर इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनें।

## जुआ-शराब के कारोबारियों पर कुर्की की कार्यवाही शुरू

**ललितपुर।** जिले में व्यापक स्तर पर जुआ के काले कारोबार को करने वाले चर्चित अभियुक्त गैंगलीडर एवं शराब का अवैध व्यापार करके रुपये अर्जित करने के प्रकरण में जिला मजिस्ट्रेट के आदेश व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश पर कुर्की की कार्यवाही शुरू की गयी है। एसपी ने बताया कि सुनील कुमार जैन के खिलाफ गैंगस्टर धारा 14 ( 1 ) के तहत अपराध के जरिए अर्जित की गयी सम्पत्ति की कुर्की की जा रही है। बताया कि इनकी घर, मकान, वाहन की अनुमानित कीमत करीब 42 लाख रुपये के आसपास है। इसकी बाजारी मूल्य अधिक भी हो सकता है। इसके अलावा शराब माफिया हैं, अवैध शराब की बिक्री का कारोबार करने वाले विनोद राय के खिलाफ भी गैंगस्टर की कार्यवाही हुयी थी। इनकी भी अपराध से अर्जित सम्पत्ति कुर्क की जा रही है, जिसकी कीमत अनुमानित 14-15 लाख के आसपास है, जिसमें वाहन और मकान को कुर्क किया जा रहा है। वहीं घनश्याम राय द्वारा अपराध करके अर्जित की गयी चल/अचल सम्पत्ति जिसकी अनुमानित लागत 12 लाख रुपये है को भी कुर्क किया जा रहा है। वहीं रवीन्द्र राय की 23 हजार रुपये कीमत की मोटर साइकिल को भी कुर्क किया गया है।

## पुलिस को चकमा देकर हत्या के आरोप में फरार चल रही शातिर रिहाना गिरफ्तार



**बिजनौर।** हत्या के मुकदमें में तीन माह से अधिक समय से फरार चल रही शातिर महिला रिहाना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकडी गई आरोपी महिला का चालान कर उसे जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना चांदपुर क्षेत्र के ग्राम बहमनशोरा निवासी इकबाल पुत्र इंतजार ने थाना चांदपुर में तहरीर देकर बताया था कि सन्जाद, इस्लाम पुत्रगण मुतियार एंव रिहाना पत्नी इस्लाम और तीन अज्ञात लोग उनके घर में घुस आए और आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए इकबाल, उसके पिता इंतजार और अन्य परिजनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान सन्जाद ने डंडे से उसके पिता इंतजार के सिर पर हमला कर दिया जिससे इंतजार की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 19 मई को अभियुक्त इस्लाम पुत्र मुतियार को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया था जबकि 22 मई को अभियुक्त सन्जाद पुत्र मुतियार ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया था। घटना के समय से तीसरी हत्यारोपी महिला रिहाना पुलिस को चकमा देकर फरार चल रही थी। हत्यारोपी महिला रिहाना का परिवार उसे बचाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बीती रात्रि आरोपी शातिर महिला रिहाना को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकडी गई आरोपी महिला रिहाना का चालान कर उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जसवीर सिंह, महिला उपनिरीक्षक अल्पना एंव कांस्टेबल रजनीश शामिल रहे।

## 3 डूबे, 1 बच्चे का शव बरामद, 2 की तलाश जारी



**धामपुर, बिजनौर।** नहर में बुधवार की शाम डूबे एक युवक सहित दो किशोर की तलाश मे एनडीआरएफ व गोताखोरो की मदद से गुरुवार की सुबह एक बच्चे सीनू ( 11 वर्ष ) पुत्र विकास उर्फ काले का शव नहर से बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद कार्रवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना शेरकोट क्षेत्र के मोहल्ला निकम्माशाह निवासी छोटू ( 19 वर्ष ) पुत्र चीनी, सीनू ( 11 वर्ष ) पुत्र विकास उर्फ काले और रौनक ( 13 वर्ष ) पुत्र पवन अपने साथियों के साथ लकड़ी बीनने नदी किनारे गए थे। बताया जाता है कि छोटू, सीनू और रौनक नहाने के लिए नदी में उतर गए, जबकि उनके साथी किनारे पर ही रहे। अचानक शोर सुनकर उनके साथी नदी की ओर भागे तो तीनों को डूबते देखा। घटना की सूचना पाकर मौके पर उपजिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, एसपी पूर्वी ए0के0 श्रीवास्तव, सीओ धामपुर अभय कुमार और नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी पहुंच और एक बच्चे का शव बरामद किया गया। घटना से तीनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है। गुरुवार को भी नदी में डूबे अन्य बच्चो की तलाश जारी रही।

# यातायात नियमों के पालन को जागरूकता अभियान



**बांदा।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और इससे होने वाली अपूर्णीय क्षति को कम करने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरूवार को सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी यातायात मेविस टॉक ने यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। उन्होने शहर के बाबूलाल चैराहा में जीआईसी स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। जागरूकता अभियान के तहत रैलियों और नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी यातायात ने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नियमों का पालन करना बेहद आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को नियमों का पालन करते हुए दुर्घटना में कमी लाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होने कहा कि नशे की हालत में वाहन नही चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नही करना चाहिए साथ ही दो पहिया वाहन पर दो ही लोगों को बैठना चाहिए। इस दौरान सीओ यातायात ने सड़कों पर यातायात नियमों का पालन न करने वाले लोगों को जागरूक किया और नियमों का पालन करने की कड़ी चेतावनी दी। इस दौरान सामाजसेवी सुनील सक्सेना ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

# रोजगार परक योजनाओं में सहयोग न करने वाले शाखा प्रबंधकों पर होगी कार्रवाई: डीएम



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने एलडीएम को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत 30 सितंबर, 2025 तक जिन बैंकों द्वारा कम से कम दो लाभार्थियों को ऋण वितरित नहीं कराया गया, उनको चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करना सूचित करें।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में डीएलआरसी एवं डीसीसी की चतुर्थ त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए बैठक में स्पष्ट करते हुए कहा कि जो भी बैंकर्स शासन द्वारा संचालित रोजगार परक योजनाओं में अपेक्षित सहयोग नहीं करेंगे उनके शाखा प्रबंधकों को जिले में नहीं रहने दिया जाएगा। सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि ऋण योजना के अन्तर्गत रोजगार परक योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ऋण जमा अनुपात की समीक्षा करते हुए पाया कि इंडियन बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ोदा सहित छः बैंक शाखाओं द्वारा राष्ट्रीय लक्ष्य 60 प्रतिशत के सापेक्ष 40 प्रतिशत से भी कम की प्रगति की गई है।

उन्होंने प्रत्येक बैठक में बैंक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाने के बावजूद भी उक्त ऋण जमा अनुपात कार्य में सुधार न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को संबंधित बैंकों के शाखा प्रबंधकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने एलडीएम को यह भी निर्देश दिए कि जिले के सभी सीमावर्ती ग्रामों का निरीक्षण करें और आबादी के निर्धारित मानक के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर बैंक शाखाएं अथवा बैंकिंग आउटलेट की स्थापना तथा सीएम युवा उद्यमी योजना, पीएम सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित अन्य रोजगार परक योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा करते हुए पाया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिले में 1700 के लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान तक 1786 आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए, इनमें से 548 स्वीकृत आवेदनों में से 509 पर ऋण वितरण किया जा चुका है, 607 आवेदन स्वीकृत के लिए तथा 140 आवेदन ऋण वितरण के लिए लंबित हैं, जबकि 903 आवेदन निरस्त किए गए हैं। योजना अंतर्गत 439 ऋण खातों में रुपए 197.62 लाख मार्जिन मनी के रूप में क्लेम भी किए गए।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और छात्राओं को किया जागरूक



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा सम्मान हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में जनपद के अन्य थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा भी अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया और शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं महिला सुरक्षा से जुड़ी सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पम्पलेट वितरित कर हेल्पलाइन नम्बरों का प्रचार प्रसार किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें उनके अधिकारों से संबंधित प्रमुख कानूनी प्रावधानों, गुड टच बैड टच, साइबर अपराध से बचाव एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1090 विमेन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन की जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और हर परिस्थिति में उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है।

# टीकाकरण सारिणी के अनुसार समय से लगवायें टीके: सीएमओ

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** सी.एम.ओ कार्यालय सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर डॉ0 इम्तियाज अहमद की अध्यक्षता मे नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत ललितपुर जनपद की समस्त राजकीय प्रसव इकाइयो पर जन्मे बच्चो के बर्थडोज वैक्सीनेशन को यूविन पोर्टल पर अपडेट किये जाने हेतु स्टाफ नर्सो के रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि सभी प्रसव केन्द्रो पर जन्म के तुरन्त बाद बर्थडोज टीकाकरण किया जाना एवं टीकाकरण उपरान्त यूविन पोर्टल पर एन्ट्री करना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होने सभी से टीकाकरण सारणी के अनुसार समय से टीके लगवाने की अपील की। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 शिवप्रकाश ने यूविन पोर्टल पर एन्ट्री करने के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। उन्होने बताया कि टीकाकरण कई जानलेवा बीमारियो से बचाता है। उन्होने बताया कि दिनांक 11 सितम्बर को ब्लॉक बार, बिरधा, जखौरा, महरौनी, एवं दिनांक 12 सितम्बर को तालबेहट, मडावरा, नेहरूनगर, गोविन्द नगर एवं जिला चिकित्सालय ललितपुर की स्टाफ नर्सो का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ0 सौरभ सक्सेना ने राष्ट्रीय टीकाकरण सारणी के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि इस प्रशिक्षण से टीकाकरण के रिकॉर्ड को डिजिटलाइज करने मदद मिलेगी। मण्डलीय यूविन कॉर्डिनेटर शिवेन्द्र एव वी.सी.सी.एम यू.एन.डी.पी कहकशा सिद्दीकी ने पावर पॉइन्ट प्रिजेन्टेशन के माध्यम से यूविन पोर्टल पर एन्ट्री का प्रदर्शन किया। बैठक के दौरान डिप्टी सी.एम.ओ डॉ0 प्रदीप सिह यादव, डी.एम.सी.यूनिसेफ सवा परवीन, सी.एम.ओ कार्यालय का स्टाफ एवं विभिन्न ब्लॉको से आई स्टाफ नर्स आदि मौजूद रहे।

- रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 17 से

ललितपुर। महिलाओं का स्वास्थ्य परिवार के सशक्तिकरण, समुदाय एवं राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका है। जिसके क्रम में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गाँधी जयन्ती तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित पोषण माह के साथ समन्वय करते हुए आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत प्रदेश में समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों ( सीएचसी ) एवं अन्य स्वास्थ्य इकाईयों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिसमें विशेषज्ञ सेवाएं भी शामिल हैं। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों में उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच, किशोरियों और महिलाओं के लिए एनीमिया की जांच, परामर्श एवं उपचार, उच्च जोखिम वाली महिलाओं के लिए टी0बी0 की जांच आदि शामिल हैं। 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस ( एन0वी0बी0डी0डी0 ) है, जिसके अन्तर्गत एक मेगा कैंप आयोजित किया जायेगा।

प्रसव पूर्व देखभाल ( ए.एन.सी. ) जांच एवं परामर्श के साथ एम.सी.पी. कार्ड का वितरण, बच्चों के लिए टीकाकरण सेवाएं, किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के सम्बन्ध में जागरूक किया जायेगा। इसके लिए ग्राम स्तर, ब्लाक स्तर, जनपद स्तर पर जागरूकता रैली, स्कूलों में जागरूकता सत्र एवं अन्य गतिविधियाँ आयोजित की जायेगी। उन्होंने अभियान की सफलता हेतु सभी से सहयोग की अपील की।

## मांगों को लेकर शिक्षक संघ ने पीएम, शिक्षामंत्री को भेजा ज्ञापन



**बांदा।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर प्रधानमंत्री व मानव संसाधन विकास मंत्री, शिक्षामंत्री को जिलाधिकारी की मार्फत ज्ञापन सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में शिक्षक, शिक्षिकाएं कलेक्ट्रेट पहुंचकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सेवारत शिक्षकों जिनकी सेवा अवधि 5 वर्ष से अधिक है, उन्हे शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के दिए गये आदेश को अध्यादेश लाकर संशोधित करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि आदेश के अन्य भाग में 23 अगस्त 210 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त करने की बात की गयी है। सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश में यह भी कहा है कि शिक्षा अधिकारी अधिनियम तथा संशोधित अधिनियम 10 अगस्त 2017 के अनुसार देश के सभी बेसिक शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा पास किया जाना है। इन स्थितियों में देश व प्रदेश के बेसिक शिक्षक नौकरी जाने के भय से बेहद परेशान हैं।

जबकि सेवारत बेसिक शिक्षकों को निर्धारित सेवा शर्तों और योग्यता को पूर्ण करते हुए नियुक्त किया गया था। इस आदेश से उत्तर प्रदेश में ही लगभग 4 लाख शिक्षक और उनके परिवार प्रभावित होंगे साथ ही सेवा के अंतिम पड़ाव पर आयु अधिक होने के कारण किसी परीक्षा से गुजरना शिक्षकों के लिए बेहद कठिन होगा। संघ का यह भी कहना है कि सर्वोच्च अदालत के आदेश पर मानक न पूरा करने की स्थिति में लाखों शिक्षकों के परिवार बेघर और भुखमरी की कगार पर आ जाएंगे। संघ ने मांग की है कि अध्यादेश लाकर कानून में संशोधन कर शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त कर देश के करीब 40 लाख परिवारों की रक्षा करें। इस दौरान संघ के महामंत्री आदित्य प्रकाश द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजवीर सिंह, कोषाध्यक्ष केतराम पाल, उपाध्यक्ष आलोक यादव, सभी ब्लाक अध्यक्ष व महामंत्री, अटेवा के वीरेन्द्र पटेल, निरंजन चक्रवर्ती प्राथमिक शिक्षक संघ महिला अध्यक्ष सुधा प्रजापति, अखिलेश यादव, रविकांत सैनी, डीसी श्रीवास्तव, जयनारायण श्रीवास व सैकड़ों शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। शिक्षकों ने टीईटी वापस लो के नारे लगाए। संचालन महामंत्री आदित्य प्रकाश द्विवेदी ने किया।

## शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन संभव: विधायक

ललितपुर। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित गुरु गौरव सम्मान समारोह में पहली बार शहर के 1350 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एवं शिक्षक विधायक मानसिंह यादव रहे।

इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि उ.प्र.प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रांतीय पदाधिकारी शकुंतला कुशवाहा, एएसपी कालू सिंह, बीईओ नगर नीतू वर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक कैलाश नारायण डयोढि, संतोष तिवारी तथा श्रीवर्णी जैन इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार श्रीवास्तव, गन्दर्भ सिंह राजपूत एवं ज्योति सिंह राजपूत उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा गुरु ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। यदि समाज को सशक्त और राष्ट्र को महान बनाना है तो गुरुजनों का सम्मान करना होगा। शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन संभव है और ऐसे आयोजनों से शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है। उन्होने कहा कि एसोसिएशन द्वारा आयोजित गुरू गौरव सम्मान कार्यक्रम में आकर आपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से शिक्षकों में रोष

ललितपुर। उ.प्र. जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष पं.योगेश त्यागी के आह्वान पर महामंत्री नारायण दास के नेतृत्व में प्रधानमंत्री व मानव संसाधन विकास मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए प्रेषित किया गया। ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 01 सितंबर 2025 को शिक्षक पात्रता परीक्षा के विषय में देश के बेसिक शिक्षकों के सम्बंध में दिए गए निर्णय पर अध्यादेश लाकर संशोधित किये जाने की मांग उठायी गयी। बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सेवारत शिक्षकों को जिनकी सेवा अवधि 05 वर्ष से अधिक है। उनको शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के आदेश दिए गए हैं। जबकि उसी आदेश में 03 सितंबर 2001 तक के नियुक्त शिक्षकों को मुक्त किये जाने की बात कही गयी है। साथ ही आदेश के अन्य भाग में 23 अगस्त 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त की बात की गई है। साथ ही आदेश में यह भी कहा गया है कि शिक्षा अधिकार अधिनियम तथा संशोधित अधिनियम 10 अगस्त 2017 के अनुसार देश के सभी बेसिक शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण किया जाना है। इन स्थितियों से देश तथा उत्तर प्रदेश का बेसिक शिक्षक नौकरी जाने के भय से परेशान एवं अवसाद ग्रस्त हो रहा है। जबकि देश तथा प्रदेश में सेवारत सभी बेसिक शिक्षक तत्समय विभाग द्वारा निर्धारित सेवा शर्तों एवं योग्यता को पूर्ण करते हुए नियुक्त किया गया था।

शिक्षक पात्रता परीक्षा एनसीटीई द्वारा 23 अगस्त 2010 को अधिसूचना जारी की गई एवं शिक्षा अधिकार अधिनियम 2011 में लागू किया गया। ऐसी स्थिति में उपरोक्त अधिसूचनाओं के पूर्व नियुक्त शिक्षको को शिक्षक पात्रता परीक्षा में लाना उचित नहीं है। ऐसी स्थिति में जब 23 अगस्त 2011 के पूर्व नियुक्त बेसिक शिक्षक शिक्षक पात्रता परीक्षा में निर्धारित शर्तों के अनुसार आवेदन ही नहीं कर सकेगें तो फिर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन किस प्रकार सम्भव हो सकेगा। देश के लगभग 40 लाख तथा उत्तर प्रदेश के करीब 04 लाख बेसिक शिक्षको को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा और भुखमरी की कगार पर पहुंच जायेंगे। शिक्षकों ने प्रधानमंत्री से 23 अगस्त 2011 के पूर्व तत्समय निर्धारित आहर्ता को पूर्ण करते हुए नियुक्त शिक्षकों को अध्यादेश लाकर कानून में संशोधन कर शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त कर देश के लगभग 40 लाख परिवारों की रक्षा करने की मांग उठायी। इस दौरान जिलाध्यक्ष नीरज कुमार चतुवेर्दी, महामंत्री नारायण दास, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार तिवारी, जिला मंत्री प्रमोद सैनी, जिला मीडिया प्रभारी दीपक नामदेव, रमेशचंद्र, धर्मेन्द्र उपाध्याय, वेदराम प्रजापति, प्रदीप मिश्रा, अनूप दुबे, महेश वर्मा, राजीव बाजपेई, यासीन खा, राजेश जायसवाल, जसबन्त सिंह, संजीव त्रिपाठी, प्रदीप सोनी, हरिशंकर सोनी, सुनील कुमार, पुष्पेन्द्र रावत, राजपाल सिंह तोमर, महेश चैहान, कमलाकांत राही, धर्मेन्द्र पुरोहित, पार्थसारथी गोस्वामी, चन्द्रभूषण तिवारी, महेश साहू, राजाभैया गौतम, रावेन्द्र यादव, राघवेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# प्रबुद्धजनों के साथ परिचर्चा, विचारों का आदान-प्रदान




**बांदा।** विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के तहत गुरूवार को सभी प्रबुद्धजनों, शिक्षाविद्, छात्रों के साथ संवाद एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महिला डिग्री कालेज में हुआ। प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पंधारी यादव ने कहा कि विकसित भारत शताब्दी संकल्प 2047 की कार्य योजना में सभी भागीदार हों। सुझाव आमंत्रित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होने कहा कि भारत एवं प्रदेश को विकसित राष्ट्र व विकसित प्रदेश बनाने के लिए सभी अपने विचार और सुझाव क्यू आर कोड स्कैन कर साझा करें। कहा कि सभी लोगों का विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होने कहा कि देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार हुआ है और उत्तर प्रदेश की ग्रोथ में काफी प्रगति हुई है। कृषि वैज्ञानिक डॉ श्याम सिंह ने कहा कि प्रदेश यदि कृषि क्षेत्र में अग्रणी होगा तो विकास की धारा में वृद्धि होगी। कहा कि जीडीपी की वृद्धि दर में कृषि का योगदान महत्वपूर्ण है। सेवानिवृत्त प्रोफेसर रामचंद्र ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश बनाने के लिए महिला शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिए जाने और आर्थिक, सामाजिक समानता के बारे में बल देते हुए कहा कि अनेक क्षेत्रों में देश व प्रदेश में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रोफेसर यू के त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश को विकसित बनाने के लिए युवाओं को सजगता के साथ अपने महत्वपूर्ण सुझावों को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अवश्य बताना चाहिए। पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय ने कहा कि शिक्षित होने के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें और समय का सदुपयोग करें। डीएम जे0 रीभा ने कहा कि विकसित भारत एवं प्रदेश बनाने के लिए जो सुझाव मिले हैं वह काफी महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शमीम बानो, प्राचार्य दीपाली गुप्ता, जिला विकास अधिकारी व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक भटकाव

भारत का पड़ोसी, मित्र, सजातीय और रोटी-बेटी के रिश्ते वाला देश नेपाल आज जिस संकट के दौर से गुजर रहा है उसके लिए नेपाल के लोग जिम्मेदार नहीं हैं। नेपाल का असली संकट उसका सांस्कृतिक भटकाव है। नेपाल के कम्यूनिस्टों ने साजिश कर नेपाल को उसकी सांस्कृतिक परंपरा और आध्यात्मिकता से दूर किया। भारत के कम्यूनिस्टों ने और पूर्व में भारत की सरकार में रहे कुछ सनातन विरोधी तत्वों ने नेपाली कम्यूनिस्टों की साजिश में उनका साथ दिया। आज इसी साजिश के कारण नेपाल जल रहा है। नेपाल को इस बर्बादी तक पहुंचाने वाला ओली भाग गया है। देश की कमान फिलहाल सेना के हाथ में है। सैकड़ों वर्षों से हिंदू राष्ट्र के रूप में स्थापित यह देश जब कम्युनिस्टों के हाथ आया तो इसे सेक्युलर का दर्जा दे दिया गया। कम्युनिस्टों ने सत्तर के दशक से ही यहां की राजनीति में दस्तक देना शुरू कर दिया था। महाराजा बीरेंद्र वीर विक्रम शाह देव ने 1972 से 2001 तक यानी मृत्यु तक यहां शासन किया था। उस साल उनके पूरे परिवार की हत्या कर दी गई थी। उनके निधन के बाद उनके छोटे भाई ज्ञानेंद्र को महाराजा बनाया गया,



**पड़ोसी नेपाल में कम्युनिस्टों ने गहरी साजिश के तहत नेपाल को उसकी सांस्कृतिक चेतना से अलग-थलग कर दिया।**

लेकिन वह बहुत अलोकप्रिय हो गये और माओवादियों ने विद्रोह कर दिया। नेपाल राजशाही राज्य से एक लोकतांत्रिक राष्ट्र बन गया और सत्ता कम्युनिस्टों के हाथ में चली गई। भारत-चीन के संबंधों में आम तौर पर तटस्थ रहने वाला यह देश चीन का पिछलग्गू बनने लगा। कम्युनिस्ट पार्टी के शीर्ष नेता प्रचंड और केपी शर्मा ओली दोनों चीन की लाइन पर चलते थे। प्रधानमंत्री ओली की चीन परस्ती और कार्यशैली से सभी निराश होने लगे थे। उनका व्यवहार एक डिक्टेटर की तरह होने लगा। उनके पास नेपाल की समस्याओं के हल का कोई उपाय नहीं था। वह बात-बात में चीन पहुंच जाते थे और वहां से निर्देश लेते थे। चीन के इशारे पर ही उन्होंने भारत से विवाद बढ़ाया और लिपूलेख, कालापानी तथा लिम्पियाधुरा को नेपाल का क्षेत्र घोषित कर दिया। इतना ही नहीं, ओली ने तो इन्हें अपने झंडे में स्थान भी दिया। इससे दोनों देशों के संबंधों में खटास आ गई। लेकिन भारत से विवाद बढ़ाने की ओली साजिश ज्यादा दिन नहीं चली। लोगों को रोटी, रोजगार की जरूरत थी जबकि ओली उनको भारत के साथ विवाद बेच रहा था। धीरे धीरे जनता कम्यूनिस्टों की साजिश को समझ गयी और फिर सड़कों पर उतर कर उनको सत्ता से खदेड़ दिया। लेकिन इसके साथ ही नेपाल में अस्थिरता और अराजकता चरम पर पहुंच गयी है। वैसे नेपाल अस्थिरता के लिए जाना जाता है। सेक्युलर बनने के बाद नेपाल में 13 बार प्रधानमंत्री बदले गये। तीन नेता देउबा, प्रचंड और ओली बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनते रहे। राजनीतिक उठापटक जारी रही और देश आर्थिक रूप से कमजोर तथा गरीब हो गया जहां रोजगार के रास्ते लगभग बंद हो गये। हिमालय की गोद में होने के कारण यह पर्यटन का बड़ा केन्द्र है, लेकिन माओवादियों द्वारा बड़े पैमाने पर खून-खराबा करने से यहां विदेशियों का आगमन घटता गया जिससे वहां रोजगार पर असर पड़ा। लोगों में निराशा और हताशा बढ़ने लगी। बड़े पैमाने पर युवा वर्ग बेरोजगारी का दंश झेलने लगा क्योंकि सरकारी नौकरियां नहीं के बराबर थीं। कुछ भारतीय उद्योगपतियों ने सीमावर्ती इलाकों में अपने संयंत्र स्थापित कर रखे थे जिनमें कम्युनिस्ट आंदोलन करवाते रहते थे। चीन जो नेपाल का सबसे बड़ा पथ प्रदर्शक बना, उसने सिर्फ सत्ता में दखल दी, भारत के खिलाफ भड़काया और अपना हित साधता रहा। वैसे भी चीन जिस देश में पैर रखता है उसको बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ता। उसने नेपाल में अपने उत्पादों का ज्यादा से ज्यादा निर्यात करने के अलावा कुछ नहीं किया। चीन से बड़े पैमाने पर निर्यात के कारण नेपाल के लघु उद्योग बैठ गये। इससे बेरोजगारी, निराशा, महंगाई, युवा आक्रोश बढ़ा और यह स्थिति आयी। अब नेपाल को स्थिरता, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक चेतना के साथ शांति, समृद्धि और विकास की राह पर आगे बढ़ना चाहिए।

## विचार

जिस तरह पानी को कोई जल, कोई आब, कोई वाटर कहते हैं, उसी तरह एक ही सच्चिदानन्द परमेश्वर को कोई अल्लाह, कोई हरि, कोई गुरु, कोई गॉड कहकर पुकारते हैं।

–रामकृष्ण परमहंस.

जो भलाई से प्रेम करता है, वह देवताओं की पूजा करता है, अनादरणीय प्राणियों का सम्मान करता है और ईश्वर के निकट रहता है।

–इमर्सन.

जिंदगी में जिसे धीरज है और जो कभी मेहनत से नहीं घबराता, कामयाबी उसकी दासी है।

–दयानन्द सरस्वती.

भाषा मनुष्य की बुद्धि के सहारे चलती है, इसलिए जब किसी विषय तक बुद्धि नहीं पहुंचती तो भाषा अधूरी होती है।

–महात्मा गांधी.

# भारतीयता के ध्वजवाहक स्वामी विवेकानन्द



अरविन्द जयतिलक

**स्वामी जी का दृष्टिकोण था कि राष्ट्र का वास्तविक पुनरुद्धार मनुष्य-निर्माण से प्रारंभ होना चाहिए। मनुष्य में शक्ति का संचार होना चाहिए। वे सर्वसाधारण जनता की उपेक्षा को एक बड़ा राष्ट्रीय पाप मानते थे।**

वर्ष 1893 के शिकागो धर्म सम्मेलन (पार्लियामेंट आर्फ रिलीजन) में स्वामी विवेकानंद ने अपने ओजस्वी विचारों से अतीत के अधिष्ठान पर और वर्तमान के अधिष्ठान पर भविष्य का बीजारोपण कर विश्व की आत्मा को चैतन्यता से भर दिया था। उन्होंने पश्चिमी विचारधारा पर प्रहार करते हुए स्पष्ट कहा था कि 'मेरी धारणा वेदान्त के इस सत्य पर आधारित है कि विश्व की आत्मा एक और सर्वव्यापी है। पहले रोटी और फिर धर्म। लाखों लोग भूखों मर रहे हैं और हम उनके मस्तिष्क में धर्म ठूंस रहे हैं। मैं ऐसे धर्म और ईश्वर में विश्वास नहीं करता, जो अनाथों के मुंह में एक रोटी का टुकड़ा भी नहीं रख सकता।' उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित अमेरिका और यूरोप के धर्म विचारकों व प्रचारकों को झकझोरते हुए कहा कि ह्यभारत की पहली आवश्यकता धर्म नहीं है। वहां इस गिरी हुई हालत में भी धर्म मौजूद हैं। भारत की सच्ची बीमारी भूख है।

अगर आप भारत के हितैषी हैं तो उसके लिए धर्म प्रचारक नहीं अन्न भेजिए।' स्वामी जी गरीबी को सारे अनर्थों की जड़ मानते थे। इसलिए उन्होंने दुनिया को सामाजिक-आर्थिक न्याय और समता-समरसता पर आधारित समाज गढ़ने का संदेश दिया। वे ईश्वर-भक्ति और धर्म-साधना से भी बड़ा काम गरीबों की गरीबी दूर करने को मानते थे। एक पत्र में उन्होंने ने लिखा है कि ईश्वर को कहां ढुंढ़ने चले हो। ये सब गरीब, दुखी और दुर्बल मनुष्य क्या ईश्वर नहीं है? इन्हीं की पूजा पहले क्यों नहीं करते? 'उन्होंने स्पष्ट घोषणा की थी कि ह्यगरीब मेरे मित्र हैं। मैं गरीबों से प्रीती करता हूं। मैं दरिद्रता को आदरपूर्वक अपनाता हूं। गरीबों का उपकार करना ही दया है।' वे इस बात पर बल देते थे कि हमें भारत को उठाना होगा, गरीबों को भोजन देना होगा और शिक्षा का विस्तार करना होगा। स्वामी जी ने भारत के लोगों को संबोधित करते हुए शिकागो से एक पत्र में लिखा कि याद रखो की देश झोपड़ियों में बसा हुआ है, परंतु शोक! उन लोगों के लिए कभी किसी ने कुछ नहीं किया। 'स्वामी जी गरीबों को लेकर बेहद संवेदनशील थे। उन्होंने गुरु रामकृष्ण परमहंस के स्वर्गारोहण के बाद उनकी स्मृति में ह्यरामकृष्ण मिशन' की स्थापना की। मिशन का उद्देश्य गरीबों, अनाथों, बेबसों और रोगियों की सेवा करना था।



जब उन्होंने मठ के सन्यासियों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा तो उनका भारी विरोध हुआ। सन्यासियों ने तर्क दिया कि हम सन्यासियों को ईश्वर की आराधना करना चाहिए न कि दुनियादारी में पड़ना चाहिए। स्वामी जी सन्यासियों के उत्तर से बेहद दुखी हुए। उन्होंने कहा कि आपलोग समझते हैं कि ईश्वर के आगे बैठने से वह प्रसन्न होगा और हाथ पकड़कर स्वर्ग ले जाएगा तो यह भूल है। आंखे खोलकर देखों की तुम्हारे पास कौन है। स्वामी जी ने दरिद्र को दरिद्र नारायण कहा। उन्होंने कहा कि ह्यआप अपना शरीर, मन, वचन सब कुछ परोपकार में लगा दो। तुमको पता है 'मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, अर्थात माता में ईश्वर का दर्शन करो। पिता में ईश्वर का दर्शन करो, लेकिन मैं कहता हूं 'दरिद्र देवो भव, मूर्ख देवो भव।

## प्रतिबिंब

अनपढ़, नादान और पीड़ित को अपना भगवान मानो और जानो कि इन सबकी सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है।' उनका मानना था कि मानवता के सत्य को पहचानना ही वास्तव में वेदांत है। वेदांत का संदेश है कि यदि आप अपने बांधवों अर्थात साक्षात ईश्वर की पूजा नहीं कर सकते तो उस ईश्वर की पूजा कैसे करोगे जो निराकार है। एक व्याख्यान में स्वामी जी ने कहा कि जब तक लाखों लोग भूखे और अज्ञानी हैं तब तक मैं उस प्रत्येक व्यक्ति को कृतघ्न समझता हूं, जो उनके बल पर शिक्षित बना और उनकी ओर ध्यान नहीं देता है। उन्होंने सुझाव दिया कि इन गरीबों, अनपढ़ों, अज्ञानियों एवं दुखियों को ही अपना भगवान मानो। स्मरण रखो, इनकी सेवा ही तुम्हारा परम धर्म है। स्वामी जी आम आदमी के उत्थान के लिए धन का समान वितरण आवश्यक मानते थे। वे इस बात के विरुद्ध थे कि धन कुछ लोगों के हाथों में केंद्रीत हो। स्वामी जी अंग्रेजों द्वारा भारत के संसाधनों के शोषण से चिंतित थे और भारत की दुर्दशा का इसे एक बड़ा कारण मानते थे। स्वामी जी देश की तरक्की के लिए कषि और उद्योग का विकास चाहते थे। वे अकसर परामर्श देते थे कि रामकृष्ण मिशन जैसी संस्थाओं को निःस्वार्थ भाव से गरीबी से जुझ रहे किसानों की दशा में सुधार लाने वाले कार्यक्रम एवं परियोजनाएं हाथ में लेनी चाहिए। स्वामी जी इस मत के प्रबल हिमायती थे कि भारत का औद्योगिक विकास जापान की तरह विशेषताओं को सुरक्षित रखते हुए होना चाहिए। वे चाहते थे कि देश में स्वदेशी उद्योगों की स्थापना हो। एक बार उन्होंने उद्योगपति जमशेद जी टाटा से पूछा था कि आप थोड़े से फायदे के लिए विदेश से माचिस मंगाकर यहां क्यों बेचते हैं?

स्वामी जी ने सुझाव दिया कि आप देश में ही माचिस की फैक्टरी और शोध संस्थान स्थापित करें। स्वामी जी के सुझाव का परिणाम रहा कि आगे चलकर जमशेद जी टाटा ने 'टाटा इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च इन फंडामेंटल साईंसेज' की स्थापना की। स्वामी जी देश के आर्थिक विकास और नैतिक मूल्यों को एकदूसरे से आबद्ध चाहते थे। उनकी इच्छा थी कि भारत के उच्च शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में विज्ञान व प्रौद्योगिकी के साथ वेदांत दर्शन भी समाहित हो। उनकी दृष्टि में वेदांत आधारित जीवन और आर्थिक विकास के बीच गहरा संबंध है। उनका मानना था कि भौतिक विज्ञान केवल लौकिक समृद्धि दे सकता है परंतु अध्यात्म विज्ञान शास्वत जीवन के लिए परम आवश्यक है। आध्यात्मिक विचारों का आदर्श मनुष्य को वास्तविक सुख देता है। भौतिकवाद की स्पर्धा, असंतुलित महत्वकांक्षा व्यक्ति तथा देश को अंतिम मृत्यु की ओर ले जाती है। स्वामी जी भारत को विकास के मार्ग पर ले जाने के लिए शिक्षा, आत्मसुधार, कल्याण केंद्रीत संगठन और क्रियाशीलता की प्रवृत्ति को आवश्यक मानते थे। स्वामी जी को देश से असीम प्रेम था। शिकागो से वापसी की समुद्री यात्रा के दौरान जब वह 15 जनवरी, 1897 को श्रीलंका का समुद्री किनारे पर पहुंचे और उन्हें बताया गया कि उस तरफ जो नारियल और ताड़-खजूर के पेड़ दिखायी दे रहे हैं वो भारत के हैं, स्वामी जी इतने भावुक हो गए कि जहाज के बोर्ड पर ही मातृभूमि की ओर साष्टांग प्रणाम करने लगे। स्वामी जी ने तीन भविष्यवाणियां की थी, जिनमें से दो-भारत की स्वतंत्रता और रुस में श्रमिक क्रांति सत्य सिद्ध हो चुकी हैं। स्वामी जी ने तीसरी भविष्यवाणी की है कि भारत एक बार फिर समृद्धि व शक्ति की महान ऊंचाइयों तक उठेगा। स्वामी जी का मातृभूमि से तादातम्य संपूर्ण था।

वे स्वयं को 'घनीभूत भारत' कहते थे। स्वामी जी की शिष्या भगिनी निवेदिता ने अपनी मातृभूमि से उनके सम्मिलन को अभिव्यक्त करते हुए कहा है कि ह्यभारत स्वामी जी का गहनतम अनुराग रहा है, भारत उनके वक्ष पर धड़कता है, भारत उनकी नसों में स्पंदन करता है, भारत उनका दिवास्वप्न है, भारत उनका निशाकल्प है, वे भारत का रक्त-मज्जा से निर्मित साक्षात शरीररुप हैं, वे स्वयं ही भारत हैं। सच कहें तो स्वामी जी का उदय ऐसे समय में हुआ जब भारत के सामाजिक पुनरुत्थान के लिए राजाराम मोहन राय और शिक्षा के विकास के लिए ईश्वरचंद विद्यासागर जैसे अनगिनत मनीषी भारतीय समाज में नवचेतना का संचार कर रहे थे। स्वामी जी अपने विचारों के जरिए स्वधर्म और स्वदेश के लिए अप्रतिम प्रेम और स्वाभिमान का उर्जा प्रवाहित कर जाग्रत-शक्ति का संचार किया जिससे भारतीय जन के मन में अपनी ज्ञान, परंपरा, संस्कृति और विरासत का गर्वपूर्ण बोध हुआ।

## सोशल मीडिया

एनडीआरएफ, एसडीआरएफ आपदा मित्र व अन्य लोगों की टीमों से मुलाकात की जो पूरे उत्तराखंड में काम कर प्रभावित हुए लोगों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। – पीएम मोदी.



बिहार में 20 वर्षों से नीतीश बीजेपी की सरकार है, ग्यारह सालों से केंद्र में मोदी–नीतीश सरकार है। फिर भी बिहार में उद्योग और फैक्ट्री नहीं है। तेजस्वी यादव.



मां भारती के उपासक आरएसएस के सर संघ चालक श्रद्धेय डॉ. मोहन भागवत जी को जन्म दिन की हार्दिक बधाई। उनका पूरा जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना का संदेश है। – सीएम योगी.



# क्रोध मिटाने के उपाय

## अंतर्दृष्टि

वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, अपने आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

# नेताओं की गरीबी

## व्यंग्यलोक

सरकारों ने भरसक प्रयत्न किया था कि समाजवाद आ जाये, परन्तु पता नहीं कैसे नहीं आया। इसमें कुछ समाजवाद की भी गलती है कि यह हमारे देश में जाने क्यों आना ही नहीं चाहता, जबकि हमारे यहाँ तो समाजवादी भी हैं और समाजवादी पार्टी भी। मुझे लगता है कि यदि इसी तरह लगे रहे तो वह दिन दूर नहीं है, जब समाजवाद हर क्षेत्र में आ ही जायेगा। समाजवाद का अर्थ अब अमीर-गरीब की खाई को पाटना भर नहीं है, अपितु हर क्षेत्र में हर नागरिक को समान रूप से कार्य करने का अधिकार मिल जाये तो यह भी समाजवाद ही है। इधर सांसद भी समाजवाद की ओर अग्रसर हो गये हैं, पहले केवल काम करने की रिश्वत सरकारी कर्मचारी ही लेता था, लेकिन अब सांसद, मंत्री और तमाम राजनेता इस ओर पूरी ईमानदारी से चेष्टा कर रहे हैं। यदि रिश्वत सार्वजनिक हो जाती है तो यह समाजवाद ही है। सभी को रिश्वत लेने का अवसर हाथ लग जाये और उन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो तो यह हमारे लिए समाजवाद के सन्निकट ले जाती है। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की प्रासंगिकता बिलकुल नहीं रही है। जांच आयोगों का हश्र हम लोग देख ही रहे हैं। रिश्वतखोर, घोटालेबाज तथा दलालों को समान दृष्टि से देखा जाना ही समाजवाद का पर्याय है। युग बदला है तो समाजवाद के मायने भी बदल गये हैं। समाजवाद अब हर कोई लाने पर उतारू है। सरकार का किसी पर कोई नियंत्रण नहीं है और सबको सभी की मेहनत का फल बराबरी से मिल रहा है। अब लोग कर्तव्यों को भूलकर अपने अधिकारों के प्रति इतने जागृत हो गये हैं कि समाजवाद का सा वातावरण सब ओर दिख रहा है। अब समाजवाद को कहीं से उधार लाने की आवश्यकता नहीं है, अपितु हमारी सरकारें भी सबको समान अवसर देने का संकल्प कर चुकी हैं। मनमानी को ही लें, हर नागरिक इसे तहेदिल से अपना चुका है और मनमानी में लगभग समाजवाद पूरी तरह आ चुका है। पुलिस और चोर मिलकर एक बीड़ी फूंक रहे हें। राजनेता बाहुबलियों को लेकर सत्तातंत्र पर हावी हैं। डॉन से दोस्ती रखना गर्व की बात मानी जाने लगी है और वे मिल-बैठकर अपनी स्वार्थ सिद्धी में लगे हैं। यह हमारे समाजवाद का ही प्रतिफल है। जो लोग बीपीएल हैं, उनके बारे में तो बात करना ही बेमानी है। ये लोग इतने ढ़ीठ हो गये हैं कि आजादी के छह दशक बाद भी अपने आप को नहीं उठा सके हैं। इनके कारण बड़ा शर्मिन्दा होना पड़ता है। वरना सरकार ने तो गरीबी हटाओ का कार्यक्रम इतने जोरों से चला रखा है कि इसे अब तक ऊपर आ जाना ही चाहिए था। गरीबी मिटाते-मिटाते नेता अमीर हो गये।



पूरन सरमा

# कैंसर पीड़ितों को चुनौतियों से लड़ने का हौसला दीजिए



## स्वास्थ्य

अमित कुमार चावला

बॉलीवुड के बड़े अभिनेता संजय दत्त के टीवी के एक शो में यह बताने पर सन्नाटा छा गया था कि उन्हें चौथी स्टेज का कैंसर है। संजय दत्त ने कहा कि जब डॉक्टर ने उन्हें इसकी जानकारी दी तो पहले तो उन्हें अपने बच्चों एवं परिवार के चेहरे देखकर बहुत रोना आया लेकिन फिर उन्होंने हिम्मत बटोरी और फैसला किया कि वह इससे लड़ेंगे, कमजोर नहीं पड़ेंगे और अपने परिवार को कमजोर नहीं होने देंगे। डॉक्टर ने यह भी उन्हें बताया था कि उन्हें कीमोथेरेपी के दौरान कई दिक्कतें होंगी मगर संजय ने कीमोथेरेपी लेने के बाद भी अगले दिन से जिम में और ज्यादा समय देना शुरू कर दिया।

इस भयंकर रोग को हुए हंसते हुए झेल रहे हैं और कहते हैं कि मैं इस बीमारी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दूंगा। मेरी माता जी का कैंसर लास्ट स्टेज में ही मालूम चला। डॉक्टर ने सर्जरी करने के बाद भी हमें उनके जीवन का सिर्फ 6 महीने ही बताया था। हम बहुत परेशान हुए लेकिन मां को नहीं बताया सिर्फ उनके बिल्कुल ठीक होने का ही सदा उन्हें विश्वास दिलाते रहे। हमारे विश्वास पर वे इतनी निश्चित हो गई थी कि खुद अपनी कीमोथेरेपी की तारीख मुझे याद दिलाती थी ताकि मैं ऑफिस से छुट्टी ले सकूं साथ ही हमेशा यही कहती थीं कि जल्दी से कीमोथेरेपी खत्म हो ताकि वह बिल्कुल ठीक होकर कहीं बाहर घूमने फिरने जा सकें। इसे उनकी इच्छा शक्ति का चमत्कार कहें या हमारी हौसला अफजाई का नतीजा कि मेरी माता जी पूरे 3 वर्षों तक हमारे साथ रहीं।

यहां तो मैंने दो ऐसे जीवंत उदाहरण का जिक्र किया जो कि खुद मैंने अपने सामने देखें। कैंसर जैसी भयानक बीमारी को हिम्मत से झेलना हर किसी के बस की बात नहीं। जब इलाज जटिल हो, महंगा हो सुविधा पूरी उपलब्ध न हो, आर्थिक रूप से सक्षम ना हो, परिवार का सहयोग न हो, तब मरीज अपनी उम्र से भी आधा ही जी पाता है क्योंकि वह दिन रात यही सब सोच सोच कर अंदर से खोखला हो जाता है। हमारे देश में कैंसर को लेकर, इसकी जटिलता को लेकर जागरूकता का बहुत अभाव है। चिकित्सा व्यवस्था में भी कैंसर को अन्य रोगों की तरह ही ले लिया जाता है। सरकार कैंसर की जांच व इसके इलाज को लेकर बहुत गंभीरता नहीं दिखाती है। विशेषज्ञ कैंसर चिकित्सकों का भी अकाल है। सरकारी अस्पतालों में कैंसर मरीजों को सहानुभूति के साथ नहीं देखा जाता। सबसे पहले तो डॉक्टर का अपॉइंटमेंट ही मिलना टेढ़ी खीर होता है, फिर फाइल बनाने और जूनियर डॉक्टर द्वारा लिखी जांचों को कराने, रिपोर्ट आने तक लगभग 1 महीने तक मरीज का इलाज शुरू नहीं हो पता। अजीब बात तो यह है कि जिस डॉक्टर को भगवान मानकर दिखाने के लिए कैंसर मरीज व उसके परिजन बेकरार रहते हैं वही भगवान रूपी डॉक्टर कुछ ही सेकंड में उसके इलाज का पर्चा लिख देते हैं। बेचारा मरीज अपने कैंसर की पीड़ा को जुबा पर ला ही नहीं पता और डॉक्टर उसे दवाई लिखकर कुछ जांच की रिपोर्ट के साथ फिर अगले महीने आने की हिदायत दे डालते हैं। क्योंकि सरकारी संस्थान में बैठा डॉक्टर मरीज को सिर्फ एक पेशेंट संख्या मानता है जो उसे हर दिन बतानी होती है कि कितने मरीज उसने देखेंद्ध कैंसर मरीजों को अपने इलाज के दौरान हर महीने खून की जांच, सीटी स्कैन, अल्ट्रा साउंड, बोन स्कैन पेट सीटी स्कैन, तमाम तरह की विशेष जांच से गुजरना पड़ता है जिनमें से कई बेहद कष्टदाई होती है। कीमोथेरेपी में तो सबसे ज्यादा पीड़ा व दुष्प्रभाव मरीज को झेलने पड़ते हैं। दवा का असर भी इतना बड़ा होता है कि मरीज ठीक से खा पी नहीं पता ऊपर से हर हफ्ते 15 दिनों में जांच से गुजरना पड़ता है। मरीज का वजन तेजी से कम हो जाता है। उसके जीवन की इच्छा शक्ति कम होने लग जाती है।

यह सब उसके कैंसर के इलाज शुरू होने के साथ ही शुरू होता है और जीवन पर्यंत चलता रहता है। पहले व दूसरे स्टेज का कैंसर रोगी तो फिर भी इस रोग से उबर जाता है और वापस अपने सामान्य जिंदगी में लौट आता है मगर तीसरी व चौथी स्टेज पर की स्थिति डरावनी होती है। बेशक कैंसर रोगियों की स्थिति व उनकी पीड़ा का आकलन घर बैठे नहीं हो सकता, लेकिन इतना तो हममें से हर कोई ही कर सकता है कि हमारे संपर्क में आए किसी भी कैंसर रोगी को हम बेचारा न समझें। उसे तन, मन, धन से सहयोग दें, हौसला बढ़ायें और ईश्वर से प्रार्थना करें कि जल्दी स्वस्थ हो जाये।

## आप की बात

### औद्योगिक पिछड़ापन

प्रदेश में औद्योगिक पिछड़ेपन की समस्या अभी भी सघन रूप में विद्यमान है। विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी।

आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है। इस दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है ऐसे में यह उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में तेज विकास होगा। दरअसल प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए जो सार्थक प्रयास हुए हैं, उसका धीरे-धीरे परिणाम जरूर सामने आयेगा।

**कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.**

### रोजगार दाता बनें युवा

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी के बाद जो आर्थिक परिवर्तन देखने को मिला उसमें हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। कोरोना के बाद आईटी, ऑटोमेशन, एआई का दौर आया और इससे करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और आगे न जाने कितने करोड़ लोगों को बेरोजगार होना पड़ रहा है। इसलिए यह जरूरी है कि युवाओं को रोजगार परक शिक्षा दी जाये ताकि वे रोजगार प्रदाता बन सकें। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं।

**जयशंकर द्विवेदी, लखनऊ.**

संक्षेप

## प्रमोशन पर एसपी ने स्टार लगाकर किया सम्मानित



**बहराइच।** निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नत होने के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा बैच व स्टार लगाकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा के पुलिस उपाधीक्षक पद पर प्रोन्नत होने के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्टार व बैच लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, श्री रामानंद कुशवाहा तथा पुलिस कार्यालय में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा प्रोन्नत अधिकारी को शुभकामनाएं दी गई।

# अयोध्या से वाराणसी तक बनेगा हाईस्पीड एक्सेस कंट्रोल एक्सप्रेसवे

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या से बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी तक हाईस्पीड एक्सेस कंट्रोल एक्सप्रेसवे का निर्माण जल्द ही शुरू होने जा रहा है। जिससे दोनों आध्यात्मिक शहरों की दूरी मात्र दो घंटे में तय की जा सकेगी। पूर्व सांसद लल्लू सिंह अयोध्या से वाराणसी के मध्य सड़क परिवहन को उच्च स्तर पर विकसित करने के लिए लम्बे समय से प्रयासरत थे। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने एक्सप्रेस वे की कांन्सटेंसी के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। जिसमें चयनित संस्था इसके लिए डीपीआर बनाएगी। प्रस्तावित एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा, जिससे अयोध्या से दिल्ली तक की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। लगभग 200 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे के बन जाने से यात्रियों को तेज, सुरक्षित और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अयोध्या में कई बड़ी परियोजनाएं चलाई गई हैं। इनमें 84 कोसी परिक्रमा मार्ग, रामजानकी मार्ग अयोध्या से जनकपुर, अयोध्या-सुल्तानपुर व अयोध्या-जगदीशपुर मार्ग, राम वन गमन मार्ग के साथ-साथ यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर लखनऊ हाईवे पर अनेक ओवरब्रिज और अंडरपास का निर्माण शामिल है। इसके अलावा, अयोध्या बाईपास का सौंदर्यीकरण 55 करोड़ की लागत से कराया गया है।

- एनएचएआई ने शुरू की कांन्सटेंसी के लिए टेंडर प्रक्रिया, 200 किमी लंबा होगा एक्सप्रेसवे
- पूर्व सांसद लल्लू सिंह बोले – मोदी और गडकरी की दूरदर्शी सोच का परिणाम
- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा नया मार्ग, दिल्ली तक और मजबूत होगी कनेक्टिविटी



शहर के यातायात दबाव को कम करने और राष्ट्रीय महत्व की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए रिंग रोड का काम प्रगति पर है। वहीं, अयोध्या-प्रयागराज ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल 6 लेन हाईवे के प्रथम चरण में प्रतापगढ़ तक के लिए सीमांकन की प्रक्रिया चल रही है।

इन परियोजनाओं के पूरे होने पर अयोध्या उत्तर भारत का एक प्रमुख सड़क संपर्क केंद्र बन जाएगा, जिससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने एक्सप्रेसवे निर्माण को अयोध्या और पूर्वांचल के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा, अयोध्या से वाराणसी हाईस्पीड एक्सप्रेसवे का निर्माण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। अयोध्या की पावन धरती के संत-महंतों और आम जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी का आभार व्यक्त करता हूं। इस एक्सप्रेसवे से न केवल अयोध्या की देशभर से कनेक्टिविटी बेहतर होगी, बल्कि धार्मिक पर्यटन, उद्योग और व्यापार को भी नई गति मिलेगी।

## दुर्गा पूजा पंडालों में जरूरी है सीसीटीवीः योगेंद

**सोहावल-अयोध्या।** आगामी नवरात्रि में स्थापित की जाने वाली मां दुर्गा की प्रतिमाओं के पूजा पंडालों में इस बार सीसीटीवी कैमरा का लगाया जाना अनिवार्य बनाया गया है। इसके बिना पर मूर्ति की स्थापना की अनुमति नहीं होगी। सुरक्षा की दृष्टि से आग बुझाने के यन्त्र सहित निर्धारित किए गए मांप दंडों पर दुर्गा पूजा समितियां को चलना होगा। यह बात बुधवार को देर शाम आयोजित एक पत्रकार वार्ता में सी ओ सदर योगेंद्र कुमार ने कही है।

दुर्गा पूजा दुर्गा पूजा के दौरान मूर्ति स्थापना से लेकर विसर्जन तक की रूपरेखा खींचते हुए क्षेत्राधिकारी ने बताया कि सामाजिक समरस्ता बनाए रखने के लिए शासन से इस बार करें निर्देश जारी किए गए हैं। इसे लेकर पूजा समितियों से जुड़े पदाधिकारी स्थानीय ग्रामीण समाज के कर्ण धार ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य ही नहीं डीजे संचालकों की भी मीटिंग बुलाई जाएगी।

इन सभी को शासन से जारी दिशा निदेर्शों की जानकारी देते हुए अनुपालन सुनिश्चित कराया जाना है। स्थापित मूर्ति की निगरानी के लिए 24 घंटे पूजा समितियों के वालेंटियर सुरक्षा की कमान संभालेंगे। नशेड़ी व सामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर होगी।

## प्रभारी मंत्री ने 100 बाढ़ पीड़ित परिवारों में बांटी राशन किट



**बाराबंकी।** रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र अन्तर्गत बाढ़ राहत केन्द्र खजुरी पर राहत किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि कारागार राज्य मंत्री/जनपद प्रभारी सुरेश राही ने 100 परिवारो को 52 किलो की राहत सामग्री किट वितरण करते हुये कहा कि सरकार आपदा की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ है। किसी भी पीड़ित परिवार को भूखा नहीं रहने दिया जाएगा। और प्रशासन लगातार राहत सामग्री पहुँचाने के साथ चिकित्सीय सुविधाएं भी उपलब्ध करा रहा है। कार्यक्रम मे प्रभारी मंत्री श्री राही ने सरयू-घाघरा नदी में बह गये ग्राम गुनौली के 18 परिवारो राम अभिलाख सिंह, रामबहादुर, भगवान, सुमिरता, सुशीला देवी, तुलसीराम, रामबक्श, चमनलाल, रामसागर, लालू, श्रीकृष्ण, गीता, लालबहादुर, सुकई, रामकरन, मोतीलाल, तुलसीराम को आवास हेतु 1 लाख 20 हजार रुपये (21 लाख) का चेक प्रदान किया। इस दौरान 5 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र भी प्रदान किये गए। खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि ग्राम गुनौली के जिन लोगों की जमीन और मकान कट रहे हैं। उन्हें जल्द ही अलग जमीन आवंटित की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने बाढ़ पीड़ितो की मदद मे जुटे दो राजस्व कर्मी लेखपाल कपिल देव सिंह व प्रमोद कुमार को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया। कार्यक्रम मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा ग्राम गुनौली, कोयलावर, जलालपुर, टिकरी जनपद के सबसे प्रभावित क्षेत्र है इस क्षेत्र का दौरा करते हुये सम्बधित अधिकारियो को निर्देशित किया गया था। जिसमे प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद पहुंचाने मे तहसील प्रशासन ने अच्छी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, एमएलसी अंगद सिंह, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, एसडीएम अनुराग सिंह, तहसीलदार महिमा मिश्रा, एडीएम न्यायिक राजकुमार यादव, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, सीएमओ डॉ0 अवधेश कुमार यादव, टिकैतनगर नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दबंगों ने महिला घर के सामने बनायी दीवार, लगायी न्याय की गुहार



**बहराइच।** जनपद बहराइच तहसील नानपारा से अनोखा मामला सामने आया है किसी गरीब के घर के दीवाल खड़ी कर दी। ये कहानी सिर्फ फिल्मों में देखने को मिलती थी लेकिन उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच तहसील नानपारा पथार खुर्द पोस्ट ललुही थाना खैरीघाट से देखने को मिली है। पीड़ित महिला ने वीरेंद्र कुमार मौर्य प्रधान पर लगाए गंभीर आरोप पीड़ित महिला का कहना महिला के पति बाहर रहकर मजदूरी करते हैं जिससे उनका जीवन यापन होता है। कुछ दबंगों द्वारा पीड़ित महिला के घर के आगे दीवाल बनाकर टीन शेड डालकर चारों ओर से रास्ता बंद कर दिया गया मौके पर मीडिया कर्मियों ने पहुंचकर पीड़ित महिला से बातचीत की पीड़ित महिला ने अपना दर्द बयां किया पीड़ित रमावती पत्नी श्यामलाल कौरी निवासी पथार खुर्द पोस्ट ललुही थाना खैरीघाट तहसील नानपारा जिला बहराइच का निवासिनी है। तथा प्रार्थिनी बहुत ही गरीब व असहाय व मजबूर महिला है। और इनके घर आगे विपक्षीगण वीरेन्द्र प्रधान मौर्या पुत्र मौजीलाल व सुखदेव पुत्र औतार व सुशील पुत्र लौटन व दुलारे पुत्र अयोध्या इन लोगों ने प्रार्थिनी के घर के आगे अवैध कब्जा करके दीवाल उठा कर टीन शेड रख कर मकान बना लिया है प्रार्थिनी के मना करने पर धारदार हथियार से मारा-पीटा और प्रार्थिनी की पुत्री पम्मी कुमारी के कपड़े फाड़ कर तथा मोबाइल छीन लिया है और अवैध कब्जा करके घर से बाहर हम लोगों को निकाल दिया है।

# तेजी से बदल रहा मेडिकल कॉलेज का स्वरूप

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या का चिकित्सा शिक्षा विभाग एक नए युग की ओर बढ़ रहा है। राम मंदिर के निर्माण के बाद तो व्यवस्थाएं और भी मजबूत की जा रही हैं। इसी कड़ी में राजर्षि दशरथ स्वायत्तशासी राज्य मेडिकल कॉलेज को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में पिछले आठ माह में बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में इस मेडिकल कॉलेज का स्वरूप पूरी तरह बदलने जा रहा है, जहां मरीजों को कॉरपोरेट स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। दर्शननगर स्थित मेडिकल कालेज के पुराने भवन को एक अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक हब में तब्दील किया जाएगा, जिसमें रेडियोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेंटर जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं होंगी। इस



परियोजना को गति देने के लिए मेडिकल कॉलेज ने एक निजी कंपनी के साथ करार किया है, जो इस बदलाव को साकार करेगा। मेडिकल कॉलेज के पुराने भवन को आधुनिक डायग्नोस्टिक हब में परिवर्तित करने की योजना है। इस हब में भूतल पर रेडियोलॉजी यूनिट स्थापित की जाएगी, जिसमें अल्ट्रासाउंड, एमआईआई, सीटी स्कैन, एक्सरे व अन्य स्कैन वाली जांचे हुआ करेंगी। साथ ही कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए भी जांचें हो जाय करेंगी। वहीं प्रथम तल पर एक अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित होगा, जिसमें सभी तरह की खून की जांचें होंगी। यह बिल्कुल अलग तरह का डायग्नोस्टिक सेंटर होगा। यह डायग्नोस्टिक हब न केवल अयोध्या के मरीजों के लिए, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए भी वरदान साबित होगा। इस सुविधा के शुरू होने से मरीजों को लखनऊ या अन्य बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। योगी सरकार का लक्ष्य अयोध्या को स्वास्थ्य और आध्यात्मिक दोनों क्षेत्रों में एक मॉडल के रूप में स्थापित करना है। मेडिकल कॉलेज में कॉरपोरेट अस्पतालों की तर्ज पर सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। मरीजों को स्वच्छ और आरामदायक वातावरण, डिजिटल रिकॉर्ड सिस्टम और त्वरित उपचार सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षित चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। मेडिकल कालेज में तकरीबन 33 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे 110 बेड वाले ट्रामा सेंटर को पूरी तरह से वातानुकूलित बनाया जाएगा। इसके लिए सेंट्रल एसी लगवाया जा रहा है।

- आने वाले दिनों में मिलेगी कारपोरेट जैसी सुविधाएं, पुराना भवन बनेगा डायग्नोस्टिक हब

## बिना हेलमेट 15 वाहनों का चालान



**बाराबंकी।** परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के तहत आज परिवहन एंव यातायात विभाग की अलग-अलग टीमो ने जनपद के विभिन्न मार्गो पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनो से अधिक दोपहिया वाहन चालको के चालान किये गये। आज सहायक सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला की टीम ने थाना बड्डूपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित पेट्रोल पम्प मे बिना हेलमेट ईधन भरवाने आये वाहनो के चालान किये। तथा चालको को रोड़ सेफ्टी नियमो व हेलमेट की उपयोगिता के बारे मे बताते हुये जागरुक किया। चेकिंग के दौरान एआरटीओ को 33 टन ओवरलोड़ मिलने पर ट्रक को थाना कुर्सी पर निरुद्ध किया। तो वही यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी व टीएसआई मधुसूदन की टीम ने बिना हेलमेट मिलने पर 15 दो पहिया वाहनो के चालान किये। तथा 2 ओवरलोड़ वाहनो को थाना कुर्सी मे सीज किया।

## 90 लीटर शराब बरामद



**बाराबंकी।** कच्ची शराब का गोरखधंधा कर राजस्व को चूना लगाने वाले शराब माफियाओ के खिलाफ आबकारी आयुक्त के निर्देश पर चलायें जा रहें विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत विभाग पूरी सख्ती के साथ तस्करो पर शिंकजा कसने मे जुटा हुआ है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर से बात करने पर उन्होने अभियान की जानकारी देते हुये बताया कि आज आबकारी निरीक्षक सर्किल फतेहपुर गजेन्द्र कुमार की टीम ने थाना कुर्सी व बड्डूपुर क्षेत्रान्तर्गत अभियान चलाकर छापेमारी की है। टीम ने थाना कुर्सी क्षेत्रान्तर्गत चर्चित ग्राम बेहड़पुरवा, बसारा, टिकैतगंज एंव थाना बड्डूपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रीवा-सीवा, डफरपुर, बेहटा मोड़, बाबा कुटी, शारदा नहर पुल सहित 24 संदिग्ध ठिकानो पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान लगभग 90 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। मौके पर 300 किलोग्राम तैयार लहन व अवैध रुप से संचालित भट्टियो को नष्ट किया गया। आबकारी अधिनियम के तहत 5 अभियोग पंजीकृत किये गये। इसके साथ ही टीम ने सर्किल क्षेत्रान्तर्गत देशी मदिरा, बिशुनपुर, इसरौली, गौरा करौदी व कम्पोजिट दुकान बिशुनपुर, इसरौली का निरीक्षण करते हुये स्टाक-ब्रिकी रजिस्टर, सीसीटीवी, पीओएस मशीन को जांचा। छापेमारी के दौरान प्रधान आबकारी सिपाही मो आलम, मसूद आलम, आबकारी सिपाही विकास सिंह, मो0 अली मौजूद रहे।

# एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचीं संभागीय परिवहन अधिकारी



**बाराबंकी।** सम्भागीय परिवहन अधिकारी अयोध्या ऋतु सिंह ने उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरटीओ अयोध्या ने नो हेल्मेट नो पेट्रोल अभियान की प्रगति के बारे में समीक्षा करते हुये तथा आपूर्ति विभाग, पुलिस व जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर लोगों को जागरूक करने के साथ चालान की कार्यवाही किये जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

- बकाया वसूली को लेकर अनफिट वाहनों व बिना परमिट वाहनों पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान कार्यालय आये आवेदको से जानकारी भी ली। आरटीओ ने बकाया वसूली को लेकर अनफिट वाहनों व बिना परमिट वाहनों पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करने, परमिट समाप्त व अथराइजेशन समाप्त वाहनों के संबंध में आरटीओ कार्यालय अयोध्या से नोटिस प्रेषित किये जाने को लेकर निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान आरटीओ अयोध्या ने डीएल व फिटनेस की प्रक्रिया में सभी मानको व नियमों का कड़ाई से अनुपालन करने, वाहनों के पंजीयन विशेषकर बसो, स्लीपर बसों और भारी माल वाहनों के पंजीयन में मानको के आधार पर बारीकी से परीक्षण कर कार्यवाही करने एंव विभाग के आफिशिएल सोशल मीडिया व परिवहन विभाग के चैटबाट के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गये। इस मौके पर एआरटीओ अंकिता शुक्ला, आरआई बलवंत यादव समेत कार्यालय कर्मचारी मौजूद रहे।

## मसौधा समिति के सामान्य निकाय की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता

अयोध्या। सहकारी गन्ना विकास समिति मसौधा के सामान्य निकाय की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मौजूद प्रबंध कमेटी के सभी सदस्य सहित सामान्य निकाय के सभी सदस्य उपस्थित रहे। गन्ना सुरक्षण पर सभी सम्मानित किसानों ने अपनी सहमति दी और उनके विचारों को सुना गया। बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर सर्वसम्मत से प्रस्ताव पारित किया गया। बृहस्पतिवार को गन्ना समिति प्रांगण में आयोजित सामान्य निकाय की बैठक में मौजूद गन्ना किसानों एवं प्रबंधन परिषद सदस्यों ने गन्ना किसानों की समस्याओं को एक-एक करके गिनाया।

संबंधित चीनी मिलों एवं गन्ना विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उनकी समस्या के त्वरित निदान हेतु प्रस्ताव पारित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

बैठक में गन्ना किसानों के बैंक खातों के फीडिंग किए जाने में समिति की ओर से किसानों से नो ड्यूज मांगे जाने पर प्रबंध कमेटी ने गहरा विरोध जताया और समिति के सचिव से आरबीआई की गाइड लाइन मांगी।

जिस पर वह कुछ भी नहीं दिखा सके और ध्वनि मत से बिना किसी हीला हवाली के किसानों का अकाउंट फीड किए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक में मौजूद केएम सुगर मिल मसौधा, रौजा गांव एवं मिझौड़ा के गन्ना प्रबंधकों द्वारा गन्ना किसानोंके लिए अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे कृषि यंत्र कीटनाशक सहित अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

संचालक मंडल सदस्यों द्वारा गन्ने की नई प्रजातियों की कम से कम 500 पौधे एक बार मे उपलब्ध कराए जाने का मुद्दा उठा।

गन्ना किसानों की सुविधा हेतु समिति की भूमि पर मैरिज लॉन का निर्माण कराए जाने हेतु बोर्ड द्वारा पारित प्रस्ताव गन्ना विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वीकृत न किए जाने की बात अध्यक्ष संतोष सिंह ने मौजूद गन्ना किसानों एवं प्रतिनिधियों को बताई और उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत प्रदेश के गन्ना आयुक्त सहित गन्ना मंत्री तक से की गई है।

उन्होंने बैठक में मौजूद जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिया कि अभिलंब प्रकरण से संबंधित पत्रावली विभागीय उच्चाधकारियों को प्रेषित करवा दें। अंत में कई दशक गन्ना डायरेक्टर रहे चंद्रेश सिंह के असामयिक निधन पर मौजूद संचालक मंडल सदस्यों एवं गन्ना किसानों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर समिति के सचिव तुलसीराम यादव वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सहितसमिति कर्मी एवं तीनों चीनी मिलों के प्रबंधक गण मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**बहराइच।** भूदान आन्दोलन के प्रणेता संत विनोबा भावे जी की जयंती पर जिला कांग्रेस कार्यालय बहराइच में नमन करने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष सत्याग्रह स्थल पर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पुलिस इंस्पेक्टर रानीपुर को के जनविरोधी कुकृत्यों के खिलाफ हाथ में चूड़ियां लेकर आक्रोश प्रदर्शन करते हुए उक्त भ्रष्ट एवं जनविरोधी पुलिस इंस्पेक्टर को निलंबित करने की पुरजोर मांग की गई तत्पश्चात कांग्रेस जन पुलिस अधीक्षक कार्यालय कूच करने के आगे बढे जिस पर पुलिस प्रशासन और कांग्रेस जनों के बीच घंटो धक्का-मुक्की तथा तीखी नोंकझोंक होती रही।

अंत कांग्रेस पदाधिकारियों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं के बीच एस पी सिटी से वार्ता कराई गई जिसके लिए एस पी सिटी ने तीन दिन के अंदर कार्यवाही करने के आश्वासन पर शांत हुए। इस दौरान जिला अध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि यदि तीन दिन के अंदर दोषी पुलिस इंस्पेक्टर को निलंबित नही किया गया तो पूरे प्रदेश के कांग्रेस जन बहराइच के सडको पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष विनय सिंह रवि श्रीवास्तव धर्मेंद्र चौधरी हमजा शफीक, इन्द्र कुमार यादव जगदीश सिंह इन्दू सिंह लक्ष्मी देवी राजन शर्मा विजय पोरवाल इस्लाम अली अतुल सिंह रैकवार कमर नईम रमाकांत तिवारी, गिरिजा दत्त झा अब्दुल सलाम राम गोपाल वर्मा राहुल आकाश नसीम इदरीसी राम नरेश यादव शेख जकरिया शेखू हुमायूं, हलीम वशीर अंसारी शाहिद जमील संहिता कई नेताओं ने सम्बोधित किया।

## बकायेदारों से वसूली के लिए अभियान संचालित करेगा अल्पसंख्यक विभाग

**बहराइच।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम द्वारा वर्ष 1995 में प्रारम्भ की गई टर्म लोन योजना अन्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के 1094 लोगों को रोजगार करने के लिए धनराशि रू. 377.92 लाख का ऋण दिया गया था, समय से ऋण जमा न होने के कारण मूलधन सहित ब्याज बढ़कर धनराशि रू. 1893.55 लाख हो गयी है, विभाग द्वारा बकायेदारों से सम्पर्क करने के बावजूद. भी बकाया धनराशि जमा नहीं की जा रही हैं। इस स्थिति पर प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा जनपद में ऋण की वसूली नगण्य होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई है।

श्री खालिद ने डिफाल्टर ऋणधारकों से अपेक्षा की है कि 20 सितम्बर 2025 तक बकाया सभी ऋण किश्ते गेंद घर स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा करा दें अन्यथा की स्थिति में बकाये की धनराशि की वसूली हेतु भू-राजस्व की भांति आर.सी. जारी करने की कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए लाभार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# गिरिजापुरी बैराज का किया निरीक्षण



**बहराइच।** मंत्री, जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) श्री स्वतन्त्र देव सिंह ने प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग के साथ जनपद भ्रमण के दौरान गिरिजापुरी बैराज का निरीक्षण कर नदियों का जल स्तर, वाटर डिस्चार्ज तथा बैराज की क्षमता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैराज निरीक्षण के दौरान ग्राम चहलवा, विजय नगर, मोहरावा व जंगल गुलरिहा आदि कटान प्रभावित ग्रामों के ग्रामवासियों ने मां. मंत्री श्री सिंह से ग्राम को कटान से सुरक्षित कराये जाने के अनुरोध पर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्बन्धित ग्रामों हेतु कटान रोधी कार्य का प्रस्ताव तैयार किया जाय।

- कटान प्रभावित ग्रामों के लिए कार्ययोजना तैयार करने के दिये निर्देश
- बैराज की क्षमता तथा वाटर डिस्चार्ज के सम्बन्ध में प्राप्त की जानकारी

निरीक्षण के उपरान्त गिरिजा बैराज स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में बाढ़ व कटान की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए अधि.अभि. सरयम नहर ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा को निर्देश दिया कि जनपद में हुई कटान से सम्बन्धित विवरण उपलब्ध करायें। सिंचाई मंत्री श्री सिंह यह भी निर्देष दिया कि अधि.अभि. गिरिजापुरी बैराज व ड्रेनेज खण्ड को निर्देश दिया कि संयुक्त रूप से घाघरा में मिजने वाले नेपाल राष्ट्र के नदी-नालों इत्यादि के विषय गहन अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध करायें। प्रमुख सचिव श्री गर्ग ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि घाघरा नदी की सिल्ट सफाई के लिए कार्ययोजना तैयार करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई रजनीकान्त अग्रवाल व बाढ़ खण्ड के श्याम जी चैबे, विभागाध्यक्ष संदीप कुमार, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) राम दयाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रीमती हर्षिका तिवारी, नोडल अधि.अधि. सरयू नहर खण्ड-5 दिनेश कुमार, अधि.अभि. सरयू नहर ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा, अधि.अभि. जल निगम सूरज वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा विनोद यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मिस सहयोगी दिव्यांशी यादव व मिस्टर सहयोगी जियाउल हक गये चुने




**जैदपुर, बाराबंकी।** खुशहालपुर स्थित सहयोगी आरबीपीजी कॉलेज स्थित प्रेमचंद स्मृति सभागार में फ्रेशर पार्टी का शुभारम्भ महाविद्यालय प्रबन्धक इं0 अरुण कुमार वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम मे प्रबन्धक श्री वर्मा ने नवागत विद्यार्थियों का स्वागत करते हुये कहा कि यह आपके जीवन का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। और हमें उम्मीद है कि आप यहाँ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। हमारे शिक्षक और कर्मचारी आपकी सहायता के लिए हमेशा उपलब्ध हैं। हमें विश्वास है कि आप अपने भविष्य को बनाने के लिए यहाँ से प्राप्त ज्ञान और अनुभव का उपयोग करेंगे। शिक्षक अनुज वर्मा ने छात्रों को सफलता प्राप्त करने के लिए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के सुझाव दिये। प्राचार्य डॉ0 दारा सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम आवश्यक है। इसके उपरान्त छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में मिस सहयोगी दिव्यांशी यादव व मिस्टर सहयोगी जियाउल हक को चुना गया। तथा विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपप्रबंधक अभिनव वर्मा, अपूर्व वर्मा, डॉ0प्रज्ञा सिंह, शमशेर सिंह, चीफ प्रॉक्टर विनोद गौतम, अनीता वर्मा, प्रतिभा वर्मा, गीता वर्मा, प्रियंका चैधरी, मधु आयोजक आकांक्षा सिंह, निधि शर्मा, अवधराम, राघवेंद्र सिंह, प्रदीप वर्मा, दिनेश, इंद्राज, महिमा, मुस्कान, पियूष, कोमल मूर्ति, अंजलि, माही, दीपक, आकाश आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## पंचायत कर्मचारी के निधन से शोक

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भटपुरा (लाला का पुरवा) निवासी पंचायत कर्मचारी (सफाईकर्मी) राम पाल 46 का बुधवार रात आकस्मिक निधन हो गया। बुधवार रात में उन्हें सीने में दर्द हुआ और कुछ ही देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें सरकारी एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर ले गए, जहां मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सहकर्मियों और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई मृतक वर्तमान में कटघरा ग्राम पंचायत में नियुक्त था। परिजनों के अनुसार उनका इलाज लखनऊ से चल रहा था। मृतक दो बेटियों और एक बेटे और पत्नी निर्मला को अपने पीछे छोड़ गए है। पंचायत कर्मी की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## यूपी ग्रामीण खेल लीग के लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के युवा खिलाड़ियों के लिए एक उत्साहजनक अवसर आया है। युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग की वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन इस वर्ष भी भव्य रूप से किया जाएगा। यह प्रतियोगिता विधायक खेल प्रतिस्पर्धा के नाम से आयोजित होगी, जिसमें तीन आयु वर्ग- सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर (पुरुष एवं महिला) के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए युवा साथी पोर्टल पर निःशुल्क ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक खिलाड़ी लिंक पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। यह प्रतियोगिता न केवल युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें खेल के माध्यम से प्रदेश और देश स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर भी देगी। श्री पटेल ने जनपद के समस्त युवाओं से अपील की है कि वे समय से पंजीकरण कराकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें और खेलों को नई दिशा दें।

## छीतेपट्टी-खालिसपुर मार्ग जर्जर, ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी

दोस्तपुर, सुलतानपुर । दोस्तपुर विकासखंड के छीतेपट्टी-खालिसपुर दुर्गा मार्ग की हालत इन दिनों बेहद खराब हो गई है। लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबा सड़क खंड पूरी तरह टूट चुका है, जिससे स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सी.एल. इंटर कॉलेज छीतेपट्टी के छात्र आर्यन तिवारी ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूल जाना अब जोखिम भरा हो गया है। सड़क पर गहरे गड्ढों के चलते बस और मैजिक वाहनों का संचालन भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय ग्रामीण अमर बहादुर चैहान के अनुसार यह मार्ग अंबेडकरनगर को सीधे जोड़ता है, जिससे पहले आवागमन सुगम था और ईंधन व समय की बचत होती थी। अब सड़क खराब होने से लोगों को दोस्तपुर होकर घूमकर जाना पड़ता है, जिससे जाम और अतिरिक्त खर्च की समस्या हो गई है। राजेश यादव, सत्यम यादव और पवन कुमार सहित कई ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है, जिससे बच्चों की शिक्षा और आमजन की दिनचर्या फिर से सुचारु हो सके। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द कार्रवाई करेगा और इस महत्वपूर्ण मार्ग की स्थिति सुधारी जाएगी।

# वोट चोरी पर और भी विस्फोटक सबूत पेश करेंगे : राहुल गांधी




**रायबरेली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी पर वोट चोरी के अपने आरोपों को दोहराते हुए दावा किया कि भविष्य में वह इस संबंध में और भी डायनेमिक एक्सप्लोसिव (विस्फोटक) सबूत पेश करेंगे।

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक के चुनाव में वोट चोरी हुई है। हमने ब्लैक और व्हाइट सबूत दिए हैं। आने वाले समय में, हम और भी डायनेमिक सबूत देंगे।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि वोट चोर, गद्दी छोड़ का नारा अब पूरे देश में गूंज रहा है। हम आपको दिखाएंगे, भारत के युवाओं, सुनो, यही सच्चाई है और वोट चोरी करके सरकारें बनाई जा रही हैं। हम गारंटी देते हैं कि हम आपको सबूत देंगे। कांग्रेस नेता ने भाजपा नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा नेता जो उत्तेजित हो रहे हैं, उत्तेजित मत होइए। जब हाइड्रोजन बम आएगा, तो सब कुछ साफ हो जाएगा।

राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को यहां रायबरेली में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की। उनके संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर आए गांधी ने कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में बैठक की अध्यक्षता की। अमेठी के सांसद के.एल. शर्मा और उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि इस बैठक में शामिल हुए।

बैठक में जिले के विकास से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) से सम्बन्धित समस्त योजनाओं का बिन्दुवार प्रस्तुतीकरण किया। अध्यक्ष ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण, राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, राष्ट्रीय निराश्रित पेंशन योजना,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन(हर घर नल से जल), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मध्यान्ह भोजन योजना, समेकित बाल विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,समग्र शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, अवस्थापना सम्बन्धी कार्यक्रम, समन्वित ऊर्जा विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जल प्रबन्धन कार्यक्रम, सुकन्या मंगला योजना,एक जिला एक उत्पाद, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, खेलो इंडिया,सुगम्य भारत अभियान, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना सहित अन्य योजनाओं पर गम्भीरतापूर्वक चर्चा की गई।

सांसद ने डीएम को सड़कों की मरम्मत व निर्माण कार्य से संबंधित जन प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग से वेटरनरी डॉक्टरों की उपलब्धता और कृत्रिम गर्भाधान सुविधाओं की जानकारी ली। एनएचएआई द्वारा कराये जा रहे गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य की प्रगति भी जानी। जनपद में बन रहे बाईपास सड़कों पर भी चर्चा हुई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता की भी जानकारी ली। कहा कि कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अभ्यर्थियों का फालोअप कर रोजगार दिलाए।

## बैसवारा महाविद्यालय ओरिएंटेशन आयोजित

**लालगंज, रायबरेली।** जिले के प्रतिष्ठित, शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी,नैक द्वारा प्रत्यायित ग्रेड- बी, बैसवारा महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग की ओर से ओरिएंटेशन कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

ओरिएंटेशन कार्यक्रम के बारे में विभागाध्यक्ष ,समाजशास्त्र , प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह ने विषय की प्रस्तावना एवं समाजशास्त्र विषय से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाजशास्त्र विषय सामाजिक विषयों में सबसे नवीन विषय है। प्रोफेसर सिंह ने आगे कहा कि समाजशास्त्र सामाजिक व्यवस्था का अध्ययन करता है।असिस्टेंट प्रोफेसर डा. संजीत सिंह चैहान ने कहा कि समाजशास्त्र सामाजिक जीवन और व्यवहार का वैज्ञानिक अध्ययन करता है । समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ रमेश चंद्र यादव ने इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से समाजशास्त्र विषय के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया और विगत सत्र में आयोजित हुए व्याख्यान, संगोष्ठियां, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता आदि के आयोजित कार्यक्रमों के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी।

# यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन, मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का पुतला दहन किया



**अमेठी।** बृहस्पतिवार को अमेठी जिला मुख्यालय पर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष शुभम सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के मंत्री एवं रायबरेली से भाजपा एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह का पुतला फूंककर विरोध जताया। प्रदर्शनकारी कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय गौरीगंज से जुलूस की शक्ल में सड़क पर निकलने की तैयारी में थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें कार्यालय से बाहर निकलने से पहले ही रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। नाराज कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी जिन्दाबाद, प्रियंका गांधी जिन्दाबाद और दिनेश प्रताप सिंह मुर्दाबाद के नारे लगाए। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शुभम सिंह ने कहा कि जिस तरह हमारे नेता राहुल गांधी के खिलाफ मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भाड़े के लोगों को अपनी गली में इकट्ठा कर विरोध कराया और हमारी दीदी प्रियंका गांधी जी पर अभद्र टिप्पणी की, यह कतई स्वीकार्य नहीं है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने मांग की कि मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के खिलाफ गौरीगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया जाए। शुभम सिंह का आरोप है कि पुलिस मंत्री पर कार्रवाई करने के बजाय कांग्रेस कार्यकताओं को ही दबाने में लगी हुई है। यूथ कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक विरोध की आवाज को दबाना चाहती है, जबकि कांग्रेस कार्यकर्ता अपने नेताओं के सम्मान के लिए हर संघर्ष करने को तैयार हैं। प्रदर्शन के चलते नगर में कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी।

## घूस के रुपये के साथ एंटी करप्शन ने लेखपाल को दबोचा, भेजा जेल

**अमेठी।** जिले के पीपरपुर थाना क्षेत्र के दुगार्पुर बाजार में बुधवार शाम एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अमेठी तहसील में तैनात लेखपाल अमित कुमार को 8 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस्माइलपुर बड़ागांव ग्राम पंचायत के नगरडीह निवासी बाबूलाल पाल से जमीन संबंधी कार्य जिसमें खतौनी में नाम दर्ज कराना और हदबंदी भी शामिल था, को निपटाने के लिए लेखपाल ने रिश्वत की मांग की थी। इस कम के लिए लेखपाल ने पहले ही 2 हजार ले लिया था फिर काम नहीं किया था। पूछताछ करने पर 8 हजार रुपए की और देने पर ही काम करने की बात कही। काफी मान मनौव्वल के बाद मामला 7 हजार पर तय हुआ। थक हारकर पीड़ित बाबूलाल पाल ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। शिकायत मिलने के बाद टीम ने खुद मामले की पुष्टि के लिए अपने अनुसार जांच पड़ताल करते हुए रिश्वत मांगने के मामले को सही पाया। उसके बाद टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को दुगार्पुर बाजार स्थित लेखपाल के निजी कार्यालय में रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। लेखपाल को रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने की खबर फैलते ही मौके पर भीड़ जुटने शुरू हो गया। घटना की खबर मिलते ही तहसील के लेखपालों में हड़कंप मच गया। टीम ने रिश्वत के रुपए और लेखपाल को लेकर फौरन वहां से पीपरपुर थाने पहुंच गई जहां गिलास में उसका हाथ धुलवाकर रिश्वत के रुपए लिए जाने की पुष्टि की गई। टीम निवावश्यक लिखापढ़ी करने के बाद लेखपाल को अपने साथ लेकर चली गई। थानाध्यक्ष पीपरपुर ने भी लेखपाल द्वारा रिश्वत लिए जाने और एंटी करप्शन टीम के आने की पुष्टि की है।

## छात्रों ने बढ़ाया मदद का हाथ, दान की वस्तुएं

**अमेठी।** स्थानीय ब्लॉक के रामनगर में स्थित राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने गुरुवार को अपनी किताबें, पेन आदि का दान किया। विद्यालय के कक्षा छह, सात तथा आठ के विद्यार्थियों ने विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर सोमवार को विद्यालय में अपनी उपयोग न की गई पुरानी कॉपियाँ, किताबें, पानी की बोतल, पेंसिल बॉक्स, रंगों का बॉक्स आदि एकत्रित किया। विद्यार्थियों के समूह ने गुरुवार को रामनगर में स्थित आनंद पाठशाला में जाकर एकत्र किए के गए सामानों के साथ वहाँ के विद्यार्थियों को टॉफी और चॉकलेट भी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित नारायण शर्मा ने कहा कि इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों के अंदर मदद की भावना को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को यह मालूम होगा कि जिन वस्तुओं को वो बेकार समझकर फेंक देते हैं, वो भी किसी के लिए उपयोगी हैं। इसके अतिरिक्त उनके अंदर अच्छी नागरिकता के गुणों का भी विकास होगा।इस अवसर पर कक्षा छह, सात और आठ के विद्यार्थियों के साथ ही शिक्षक अभिजित त्रिपाठी, शशांक शर्मा, वंदना देवी, सचदेव कुमार आदि उपस्थित रहे।



## भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह को पितृ शोक



**लालगंज, रायबरेली।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह के पिता श्रद्धेय राम रतन सिंह का उनके गांव सराय बख्श में 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार उनके पुत्र देवेंद्र सिंह के द्वारा गोकना गंगा घाट पर धार्मिक रीति रिवाज के साथ किया गया है। देवेंद्र सिंह के पिता के निधन से भाजपा कार्यकताओं सहित जनपद में शोक की लहर दौड़ गई है। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भाजपा के जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह के पिता के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर स्वर्गीय राम रतन सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किया और गहरा शोक जताते हुए शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया है। इसके साथ ही पूर्व मंत्री वीरेंद्र तिवारी, पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व विधायक राकेश सिंह, जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी, पूर्व जिला अध्यक्ष आरबी सिंह, सुशील शर्मा, अजय त्रिपाठी, अनुभव कक्कड़, भाजपा नेता अनूप पांडे, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, तिलक सिंह, सुशील शुक्ला, जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता रवीन्द्र सिंह,जिला महामंत्री शरद सिंह, जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, वरिष्ठ नेता जेपी सिंह ,जिला मंत्री विजय सिंह टप्पू, विवेक शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़, शिवेंद्र सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, सरोजगौतम, मनोज अवस्थी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह , किसान मोर्चा डलमऊ अध्यक्ष चंदन त्रिवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह, दल बहादुरसिंह आदि लोगों ने भी गहरा शोक जताया है।

# भारतीय संस्कृति पदयात्रा संपन्न

- सुलतानपुर का नाम बदलने सहित कई मांगों का ज्ञापन सौंपा गया

**सुलतानपुर (वीओएल)।** भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपराओं के सम्मान में अयोध्या से कुशभवनपुर (सुलतानपुर) तक एक दिवसीय भारतीय संस्कृति पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा केवल एक सांस्कृतिक अभियान नहीं, बल्कि इतिहास, सनातन परंपरा और सामाजिक चेतना की पुनः स्थापना का आह्वान रही। पदयात्रा का शुभारंभ अयोध्या से प्रातः 7 बजे हुआ, जो दोपहर 2 बजे कटका बाजार होते हुए सुलतानपुर के लिए रवाना हुई।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को सौंपा गया, जिसमें प्रमुख मांगें रखी गईं। सुल्तानपुर जिले का नाम कुशभवनपुर किया जाए, गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए, देवी-देवताओं के वेष में अशोभनीय नृत्य पर पूर्ण प्रतिबंध लगे, और सनातन बोर्ड का गठन किया जाए। पदयात्रा में



कटका क्लब, यूनिक फाउंडेशन, कुशभवनपुर उत्थान सेवा समिति, विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, भगवा आर्मी, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद सहित कई सामाजिक व धार्मिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। सौरभ मिश्रा विनम्र (अखिल भारतीय भगवान परशुराम एकता समिति) ने पदयात्रा को संस्कृति की पुकार बताया। गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह ने अपनी टीम के साथ यात्रा को रवाना किया, वहीं प्रदीप मिश्र, संदीप मिश्र और सौरभ वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को प्रारंभ किया। रामनगरी अयोध्या में कथावाचक शनि मिश्र ने जल संकल्प दिलाया और चेतावनी दी कि जब तक मांगे पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। डॉ. अनूप मिश्र (यूनिक फाउंडेशन) ने आगामी सुलतानपुर से विजथुआ धाम तक साइकिल यात्रा की घोषणा की। अंत में शीतला प्रसाद पांडेय ने जनपद प्रशासन व सभी सामाजिक संस्थाओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अनमोल अग्रहरि, गिरीश मिश्र, प्रीति मिश्र, आशुतोष पांडेय, शिवकुमार मिश्र, सुधीर मिश्र आदि मौजूद रहे।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मुहिम के तहत बालिकाओं को किया जागरूक




**सुलतानपुर।** निदेशक, महिला कल्याण उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देशन में तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी वी.पी. वर्मा के मार्गदर्शन में संकल्प हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, दूबेपुर में बालिकाओं के अधिकारों व सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला मिशन समन्वयक रेखा गुप्ता ने छात्राओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिका सुरक्षा की शपथ दिलाई तथा पॉक्सो अधिनियम 2012 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन शोषण से सुरक्षा प्रदान करता है और ऐसे कृत्य को जघन्य अपराध माना गया है। साथ ही बाल विवाह की सामाजिक कुरीति पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों और 21 वर्ष से कम आयु के लड़कों का विवाह कानूनी अपराध है, जो बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में बाधक बनता है। जेंडर स्पेशलिस्ट संतोष पाल ने महिला कल्याण विभाग की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि की जानकारी दी। सरोज यादव ने 181, 1090, 1098, 112, 108 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी के साथ गुड टच-बैड टच विषय पर छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने सक्षम नारी, सशक्त भारत थीम पर रैली निकालकर समाज में जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं कई छात्राएं मौजूद रहीं।

## समर्थ उप्र-विकसित उप्र अभियान के तहत जनपद में होंगे कार्यक्रम

**रायबरेली।** विकसित भारत-2047 की अवधारणा को साकार करने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रदेश को 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया है। उत्तर प्रदेश सरकार का महत्वाकांक्षी अभियान समर्थ उप्र-विकसित उप्र-2047 अब रायबरेली से भी रफ्तार पकड़ेगा। इस अभियान के तहत जिले में दो दिवसीय संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें बीते आठ वर्षों की विकास यात्रा पर चर्चा के साथ आने वाले बाईस वर्षों का रोडमैप तैयार किया जाएगा। इसके लिए जनपद का नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा को बनाया गया है। साथ में प्रबुद्ध जन में सेवानिवृत्त आईएएस वीरेंद्र कुमार सिंह, सेवानिवृत्त कर्नल बीआर कुशवाहा, सेवानिवृत्त प्रोफेसर जितेंद्र कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक कौशलेष कुमार सिंह, सेवानिवृत्त अभियंता शेखर अग्रवाल इस संवाद कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया है। इस मिशन में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है और इसी उद्देश्य से विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। यह डॉक्यूमेंट अर्थशक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति जैसे थीम पर आधारित होगा और इसमें कृषि, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी व इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा व सुशासन जैसे 12 प्रमुख क्षेत्रों पर फोकस किया जाएगा। डीएम हर्षिता माथुर ने बताया है कि शासन द्वारा नामित प्रबुद्धजन व नोडल अधिकारी 12 से 13 सितम्बर तक जिले में भ्रमण कर विभिन्न वर्गों से संवाद करेंगे। संवाद कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों, उद्यमियों, किसानों, स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संगठनों, मीडिया और आम जनता की राय ली जाएगी ताकि सभी वर्गों का योगदान इस मिशन में शामिल हो सके।

## टीईटी मामला: शिक्षकों का उमड़ा हजूम कहा : कानून में करें संशोधन



**रायबरेली।** सुप्रीम कोर्ट की तरफ से टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) की अनिवार्यता लागू किए जाने के बाद इसका विरोध तेज हो गया है। गुरूवार को उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले हजारों शिक्षकों ने एकत्रित होकर टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) को लेकर जारी कानून में संशोधन की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने प्रदर्शन करके केंद्र सरकार ने इस कानून में संशोधन करने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री को पत्र भेजा है। इसके साथ ही संघ के पदाधिकारियों ने आज नेता प्रतिपक्ष व जिले के सांसद राहुल गांधी से मिलकर कानून में संशोधन कराए जाने की मांग की है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने कहा कि 29 जुलाई 2011 से उत्तर प्रदेश में नई नियुक्तियों के लिए टीईटी अनिवार्य किया गया है। संघ ने मांग की है कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार कानून लागू होने से पहले नियुक्ति हुए शिक्षकों की टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया जाए। शिक्षकों ने यह मांग सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के निर्णय के संदर्भ में की गई है। उन्होंने कहा कि किसी नौकरी की तैयारी करने वाला कोई अभ्यर्थी नौकरी पाने के दस, बीस, तीस बरस बाद उस परीक्षा को उतने ही सफलतापूर्ण ढंग से पास कर पाता है जितना कि नौकरी पाने के लिए? अदालत के इस फैसले ने देशभर के करीब 40 लाख शिक्षकों को झटका दे दिया है। उत्तर प्रदेश के चार लाख शिक्षकों का भी अहित प्रभावित हुआ है। सरंक्षक समर बहादुर सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से प्रभावित होने वालों में अधिकतर पचास से पचपन वर्ष की आयु वाले वे शिक्षक हैं जो तमाम शारीरिक व्याधियों के बाद भी अपने काम को पूरी लगन और निष्ठा के साथ करने के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने कहा कि नौकरी में आने के बाद टीईटी की अनिवार्यता को थोपना उचित नहीं है। इस फैसले के मुताबिक आठवीं तक की कक्षा में पढ़ाने वाले शिक्षकों को टीईटी- यानी शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करनी होगी। अगर वे ये परीक्षा नहीं देते तो उन्हें अवकाश ग्रहण करना होगा।

## नवाचार से शिक्षा देना होगा आसान : ब्लॉक प्रमुख



**सुलतानपुर (वीओएल)।** भदैया के बीआरसी परिसर मे ब्लॉक स्तरीय नवाचार मेला एवं नालेज शेयरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि भदैया ब्लॉक प्रमुख राजेन्द्र वर्मा रहे। कार्यक्रम के आयोजक शिव शंकर मिश्रा खंड शिक्षा अधिकारी भदैया रहे। उनके अतिरिक्त प्राथमिक शिक्षक संघ सुलतानपुर के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सभी न्याय पंचायत के टीएलएम स्टाल लगाए गए अतिथियों एवं एआरपी द्वारा सभी न्याय पंचायत के टीएलएम स्टाल का गहन निरीक्षण किया गया जिसमें प्रथम स्थान बरूई द्वितीय स्थान भदैया एवं तृतीय स्थान मीरानपुर को मिला। ब्लॉक प्रमुख द्वारा प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर एआरपी अखिलेश मिश्रा, अजय प्रताप सिंह, शैलेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# इश्क मुश्किल है जहां में पग संभल कर आज रखना

**अमेठी।** अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर से स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद सभागार, प्रमोद आलोक इंटर मीडिएट कॉलेज, मंगलपुर, अमेठी में पूर्व गृह सचिव जियालाल आर्य की अध्यक्षता में मां सरस्वती जी एवं गोस्वामी तुलसीदास जी की प्रतिमा माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं हौसला प्रसाद त्रिपाठी कुमार तरल की वाणी वंदना से हुआ। अध्यक्ष अवधी साहित्य संस्थान डॉ. अर्जुन पांडेय ने देश के कोने कोने से आए कवि एवं साहित्यकारों का स्वागत करते हुए कहा कि कला एवं संगीत हिंदी साहित्य के बिना संभव नहीं है।

अध्यक्षता करते हुए जियालाल आर्य ने कहा कि निज भाषा, निज संस्कृति एवं निज देश पर सबको गर्व होना चाहिए। आंध्र प्रदेश की प्रो. विजया भारती जेल्दी की काव्य पंक्ति - हिंदी केवल उत्तर की ही नहीं, संपूर्ण




भारत की प्यारी भाषा है। सुनील वाजपेई की पंक्ति - बन जाने से पहले मैया, मुझको बुला लिया होता, क्या अपराध हुआ है मुझसे, यह तो बता दिया होता। बघेली कवि - बैठ न्याय के देवी आंखी पट्टी बांधे, इया जिंदगी पूर जिंदगी नाच नचाबे। प्रतिभा पांडेय - बहुत बड़े मत बनना, छोटेपन का मजा अनूठा है। जगदम्बा तिवारी मधुर - तनिक धीरे चलो पुरवाई, अचरा मोरा उड़ि उड़ि जावै। शब्बीर अहमद सुरी - इश्क मुश्किल है जहां में पग सम्भल कर आज रखना। डॉ. प्रिया ठाकुर - मां के जितना इस दुनिया में मुझे कोई चाह नहीं सकता। हरिनाथ शुल्क हरि - कहि पूरनिये गयेन ई कहानी सखी, अवधी आ लोक भषवन कै रानी सखी। रश्मि शुक्ला शील - मात पिता इस दुनिया में ईश्वर सम होते हैं। आशिक रायबरेली - ये है मोहब्बत मौत के मुंह से छीन लिया। रामेश्वर सिंह निराश - गंगा कै अस्तित्व खतरे मा बाटे, सब सुख तौ माई के अचरा मा बाटे। राम बदन शुक्ल पथिक - मैं भी दीवाना हूं, वो भी दीवानी है। प्रयास जोशी भोपाल - ताकि जब पानी बरसे तो इसी पहाड़ से फूट पड़े झरने। अनुपम पाण्डेय ने कहा ये जो बरकत है तुम्हारे कदम चूमेगी,दरो दीवार पर मां बाप की निशानी रखना, ज्ञानेंद्र पांडेय अवधी मधुरस, शिवाकांत त्रिपाठी, अरुण तिवारी बोले चिरैया, अनीस देहाती, सुजाता नुना, आरती दुबे, पुरुषोत्तम तिवारी, आशिक रायबरेली, अमर बहादुर सिंह अमर, राजेंद्र प्रसाद शुक्ल, पप्पू सिंह कसक, एसपी मिश्रा, कुंज बिहारी लाल मौर्य, श्रीनाथ मौर्य सरस, इंद्रजीत सिंह अर्जक, राम लखन तिवारी, नरेंद्र प्रताप शुक्ल, राम रथ पांडेय, अनिरुद्ध मिश्रा, जानकी गुप्ता, पुष्पेंद्र पांडेय आदि कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया।

काव्य पाठ के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में आंध्र विवि की विभागाध्यक्ष प्रो. जे विजया भारती व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. हेमराज मीणा, राजेश विक्रांत, डॉ. शिवम तिवारी व डॉ अभिमन्यु पांडेय आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## चोरों ने मंदिर में किया हाथ साफ

**टूंडला।** गांव गढ़ी जाफर शीतला माता मंदिर में अज्ञात चोरों ने दानपेटी के ताले तोड़कर हाथ साफ किए। चोर मंदिर में टंगे पीतल के घंटे भी चोरी कर ले गए। ग्रामीणों ने मंदिर में चोरी होने की सूचना पुलिस को दी है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी जाफर में शीतला माता का एक मंदिर बना है। देर रात्रि मंदिर में अज्ञात चोर घुस आए। मंदिर में रखे दान पात्र का चोरों ने ताला तोड़ दिया। उसमें रखे दान के रुपये चोर चोरी कर ले गए। साथ ही मंदिर से पीतल के घंटे चोरी कर ले गए। सुबह उठकर ग्रामीणों ने मंदिर के टूटे ताले देखे तो उनके होश उड़ गए। मंदिर में दान पात्र का ताला टूटा हुआ था। साथ ही चोर घंटे चोरी कर ले गए थे। ग्रामीणों ने मंदिर में चोरी होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मंदिर में हुई चोरी की छानबीन की है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार का कहना है गांव में शीतला माता मंदिर से चोरी होने की सूचना पर पुलिस पहुंची है।

## डीएम के नेतृत्व में जिले को विकास कार्यों में 7वीं रैंक हासिल हुई



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन के कुशल नेतृत्व और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की सक्रियता के दृष्टिगत जिलें को प्रदेश में विकास कार्यों में 7वीं रैंक हासिल हुई है, लगातार स्थलीय निरीक्षण योजनाओं परियोजनाओं की समीक्षा से जिला लगातार विकास कार्यों में नित्य नई उपलब्धियां पा रहा है, जिलाधिकारी का यह निर्देश कि कोई भी आम नागरिक अगर किसी अधिकारी के पास अपनी समस्याओं को लेकर आता है तो अधिकारी त्वरित उनकी समस्याओं को सुने और उनकी समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करें। साथ ही साथ जिलाधिकारी ने समय-समय पर सभी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आपके कार्य कागजों पर नही अपितु धरातल पर परिलक्षित होने चाहिए, जिलाधिकारी की सजगता और सीडीओ की सक्रियता से जिलें को आज यह उपलब्धी प्राप्त हो सकी है।

## कार, दूसरे वाहन से टकरायी, चार घायल

**मथुरा।** कोसी से दिल्ली की ओर जा रही एक कार अचानक टायर फटने से अनियंत्रित होकर दूसरे वाहन से टकरा गयी और पलट गइ। जिस कारण कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठी दो महिला सहित चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे बठैनगेट चैकी प्रभारी ने राहगीरों की मदद से घायलों को स्थानीय हास्पीटल में भर्ती कराया। बुधवार की दोपहर करीब 11 बजे नगर के ऑफीसर कालोनी निवासी महेंद्र पुत्र रामचंद्र निवासी ऑफीसर कॉलोनी कोसीकलां, प्रेमचंद पुत्र लालाराम निवासी शहजादपुर थाना शेरगढ़, माया पत्नी लालाराम, बीना पत्नी प्रेमचंद निवासीगण शहजादपुर थाना शेरगढ़ एक कार में सवार होकर दिल्ली की ओर जा रहे थे। कार बठैनगेट फ्लाई ओवर पार कर जैसे ही नीचे की तरफ उतरी इसी दौरान कार का टायर फट गया, जिस कारण कार अनियत्रित हो गई और पास चल रहे अन्य वाहन से टकराकर पलट गयी। घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे चारों लोग घायल हो गए।

# जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की सांसद ने की समीक्षा



**मथुरा।** सांसद श्रीमती हेमा मालिनी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक हुई संपन्न। बैठक में महापौर विनोद अग्रवाल, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह, एम0एल0सी0 योगेश नौहवार, एमएलसी सदस्य ओम प्रकाश सिंह, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चैधरी सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, नगर निगम जग प्रवेश, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, सचिव मथुरा वृंदावन विप्रा अरविंद कुमार द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र पल सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सांसद श्रीमती हेमा मालिनी ने एन0एच0 19 (मथुरा से आगरा) की सर्विस रोड में होने वाले जल भराव पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल भराव की समस्या के निदान हेतु कार्य योजना बनाते हुए निराकरण सुनिश्चित करें। सभी नालों की सफाई कराई जाए। उन्होंने वृंदावन के छटीकरा अंडरपास में होने वाले जलभराव पर नाराजगी जाहिर करते हुए 1 माह में उक्त के निस्तारण हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाद के फ्लाईओवर पर गुणवत्ता से कार्य न होने पर अधिकारियों को फटकार लगाई तथा उसे गढ्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए। एमएलसी योगेश नौहवार ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को ससमय मुआवजा प्रदान करने, विद्युत विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण करने तथा सड़कों की मरम्मद कराने हेतु निर्देशित किया। एमएलसी ओम प्रकाश सिंह ने ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों को समयबद्धता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह ने अपने क्षेत्र में सभी फसलों के बर्बाद / नष्ट होने की बात बताई तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल बीमा योजना के अंतर्गत सभी को लाभान्वित किया जाए। उक्त कार्य के सर्वे में पारदर्शिता बनाए रखे। किसानों के हित में कार्य सुनिश्चित करे। विधायक बल्देव पूरन प्रकाश ने वर्षा के दृष्टिगत क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। सांसदजी ने बैठक में निर्देश दिए कि जल भराव की समस्या का निदान करे। खादर क्षेत्र में अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्यवाही करें।

## श्रीलंका के मेहमानों ने जैंत में किया ग्रामीण पर्यटन का अनुभव

**जैंत।** ग्रामीण पर्यटन परियोजना (एग्री रूरल एवं गंगे ग्राम रूरल टूरिज्म) के अंतर्गत चयनित पर्यटन ग्राम जैंत में फेमिलराइजेशन ट्रिप पर आए श्रीलंका के मेहमानों ने जैंत का भ्रमण कर यहां की लोक संस्कृति को नजदीकी से जाना और ग्रामीण महिलाओं के साथ राधाकृष्ण के भजनों परनृत्य किया।

चार सदस्यीय दल का नेतृत्व कर रहे सीलोन चैंबर ऑफ रीजेनरेटिव टूरिज्म के निदेशक नमल जयसेकरा ने बताया कि यहाँ की आत्मीयता और ग्रामीण पर्यटन की विशेषताएँ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए अत्यंत आकर्षक हैं। यह अनुभव न केवल ग्रामीण जीवन से जुड़ने का अवसर देता है बल्कि भारत की गहरी सांस्कृतिक जड़ों को समझने का माध्यम भी है। बेस्ट टूरिज्म विलेज जैंत में श्रीलंका से आए चार सदस्यीय दल ने गांव में भ्रमण कर ब्रज संस्कृति, परम्परा और ग्रामीण जीवन शैली का गहन अनुभव प्राप्त किया। सर्वप्रथम बृज के प्रमुख तीर्थ स्थल पौराणिक जयकुंड पर ग्रामवासियों द्वारा ब्रज की प्राचीन परंपरा अनुसार अतिथियों के चंदन तिलक एवं पुष्पमाला पहनाकर ब्रज लोक गीतों के माध्यम से विदेशी मेहमानों का उत्साहपूर्वक स्वागत कर ब्रज की आत्मीयता और अतिथि सत्कार की झलक प्रस्तुत की। तदुपरांत कालिया मर्दन नाग मंदिर में पूजा-अर्चना कर आस्था की हाजिरी लगाई तथा स्टोरी टेलर रितेश गौतम ने मंदिर और उससे जुड़ी पौराणिक कथाओं को बड़े ही रोचक ढंग से सुनाया। भगवान श्रीकृष्ण की जैंत में की गईं बाल लीलाओं की गाथा ने विदेशी मेहमानों को अत्यंत प्रभावित किया। वहीं उन्होंने मिट्टी के बर्तन एवं दीऐ बनाने की कला को नजदीकी से देखा और स्वयं भी दीये बनाकर इस कला से जुड़ने का प्रयास किया। जैंत की प्रसिद्ध कंठी-माला व तुलसी की खेती का बारीकी से अवलोकन किया। ने तुलसी से बने उत्पादों को देखकर ब्रज की विशेषता की सराहना की श्री होमस्टे का भ्रमण कार्यक्रम के समापन पर विदेशी मेहमानों ने इस पूरे अनुभव को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि- यहाँ की आत्मीयता और ग्रामीण पर्यटन की विशेषताएँ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए अत्यंत आकर्षक हैं। यह अनुभव न केवल ग्रामीण जीवन से जुड़ने का अवसर देता है बल्कि भारत की गहरी सांस्कृतिक जड़ों को समझने का माध्यम भी है। इस कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य ठाकुर ओमप्रकाश सिंह के प्रतिनिधि उमेश प्रताप सिंह, प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह, आदर्श सेवा सेवा समिति के ग्रामीण विकास विशेषज्ञ गौरव गौतम आदि मौजूद रहे।

## ग्वारई में लगा स्वास्थ्य शिविर



**टूंडला।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के गांव ग्वारई में सीएचसी टूंडला द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें ग्रामीणों की जांच के साथ दवा का वितरण किया गया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को लेकर स्वास्थ्य विभाग काफी चौकना है। प्रतिदिन किसी न किसी गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। गुरुवार को गांव ग्वारई में सीएचसी अधीक्षक डॉ सोनू चतुवेर्दी के निर्देशन में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की जांच की गई साथ ही दवा का वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ संजय कुमार, राजेश कुमार, संतोष कुमार, अमित प्रताप उमेश कुमार अर्जुन सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बच्चा चोर गिरोह की सगी बहनों के गिरफ्तार होने के बाद मां की तलाश, दिल्ली पुलिस फिर आयेगी

**आगरा।** दिल्ली पुलिस एक बार फिर बच्चा चोरी गिरोह की पड़ताल के लिए आ सकती है। स्थानीय पुलिस भी सक्रिय है। गिरोह में और कितने लोग हैं, यह पता किया जा रहा है। शाहदरा की रहने वाली दो बहनें भी पकड़ी गई थीं। उनके घर पर ताला बंद है। पुलिस को जानकारी मिली है कि दोनों अपनी मां के साथ मरीजों को देखने का कार्य करती थीं। प्रसव भी कराती थीं। उधर, फतेहाबाद के डॉक्टर कमलेश के बारे में भी जानकारी की जा रही है। उसके हॉस्पिटल पर पूर्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील लगा दी थी। दिल्ली से अगवा बच्चे को पिनाहट क्षेत्र के नयापुरा का हलवाई वीरभान आगरा लाया था। दिल्ली पुलिस ने दबिश देकर हलवाई सहित कई लोगों को पकड़ा था। इसमें फतेहाबाद के केके हॉस्पिटल का संचालक कमलेश भी शामिल था। वह भी बच्चा चोरी करने वाले गिरोह में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। पुलिस के मुताबिक, इस गिरोह में और भी लोग शामिल हो सकते हैं। इसके लिए जानकारी जुटाई जा रही है। मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। व्हाट्सएप चैट भी देखी जा रही है। राज नगर, शाहदरा निवासी कृष्णा और प्रीति को बच्चा चोरी के मामले में दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है। कृष्णा बीएएमएस कर चुकी है, जबकि प्रीति पढ़ाई कर रही है। उनकी मां बेबी भी एक हॉस्पिटल में नर्स का कार्य कर रही थीं। उन्होंने बेटी को भी हॉस्पिटल में जोड़ लिया। बेटियों के पकड़े जाने के बाद से मां लापता हो गई है। पुलिस टीम उनके बारे में जानकारी जुटा रही है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि फिलहाल दिल्ली पुलिस की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है। अगर उनकी ओर से संपर्क किया जाता है तो पड़ताल की जाएगी। आगरा में सक्रिय गिरोह की धरपकड़ के लिए टीमों को लगाया जाएगा।

## नाला निर्माण में कमियों पर 5 ठेकेदारों पर जुर्माना

**आगरा।** नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य न कराने पर कड़ी नाराजगी जताई। मुगल रोड पर नाले का निर्माण कार्य मानकों से कम पाए जाने पर उन्होंने तत्काल कार्य ध्वस्त कर पुनः निर्माण कराने के आदेश दिए। साथ ही काम करा रहे 5 ठेकेदारों पर एक-एक लाख का जुर्माना और एनजीटी गाइडलाइन का पालन न करने पर 25-25 हजार की अतिरिक्त पैनाल्टी लगाने के निर्देश भी दिए। नगला बूढ़ी चौराहे के निकट जल निगम द्वारा पाइप लाइन रेस्टोरेशन कार्य मानक से कम पाए जाने पर नगर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई और जल निगम एक्सईएन को संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए। उन्होंने कहा पाइप लाइन डालने के बाद गड्ढों को सही से न भरने से आमजन को आवागमन में परेशानी हो रही है, जिसे तुरंत ठीक कराया जाए। इसी स्थान पर निमाणाधीन बड़े नाले का कार्य भी लापरवाही से हो रहा था। ग्रीन नेट नहीं लगाई गई थी और सड़क पर निर्माण सामग्री बिखरी हुई थी। इस पर नगर आयुक्त ने ठेकेदार सुभाष चन्द्र शर्मा के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए। नगला बूढ़ी से यमुना की ओर जाने वाली सड़क को गड्ढा मुक्त करने, वहां स्थित दो नालों की निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। क्षेत्रीय पार्षद भरत शर्मा ने इन नालों के विषय में उन्हें अवगत कराया था। दयालबाग क्षेत्र में डलाबघरों को हटाने की व्यवस्था कराने के भी आदेश उन्होंने क्षेत्रीय एस एफआई को दिए। कैलाश घाट से दौरे की शुरुआत कर उन्होंने यमुना किनारे जलस्तर कम होने वाले क्षेत्रों में संक्रमण रोकने के लिए फॉगिंग व एंटी लार्वा छिड़काव कराने के निर्देश सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम को दिए। हाथी घाट स्थित स्ट्रैची ब्रिज के नीचे बाढ़ के कारण हो रहे जलभराव का भी उन्होंने निरीक्षण किया। यहां पर पानी रोकने के लिए और रोके लगाने की जरूरत बताई, जिस पर नगर आयुक्त ने जेई ललित कुमार को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। आरती स्थल पर धंसी सड़क को भी उन्होंने जल्द से जल्द दुरुस्त कराने का आदेश अधिकारियों को दिया। नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता विद्युत एवं यांत्रिक को पूरे शहर का भ्रमण कर खराब लाइटों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुगल रोड पर एई और सुपरवाइजर मौके पर अनुपस्थित मिले, जिस पर उन्होंने स्पष्टीकरण तलब करने के आदेश दिए हैं।

# शिविर के माध्यम से विधिक सेवाओं, आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति किया जागरूक




**फिरोजाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अतुल चौधरी एवं मिशन शक्ति हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की अधिकारी ज़िला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा के निर्देशन में पीएलवी प्रवीन कुमार शर्मा द्वारा श्री नारायण दिव्यांग सेवा समिति के समन्वय से झगड़ेश्वर बगीची में जन जागरुकता शिविर का आयोजन कर विधिक सेवाओं एवं आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ साथ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं व टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक किया गया व उनकी समस्याएं सुनी। सरकार द्वारा संचालित महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090, कन्या सुमंगला योजना, विवाह अनुदान योजना श्रमिक कल्याण आदि योजनाओं व टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों के साथ साथ महिला एवं बाल संबंधी अधिकारों व अधिनियमों से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए लोक अदालत की प्रक्रिया, लाभ और कानूनी अधिकारों के विषय में बताया कि, कैसे इस व्यवस्था का लाभ उठाकर समाज में समय और संसाधनों की बचत की जा सकती है। साथ ही उन्होंने अपील की, कि वे इस जानकारी को अपने परिवार और आसपास के लोगों तक भी इसे पहुंचाएं। ताकि, अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ ले सकें। आगामी 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत न्यायपालिका की एक सुलभ और प्रभावी व्यवस्था है, जिसमें विवादों का निस्तारण आपसी सहमति से कराया जाता है। यह प्रक्रिया पारंपरिक अदालतों की तुलना में अधिक तेज और बिना किसी आर्थिक बोझ के होती है। लोक अदालत में होने वाले समझौतों को अंतिम निर्णय की तरह माना जाता है। इस अवसर पर श्री नारायण दिव्यांग सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार महानगर अध्यक्ष विकास गुप्ता एवं महानगर उपाध्यक्ष अंजना व्यास सहित राहुल, शहजाद राहुल लालाराम अजीब सनी रामू नीरू राजेश राजकुमार कुलदीप, हेमंत प्रमोद अजय पाल आशा सोनी व अन्य उपस्थित रहे।

## सरकारी जमीन पर बनी दुकान पर चला बुलडोजर

**आगरा।** बिजलीघर स्थित शिवाजी मार्केट में नगर निगम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन पर पर कब्जा कर बनाई गई एक अवैध दुकान पर बुलडोजर चला दिया। यह दुकान सावनदास नामक व्यक्ति द्वारा कब्जा की गई जमीन पर बनाई गई थी। दुकानदार ने शटर लगाकर इसे पूरी तरह से संचालन योग्य बना लिया था। नगर निगम को जब इस अवैध कब्जे की जानकारी मिली तो नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। जिस पर जोनल अधिकारी अवधेश कुमार प्रवर्तन दल के साथ मौके पर पहुंचे। टीम को देखते ही दुकानदार हंगामा करने लगा, लेकिन जब उससे जमीन के कागज मांगे गए तो वह कोई सबूत नहीं दिखा पाया। इसके बाद प्रवर्तन दल ने जेसीबी मशीन की मदद से दुकान को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए थे। पुलिस बल की वजह से कोई विरोध करने का साहस नहीं जुटा सका नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि शहर में अवैध कब्जों और निमार्णों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी सूरत में सरकारी भूमि पर कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, नगर निगम की टीम ने आवास विकास स्थित करकुंज चौराहा के पास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सड़क किनारे कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया था, निगम की टीम ने इस हटवाया। चेतावनी के बाद भी जिन लोगों ने सामान नहीं हटाया था, उनका सामान जब्त कर लिया।

# लोनिवि के दोनों खंडों में 30 से 50% तक न्यूनतम दरों पर आ रहीं निविदाएं




**मथुरा।** लोनिवि के प्रांतीय खण्ड/ निर्माण खण्ड में सड़क निर्माण और भवनों की मरम्मत की निविदाएं विभागीय दरों से 30 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक न्यूनतम दरों पर निविदाएं प्राप्त हो रहीं हैं। क्या इतनी कम दरों पर आ रहीं निविदाओं पर विभाग गुणवत्ता पूर्वक कार्य ले पा रहा है या इसमें कोई बड़ा खेल चल रहा है। सड़कों के चैड़ीकरण की निविदा हो या सड़कों के पैच मरम्मत की निविदा हो, भवनों की मरम्मत की निविदा हो या नया निर्माण हो इतनी कम निविदाओं पर कैसे गुणवत्ता परख कार्य हो पा रहे हैं। पिछले कई वर्षों से ठेकेदारों द्वारा डाली जा रहीं निविदाएं अधिक बिलो होने पर क्या विभाग निविदादाता से गुणवत्ता परख कार्य करने का कोई स्पष्टीकरण लेता है या नहीं। फिलहाल में हुई निविदा में रोड सेफ्टी कार्य की निविदा 49 प्रतिशत से अधिक न्यूनतम दरों पर आई है। वहीं राधाकुण्ड बाइपास मार्ग के निर्माण की निविदा 38 प्रतिशत से अधिक न्यूनतम दरों पर खुली थी। साथ ही लोनिवि मथुरा में सड़कों के चौड़ीकरण की सभी निविदाएं 30 से 40 प्रतिशत बिलो हैं, इसी प्रकार दिल्ली कलकत्ता मार्ग के शहरी भाग औरंगाबाद से लेकर टैंक चौराहे तक मार्ग चौड़ीकरण की निविदा 37 प्रतिशत न्यूनतम दरों पर आई है। वहीं भवनों के कार्यों में फिलहाल हुई जनपद न्यायालय के 10 कोर्ट रूम भवन की मरम्मत की निविदा 30 प्रतिशत न्यूनतम आयी है। क्या इन निविदाओं पर शासन से निविदा बिलो/न्यूनतम की राशि काटकर धन आवनटन प्राप्त होता है या पूरा स्वीकृत लागत पूरी मिलने पर विभागीय इंजीनियर और ठेकेदार मिलकर स्वीकृत धनराशि में न्यूनतम (बिलो) निविदा की धनराशि को भी ठिकाने लगाने का कार्य कर देते हैं। बड़ा सवाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा ड्रीम प्रोजेक्ट पर कहीं विभागीय लोग जीरो टॉलरेंस की नीति को समाप्त करने में तो नहीं लगे हैं। किस प्रकार विभागीय दरों से अधिक न्यूनतम दरों पर कार्य की गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूरी हो जाती है या फिर शासन से मिली पूरी धनराशि सम्मिलित न्यूनतम (बिलो) की धनराशि का भी बंदरबाट कर लिया जाता है।

## बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचीं सांसद फल बांटे

**मथुरा।** यमुना का रौद्र रूप शांत होने के बाद दो दिवसीय दौरे पर आई भाजपा सांसद ड्रीम गर्ल हेमामालिनी ने गुरूवार को यमुनापार में बाढ़ पीड़ितों से भेंट कर उनकी परेशानियों को समझा। इस दौरान उन्होंने अपने हाथों से राहत केंद्र में मौजूद लोगों को फल और भोजन वितरित किया। सांसद हेमामालिनी आज जिलाधिकारी सीपी सिंह के साथ सर्वप्रथम बाढ़ राहत केंद्र यमुनापार के सुभाष इंटर कालेज लक्ष्मीनगर पहुंची। वहां उन्होंने अलग-अलग प्रभावित लोगों से बातचीत की और उनको भोजन प्रसादी और फल वितरण किया और बच्चों को बिस्कुट और चॉकलेट दी। उन्होने खादर क्षेत्र में घरों के निर्माण पर अधिकारियों से नाराजगी जाहिर की। सांसद ने कहा कि जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने बहुत ही प्रशंसनीय कार्य किया है। बाढ़ शिविर में ठहरे प्रभावित महिलाओं ने सांसद को भजन कीर्तन सुनाया और बच्चों को केला चॉकलेट, बिस्कुट आदि का वितरण किया। सांसद ने पीड़ित लोगों से कोई असुविधा के बारे में पूछा तो सभी ने खुले दिल से तारीफकरते हुए कहा कि उन्हें जिला प्रशासन ने खाने रहने की उत्तम व्यवस्था कराई है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने सांसद को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चल रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। करीब 25 मिनट तक बाढ़ पीड़ितों के साथ समय बिताते हुए सांसद ने सभी का हाल जाना। सभी को आश्वस्त किया कि हर संभव मदद की जाएगी। इस दौरान उन्होंने शिविर में मौजूद महिलाओं से भजन भी सुने। इसके बाद सांसद यहां अगले बाढ़ राहत शिविर की तरफ चली गई। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, भानु आदि मौजूद रहे।



## चलाया जा रहा हेलमेट नो पेट्रोल अभियान



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल नेतृत्व में यातायात पुलिस फिरोजाबाद द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। गुरुवार को जनपद के विभिन्न पेट्रोल पम्पों पर इस अभियान के अंतर्गत दो पहिया वाहन चालकों एवं पेट्रोल पम्प कर्मियों को हेलमेट की अनिवार्यता के विषय में जागरूक किया गया एवं पेट्रोल पम्प स्वामी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे बिना हेलमेट किसी भी वाहन चालक को पेट्रोल न दें तथा पेट्रोल पम्प परिसर में नो हेलमेट नो पेट्रोल के बैनर लगवाएँ। अभियान के दौरान बिना हेलमेट दो-पहिया वाहन चलाने वाले तथा एनएच-19 पर ओवरस्पीड करने वाले कुल 520 वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्यवाही की गयी है।

## कार से 2.70 लाख रुपये व मोबाइल चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**टूंडला।** साले को दवा दिलाने आए उसके बहनोई की कार से दो लाख 70 हजार रुपये व एक मोबाइल फोन चोरी हो गए। पीड़ित ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। हाथरस के थाना मुरसान गांव सैनपुर निवासी नरेंद्र सिंह अपने साले संजय कुमार निवासी गांव डाटोली थाना गौडा अलीगढ़ को आठ अगस्?त सोमवार को टोल प्लाजा स्थित कैंसर हॉस्पिटल में दवा दिलाने आया था। रात्रि साढ़े नौ बजे हॉस्?पीटल के निकट एक ढ़ाबा से खाना लेने गया था। आरोप है कि खाना लाते समय उसकी वैगनार कार में रखे दो लाख 70 हजार रुपये व एक मोबाइल फोन चोरी हो गया। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## मकान का छज्जा गिरा, 5 लोग दबे

**आगरा।** थाना शाहगंज के सराय ख्वाजा चौकी के पास एक गली में मकान का छज्जा गिर गया। इसमें एक महिला और एक परिवार के पांच लोग मालवे में दब गए। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने बाहर निकलने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस ने रेस्क्यू किया। इसके बाद घायल लोगों को इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने एक बच्चे को मृत घोषित कर दिया। लोगों ने बताया- जिसके मकान का छज्जा गिरा है उसका नाम गुड्डू है। उसके मकान के सामने आफताब का घर है। जहां पर आफताब उसकी पत्नी और तीन बच्चे गली में बैठे थे। वहीं गुड्डू के छोटे भाई की पत्नी रूबी भी खड़ी थी। इसके बाद छज्जा गिर गया और यह छह लोग मलबे में दब गए। इसके बाद घायलों को अस्पताल भेजा गया। इसमें आफताब के बेटे रफत 4 को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। आफताब और उसकी पत्नी और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल है, उनका अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इससे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मकान मालिक गुड्डू का आरोप है कि पड़ोस में मकान खरीदने वाले व्यक्ति ने मरम्मत के दौरान बड़े-बड़े गड्ढे खोदकर पिलर खड़े किए, जिससे छज्जे में दरार आ गई थी। इसके बावजूद उसने मरम्मत नहीं कराई। आज बिल्डिंग के पिलरों में ड्रिलिंग मशीन से काम चल रहा था, जिसकी वाइब्रेटिंग से छज्जा गिर गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसीपी लोहा मंडी मयंक तिवारी और सदर तहसील के नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे।

# आगरा में जुटे देश भर के किन्नर

**आगरा।** फतेहाबाद रोड पर अखिल भारतीय किन्नर समाज का सम्मेलन चल रहा है। इसमें देश भर से लगभग 10 हजार किन्नर शामिल हो रहे है। सम्मेलन का शुभारंभ भगवान गणेश के पूजन के साथ हुआ। इसमें किन्नरों ने आपस में बाढ़ पीड़ितों के लिए चंदा इक्कठा किया। जहां पर किन्नरों के चंदे से 30 लाख रूपए आए। इस चंदे से अब पंजाब के बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाई जाएगी। हैवेल्स गार्डन में बुधवार को पंजाब बाढ़ पीडितों के लिए किन्नरों ने चंदा देने के बाद बोली लगाई। इसमें किसी किन्नरों ने 50 हजार तो किसी ने एक लाख तक का चंदा दिया। सबसे ज्यादा गोरखपुर की तरफ से आया। इस दौरान किन्नरों ने पंजाब की बाढ़ में फंसे लोगों और किसानों के लिए दुआएं मागी। पंजाब के लोगों को बाढ़ से राहत मिले इसके लिए गणेश पूजन किया। हरियाणा की गुरू माता साधना ने कहा- आगरा में आज देश भर के किन्नर इक्कठा हुए है। पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए चंदे को बिस्तर लगाया है। जहां देश भर से आए किन्नर चंदा दे रहे है। 30 लाग का चंदा हो गया है। अगर जरूरत पड़ने पर और चंदा इक्कठा करेंगे। हम कोई पुण्य का काम नहीं कर रहे है। हम किन्नर है, लोगों का लिया पैसा जरूरत पड़ने पर लोगों तक पहुंचा रहे है। जिससे बाढ़ पीड़ितों को सहायता मिल सके। अखिल भारतीय किन्नर समाज के पंचों ने कहा-चंदे का पैसा नेताओं और अफसरों को नहीं देंगे, क्योंकि इससे पैसों का गबन हो सकता है। हम सीधे पीड़ितों तक मदद पहुंचाना चाहते हैं। और किसी ऐसे व्यक्ति को साथ लेंगे जो वाकई लोगों की मदद कर रहे है।

● पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए किया 30 लाख का चंदा, बोले-खुद देंगे राहत सामग्री

# संस्कृति विवि में मनाया गया आत्महत्या रोकथाम दिवस

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा मनाए गए ह्यआत्महत्या रोकथामह्न दिवस में वक्ताओं ने कहा कि जागरूकता के द्वारा आत्महत्या जैसे कलंक को रोका जा सकता है। वक्ताओं ने लोगों के बीच हर स्तर पर चलाए जा रहे अभियानों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्य वक्ता डा. रजनीश त्यागी ने बताया कि विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की शुरूआत 2003 में विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर की गई थी और यह एक महत्वपूर्ण वकालत और संचार आधारित कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय संगठनों, सरकारों और आम जनता तक पहुंचना है तथा यह संदेश देना है कि आत्महत्या को रोका जा सकता है। इन प्रयासों में आत्महत्या रोकथाम दिवस को एक प्रभावी उपकरण माना जाता है। डा.रजनीश ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक आत्महत्या रोकथाम पहल का उल्लेख इसके कार्यान्वयन की मुख्य रणनीति के संबंध में किया गया है, जिसमें ह्यआत्मघाती व्यवहारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें प्रभावी ढंग से रोकने के लिए वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय बहु-क्षेत्रीय गतिविधियों का आयोजन, आत्महत्या रोकथाम के लिए राष्ट्रीय नीतियों और योजनाओं को विकसित करने और उनका मूल्यांकन करने के लिए देशों की क्षमताओं को मजबूत करना शामिल है।




इससे पूर्व तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कु. श्रुति कर्मकार ने विषय का परिचय देते हुए बताया कि आत्महत्या के कई जटिल, परस्पर संबंधित और अंतर्निहित कारक होते हैं जो दर्द और निराशा की भावनाओं को बढ़ा सकते हैं। आत्महत्या के साधनों खासकर आग्नेयास्त्र, दवाइयाँ और जहर तक आसान पहुंच होना भी एक जोखिम कारक है। इस मौके पर सेमिनार हॉल में कविता, ओपन माइक और पोस्टर मेकिंग जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें 200 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग पर एक विचारोत्तेजक नाट्य प्रस्तुति दी, जिसमें यह दशार्या गया कि इसका गलत प्रयोग आत्महत्या प्रवृत्तियों का कारण बन सकता है। मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने आयुर्वेद भवन के सामने एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें तुलना, शैक्षणिक असफलता, टूटे विवाह, लैंगिक समानता और पुरुषों की छिपी हुई आवाज जैसे मुद्दों को उठाया गया। नाटक का समापन एक गीत के साथ हुआ, जिसने आत्महत्या रोकथाम के महत्व को सशक्त रूप से उजागर किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. श्रेया शर्मा ने किया और अंत में डॉ. मोनिका अब्रोल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

संक्षेप

### सोना 100 रुपये बढ़कर 1,13,100 रुपये के नये रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। स्टॉकिस्टों की सतत लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर।,13,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। इस साल सोने की कीमतों में तेजी बनी हुई है। यह 31 दिसंबर, 2024 को 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। अबतक इसमें 34,150 रुपये यानी 43.25 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 100 रुपये बढ़कर 1,12,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। मुद्रास्फीति की चिंता, बढ़ता सार्वजनिक ऋण और अमेरिकी वृद्धि की गति कम होने जैसे बाजार जोखिम बढ़ने के कारण सोने की कीमतें सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं। एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) का प्रवाह, विशेष रूप से एशिया में, सोने की कीमतों की तेजी के लिए एक महत्वपूर्ण कारक रहा है। सोने के लिए यह एक शानदार वर्ष रहा है...। यह उछाल केंद्रीय बैंकों की भारी खरीदारी, एक्सचेंज-ट्रेडेड फंडों में मजबूत निवेश, दरों में कई कटौती की उम्मीद और शुल्क से जुड़े लगातार वैश्विक तनावों के कारण हुआ है।

### टाटा मोटर्स और नियॉन लाजिस्टिक्स की साझेदारी

अहमदाबाद। भारत के परिवहन और लॉजिस्टिक्स परिदृश्य में गुजरात की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। लंबी समुद्री तट रेखा, पोर्ट आधारित अर्थव्यवस्था और भविष्य को ध्यान में रखकर विकसित किए गए आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने इसे रणनीतिक रूप से और भी अहम बना दिया है। राज्य में सड़क सुधार, रेलवे नेटवर्क अपग्रेड और पोर्ट टर्मिनल विस्तार जैसी पहलों से मुख्य कॉरिडोर में कनेक्टिविटी बेहतर हुई है, जिससे माल की आवाजाही आसान और लॉजिस्टिक्स की दक्षता और मजबूत हुई है। इसी मजबूत इकोसिस्टम का लाभ उठाते हुए अहमदाबाद स्थित नियॉन लॉजिस्टिक्स ने एफएमसीजी (फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स) क्षेत्र में अपने परिचालन का विस्तार किया है, ताकि देश के प्रमुख खपत बाजारों में समय पर और भरोसेमंद डिलीवरी सुनिश्चित की जा सके। इस विस्तार के हिस्से के रूप में, नियॉन लॉजिस्टिक्स ने टाटा मोटर्स के साथ साझेदारी की है और अपनी फ़्लीट में टाटा एलपीटी 1921 एसी ट्रक शामिल किए हैं।

### ट्राइटन वाल्व्स ने अपनी 50वीं वर्षगांठ मनायी

बंगलुरु। ट्राइटन वाल्व्स लिमिटेड ने अपनी 50वीं वर्षगांठ का जश्न मनाया। यह समारोह लीडिंग एक्सीलेंस, इनोवेशन एंड रेसिलिएंस के पाँच दशकों का प्रतीक था। इसमें में ऑटोमोटिव क्षेत्र के गणमान्य लोगों, पार्टनर्स और उद्योग जगत के दिग्गजों ने हिस्सा लिया। ट्राइटन वाल्व्स मैसूर में इनोवेशन की विरासत और भारत की आत्मनिर्भरता की भावना का एक गौरवशाली प्रमाण है। पचास वर्षों से, इसने न केवल भारत, बल्कि विश्व की सेवा करते हुए रेसिलिएंस, गुणवत्ता और विविधीकरण का उदाहरण पेश किया है। हम 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। ट्राइटन हम सभी को मेक इन इंडिया की शक्ति में विश्वास करने और समर्पण, दूरदर्शिता तथा उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता से प्राप्त हुई उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए प्रेरित करता है।

### नेटफ्लिक्स पर एपिक सीरीज कुरुक्षेत्र की स्ट्रीमिंग शुरू

मुंबई। नेटफ्लिक्स पर नई एपिक सीरीज कुरुक्षेत्र की स्ट्रीमिंग शुरू हो रही है। इसमें महाभारत की ऐतिहासिक कहानी दिखाई गई है। इस सीरीज की परिकल्पना और रचना अनु सिक्का ने की है। इसके निमार्ता टिपिंग पॉइंट प्रोडक्शन के बैनर तले आलोक जैन, अनु सिक्का और अजीत अंधारे हैं। कुरुक्षेत्र की कहानी इसके निर्देशक उजान गांगुली ने लिखी है। सीरीज के आधिकारिक गीतकार के रूप में इस परियोजना को अपनी आवाज महान गीतकार और कवि, गुलजार ने दी है, जिससे इस एनिमेटेड सीरीज की गंभीरता व गहराई बढ़ गई है। मूल प्रस्तुति, कुरुक्षेत्र में महाभारत को एक बिल्कुल नए अंदाज में पेश किया गया है। इसमें एक दिलचस्प कहानी के माध्यम से इस महाकाव्य के महत्वपूर्ण लम्हों की भावनात्मक तीव्रता और नैतिक कशमकश को दिखाया गया है। सीरीज की शुरूआत 18 प्रमुख योद्धाओं के दृष्टिकोण के माध्यम से होती है।

# सेंसेक्स में 124 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी बनी रही और बीएसई सेंसेक्स 124 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के पार पहुंच गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू शेयर बाजार लाभ में रहे। तीस शेयरों पर आधारित सेंसक्स में लगातार चौथे दिन तेजी रही और यह 123.58 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,548.73 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 217.07 अंक तक चढ़ गया था।

पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी में लगातार सातवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 32.40 अंक यानी 0.13 प्रतिशत बढ़कर लगभग तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 25,005.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, पावरग्रिड, भारती एयरटेल, इटर्नल और सन फार्मा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में इन्फोसिस, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। निफ्टी 50 सूचकांक 25,000 अंक की महत्वपूर्ण सीमा से ऊपर बंद हुआ है। अमेरिका द्वारा भारत पर अप्रत्याशित रूप से 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने से मुख्य सूचकांक एक समय 24,400 अंक तक गिर गया था। भारत के साथ व्यापार वार्ता फिर से शुरू करने के अमेरिका के सकारात्मक संकेतों से सूचकांक एक नए दायरे में चढ़ा। बाजार इसकी काफी उम्मीद कर रहा था। बृहस्पतिवार को बाजार में सुस्ती रही और अंत में मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। सकारात्मक शुरुआत के बाद, निफ्टी पूरे सत्र में एक सीमित दायरे में रहा और अंततः 25,005 अंक के स्तर पर बंद हुआ। विभिन्न क्षेत्रों का प्रदर्शन मिला-जुला रहा। ऊर्जा और फार्मा क्षेत्र सबसे अधिक लाभ में रहे, जबकि आईटी और वाहन क्षेत्रों में मुनाफावसूली देखी गई। मझोली कंपनियों से जुडे बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि स्मॉलकैप स्थिर रहा। पिछले चार दिन में बीएसई सेंसेक्स 837.97 अंक यानी 1.03 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि एनएसई निफ्टी में 290.45 अंक यानी 1.17 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। बुधवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 115.69 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने पिछले दिन 5,004.29 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# रुपया 36 पैसे टूटकर अपने सबसे निचले स्तर 88.47 प्रति डॉलर पर

मुंबई। भारत और अमेरिका के बीच शुल्क मुद्दे पर जारी विवाद का घरेलू मुद्रा की कमजोरी पर भारी असर पड़ा और रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 36 पैसे टूटकर 88.47 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मुद्रास्फीति के आंकड़े आने से पहले अमेरिकी डॉलर में सुधार और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने निवेशकों की धारणा को और कमजोर किया। पिछले कुछ सत्रों में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने से भी रुपये पर दबाव पड़ा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.11 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 88.47 के सर्वकालिक निचले स्तर तक गिर गया। कारोबार के अंत में रुपया 88.47 (अस्थायी) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद



भाव से 36 पैसे की भारी गिरावट है। बुधवार को रुपया अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से थोड़ा उबरकर 88.11 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इससे पहले पांच सितंबर को रुपया दिन में कारोबार के दौरान 88.38 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचा था। भारतीय रुपया ऐतिहासिक निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा है। आयात के लिए डॉलर की मजबूत मांग, बाहरी शुल्क संबंधी चिंताओं और अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों और फेडरल रिजर्व की नीति को लेकर बाजार की अपेक्षाओं का दबाव है। डॉलर सूचकांक भी लगभग 98 के स्तर को छू रहा था जबकि ब्रेंट क्रूड की कीमतें बढ़ने से डॉलर की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहीं। पिछले तीन दिन में भारत और अमेरिका के बीच ब्याज दरों के अंतर में वृद्धि के कारण प्रीमियम भी बढ़ रहे थे। शुक्रवार को रुपया 88.25 से 88.75 के बीच रहने की उम्मीद है। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत बढ़कर 97.99 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 67.32 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी के बीच हमारा अनुमान है कि रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा।

# महाराष्ट्र उद्योगों और निवेश के लिए सर्वोत्तम स्थानः फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य उद्योगों और निवेशकों के लिए सबसे अच्छा माहौल प्रदान करता है, जिससे यह देश में निवेश के लिए सबसे पसंदीदा जगह बन गया है।

जियो वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में भारत-ऑस्ट्रेलिया फोरम के ग्लोबल लीडर मीट में फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों और उद्यमियों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई उद्योगों को अपशिष्ट जल प्रबंधन, सौर ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और बंदरगाह आधारित विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश के अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न क्षेत्रों के लिए व्यापक नीतियां बना रही है, और सेवा क्षेत्र सहित 14 क्षेत्रों के लिए नीतियों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। सेवा क्षेत्र राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। व्यवसायों को आसानी से चलाने के लिए, सरकार ने मैत्री पोर्टल शुरू किया है। यह एकल खिड़की प्रणाली है, जो उद्यमियों को शीघ्र मंजूरी प्राप्त करने में मदद करेगी, ताकि राज्य में निवेश का अनुभव सकारात्मक रहे। राज्य के सभी प्रमुख स्थानों को वधावन से छह घंटे के भीतर जोड़ा जा रहा है। पुणे में एक नया हवाई अड्डा शहर के विकास को गति देगा, जिसे तेज़ परिवहन अवसंरचना का समर्थन प्राप्त है।

# सेबी के निदेशक मंडल की अहम बैठक आज

मुंबई। बाजार नियामक सेबी का निदेशक मंडल शुक्रवार को अपनी बैठक में कई अहम सुधार प्रस्तावों पर विचार कर सकता है जिनमें बड़ी कंपनियों के लिए आईपीओ की शर्तों में ढील और न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी हासिल करने की समयसीमा बढ़ाने जैसे प्रस्ताव शामिल हैं। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय के कार्यकाल की यह तीसरी बोर्ड बैठक होगी। पांडेय ने इस साल एक मार्च को सेबी प्रमुख का पदभार संभाला था। सूत्रों ने कहा कि सेबी का निदेशक मंडल बड़ी कंपनियों को भारतीय बाजार में सूचीबद्ध होने के लिए प्रोत्साहित करने वाले प्रस्ताव पर अपनी मुहर भी लगा सकता है। प्रस्ताव



है कि 50,000 करोड़ रुपये से लेकर एक लाख करोड़ रुपये के पूंजीकरण वाली कंपनियों के लिए न्यूनतम सार्वजनिक निर्गम (एमपीओ)।,000 करोड़ रुपये और न्यूनतम आठ प्रतिशत निर्गम-पश्चात पूंजी का प्रावधान रखा जाए। इन्हें न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) की 25 प्रतिशत सीमा को मौजूदा तीन साल के बजाय पांच साल में हासिल करने की छूट दी जा सकती है। वहीं, एक लाख करोड़ रुपये से पांच लाख करोड़ रुपये तक के पूंजीकरण वाली कंपनियों के लिए एमपीओ का आकार 6,250 करोड़ रुपये और न्यूनतम 2.75 प्रतिशत निर्गम-पश्चात पूंजी होगी। इनके लिए एमपीएस हासिल करने की समयसीमा 10 साल तक बढ़ाई जा सकती है। पांच लाख करोड़ रुपये से ऊपर के बाजार पूंजीकरण वाली कंपनियों के लिए एमपीओ 15,000 करोड़ रुपये और कम से कम एक प्रतिशत निर्गम-पश्चात पूंजी रहेगी। ऐसा होने पर कंपनियां अपेक्षाकृत छोटे आईपीओ से शुरुआत कर सकेंगी और लंबी अवधि में क्रमिक रूप से सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ा पाएंगी। इससे कंपनियों पर तत्काल बड़े पैमाने पर प्रवर्तक हिस्सेदारी घटाने का दबाव कम होगा।

# एनएचएआई परियोजनाओं के लिए 10 हजार करोड़ के बीमा गारंटी बॉन्ड अबतक जारी

नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अनुबंधों के लिए बीमा कंपनियों की तरफ से जारी बीमा गारंटी बॉन्ड (आईएसबी) का मूल्य 10,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बीमा गारंटी बॉन्ड ऐसे वित्तीय साधन होते हैं जिनमें बीमा कंपनियां यह गारंटी देती हैं कि अनुबंध पाने वाला ठेकेदार तय शर्तों के अनुरूप अपना दायित्व पूरा करेगा। बयान के मुताबिक, जुलाई, 2025 तक 12 बीमा कंपनियों ने लगभग।,600 आईएसबी को बोली सुरक्षा और 207 आईएसबी को प्रदर्शन सुरक्षा के रूप में जारी किए जिनका कुल मूल्य लगभग 10,369 करोड़ रुपये है। एनएचएआई बोली सुरक्षा औरा या प्रदर्शन सुरक्षा जमा के अतिरिक्त विकल्प के रूप में बीमा गारंटी बॉन्ड के उपयोग को बढ़ावा दे रहा है। वित्त मंत्रालय ने सभी सरकारी खरीदों के लिए ई-बैंक गारंटी और बीमा गारंटी बॉन्ड को बैंक गारंटी के बराबर मान्यता दी हुई है। मंत्रालय के अनुसार, बीमा गारंटी बॉन्ड किफायती होने के साथ एनएचएआई की परियोजनाओं के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। जैसे-जैसे भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा निर्माण बाजार बनने की ओर बढ़ रहा है, बुनियादी ढांचा क्षेत्र में बैंक गारंटी की मांग हर साल छह से आठ प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है।

# पुरानी गाड़ी को कबाड़ में बदलने का प्रमाणन जमा करने वाले खरीदारों को विशेष छूट दी जाये :गडकरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को वाहन उद्योग जगत से कहा कि वे उन ग्राहकों को अतिरिक्त छूट देने पर विचार करें जो नई गाड़ी खरीदते समय अपने पुराने वाहन को कबाड़ में बदलने का प्रमाणपत्र जमा करते हैं।

गडकरी ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से यह भी अनुरोध किया है कि जो लोग अपने पुराने वाहन को कबाड़ में बदलकर नई गाड़ी खरीदते हैं, उन्हें माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में राहत दी जाए। उन्होंने ई20 ईंधन (20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल) के खिलाफ जारी सोशल मीडिया प्रचार को



राजनीतिक रूप से उनके खिलाफ बताया और कहा, यह प्रचार एक पैसे लेकर (पेड कैंपेन) शुरू किया गया अभियान था, जो खास तौर पर एथनॉल के खिलाफ था और मेरा राजनीतिक विरोध करने के लिए किया गया। उन्होंने यहां सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के वार्षिक सम्मेलन में कहा, यह सोशल मीडिया अभियान एक सशुल्क अभियान था। यह एथनॉल के खिलाफ था और इसका उद्देश्य मुझे राजनीतिक रूप से निशाना बनाना था। कांग्रेस ने हाल ही में गडकरी के खिलाफ हितों के टकराव के आरोप लगाए हैं। उसका दावा है कि गडकरी एथनॉल उत्पादन के लिए आक्रामक रूप से पैरवी कर रहे थे, जबकि जबकि उनके दो पुत्र एथनॉल उत्पादन करने वाली कंपनियों में शामिल हैं और सरकार की नीति से लाभ उठा रहे हैं। वाहन स्क्रैप नीति पर, गडकरी ने कहा कि यह उद्योग और सरकार दोनों के लिए फायदेमंद है, क्योंकि इससे निजी क्षेत्र को स्क्रैप धातुओं की उपलब्धता में भी मदद मिल सकती है, जिन्हें आयात किया जाता है। मंत्री ने उद्योग जगत से पुराने वाहन को कबाड़ में बदलने का प्रमाणपत्र जमा करने के बाद नया वाहन खरीदने वालों को अच्छी छूट देने पर विचार करने को कहा। वर्तमान में, औसतन 16,830 पुराने वाहन हर महीने कबाड़ में बदले जा रहे हैं और निजी क्षेत्र ने 2,700 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

# संगमरमर, ग्रेनाइट पर जीएसटी घटने से आवासीय क्षेत्र, लघु उद्यमों को फायदा

नयी दिल्ली। खान मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि संगमरमर एवं ग्रेनाइट जैसे खनन क्षेत्र से जुड़े उत्पादों पर जीएसटी दरों में की गई कटौती से आवास उद्योग और लघु उद्योगों को लाभ मिलेगा।

जीएसटी ढांचे में पिछले हफ्ते बदलाव किए जाने के बाद खनन से जुड़े कई उत्पाद अब 12 प्रतिशत की जगह पांच प्रतिशत के कर दायरे में आ गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि इस दर कटौती से मकान निर्माण की लागत में कमी आएगी क्योंकि आवास उद्योग में संगमरमर और ग्रेनाइट जैसे खनन उत्पादों का व्यापक इस्तेमाल होता है। इनकी खुदाई राजस्थान, गुजरात और कर्नाटक में की जाती है। इसी तरह, चूने की ईंट और पत्थरों की जड़ाई के




काम की नई दरें भी ग्रामीण क्षेत्रों में कम लागत वाले मकानों के निर्माण को सस्ता बनाएंगी। इससे ग्रामीण और निम्न आय वाले परिवारों को मदद मिलेगी। इसके अलावा पीतल, तांबे की मिश्रधातु और एल्युमीनियम से बनने वाले हस्तशिल्प उत्पादों पर भी जीएसटी कम होने से कारीगरों और लघु उद्योगों को राहत मिलेगी। खान मंत्रालय ने कहा, मंत्रालय से संबंधित सेवाओं पर जीएसटी दरों की सिफारिश के संदर्भ में, भारत में उत्पादों के बहु-आयामी परिवहन पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत (सीमित क्रेडिट के साथ) कर दी गई है। इससे खनन एवं खनिज उद्योग, खासकर लौह अयस्क जैसे खनिजों को लाभ मिलेगा। संशोधित कर ढांचे के मुताबिक, 22 सितंबर से अधिकांश वस्तुओं एवं सेवाओं पर पांच और 18 प्रतिशत की दरें लागू होंगी, जबकि विलासिता वाले उत्पादों और तंबाकू से जुड़े सामान पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लगाई जाएगी।

## पेज एक का शेष

### भारत-मॉरीशस

निवेश साझेदारियों को बढ़ावा देना था। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा से उपनिवेशवाद के उन्मूलन और मॉरीशस की संप्रभुता की पूर्ण मान्यता का समर्थन किया है। और इस मामले में, भारत मॉरीशस के साथ मजबूती से खड़ा है। मई में, ब्रिटेन ने एक ऐतिहासिक समझौते के तहत डिएगो गार्सिया के उष्णकटिबंधीय प्रवालद्वीप सहित चागोस द्वीप समूह की संप्रभुता मॉरीशस को सौंपने का फैसला किया।

ब्रिटेन 50 से अधिक वर्षों के बाद इन द्वीपों पर अपना अधिकार छोड़ रहा है। इस समझौते के तहत, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण डिएगो गार्सिया की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी ब्रिटेन की होगी।रामगुलाम वर्तमान में 9 से 16 सितंबर तक भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। यह रामगुलाम की उनके वर्तमान कार्यकाल में भारत की पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा है। वह अयोध्या और तिरुपति भी जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने मार्च में मॉरीशस की यात्रा की थी।

### प्रधानमंत्री ने

गया। प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट पर ही स्टेट गेस्ट हाउस में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। प्रधानमंत्री ने आपदा में मारे गए व्यक्तियों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान करने की घोषणा भी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि हालिया आपदा में अनाथ हुए बच्चों को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत हरसंभव सहयोग मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एयरपोर्ट के गेस्ट हाउस में 22 आपदा प्रभावित लोगों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं, उन्हें सांत्वना दी और शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों में जुटे एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के 57 जवानों और आपदा मित्र स्वयंसेवकों से भी भेंट की तथा उनके जज्बे और अथक प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री के आगमन पर राज्यपाल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मुख्य सचिव आनंदवर्धन, डीजीपी दीपम सेठ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट और राज्यसभा सांसद नरेश बंसल सहित अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। सरकारी आकलन के अनुसार, उत्तराखंड को अब तक की प्राकृतिक आपदाओं से 5700 करोड़ रुपये से अधिक की क्षति हुई है। केवल इस वर्ष 1 अप्रैल से 31 अगस्त तक की अवधि में ही 79 लोगों की मौत 115 घायल और 90 लोग लापता हुए हैं।

### दिल्ली में

को मंगलवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि मुजपा को तेलंगाना से गिरफ्तार किया गया, जबकि एक और आतंकवादी कामरान को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मॉड्यूल का सरगना दानिश, सीईओ, गजबा और प्रोफेसर जैसे विभिन्न नामों से जाना जाता था। अधिकारी ने बताया, यह छापेमारी खुफिया जानकारी मिलने के बाद की गई, जिसमें संकेत मिला था कि एक मॉड्यूल देश में बड़े आतंकवादी हमले की योजना बना रहा है। हम पिछले छह महीने से उन पर नजर रख रहे थे। उन्होने बताया कि कई स्थानों पर तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में रसायन, बॉल बेयरिंग और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बनाने में प्रयुक्त अन्य सामग्री बरामद की गई। उन्होंने बताया, पुलिस दलों ने आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाले पुर्जे और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। सोडियम बाइकार्बोनेट समेत कई रसायन, गैस मास्क, बिजली के केबल, फ्यूज प्वाइंट, तार और अन्य बिजली के उपकरण जब्त किए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि रांची में दानिश के ठिकाने पर छापेमारी में रसायन और अन्य सामग्री बरामद हुई, जिनका इस्तेमाल विस्फोटक बनाने में होने का संदेह है।

### कर्ता के प्रति

समर्पित रहे। दोनों ने सदैव देश और धर्म को प्राथमिकता दी। गोरक्षपीठ आज भी उनके बताए मार्ग का अनुसरण कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभ्य समाज और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला माना। महंत दिग्विजयनाथ जी ने इसी ध्येय से देश की गुलामी के कालखंड में ही 1932 में महाराणा प्रताप जैसे वीर योद्धा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की थी। 1932 में पहली संस्था खुली और फिर यह श्रृंखला बढ़ती गई। गोरखपुर में जब पहले विश्वविद्यालय की स्थापना की बात आई तो उन्होंने महाराणा प्रताप महाविद्यालय और महाराणा प्रताप महिला विद्यालय दान में देकर विश्वविद्यालय की स्थापना का शुभारंभ कराया। यह कार्य श्रेय के लिए नहीं था। उन्होंने महिला शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, आयुष शिक्षा सहित शिक्षा के हरेक क्षेत्र को आगे बढ़ाया। उनके बाद महंत अवेद्यनाथ जी ने भी इस सिलसिले को जारी रखा। सीएम योगी ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण में गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय के अविस्मरणीय योगदान का भी उल्लेख किया। कहा कि श्रीराम मंदिर निर्माण के यज्ञ का शुभारंभ महंत दिग्विजयनाथ जी ने किया था। उनके बाद 1983 से लेकर जीवन पर्यंत महंत अवेद्यनाथ मंदिर निर्माण के लिए संघर्षरत रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी समाज को तोड़ने वाली ताकतों से चिंतित रहे। उन्होंने अश्पृश्यता के खिलाफ आवाज उठाई और आजीवन सामाजिक समरसता को बढ़ाते रहे।

### ट्रंप के

उन्हें रिहा कर दिया गया। अधिकारियों को अभी तक इस हत्या के मकसद का पता नहीं चल पाया है लेकिन इस घटना ने अमेरिका में बढ़ती राजनीतिक हिंसा को लेकर चिंता को फिर से बढ़ा दिया है, जो पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न विचारधाराओं के लोगों के बीच देखी गई है। डोनाल्ड ट्रंप ने 31 वर्षीय चार्ली किर्क की मृत्यु की खबर सोशल मीडिया पर साझा की। ट्रंप ने किर्क की प्रशंसा करते हुए उन्हें महान व्यक्ति बताया। किर्क युवा संगठन टर्निंग प्वाइंट यूएसए के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी थे। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, चार्ली से बेहतर अमेरिका के युवाओं को कोई नहीं समझता था और न ही उनसे दिल से जुड़ पाता था। वहीं, उताह के गवर्नर स्पेंसर कॉक्स ने इस घटना को राजनीतिक हत्या करार दिया। उन्होंने कहा, यह हमारे राज्य के लिए एक काला और देश के लिए एक दुखद दिन है। मैं इसे स्पष्ट रूप से एक राजनीतिक हत्या ही कहूंगा। सोशल मीडिया पर उपलब्ध एक वीडियो में देखा जा सकता है कि उताह वैली यूनिवर्सिटी में किर्क एक सफेद टेंट के नीचे माइक हाथ में लेकर बोल रहे थे। टेंट पर द अमेरिकन कमबैक और प्रूव मी रॉन्ग जैसे नारे लिखे हुए थे। तभी एक गोली चली, और किर्क को अपना दाहिना हाथ ऊपर उठाते हुए देखा गया, जबकि उनकी गर्दन के बाईं ओर से काफी खून बह रहा था।

### भाजपा नेता

आखिरकार एसपी डॉ. ईरज राजा को खुद ही मोर्चा संभालना पड़ा। मृत दिव्यांग भाजपा कार्यकर्ता के दरवाजे पर दोपहर तीन बजे के बाद एसपी पहुंचे, जहां मृतक के माता-पिता से बात किया। परिजनों ने दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई और न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने परिजनों को सांत्वना भी दी। साथ ही परिजनों द्वारा दी गई तहरीर को लेकर और उनकी सभी मांगों को मानकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस करीब शाम 5 बजे मृत भाजपा नेता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना हुई।

### सुरक्षाबलों ने

नक्सलियों के बीच से रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में कई बड़े नक्सली समेत कम से कम आठ नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि अभियान पूरा होने के बाद इस संबंध में अधिक जानकारी दी जाएगी। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के ही नारायणपुर जिले में 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। नक्सलियों ने बुधवार शाम यहां वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुड़िया ने बताया कि नक्सलियों ने खोखली माओवादी विचारधारा, निर्दोष आदिवासियों पर हो रहे अत्याचारों और प्रतिबंधित संगठन में बढ़ते आंतरिक मतभेदों को लेकर निराशा व्यक्त की। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले सभी 16 नक्सली निचले स्तर के कैडर हैं, जो जनताना सरकार, चेतना नाट्य मंडली और माओवादी पंचायत मिलिशिया की विभिन्न इकाइयों से जुड़े थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये लोग सशस्त्र माओवादी समूहों को राशन, दवाइयां और अन्य जरूरी सामान बिना किसी भुगतान के पहुंचाने में सक्रिय रूप से संलिप्त थे। इसके अलावा, ये हथियार और विस्फोटक सामग्री ले जाने, आईईडी (संवर्धित विस्फोटक उपकरण) लगाने, सुरक्षा बलों की गतिविधियों की सूचना जुटाने और रेकी (निगरानी) करने में भी सहयोग करते थे। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान कैडरों ने पुलिस को बताया कि शीर्ष माओवादी नेता ही आदिवासियों के असली दुश्मन हैं। पुलिस अधीक्षक ने नक्सलियों के हवाले से कहा, कई नेता (नक्सली) शहरों या विदेश में बेहतर भविष्य का सपना दिखाकर निचले स्तर के कैडर को अपना निजी गुलाम बना कर रखते हैं।

### नेपाल : पीएम

कि संसद को भंग किया जाना चाहिए और लोगों की इच्छा को प्रतिबिंबित करने के लिए संविधान में संशोधन किया जाना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने अपने विचार व्यक्त करने के लिए यहां एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया, जबकि उनके कुछ प्रतिनिधि वर्तमान राजनीतिक संकट का समाधान खोजने के लिए सेना मुख्यालय में राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल के साथ विचार-विमर्श में व्यस्त थे। वर्ष 1997 से लेकर 2012 तक के बीच जन्में युवाओं को प्रायः जेन जेड पीढ़ी के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर जेन जेड कार्यकर्ताओं ने बातचीत और सहयोग के माध्यम से समाधान खोजने की आवश्यकता पर बल दिया। जेन जेड समूह के प्रतिनिधि दिवाकर दंगल, अमित बनिया और जुनल दंगल ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

उन्होंने पुराने राजनीतिक दलों को चेताया कि वे अपने निहित स्वार्थों के लिए उनका इस्तेमाल न करें। एक कार्यकर्ता ने कहा यह पूरी तरह से नागरिक आंदोलन है, इसलिए इसमें राजनीति करने की कोशिश न करें। दंगल ने कहा हमारे सामने राष्ट्रीय संप्रभुता, एकता की रक्षा और आत्म-सम्मान बनाए रखने की चुनौती है। हम सभी नेपालियों को इस कठिन परिस्थिति में नेपाली जनता के कल्याण और हितों की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। एक अन्य कार्यकर्ता ने कहा कि संसद को भंग कर देना चाहिए और लोगों की भावना के अनुसार संविधान में संशोधन किया जाना चाहिए।

### समुद्र फतह

चार अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों का भी दौरा करेगा। दस सदस्यीय दल में अभियान का नेतृत्व करने वाली लेफ्टिनेंट कर्नल अनुजा वरुडकर, स्क्वाड्रन लीडर श्रद्धा पी राजू, मेजर करमजीत कौर, मेजर ओमिता दलवी, कैप्टन प्राजक्ता पी निकम, कैप्टन दौली बुटोला, लेफ्टिनेंट कमांडर प्रियंका गुसाईं, विंग कमांडर विभा सिंह, स्क्वाड्रन लीडर अरुवी जयदेव और स्क्वाड्रन लीडर वैशाली भंडारी शामिल हैं। ऑनलाइन तरीके से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह मौजूद थे। गेटवे ऑफ इंडिया पर पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।




# हांगकांग ने बांग्लादेश को दिया 144 रन का लक्ष्य

## निजाकत खान ने 42, जीशान अली ने 30 रन बनाए, तस्कीन, तंजीम और रिशाद को 2-2 विकेट

एजेंसी



अबू धाबी। बांग्लादेश ने एशिया कप 2025 के तीसरे मैच में हॉन्ग कॉन्ग को जीत के लिए 144 रन का टारगेट दिया है। अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। हॉन्ग कॉन्ग ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 143 रन बनाए। निजाकत खान 42 रन, जीशान अली 30 रन और कप्तान यासिम मुर्तजा 28 रन बनाकर आउट हुए। बांग्लादेश से तस्कीन अहमद, तंजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन ने 2-2 विकेट झटके। रिशाद ने टी-20 इंटरनेशनल में 50 विकेट पूरे किए।

एशिया कप 2025 का तीसरा मैच बांग्लादेश और हॉन्ग कॉन्ग के बीच अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेला जा रहा है। ग्रुप-बी के इस मैच का टॉस बांग्लादेश ने जीता और गेंदबाजी चुनी है। हॉन्ग कॉन्ग ने 12 ओवर में 3 विकेट पर 71 रन बना लिए हैं। निजाकत खान और यासिम मुर्तजा क्रीज पर हैं। जीशान अली 30 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें तंजीम हसन साकिब ने मुस्तफिजुर रहमान के हाथों कैच कराया। उन्होंने बाबर हयात (14 रन) को बोल्ड किया। अंशुमन रथ (4 रन) को तस्कीन अहमद ने विकेटकीपर लिटन दास के हाथों कैच कराया। अगर हॉन्ग कॉन्ग की टीम यह मैच हार जाती है, तो टूनामेंट से लगभग बाहर हो जाएगी। फिलहाल, टीम एक हार के बाद दूसरे स्थान पर है। हर ग्रुप की सभी टीमों को आपस में एक-एक मैच खेलने है। टॉप-2 टीमें सुपर-4 में पहुंचेंगी। 12वें ओवर में हॉन्ग कॉन्ग ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां जीशान अली 30 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें तंजीम हसन साकिब ने मुस्तफिजुर रहमान के हाथों कैच कराया। 9वें ओवर में हॉन्ग कॉन्ग चाइना ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। जीशान अली ने रियाद हुसैन के ओवर की चौथी बॉल पर चौका लगाकर टीम स्कोर 50 पार पहुंचाया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही हॉन्ग कॉन्ग की शुरूआत धीमी रही। टीम ने 6 ओवर के खेल में दो विकेट गंवाकर 34 रन बनाए। जीशान अली और निजाकत अली खेल रहे हैं। 5वें ओवर में हॉन्ग कॉन्ग ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां बाबर हयात 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें तंजीम हसन साकिब ने ओवर की चौथी बॉल पर बोल्ड कर दिया। तीसरी बॉल पर हयात ने तंजीम की बॉल पर छक्का लगाया था। अंशुमन का विकेट सेलिब्रेट करते बांग्लादेशी खिलाड़ी। दूसरे ओवर में हॉन्ग कॉन्ग ने पहला विकेट गंवाया। अंशुमन रथ 4 रन बनाकर आउट हुए।

उन्हें तस्कीन अहमद ने विकेटकीपर लिटन दास के हाथों कैच कराया। नई बॉल से पहला ओवर डाल रहे मेहदी हसन ने महज 2 रन खर्च किए। उनकी पहली बॉल पर सिंगल आया, जबकि दूसरी बॉल वाइड रही। शेष 4 गेंदों पर रन नहीं आया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कप्तान लिटन दास ने कहा- यह हमारा पहला मैच है, हम नहीं जानते कि पिच कैसा बिहेव करेगी। हम 3 पेसर्स और 2 स्पिनर्स के साथ उतर रहे हैं। वहीं, हॉन्ग कॉन्ग के कप्तान ने बताया कि उनकी टीम बिना बदलाव के उतर रही है। टी-20 हेड टु हेड में बांग्लादेश और हॉन्ग कॉन्ग के बीच महज एक मैच खेला गया है। इनमें बांग्लादेश को हार झेलनी पड़ी थी।

# मुक्केबाजी : पूजा रानी ने विश्व चैंपियनशिप में पक्का किया पदक



लिवरपूल। भारत की अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने पोलैंड की एमिलिया कोटेरस्का को हराकर महिलाओं के 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और इस तरह से विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना पहला पदक पक्का किया। पहले दौर में बाई हासिल करने वाली 34 वर्षीय पूजा ने अपने अनुभव के दम पर बुधवार देर रात क्वार्टर फाइनल में किशोरी कोटेरस्का को 3-2 से हराया। 80 किग्रा भार वर्ग ओलंपिक में शामिल नहीं है और विश्व चैंपियनशिप में इस वजन वर्ग में 12 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। इस तरह से विश्व चैंपियनशिप में भारत के तीन पदक पक्के हो गए हैं। पूजा से पहले दो बार की एशियाई चैंपियन जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा) और नुपुर शेरॉन (80 किग्रा से अधिक) ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किए थे। इस बीच भारत के पुरुष मुक्केबाजों के अभियान को एक और झटका लगा जब अभिनाश जामवाल 65 किग्रा क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लाशा गुरुली से 1-4 के विभाजित निर्णय से हार गए। उनके बाहर होने के बाद पुरुष वर्ग में केवल जदुमणि सिंह (50 किग्रा) ही दौड़ में बचे हैं। अंतिम आठ में उनका सामना मौजूदा विश्व चैंपियन कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे से होगा। इस तरह से भारतीय पुरुष मुक्केबाजों का ताशकंद में खेली गई पिछली विश्व चैंपियनशिप की तुलना में यहां प्रदर्शन निराशाजनक रहा। पिछली प्रतियोगिता में दीपक भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते थे। महिलाओं की पिछली प्रतियोगिता नयी दिल्ली में आयोजित की गई थी जिसमें नीतू घंघास (48 किग्रा), निकहत (50 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) और स्वीटी बूरा (81 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते थे। पूजा को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने पहले राउंड में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने पलटवार करते हुए यह राउंड 3-2 से जीत लिया। एशियाई खेल 2014 की कांस्य पदक विजेता पूजा ने दूसरे राउंड में अच्छी वापसी करके बड़ी बढ़त हासिल की। तीसरे राउंड तक दोनों मुक्केबाज थक चुकी थीं, लेकिन पूजा ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में अपने नाम पर पदक पक्का किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला स्थानीय मुक्केबाज एमिली एस्क्विथ से होगा।

# एशिया कप : अदद ऑलराउंडर बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं शिवम

दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इंपैक्ट प्लेयर नियम के कारण शिवम दुबे की गेंदबाजी में भूमिका सीमित हो गई थी लेकिन वह भारतीय टीम के लिए अदद ऑलराउंडर बनना चाहते हैं जिसमें उन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर का समर्थन और गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल का मार्गदर्शन मिल रहा है।

संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के पहले मैच में दो ओवर में चार रन देकर तीन विकेट लेने वाले दुबे ने एक तेज गेंदबाज के रूप ने अपने खेल में सुधार के संबंध में मोर्कल की भूमिका के बारे में बात की। दुबे ने भारत की नौ विकेट से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा जब से मैं इंग्लैंड श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में वापस आया हूं, तब से मोर्ने मेरे साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने मुझे कुछ विशेष सलाह दी है और मैंने उन पर अमल किया है। इस विस्फोटक बल्लेबाज ने कहा उन्होंने मुझे ऑफ स्टंप से थोड़ा बाहर की लाइन पर गेंदबाजी करने को कहा। उन्होंने धीमी गेंद करने को लेकर भी मेरे साथ काम किया और मेरे रन-अप में भी थोड़ा बदलाव किया। मुख्य कोच और कप्तान ने मुझे बताया था कि मेरी गेंदबाजी की भूमिका अहम होगी। आईपीएल के बाद दुबे को अपने ऑलराउंड खेल और फिटनेस पर काम करने के लिए दो महीने का समय मिला।

दुबे का आईपीएल में उनकी फ्रैंचाइज़ी चेन्नई सुपर किंग्स पावर-हिटर के रूप में ज़्यादा इस्तेमाल करती है। दुबे ने कहा पिछले दो महीनों में, मैंने अपनी फिटनेस पर काफ़ी काम किया है। जहां तक मेरी बल्लेबाज़ी का सवाल है तो मुझे पता है कि बीच के ओवरों में मुझे (एक पावर-हिटर के तौर पर) अपनी भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा मैं जानता हूं कि पिछले कुछ वर्षों में गेंदबाजों ने मुझे शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया है और मैंने अपने शॉट्स की रेंज बढ़ाने पर काम किया है। इस ऑलराउंडर ने कहा जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, विकेट धीमा होता जाएगा और मैं जानता हूं कि तब मेरी धीमी गेंदें प्रभावी होंगी। मैं यह भी जानता हूं कि बीच के ओवरों में कैसे बल्लेबाजी करनी है। एक ऑलराउंडर के रूप में दुबे को कई बार हार्दिक पंड्या की चुनौती का सामना करना पड़ता है, लेकिन मुंबई के इस ऑलराउंडर ने जोर देकर कहा कि उनके बीच किसी तरह की प्रतिस्पर्धा नहीं है।

उन्होंने कहा हार्दिक मेरे भाई की तरह हैं जिनसे मैं बहुत कुछ सीखता हूं क्योंकि आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका अनुभव मुझसे कहीं अधिक है। मेरा प्रयास हमेशा उनसे कुछ न कुछ सीख लेना होता है। दुबे ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले आगामी मैच के बारे में पूछे जाने पर कहा चाहे मैं यूएई के खिलाफ खेल रहा हूं।

## संक्षेप

### गोल्फ : भुल्लर व बीनू संयुक्त रूप से शीर्ष पर

चंडीगढ़। गगनजीत भुल्लर ने बृहस्पतिवार को यहां पहले आईजीपीएल आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन एक अंडर 71 का कार्ड खेलकर बीती रात पहले स्थान पर चले रहे शौर्य बीनू के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल किया। भुल्लर (70-71) और बीनू (69-72) दोनों तीन अंडर के स्कोर से संयुक्त रूप से बराबरी पर हैं। वहीं दो अन्य गोल्फर कपिल कुमार और हरेंद्र सिंह एक अंडर के कुल स्कोर से इनसे दो शॉट पीछे संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### डेविस कप : कप्तान ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ दक्षिणेश्वर को उतारा

बील (स्विट्जरलैंड)। भारत ने शुक्रवार से यहां मेजबान स्विट्जरलैंड के खिलाफ शुरू हो रहे डेविस कप विश्व ग्रुप एक के इंडोर मुकाबले के लिए युवा दक्षिणेश्वर सुरेश और वापसी कर रहे सुमित नागल को मैदान में उतारा है। भारत की नजरें इस मुकाबले में जीत हासिल करके डेविस कप क्वालीफायर में जगह बनाने पर टिकी हैं। भारत के गैर खिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल को अमेरिका में रहने वाले दक्षिणेश्वर को टीम में शामिल करने के लिए उनके कोच को मनाना पड़ा था और मदुरै में जन्मा यह 6 फुट 5 इंच लंबा खिलाड़ी अभ्यास सत्र के दौरान उनकी उम्मीदों पर खरा उतरा। इंडोर कोर्ट पर फ्लैट हिटिंग और बड़ी सर्विस महत्वपूर्ण होती है और दक्षिणेश्वर ने दोनों ही चीजें सही साबित कीं, जिससे गैर खिलाड़ी कप्तान को आसानी से यकीन हो गया कि वह दूसरे एकल के लिए अधिक उपयुक्त होंगे।

### टाइम क्लॉक प्रणाली का परीक्षण करेगा बीडब्ल्यूएफ

नयी दिल्ली। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बैडमिंटन मैचों में अधिक तेजी लाने के लिए 2026 से शुरू होने वाले चुनिंदा विश्व टूर टूर्नामेंटों में टाइम क्लॉक प्रणाली के परीक्षण को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत खिलाड़ियों को एक रैली पूरी होने के बाद 25 सेकंड के अंदर अगली रैली के लिए तैयार होना होगा। बीडब्ल्यूएफ ने 29 अगस्त को अपनी बैठक में टाइम क्लॉक प्रणाली को मंजूरी दी। इस प्रणाली का पहला परीक्षण 18 से 23 नवंबर 2025 के बीच होने वाली प्रतियोगिताओं में किया जाएगा। इसके बाद अगले साल से इसका व्यापक रूप से परीक्षण किया जाएगा। बीडब्ल्यूएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा इन नए नियमों से बीडब्ल्यूएफ को टाइम क्लॉक का परीक्षण करने की अनुमति मिलेगी।

# सात्विक - चिराग हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

हांगकांग। भारत के उदीयमान खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने गुरुवार को यहां हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए 2023 के विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता जापान के कोडाई नाराओका को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

जून में यूएस ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाले कर्नाटक के 20 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी आक्रामक शैली और बेहतरीन कोर्ट कवरेज का प्रदर्शन करते हुए जापानी शटलर को 72 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-19, 12-21, 21-14 से हराया। क्वार्टर फाइनल में आयुष का सामना हमवतन खिलाड़ी लक्ष्य सेन से होगा। इससे पहले लक्ष्य छह महीने में पहली बार किसी शीर्ष बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिता के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी इस 500,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट के पुरुष युगल के अंतिम आठ में जगह बनाई। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने दूसरे दौर में हमवतन एचएस प्रणय को 15-21, 21-18, 21-10 से हराया।

इस सत्र में चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे लक्ष्य ने आखिरी बार मार्च में ऑल इंग्लैंड सुपर 1000 के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और मकाऊ ओपन सुपर 300 में भी इसी चरण तक पहुंचे थे, लेकिन इसके अलावा उन्हें शुरुआती दौर में ही बाहर होना पड़ा था। सात्विक और चिराग की आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को 63 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 21-15, 21-11 से हराया। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता आयुष ने नाराओका के खिलाफ शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया। शुरुआती गेम में मुकाबला उतार-चढ़ाव भरा रहा, जब आयुष 2-5, 9-12 और 13-15 से पीछे चल रहे थे, लेकिन उन्होंने अपने तेज़ स्मैश से दबाव बनाना जारी रखा और आखिर में यह गेम 21-19 से जीत लिया। नाराओका ने दूसरे गेम में वापसी की और इंटरवल तक 11-5 की बढ़त बना ली और इसके बाद इसे बरकरार रखते हुए मैच बराबर कर दिया।

# एशिया कप : ओमान और पाकिस्तान की टक्कर आज

एजेंसी




दुबई। पाकिस्तान की टीम एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले शुक्रवार को ग्रुप ए के अपने पहले मैच में कमजोर ओमान के खिलाफ अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान ने एशिया कप से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराया था जिससे निश्चित तौर पर उनका मनोबल बढ़ा होगा। इस मैच में स्पिनर मोहम्मद नवाज ने हैट्रिक बनाई थी और वह फिर से पाकिस्तान के लिए तुरुप का इक्का होंगे। संयुक्त अरब अमीरात की धीमी पिचों के कारण पाकिस्तान को टीम में स्पिनरों को शामिल करना पड़ा। उसकी यह रणनीति त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान कारगर साबित हुई और एशिया कप में भी यह रणनीति महत्वपूर्ण साबित होगी। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने कहा था। हम इस तरह से तैयारी करना चाहते थे जिससे हमें एशिया कप के लिए मदद मिले और हमने ऐसा किया। हम घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के बाद से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अब हम बहुत अच्छी स्थिति में हैं और पूरी तरह तैयार हैं। ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई शामिल हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच रविवार को दुबई में खेला जाएगा। इसके बाद इन दोनों टीमों का सुपर 4 और फाइनल में भी मुकाबला हो सकता है। पाकिस्तान ने आगा के नेतृत्व में एक युवा टीम चुनी है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। सैम अयूब, फखर जमां, मोहम्मद नवाज़, सूफियान मुकीम और खुद आगा जैसे खिलाड़ियों से पाकिस्तान को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। एशिया कप में पदार्पण कर रही ओमान की टीम इस मुकाबले में कम दबाव, लेकिन बड़े सपनों के साथ उतर रही है। उसके अधिकतर खिलाड़ी नौकरी और क्रिकेट के बीच संतुलन बनाए रखते हैं, जो उनके अनोखे सफ़र को दर्शाता है। ओमान के लिए यह बड़ा मुकाबला होगा जिसमें उसके खिलाड़ी अपनी छाप छोड़ने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। मैच रात 8 बजे शुरू होगा।

# दक्षिण क्षेत्र पहली पारी में 149 रन पर सिमटा

एजेंसी

बेंगलुरु। मध्य क्षेत्र ने स्पिनर सारांश जैन (49 रन देकर पांच विकेट) और कुमार कार्तिकेय (53 रन देकर चार विकेट) की बदौलत बृहस्पतिवार को दलीप ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन दक्षिण क्षेत्र के बल्लेबाजी क्रम को झकझोरते हुए उसे पहली पारी में 63 ओवर महज 149 रन पर समेट दिया। जैन और कार्तिकेय ने मिलकर 45 ओवर डाले। स्टंप तक मध्य क्षेत्र ने बिना विकेट गंवाए 50 रन बना लिए थे जिससे वह पहली पारी के हिसाब से 99 रन से पीछे थी। दानिश मालेवार 28 और अक्षय वाडकर 20 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

जैन ने लगातार 24 ओवर गेंदबाजी की। कार्तिकेय ने कलाई की स्पिन की तुलना में पारंपरिक स्पिन गेंदबाजी की और ये दोनों गेंदबाज मध्य क्षेत्र की मजबूत स्थिति के मुख्य सूत्रधार रहे। दक्षिण की टीम की मुश्किलों की शुरूआत 16वें ओवर से हुई, जब सलामी बल्लेबाज मोहित काले (06) कार्तिकेय की गेंद पर लापरवाही से स्वीप खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गए। इसके बाद दक्षिण की टीम ने लंच से पहले तीन और विकेट गंवा दिए जिससे 33 ओवर में उसका स्कोर चार विकेट पर 64 रन हो गया। लेकिन इस सत्र में उसका सबसे ज्यादा नुकसान तन्मय अग्रवाल (76 गेंद में 31 रन) के रन आउट होने से हुआ जो अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे लेकिन वह अपने साथी रिकी भुई (15) के साथ पिच के बीच में टकराकर रन आउट हो गए। कार्तिकेय ने जल्द ही मोहम्मद अजहरुद्दीन को एक शानदार गेंद पर आउट कर दिया। इसके बावजूद दक्षिण के बल्लेबाजों का लंच के बाद के सत्र में भी इसी लापरवाही से खेलना जारी रहा। तमिलनाडु के बल्लेबाज आंद्रे सिद्धार्थ का आउट होना इसी संशय भरी बल्लेबाजी का नमूना रहा। वह कार्तिकेय की सोची समझी चाल में फंस गए और उपेंद्र यादव ने उन्हें स्टंप आउट किया। सलमान निजार (24) दक्षिण क्षेत्र के लिए 200 रन के पार पहुंचने की आखिरी उम्मीद थे लेकिन केरल का यह बल्लेबाज जैन की गेंद का शिकार हो गया।

# भारत की पहली हार चीन ने 4 -1 से हराया

हांगझोउ। भारतीय महिला हॉकी टीम को एशिया कप में पहली पराजय का सामना करना पड़ा जब सुपर 4 चरण के मैच में बृहस्पतिवार को मेजबान चीन ने उसे 4-1 से हराया। भारत के लिये एकमात्र गोल मुमताज खान ने 39वें मिनट में किया जबकि चीन के लिये झोउ मेइरोंग (चौथा और 56वां मिनट), चेन यांग (31वां) और तान जिंझुयांग (49वां) ने गोल दागे। भारतीय टीम पूल चरण में अपराजेय रही थी। उसने थाईलैंड और सिंगापुर को हराया जबकि जापान से ड्रॉ खेला। सुपर 4 चरण के पहले मैच में उसने कोरिया को 4 - 2 से हराया था। सुपर 4 की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को फाइनल खेलेंगी। एशिया कप के विजेता को 2026 महिला विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा जो बेल्जियम और नीदरलैंड में होना है। भारतीय टीम मौकों को भुनाने में नाकाम रही और तीन में से एक भी पेनल्टी कॉर्नर पर गोल नहीं कर सकी। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने हमले बोलकर मौके बनाये। चीन ने बढत बनाने में सफलता अर्जित की जब चौथे मिनट में मेइरोंग ने रिबाउंड पर गोल दाग दिया। भारत को दसवें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन चीन के डिफेंडरों ने गोल नहीं होने दिया। दूसरे क्वार्टर में भी काफी मौके बने लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। आखिरी पांच मिनट में भारतीय खिलाड़ियों ने रफ्तार बढाई और चीनी डिफेंस पर लगातार दबाव बनाये रखा।

# बास्केटबॉल : मेरठ ने शानदार खेल से जीती विजेता ट्रॉफी




लखनऊ। मेरठ ने 29वीं सब जूनियर बालक उत्तर प्रदेश राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 में दमदार अटैक और बेहतरीन डिफेंस की बदौलत एकतरफा खेल दिखाते हुए विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में आयोजित चैंपियनशिप के फाइनल में मेरठ ने वाराणसी के खिलाफ पूरे मैच के दौरान पकड़ बनाए रखी और 69-37 अंकों से जीत दर्ज की। मेरठ ने मध्यांतर तक 45-21 से बढ़त बना ली जिसके चलते दबाव में आई वाराणसी की टीम फिर उबर नहीं सकी। मेरठ की ओर से कौशल ने बेहतरीन अटैक का प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 18 अंक हासिल किए। उनका साथ देते हुए आरुष ने 17 अंक जुटाए। वहीं वाराणसी की ओर से निखिल ही 6 अंक जुटाकर कुछ प्रतिरोध कर सके।

चैंपियनशिप में गोरखपुर ने तीसरा स्थान हासिल किया जिसने आगरा को 71-44 अंक से हराया। गोरखपुर से अंकित ने 20 व आगरा के लिए अमन ने 16 अंक जुटाते हुए शानदार खेल दिखाया। गोरखपुर ने मध्यांतर तक 31-15 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा कायम रखा। चैंपियनशिप के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि खेल निदेशक डा.आरपी सिंह सहित विशिष्ट अतिथि इलाइट इंफ्राविजन के निदेशक दिलीप सिंह, वरिष्ठ खिलाड़ी मनीष दुबे व राशिद अहमद ने पुरस्कार वितरित करते हुए विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। आज समापन समारोह के दौरान लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अतुल सिन्हा, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी अंकुर आनंद सिंह व अभिनव सिंह पुंडीर, आयोजन सचिव नियाज अहमद, ड्रिबल अकादमी के संस्थापक प्रद्योत वोलेटी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी भी मौजूद रहे।

> 29वीं सब जूनियर बालक उत्तर प्रदेश राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025

इससे पूर्व खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में मेरठ ने आगरा को 57-29 से पराजित किया जबकि वाराणसी ने गोरखपुर को 58-52 अंकों से पराजित करते हुए फाइनल में जगह बनाई थी।

# गोल्फ को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प



लखनऊ। ऐतिहासिक लखनऊ गोल्फ क्लब की हरी-भरी फेयरवे पर खेल भावना और सौहार्द्र का अनोखा संगम देखने को मिला, जब पीजीटीआई नेक्स्टजेन गोल्फ टूनामेंट 2025 का सफल समापन हुआ। इस अवसर पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बड़े भाई रामेश्वर सिंह के साथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और विजेताओं को सम्मानित किया। डॉ. सिंह ने टूनामेंट की सफलता पर आयोजकों को बधाई देते हुए विशेष रूप से सुबाष चंद्र (आईपीएस, सेवानिवृत्त) के बारे में बताया कि हम दोनों ने उत्तर प्रदेश पुलिस में साथ काम किया है और आज उन्हें इस आयोजन का हिस्सा बनते देखना सुखद है। उन्होंने आगे कैप्टन आर.एस. नंदा, सचिव रजनीश सेठी, संयुक्त सचिव सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल एवं पीजीटीआई सीईओ अमनदीप जोहल को उनके दूरदृष्टि और कठिन परिश्रम के लिए सराहा।

> राजेश्वर सिंह ने लखनऊ गोल्फ क्लब के लिए रखा 100 करोड़ कोष का प्रस्ताव



डॉ. सिंह ने कहा कि ऐसे टूनामेंट सिर्फ खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक संवाद का माध्यम भी हैं। भारत की खेल अर्थव्यवस्था वर्तमान में 52 अरब डॉलर की है, जो 2030 तक बढ़कर 130 अरब डॉलर तक पहुँचेगी। यह करोड़ों रोजगार और व्यवसायिक अवसर सृजित करेगी, जिसमें गोल्फ जैसे खेल अहम योगदान देंगे। हेरिटेज मीट्स द फ्यूचर शीर्षक के साथ अपना विजन साझा करते हुए डॉ. सिंह ने क्लब के लिए ?100 करोड़ का स्पोर्ट्स प्रमोशन कॉर्पस बनाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि क्लब को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित बनाने के लिए सदस्यता विस्तार, प्रायोजन , और युवाओं में निवेश अनिवार्य है।

# फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम शुरू

## अमित शाह ने पांच और हवाई अड्डों पर त्वरित आव्रजन मंजूरी कार्यक्रम शुरू किया



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को पांच और हवाई अड्डों पर फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम (एफटीआई-टीटीपी) की शुरुआत की, जो पूर्व-सत्यापित भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीय (ओसीआई) कार्ड धारकों के लिए आव्रजन संबंधी प्रकिया में तेजी लाता है। लखनऊ तिरुवनंतपुरम, तिरुचिरापल्ली, कोझिकोड और अमृतसर हवाई अड्डों पर एफटीआई-टीटीपी की शुरुआत करने के बाद शाह ने कहा कि यात्रियों को अब लंबी कतारों या जामा तलाशी का सामना नहीं करना पड़ेगा और उन्हें बिना किसी देरी के केवल 30 सेकेंड में आव्रजन मंजूरी मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पीड (गति), स्केल (पैमाने) और स्कोप (दायरे) के दृष्टिकोण के अनुरूप शुरू किया गया है। एफटीआई-टीटीपी सबसे पहले जुलाई 2024 में दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पेश किया गया। दो महीने बाद इसे सात अन्य हवाई अड्डों (मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोच्चि और अहमदाबाद) पर उपलब्ध कराया गया। शाह ने बताया कि एफटीआई-टीटीपी अब देश के कुल 13 हवाई अड्डों पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें देश में हो रहे बदलावों से अवगत कराने का मौका भी प्रदान करेगा। गृह मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में कहा, प्रधानमंत्री मोदी के स्पीड, स्केल और स्कोप के दृष्टिकोण के अनुरूप यात्रियों की सुविधा बढ़ाने का अगला दौर आज इस कार्यक्रम के साथ शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि तकनीकी उपकरणों के साथ-साथ विश्वास बढ़ाने के प्रयास भी किए जाने चाहिए और यह पहल उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शाह ने कहा कि एफटीआई-टीटीपी की शुरुआत के साथ निर्दिष्ट हवाई अड्डों पर निर्बाध आव्रजन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल सुविधा प्रदान करना काफी नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए कि अधिकतम संख्या में यात्रियों को इसका फायदा मिले। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पासपोर्ट और ओसीआई कार्ड जारी करते समय पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाने चाहिए। अगर यह उपाय लागू किया जा सके, तो यात्रियों को उंगलियों के निशान के मिलान या दस्तावेजीकरण के लिए बार-बार आने की जरूरत नहीं पड़ेगी और वे जब चाहें अपने पासपोर्ट का इस्तेमाल करके विदेश यात्रा कर सकेंगे। शाह ने कहा कि इस कार्यक्रम से अधिकतम लोगों को लाभ मिले।

# परिवहन मंत्रालय बस मालिकों के लाभ के लिए कर रहा टोल नीति पर काम : गडकरी

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले राज्य और निजी बस संचालकों को लाभ देने के लिए एक टोल नीति पर काम कर रहा है। सरकार ने राजमार्ग पर परेशानी मुक्त यात्रा की दिशा में एक कदम उठाते हुए गैर-वाणिज्यिक वाहनों के लिए फास्टैग आधारित वार्षिक पास की शुरुआत कर दी है, जिसकी कीमत 3,000 रुपये है।

यह पास 15 अगस्त से प्रभावी है। यह पास सक्रिय होने की तारीख से एक वर्ष या 200 यात्राओं (जो पहले हो) तक वैध होगा। यह पास विशेष रूप से गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए बनाया गया है। गडकरी ने बीओसीआई के भारत प्रवास पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हम राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले राज्य और निजी बस संचालकों को लाभ प्रदान करने के लिए एक टोल नीति पर काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से हरित हाइड्रोजन चालित ट्रकों के संचालन के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में 10 राजमार्ग खंडों की पहचान की है। गडकरी ने कहा कि इन खंडों पर इंडिया ऑयल और रिलायंस पेट्रोलियम द्वारा हाइड्रोजन फिलिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि टाटा मोटर्स, अशोक लेलैंड और वोल्वो ने पहले ही हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रक बनाना शुरू कर दिया है। चिन्हित राजमार्ग खंडों में ग्रेटर नोएडा-दिल्ली-आगरा, भुवनेश्वर-पुरी-कोणार्क, अहमदाबाद-वडोदरा-सूरत, साहिबाबाद-फरीदाबाद-दिल्ली, जमशेदपुर-कलिंगनगर, तिरुवनंतपुरम-कोच्चि और जामनगर-अहमदाबाद आदि शामिल हैं। गडकरी ने यह भी कहा कि एनएचएआई राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे निजी भूमि पर 750 सुविधाएं बना रहा है।

## संक्षेप

### अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत बर्खास्त

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने यौन शोषण के दोषी अपराधी जेफरी एपस्टीन से संबंधों के कारण अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत पीटर मैंडेलसन को बृहस्पतिवार को पद से हटा दिया। विदेश कार्यालय के मंत्री स्टीफन डौटी ने आज हाउस ऑफ कॉमन्स में दिए गए एक बयान में कहा कि यह निर्णय इस सप्ताह प्रकाशित हुए उन ईमेल के मद्देनजर लिया गया है जो मैंडेलसन ने 2000 के दशक में एपस्टीन को भेजे थे, जिसमें उन्होंने बदनाम फाइनेंसर को अपना समर्थन दिया था, जबकि वह यौन अपराधों के लिए जेल में बंद था। डौटी ने कहा कि ईमेल से पता चलता है कि एपस्टीन के साथ मैंडेलसन के संबंधों की गहराई और सीमा उससे काफी अलग है, जो पिछले साल लेबर पार्टी की चुनावी जीत के बाद उन्हें वाशिंगटन में राजदूत नियुक्त किए जाने के समय ज्ञात थी। इस वर्ष फरवरी में अपना पद संभालने वाले मैंडेलसन ने एपस्टीन के साथ अपने पिछले संबंधों पर गहरा खेद व्यक्त किया है और कहा है कि उन्हें एपस्टीन की आपराधिक गतिविधियों के बारे में कुछ भी नहीं पता था। पीटर मैंडेलसन द्वारा लिखे गए ईमेल में अतिरिक्त जानकारी के मद्देनजर, प्रधानमंत्री ने विदेश सचिव से उन्हें अमेरिका में राजदूत के पद से हटाने का अनुरोध किया है।

# मुख्यमंत्री खांडू ने दी भागवत को जन्मदिन की शुभकामनाएं

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं और उन्हें एक प्रेरक व्यक्तित्व बताते हुए राष्ट्र-निर्माण में उनके योगदान की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आदरणीय सरसंघचालक मोहन भागवत जी को जन्मदिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं और प्रणाम। राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक संरक्षण के प्रति उनकी दूरदर्शिता एवं सतत समर्पण आज देशभर में करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने लिखा, माँ भगवती से प्रार्थना है कि वह आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और भारत को सशक्त, एकजुट एवं समृद्ध बनाने के लिए निरंतर सेवा करने की शक्ति प्रदान करें। जय हिन्द, जय भारत। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार का दृष्टिकोण एक समावेशी और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। मोहन भागवत का जन्म 11 सितंबर 1950 को महाराष्ट्र के चंद्रपुर में हुआ था।

# जलवायु वित्त एक निर्णायक मुद्दा, भारत को 2070 तक 10 हजार अरब डॉलर की जरूरत होगी: भूपेंद्र



नयी दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि जलवायु वित्त, जलवायु कार्रवाई के लिए निर्णायक मुद्दा है और विकसित देशों की नैतिक जिम्मेदारी है कि वे कम कार्बन वाली अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने में ग्लोबल साउथ का समर्थन करें।

उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि भारत को अपने नेट-जीरो लक्ष्य को पूरा करने के लिए 2070 तक 10 हजार अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की आवश्यकता होगी। उन्होंने वैश्विक वित्तीय प्रणालियों से पारदर्शिता, जवाबदेही और किफायत सुनिश्चित करते हुए निजी पूंजी को प्रवाहित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक धन मौजूदा समस्या के स्तर पर ध्यान देने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता और न ही होगा। राजकोषीय गुंजाइश कम है। उन्होंने कहा कि जलवायु वित्त, विकास वित्त है। मंत्री ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा, सक्षम शहर, जलवायु-अनुकूल कृषि और लचीला बुनियादी ढांचा अलग नहीं हैंअ ये ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता की नींव हैं। भारत की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए यादव ने कहा कि सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड ने निवेशकों का मजबूत विश्वास आकर्षित किया है, आरबीआई और सेबी जैसे नियामक हरित उपकरणों में जवाबदेही और विश्वसनीयता सुनिश्चित कर रहे हैं। भारत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महत्वाकांक्षा, नवाचार और परिवर्तन का मार्ग चुना है।

# नड्डा ने की मलेरिया, डेंगू के हालात की समीक्षा



नयी दिल्ली। हाल ही में हुई बारिश के बाद जल जमाव के कारण मच्छरों के पनपने के मद्देनजर, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने सभी मुख्यमंत्रियों को एक परामर्श जारी किया है और राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों से डेंगू और मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण के लिए 20 दिन के भीतर कार्य योजना तैयार करने को कहा है।

नड्डा ने बुधवार को एक बैठक में देश में डेंगू और मलेरिया की स्थिति की समीक्षा की। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि समीक्षा के दौरान, उन्होंने राज्यों, स्थानीय निकायों और समुदायों से, विशेष रूप से इस उच्च जोखिम वाले समय में, निवारक और नियंत्रण उपायों को तेज करने का आग्रह किया, ताकि जन स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके और मच्छर जनित रोगों के बोझ को कम करने में हुई प्रगति को बरकरार रखा जा सके। नड्डा ने वेक्टर जनित रोगों के खिलाफ तत्काल और समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। बयान में कहा गया है कि उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों को व्यक्तिगत रूप से स्थिति की समीक्षा करने और 20 दिन के भीतर कार्य योजना तैयार करने की सलाह दी, जबकि नगर निगमों, पंचायतों और स्थानीय निकायों को सामुदायिक जागरूकता अभियान तेज करने को कहा गया। नड्डा के अनुसार केंद्र सरकार के अस्पतालों सहित, सभी अस्पतालों को पर्याप्त दवाएं, निदान सुविधाएं, बिस्तर और मच्छर मुक्त परिसर सुनिश्चित करने चाहिए। मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि डेंगू की स्थिति का बारीकी से आकलन करने और अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से दिल्ली और एनसीआर के लिए एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाए। बयान में कहा गया है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने रेखांकित किया कि भारत ने मलेरिया से निपटने में उल्लेखनीय प्रगति की है। देश ने 2015 से 2024 के बीच मलेरिया के मामलों में 78 प्रतिशत से अधिक और मलेरिया से संबंधित मौतों में लगभग 78 प्रतिशत की कमी हासिल की है। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा, 2022-24 के बीच 160 जिलों में मलेरिया के कोई मामले नहीं आए हैं और तीन राज्यों को छोड़कर 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने एक से भी कम एपीआई (वार्षिक परजीवी घटना) हासिल किया है। सरकार ने मलेरिया उन्मूलन की दिशा में कई पहल शुरू की हैं।

# व्यापार समझौते पर अमेरिका से बातचीत सकारात्मक : गोयल



पटना। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर बातचीत सकारात्मक माहौल में आगे बढ़ रही है और दोनों देश अब तक हुई प्रगति से संतुष्ट हैं। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस वर्ष फरवरी में दोनों देशों के व्यापार मंत्रियों को इस समझौते के पहले चरण को नवंबर 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए थे।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि व्यापार समझौते को लेकर चर्चा मार्च से ही गंभीरता के साथ चल रही है। यह प्रगति कर रही है और दोनों देश इससे संतुष्ट हैं। गोयल ने बुधवार को भी कहा था कि भारत अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए सक्रिय वार्ता कर रहा है। इससे पहले ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि दोनों देशों के बीच बातचीत सफल नतीजे तक पहुंचने में कोई मुश्किल नहीं होगी और वह जल्द ही प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत करने को उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी ट्रंप की सकारात्मक टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए मंगलवार को कहा था कि चल रही वार्ता दोनों देशों की साझेदारी की असीम संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगी। दोनों देशों के बीच मार्च से अब तक पांच दौर की बातचीत हो चुकी है, जबकि छठा दौर अमेरिकी टीम की यात्रा स्थगित होने के कारण टल गया। ट्रप प्रशासन की तरफ से भारत पर 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगा देने से हालात थोड़े असहज हो गए हैं। भारत ने इन शुल्कों को अनुचित और अन्यायपूर्ण बताया है। व्यापार समझौते का उद्देश्य वर्ष 2030 तक दोनों देशों के बीच वस्तुओं एवं सेवाओं के व्यापार को मौजूदा 191 अरब डॉलर से बढ़ाकर 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 131.8 अरब डॉलर रहा था। अमेरिका 76.26 अरब डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के साथ भारत का तीसरा सबसे बड़ा निवेशक भी है।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म रिव्यू- मन्नू क्या करेगा? व्योम-साची ने जमाया रंग



**मुंबई।** फिल्म 'मन्नू क्या करेगा?' क्यूरियस आई फिल्म्स के बैनर तले बनी है। शरद मेहरा द्वारा निर्मित फिल्म 'मन्नू क्या करेगा?' कम बजट में एक बड़ा मैसेज देती है। यह इस बात का सबूत है कि जब इरादा साफ हो, तो छोटी कहानियां भी बड़ी बात कह जाती हैं। हाल ही में युवाओं की रोमांटिक फिल्म 'सैयारा' को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था और कई मायनों में 'मन्नू क्या करेगा?' की तुलना भी उससे की जा रही है। कहानी देहरादून की पृष्ठभूमि में बसे मन्नू (व्योम) की है, जो हर काम में अच्छा है पर जिंदगी को लेकर उलझन में है। तभी उसकी मुलाकात होती है जिया (साची बिंद्रा) से, जो महत्वाकांक्षी और लक्ष्य-केन्द्रित है। मन्नू उसे प्रभावित करने के लिए 'नथिंग' नाम की फर्जी स्टार्ट-अप कंपनी खड़ी कर देता है। धीरे-धीरे झूठ का जाल बड़ा होता जाता है और उसका सच सामने आने पर रिश्ते, परिवार और खुद की उम्मीदें टूटने लगती हैं। इसी मोड़ पर प्रोफेसर डॉन (विनय पाठक) उसकी जिंदगी में आते हैं और ह्यइकिगाईह्न का रास्ता दिखाते हैं - यानी जिंदगी का असली मकसद खोजने की सीख। फिल्म में मन्नू की भूमिका निभाने वाले व्योम यादव ने गार्गी और बधाई दो जैसी फिल्मों में भी काम किया है। व्योम ने मन्नू के किरदार को मासूमियत और आकर्षण के साथ निभाया है। साची बिंद्रा जिया के रोल में आत्मविश्वासी और परिपक्व दिखती हैं। कुमुद मिश्रा और चारू शंकर माता-पिता के रूप में संवेदनशील और असरदार लगे। विनय पाठक पूरी फिल्म की जान हैं, उनका 'डॉन' किरदार सबसे अलग और यादगार है। बृजेंद्र काला और राजेश कुमार जैसे कलाकारों ने भी माहौल को असली बना दिया। संजय त्रिपाठी का निर्देशन सादगी भरा है। फिल्म में कई छोटे-छोटे पल दिल छूते हैं - जैसे माता-पिता के साथ खामोश पल या दोस्तों के साथ हल्की-फुल्की बातें। संगीत में 9 गाने हैं, जिनमें 'फना हुआ' और 'हुमनवा' दिल पर असर छोड़ते हैं। हालांकि, मालिनी अवस्थी का गाना सबसे अलग लगता है। फिर भी एल्बम ऐसा नहीं है जिसे बार-बार सुना जाए। कुछ सीन लंबे लगते हैं, जिन्हें हटाया जाता तो फिल्म और क्रिस्प हो सकती थी। अंत भी थोड़ा जल्दबाजी में खत्म किया गया है, जिससे कहानी को सही क्लोजर नहीं मिलता। अगर आपको 'वेक अप सिड' जैसी युवाओं पर बनी कहानियां पसंद हैं या हाल की सैयारा ने आपको छुआ है, तो मन्नू क्या करेगा? भी जरूर देखी जा सकती है। यह फिल्म रोमांस और कॉमेडी के साथ-साथ जिंदगी का बड़ा संदेश देती है - असली मकसद वही है जो आपको खुद से जोड़ दे।

### आर्मी यूनिफॉर्म में दमदार लुक में नजर आये सलमान

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग से उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। जिनमें वह लेह-लद्दाख में एक दम फिट नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में सलमान जवानों और फैंस के साथ पोज देते दिखे। यह तस्वीरें फिल्म के लेह-लद्दाख शेड्यूल के दौरान की बताई जा रही हैं। बता दें कि हाल ही में फिल्म में उनका पहला लुक जारी हुआ था, जिसमें वह दमदार अंदाज में नजर आए। सलमान खान ने खुद यह तस्वीर अपना ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। इस फोटो में वे आर्मी की वर्दी में, सिर से खून टपकता हुआ, घनी मूंछों के साथ देशभक्ति के रंग में दिखे। बता दें, फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई झड़प पर आधारित है।

### हर इंडस्ट्री में काम करना चाहते हैं तेजा सज्जा

**मुंबई।** तेलुगु एक्टर तेजा सज्जा की पैन इंडिया फिल्म 'मिराई' 12 सितंबर को रिलीज हो रही है। इस फिल्म को नॉर्थ इंडिया में रिलीज करने का जिम्मा बॉलीवुड फिल्ममेकर करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन ने ली है। इससे पहले तेजा की पैन इंडिया फिल्म 'हनुमान' को भी हिंदी ऑडियंस ने खूब पसंद किया था। हिंदी ऑडियंस और अलग-अलग भाषाओं में काम करने पर अपनी राय साझा की है। आपकी फिल्म हनुमान को हर भाषा में ऑडियंस का प्यार मिला था। क्या आपको हिंदी इंडस्ट्री से ऑफर मिले? हां, मुझे ऑफर्स आए थे। मैं जो भी फिल्म करता हूं, उसे लेकर काफी कंसर्न रहता हूं। मैं कोई भी प्रोजेक्ट तभी करता हूं।

# 'जुगनुमा' की स्क्रीनिंग पर जयदीप, विनीत व विजय ने लिया आशीर्वाद



मुंबई। एक्टर मनोज बाजपेयी की फिल्म 'जुगनुमा' कल थिएटर में रिलीज होने जा रही है। बीती रात इस फिल्म की स्क्रीनिंग पर जैसे ही अनुराग कश्यप आए तो तुरंत ही मनोज बाजपेयी के पैरों में गिर गए। उनके पैर छू कर आशीर्वाद लेने लगे। अनुराग के साथ ही जयदीप अहलावत, विनीत कुमार और विजय वर्मा भी मनोज के पैर छूने लगे।

सभी एक साथ मनोज का आशीर्वाद मांगते दिखे। यह देखकर मनोज मुस्कुराने लगे और सभी को ऐसा करने से मना करते दिखे। सोशल मीडिया पर यह वीडियो काफी वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि मनोज बाजपेयी पर खड़े हैं, तभी स्टेज पर जयदीप अहलावत, विजय वर्मा और अनुराग कश्यप उन्हें बधाई देने आते हैं। विजय वर्मा पहले तो मनोज बाजपेयी के गले लगे। इसके बाद जयदीप उनके पैर छूने के लिए झुके, इसे देखकर मनोज बाजपेयी हंसने लगते हैं। उसके बाद अनुराग कश्यप, विजय वर्मा और जयदीप अहलावत तीनों मिलकर स्टेज पर खड़े मनोज के पैर छूने लगे। इस दौरान विजय वर्मा ने मनोज बाजपेयी का एक पैर ही पकड़ लिया। इस बीच मनोज बाजपेयी तीनों को अपने पैरों को छुड़ाते हुए एक-एक करके सबको गले लगाते हैं।

**मनोज बाजपेयी के पैरों में गिरे अनुराग कश्यप**

मनोज बाजपेयी और अनुराग कश्यप के बीच का रिश्ता बॉलीवुड जगत में जगजाहिर है। दोनों के बीच दोस्ती की शुरूआत राम गोपाल वर्मा की फिल्म 'सत्या' से हुई थी। इस फिल्म की कहानी अनुराग कश्यप, राम गोपाल वर्मा और सौरभ शुक्ला ने मिलकर लिखी। अनुराग कश्यप के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में मनोज बाजपेयी ने जबरदस्त किरदार निभाया था। बात करें फिल्म 'जुगनुमा' की तो इस फिल्म को अनुराग कश्यप और गुनीत मोंगा ने प्रोड्यूस किया है। राम रेड्डी के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म मैजिक रियलिज्म जॉनर की है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com